विकसित भारत
के निर्माण
को गति

वार्षिक रिपोर्ट
2024-25

विकसित भारत के निर्माण को गति

पावर सेक्टर में प्रभुत्व, 54% ताप विद्युत, 56% परमाणु विद्युत और 46% जल विद्युत का उत्पादन बीएचईएल निर्मित उपकरणों से होता है

परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए परमाणु स्टीम टर्बाइन और जनरेटरों का एकमात्र स्वदेशी आपूर्तिकर्ता

एचवीडीसी परियोजनाओं में 3 दशकों से अधिक का अनुभव, 1989 से अब तक 6 एचवीडीसी परियोजनाएं कमीशन की गईं

भूटान में 89% से अधिक जल विद्युत का उत्पादन बीएचईएल निर्मित टर्बाइन-जनरेटर सेटों से होता है।

70% से अधिक भारतीय रिफाइनरियां बीएचईएल द्वारा आपूर्ति की गई कैप्टिव पावर प्लांट से युक्त

91 देशों में फैला निर्यात व्यवसाय, जिसमें 13 गीगावाट से अधिक स्थापित क्षमता और 3.5 गीगावाट निर्माणाधीन

वित्त वर्ष 2024-25 की उपलब्धियां

दिबांग, जल विद्युत परियोजना के लिए 240 मेगावाट का उच्चतम रेटिंग वाला फ्रांसिस टर्बाइन मॉडल विकसित किया

GHAVP परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए 45वें स्टीम जनरेटर (SG) की आपूर्ति की गई - भारत के किसी भी विनिर्माता द्वारा की गई सर्वाधिक आपूर्ति

कोयले से अमोनियम नाइट्रेट के उत्पादन द्वारा कोल टू केमिकल पहल को आगे बढ़ाने के लिए सीआईएल के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम 'भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड' का गठन किया

आईएनएस नीलगिरि पर पहले उन्नत सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) की आपूर्ति और कमीशनिंग की गई।

एचआरआरएल बाड़मेर रिफ़ाइनरी के मुख्य फ्रैक्शनेटर कॉलम (एमएफसी) की आपूर्ति की गई, जिसमें एक ही स्तंभ/कॉलम में तीन प्रकार की धातुकर्म संरचनाएं हैं।

बीएचईएल द्वारा आपूरित विद्युतीय उपकरणों से युक्त पहली ईएमयू रेक का पेसेन्जर ट्रायल (यात्री परीक्षण) सफलतापूर्वक पूरा हुआ; प्रतिष्ठित वंदे भारत परियोजना प्रगति पर है।

विषय-सूची

2 वार्षिक समीक्षा

2 शेयरधारकों को पत्र

4 बीएचईएल का नेतृत्व

10 वर्ष के दौरान बीएचईएल एक नजर में

12 कॉर्पोरेट प्रोफ़ाइल

12 बीएचईएल का परिचय

14 अखिल भारतीय उपस्थिति

16 उत्कृष्टता का सम्मान

21 निदेशक मंडल रिपोर्ट

29 प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण

61 कॉर्पोरेट अभिशासन

91 संधारणीयता, सीएसआर तथा एचएसई

103 व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता रिपोर्ट

147 अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकीय उपलब्धियां

177 वित्तीय विवरण

178 एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण

252 समेकित वित्तीय विवरण

330 अतिरिक्त जानकारी

331 वित्तीय निष्पादन प्रवृत्ति

334 उत्पाद एवं सेवाओं का परिचय

344 शब्दावली

350 सूचना

विशेषताएं

19 विश्वास और उत्कृष्टता के साक्ष्य (प्रतिष्ठित ग्राहकों से प्रशंसा)

28 भारत में एचवीडीसी क्रांति को गति – प्रभावी, विश्वसनीय और भविष्य के अनुकूल

34 पाँच दशकों से हाइड्रो टर्बाइनों और जनरेटरों का विनिर्माण - इंजीनियरिंग उत्कृष्टता की विरासत

37 परमाणु ऊर्जा - भारत के संधारणीय भविष्य को गति

45 स्पेयर और सेवा व्यवसाय - एक विकास इंजन

90 बहुमुखी प्रतिभा का केंद्र

365 ईएसजी (पर्यावरण, सामाजसेवा और अभिशासन) में निवेश

शेयरधारकों को पत्र

प्रिय शेयरधारको,

निदेशक मंडल की ओर से, मुझे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की 61वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने थर्मल पावर क्षेत्र में नई गतिविधियों, सतत निष्पादन तथा स्थिर व्यापक आर्थिक परिस्थितियों के बल पर सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में अपने निष्पादन को सुदृढ़ किया है।

आपकी कंपनी ने सार्वजनिक और निजी उपयोगिताओं से 14.6 गीगावाट के थर्मल ऑर्डर प्राप्त करके विद्युत क्षेत्र में अपना नेतृत्व बनाए रखा है। प्रमुख पारेषण/ट्रांसमिशन पैकेजों तथा उद्योग क्षेत्र में सुदृढ़ निष्पादन ने इस प्रदर्शन को और बेहतर बनाया है। रिकॉर्ड ऑर्डर प्राप्ति और परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन से राजस्व में 19% की वृद्धि हुई।

निष्पादन के प्रमुख बिन्दु

मैं आपके साथ निष्पादन के मुख्य बिंदु साझा करना चाहता हूँ:

- हमने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ₹92,535 करोड़ रुपये का अब तक का (एक वर्ष में) सर्वोच्च ऑर्डर प्राप्त किया और ₹1,96,328 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड ऑर्डर बुक के साथ वर्ष का समापन हुआ, जिससे मजबूत राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित हुई ।
- पावर सेक्टर में ₹81,349 करोड़ रुपये के ऑर्डर प्राप्त हुए, इनमें ₹76,930 करोड़ रुपये के ऑर्डर थर्मल विद्युत संयंत्र व्यवसाय से हैं।
- उद्योग क्षेत्र से ₹11,001 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले, जिसमें खावड़ा-नागपुर लिंक के लिए ±800 केवी, 6000 मेगावाट एचवीडीसी का एक प्रमुख ऑर्डर भी शामिल है।
- परिचालनों से राजस्व 19% बढ़कर ₹28,339 करोड़ रुपये हो गया। कर पश्चात लाभ ₹513 करोड़ रुपये और EBITDA ₹1,745 करोड़ रुपये रहा।
- खरीद समेकन, विक्रेता विस्तार और डिजाइन युक्तिकरण के माध्यम से प्रत्यक्ष सामग्री लागत में 3% से अधिक की कमी हासिल की गई।
- परियोजना के निष्पादन में भारत और विदेशों में लगभग 8.1 गीगावाट क्षमता वृद्धि, जिसमें कमीशनिंग और सिन्क्रॉनाईजेशन शामिल था।
- बिलिंग की तुलना में नकद संग्रह 20% बढ़ा, जिसके परिणामस्वरुप ₹1,977 करोड़ रुपये का शुद्ध नकद अधिशेष प्राप्त हुआ।
- GHAVP परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए 45वां स्टीम जनरेटर की आपूर्ति की, जो भारत में किसी भी विनिर्माता द्वारा निर्मित सर्वाधिक है।
- एनएचपीसी की 12×240 मेगावाट दिबांग जलविद्युत परियोजना के लिए भारत के सर्वोच्च रेटेड 240 मेगावाट फ्रांसिस टरबाइन मॉडल का विकास और परीक्षण किया गया।
- भूटान में 6×170 मेगावाट की पुनात्सांगछू-II जलविद्युत परियोजना की तीन इकाइयों को चालू किया गया।
- एचपीसीएल की राजस्थान रिफाइनरी के लिए एक त्रि-धात्विक मुख्य फ्रैक्शनेटर कॉलम की आपूर्ति की, जिससे क्रिटिकल प्रोसेस उपकरणों की निर्माण क्षमता का प्रदर्शन हुआ।
- भारत की नौसैनिक तैयारी में सहयोग देते हुए, आईएनएस नीलगिरि पर पहली उन्नत सुपर रैपिड गन माउंट की आपूर्ति और कमीशनिंग की गई।

सामरिक पहलें और भावी दृष्टिकोण

सरकार का ऊर्जा सुरक्षा पर निरंतर बल ताप विद्युत निविदाओं की निरंतरता में परिलक्षित हुआ। आपकी कंपनी ने मांग पाइपलाइन को पूरा करने के लिए ईपीसी तत्परता को मज़बूत करके, डिज़ाइन टेम्प्लेट को मानकीकृत करते हुए तथा विक्रेता क्षमताओं को बढ़ाकर प्रतिक्रिया व्यक्त की।

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में, बीएचईएल भारत के दीर्घकालिक लक्ष्यों में सार्थक योगदान देने की स्थिति में है, जिसका राष्ट्रीय लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावाट और 2033 तक लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों का विकास है। न्यूक्लियर स्टीम जनरेटर और टरबाइन प्रणालियों में कंपनी का ट्रैक रिकॉर्ड इस रणनीतिक दिशा का समर्थन करता है।

वर्ष के दौरान, बीएचईएल और कोल इंडिया लिमिटेड ने घरेलू कोयले से रासायनिक उत्पादन क्षमता विकसित करने तथा उर्वरकों एवं औद्योगिक फीडस्टॉक्स में आयात निर्भरता को कम करने के लिए एक संयुक्त उद्यम, भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड, की स्थापना की।

पारेषण (ट्रांसमिशन) क्षेत्र में, बीएचईएल ने खावड़ा-नागपुर कॉरिडोर पर एचवीडीसी टर्मिनल स्टेशनों के लिए एक बड़ा ऑर्डर हासिल किया, जिससे इसके उन्नत ग्रिड पोर्टफोलियो में निरंतर वृद्धि हुई। इसके साथ ही, कंपनी ने विविधीकरण लक्ष्यों और दीर्घकालिक व्यवसाय विकास को समर्थन देने के लिए रेल परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा प्रणालियों में रणनीतिक साझेदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

व्यावसायिक उत्कृष्टता और संधारणीयता

कंपनी की एक विनिर्माण इकाई को सीआईआईआई एक्ज़िम बैंक बिज़नेस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 प्राप्त हुआ, जबकि पाँच अन्य को प्लेटिनम रेटिंग प्रदान की गई। कंपनी ने उत्सर्जन इंटेनसिटी में 7% की कमी हासिल की और कैप्टिव सौर क्षमता को 42 मेगावाट तक बढ़ाया है। वर्ष के दौरान 85,800 से अधिक पौधे लगाए गए। सीआईआईआई द्वारा ग्रीनको प्रमाणन के लिए दो और विनिर्माण इकाइयों का मूल्यांकन किया गया, इससे औपचारिक पर्यावरणीय रेटिंग प्राप्त इकाइयों की कुल संख्या सात हो गई।

हम कॉर्पोरेट अभिशासन मानदंडों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने तथा सभी हितधारकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से सुदृढ़ अभिशासन पद्धति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आभार

मैं अपने ग्राहकों, साझेदारों, कर्मचारियों, निदेशक मंडल और भारी उद्योग मंत्रालय को उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। मैं अपने शेयरधारकों के प्रति भी उनके विश्वास और समर्थन के लिए आभार प्रकट करता हूँ। आपकी कंपनी समृद्ध ऑर्डर बुक, तीव्र निष्पादन और रणनीतिक स्पष्टता के साथ, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करने और दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए मजबूत स्थिति में है।

शुभकामनाओं सहित,

(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल)

नई दिल्ली
25 जुलाई, 2025

बीएचईएल का नेतृत्व

निदेशक मंडल की स्थिति 25 जुलाई, 2025 को

कार्यात्मक निदेशक

श्री के. सदाशिव मूर्ति
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री कृष्ण कुमार ठाकुर
निदेशक (मानव संसाधन)

श्री तजिंदर गुप्ता
निदेशक (पावर)

सुश्री बानी वर्मा
निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद)

श्री राजेश कुमार द्विवेदी
निदेशक (वित्त)

श्री एस.एम. रामनाथन
निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)

सरकारी निदेशक/अंशकालिक सरकारी निदेशक

सुश्री आरती भटनागर
विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

श्री विजय मित्तल
संयुक्त सचिव
भारी उद्योग मंत्रालय

स्वतंत्र निदेशक

श्री रमेश पाटल्या मावस्कर
स्वतंत्र निदेशक

श्री अशोक असेरी
स्वतंत्र निदेशक



श्री आशीष चतुर्वेदी
स्वतंत्र निदेशक

बीएचईएल का नेतृत्व

प्रबंधन टीम 25 जुलाई, 2025 की स्थिति

प्रबंधन टीम

के. सदाशिव मूर्ति
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

कृष्ण कुमार ठाकुर
निदेशक (मानव संसाधन)

तजिंदर गुप्ता
निदेशक (पावर)

बानी वर्मा
निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद)

राजेश कुमार द्विवेदी
निदेशक (वित्त)

एस.एम. रामनाथन
निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)

प्रवीण किशोर
कार्यपालक निदेशक (सीपीसी, अतिरिक्त प्रभार- पीईएम), नोएडा

के बी राजा
कार्यपालक निदेशक (एचपीईपी), हैदराबाद

जितेंद्र दास
कार्यपालक निदेशक (उद्योग क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय परिचालन), नई दिल्ली

एम अरुणमोड़ी देवन
कार्यपालक निदेशक (बीएपी), रानीपेट

विनय कुमार बस्सी
कार्यपालक निदेशक (क्षेत्रीय परिचालन प्रभाग), नई दिल्ली

पंकज रस्तोगी
कार्यपालक निदेशक (हाइड्रो बिजनेस ग्रुप), नोएडा

के अशोक
कार्यपालक निदेशक (आईएसजी), बेंगलुरु

एस प्रभाकर
कार्यपालक निदेशक (एचपीबीपी), त्रिची

संजीव कुमार रॉय
कार्यपालक निदेशक (पीएस-मुख्यालय), नई दिल्ली

वाई श्रीनिवास राव
कार्यपालक निदेशक (पीई एवं एसडी), हैदराबाद

बी श्याम बाबू
कार्यपालक निदेशक (ईडीएन), बेंगलुरु

सी वेंकट राव
कार्यपालक निदेशक (कैपेक्स, एसएस एंड पी और सीडीटी), नई दिल्ली, अतिरिक्त प्रभार - सीएफपी और एफएसआईपी

आर पी एस सिसोदिया
कार्यपालक निदेशक (एनआरईबी), नई दिल्ली

जी. सुब्रह्मण्यम
कार्यपालक निदेशक (एचपीवीपी), विशाखापत्तनम

राकेश सिंह
कार्यपालक निदेशक (टीबीजी), नोएडा

ए के वर्मा
कार्यपालक निदेशक (सीओएम), नई दिल्ली

एम श्रीधर
कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), नई दिल्ली

विनोद जैकब सैम
कार्यपालक निदेशक (पीएस-एसआर), चेन्नई

प्रबंधन टीम

श्यामला वेंकटरमन
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (सीटीएम), नई दिल्ली

रिज़वान फैसल सिद्दीकी
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (टीपी), झांसी

रंजन कुमार
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (हीप और सीएफएफपी), हरिद्वार

पार्थसारथी दास
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (मार्केटिंग और सीसी/ पीएसबीजी I), नई दिल्ली

सुनील दिवाकर
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (सीपीपीपी, पीएमजी और आईपीएम), नई दिल्ली

उदय शंकर
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएस- ईआर), कोलकाता

एन रमेश कुमार
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (एसबीडी), बेंगलुरु

पी के उपाध्याय
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (एचईपी), भोपाल

सुमीत सल्होत्रा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन सेल), नोएडा

एच मालती
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (कॉर्पोरेट वित्त), नई दिल्ली

वी वी सुब्रह्मण्यम
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास), हैदराबाद

अरुणा गुलाटी
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (सीएसएम और सीसी), नई दिल्ली

यतीन्द्र मोहन
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएस- डब्ल्यूआर), नागपुर

दीपेश पालित
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएस- टीएस), नोएडा



डॉ. निशित बेबीलोनी
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (टीबीएसजी), नई दिल्ली

संजय गुहा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएमजी/ जीएसजी I), नोएडा

वी के सिंह
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएस-एनआर), नोएडा

रविंदर एच टेकचंदानी
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (एसएसबीजी), नोएडा अतिरिक्त प्रभार- एनबीजी

डॉ. दुर्गेश चंद्र गुप्त
महाप्रबंधक (सीक्यू और बीई), नोएडा

अभिषेक श्रीवास्तव
महाप्रबंधक (एचईआरपी), वाराणसी

स्वपन कुमार भट्टाचार्य
महाप्रबंधक (कोषागार और निधि प्रबंधन), नई दिल्ली

हीरा लाल भरानी
महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट एचएसई), नोएडा

संजीव श्रीवास्तव
महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट आंतरिक लेखापरीक्षा), नई दिल्ली

डॉ योगेश आर छाबड़ा
कंपनी सचिव

कॉर्पोरेट - संगठनात्मक संरचना

कॉर्पोरेट-संगठनात्मक संरचना (25 जुलाई, 2025 को)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

- **निदेशक इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास**
  - कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास
  - कॉर्पोरेट प्रचालन प्रबंधन
  - • कॉर्पोरेट प्रौद्योगिकी प्रबंधन
    • कोल टू केमिकल्स
  - कैपेक्स
  - • सोर्सिंग, स्ट्रेटजी और नीति
    • एकीकृत खरीद प्रकोष्ठ
  - कॉर्पोरेट डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन
  - कॉर्पोरेट गुणवत्ता एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता
  - कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन सेल
  - फैब्रिकेशन स्टैंपिंग एवं इंसुलेटर प्लांट, जगदीशपुर
  - कंपोनेंट फैब्रिकेशन प्लांट, रुद्रपुर
- **निदेशक वित्त**
  - रणनीतिक वित्तीय प्रबंधन
  - बजट, लागत निर्धारण और लाभ नियोजन
  - निष्पादन प्रबंधन तथा रिपोर्टिंग
  - कोष और निधि प्रबंधन
  - लेखा परीक्षा, कराधान और अनुपालन
  - प्रबंधन लेखांकन
- **निदेशक मानव संसाधन**
  - कॉर्पोरेट मानव संसाधन, सीएसआर, राजभाषा, सीपीआईओ
  - कॉर्पोरेट लॉ
  - कॉर्पोरेट एचएसई
  - कॉर्पोरेट चिकित्सा सेवाएँ
  - कॉर्पोरेट ज्ञानार्जन एवं विकास
- **मुख्य सतर्कता अधिकारी**
  - सतर्कता
- कॉर्पोरेट रणनीतिक प्रबंधन
- कॉर्पोरेट संचार
- कंपनी सचिव
- **निदेशक पावर**
- **निदेशक इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एवं उत्पाद**



पावर सेक्टर बिजनेस ग्रुप-I : थर्मल
पावर सेक्टर बिजनेस ग्रुप-II: न्यूक्लियर बिजनेस ग्रुप • हाईड्रो बिजनेस ग्रुप
स्पेयर्स एवं सेवाएँ बिजनेस ग्रुप
तकनीकी सेवाएँ
परियोजना अभियांत्रिकी प्रबंधन
इंडस्ट्रियल सिस्टम्स ग्रुप
पावर सेक्टर उत्तरी क्षेत्र, नोएडा
पावर सेक्टर दक्षिणी क्षेत्र, चेन्नई
पावर सेक्टर पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता
पावर सेक्टर पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर
• पावर सेक्टर – मुख्यालय
• केंद्रीय क्रय प्रकोष्ठ
हेवी इक्विपमेंट रिपेयर प्लांट, वाराणसी
• कैप्टिव पावर एंड प्रोसेस प्लांट
• परियोजना प्रबंधन समूह (सीपीपीपी)
• इंडस्ट्रियल मैकेनिकल उत्पाद
क्षेत्रीय परिचालन प्रभाग (ट्रांसमिशन और विद्युत उत्पाद)
परिवहन व्यवसाय और सिस्टम ग्रुप
रक्षा और एयरोस्पेस बिजनेस ग्रुप
पारेषण बिजनेस ग्रुप
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा बिजनेस ग्रुप
योजना और प्रबंधन सेवाएँ
परियोजना इंजीनियरिंग और सिस्टम प्रभाग
अंतरराष्ट्रीय परिचालन
सोलर बिजनेस डिवीजन, बेंगलुरु
हेवी प्लेटस एंड वेसल्स प्लांट, विशाखापत्तनम
भोपाल
हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट
हरिद्वार
• हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट
• सेंट्रल फ़ाउन्ड्री फ़ोर्ज प्लांट
हैदराबाद
हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट
त्रिची
• हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट, त्रिची
• सीमलैस स्टील ट्यूब प्लांट, त्रिची
इंडस्ट्रियल वाल्व प्लांट, गोइंदवाल
पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट, तिरुमयम
रानीपेट
बॉयलर ऑग्जलरीज प्लांट
बेंगलुरु
• इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन, बेंगलुरु
• इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिवीजन, बेंगलुरु
• इलेक्ट्रिकल मशीन रिपेयर प्लांट, मुंबई
झांसी
ट्रांसफॉर्मर प्लांट

वर्ष 2024- 25 एक झलक में

(आंकड़े ₹ करोड़ में जब तक अन्यथा इंगित न किया जाए)

राजस्व



जनशक्ति (संख्या) और राजस्व प्रति कर्मचारी



पीबीटी



जीटीओ के % के रूप में सामग्री लागत



व्यापार प्राप्य



नकदी प्रवाह और शेष



टिप्पणी: राजस्व का अर्थ है 'ग्राहकों के साथ अनुबंधों से प्राप्त राजस्व'

वर्ष एक झलक में

प्रमुख उपलब्धियां

राजस्व
पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 19% की वृद्धि के साथ ₹27,355 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ

निष्पादन
8.1 गीगावाट विद्युत क्षमता जोड़ी/ चालू की/ सिन्क्रॉनाइज की

ऑर्डर- बुकिंग
- एक वर्ष में प्राप्त की गई अब तक की सर्वाधिक ऑर्डर बुकिंग
- अब तक का सर्वोच्च बकाया ऑर्डर बुक

विविध
- आईएनएस नीलगिरि पर प्रथम उन्नत एसआरजीएम की आपूर्ति और कमीशनिंग की गई
- प्रमुख एचवीडीसी ऑर्डर प्राप्त किए

नवाचार
- आय का ~2.4% अनुसंधान एवं विकास पर व्यय
- 500+ पेटेंट और कॉपीराइट दायर

हरित अभियान
हरित कार्यप्रणालियों के लिए दो उत्पादन इकाइयों को सीआईआई से ग्रीनको रेटिंग प्राप्त हुई

टिप्पणी: राजस्व का अर्थ है 'ग्राहकों के साथ अनुबंधों से प्राप्त राजस्व'

बीएचईएल का परिचय
– बीएचईएल के बारे में और बीएचईएल के कार्य

बीएचईएल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) पूंजीगत वस्तु क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है, जो वर्ष 1964 से मेक इन इंडिया पहल में गौरवपूर्ण योगदान दे रही है। बीएचईएल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाज़ारों में सेवाएँ प्रदान करती है। बीएचईएल विद्युत और औद्योगिक क्षेत्रों में कार्य करते हुए विभिन्न प्रकार के उपकरणों, प्रणालियों और सेवाओं की आपूर्ति सहित व्यापक समाधान प्रदान करता है। कंपनी विद्युत संयंत्र उपकरणों की आपूर्ति और संस्थापना करके विद्युत उत्पादन अवसंरचना – थर्मल, जलविद्युत, गैस, परमाणु और सौर पीवी - का समर्थन करती है। बीएचईएल विद्युत पारेषण, रेल परिवहन, रक्षा, एयरोस्पेस, तेल एवं गैस तथा अन्य प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बीएचईएल की स्थापना 1964 में एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के रूप में की गई थी। वर्तमान में बीएचईएल में भारत सरकार की 63.17% इक्विटी हिस्सेदारी है। कंपनी विनिर्माण क्षेत्र में काफी मजबूती के साथ काम कर रही है तथा देश भर में इसके 16 संयंत्र हैं, जो घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन करते हैं।

बीएचईएल के पास सुदृढ़ घरेलू उत्पाद विकास अवसंरचना है, जो भविष्य के अनुकूल उत्पाद और प्रौद्योगिकियाँ प्रदान करती है। वैश्विक मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से इसके विविध उत्पाद पोर्टफोलियो को और मज़बूती मिली है। कंपनी नवाचार तथा अनुसंधान एवं विकास पर विशेष बल देती है। इसके लिए कंपनी अपने राजस्व का लगभग 2.4% निरंतर वार्षिक निवेश करती है।

बीएचईएल में, हमारा दृढ़ विश्वास है कि ग्राहक सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व आंतरिक रूप से परस्पर जुड़े हुए हैं और ये हमारे कॉर्पोरेट लोकाचार का मूल आधार हैं। कंपनी कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संवर्धन, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित पहलों के माध्यम से समाज का सक्रिय रूप से सहयोग करती है। कंपनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्रों में स्थिरता बढ़ाने तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अनेक समर्पित कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

विजन

बेहतर भविष्य के लिए समाधान प्रदान करने वाला एक वैश्विक अभियांत्रिकी उद्यम बनना

मिशन

ऊर्जा, उद्योग और अवसंरचना के क्षेत्र में संधारणीय व्यावसायिक समाधान प्रदान करना

व्यावसायिक क्षेत्र में बीएचईएल की साख

जीवन को ऊर्जा

- भारत और विदेशों में 205+ गीगावाट के विद्युत उत्पादन उपकरण स्थापित
- 6 प्रमुख एचवीडीसी परियोजनाएँ निष्पादित
- लगभग 20 गीगावाट के कैप्टिव पावर प्लांट की कमिशनिंग
- स्थापना के बाद से भारत में 469 कोयला आधारित यूटिलिटी सेट, 23 डीजल सेट, 430 हाइड्रो यूटिलिटी सेट, 105 गैस आधारित यूटिलिटी सेट और 14 परमाणु आधारित यूटिलिटी सेट की आपूर्ति की गई

प्रमुख क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान

- 7,95,000+ एमवीए ट्रांसमिशन उपस्करों की आपूर्ति की
- 35,300+ एसी मशीनें आपूर्ति की
- भारतीय रेलवे और उद्योग क्षेत्र को 850+ लोको आपूर्ति की
- 430+ कंप्रेसर और 90 ऑयल ड्रिलिंग रिग आपूर्ति किए
- 15,000+ वेल हेड और क्रिसमस ट्री वाल्व आपूर्ति किए
- भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए 48 सुपर रैपिड गन माउंट आपूर्ति किए

वैश्विक उपस्थिति

- विश्व के 91 देशों में उपस्थिति, वित्त वर्ष 2024-25 में बोत्सवाना और कोस्टा रिका में पहली बार प्रवेश
- भारत के बाहर 13 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता की आपूर्ति की गई
- वित्त वर्ष 2024-25 में, भूटान में 6x170 मेगावाट पुनात्सांगछु-II जलविद्युत परियोजना की 3 इकाइयों को कमिशन किया गया

जनशक्ति का सम्मान

- प्रतिबद्ध जनशक्ति - 27,800 कर्मचारी
- 1,600+ महिला कर्मचारी
- 9,000+ इंजीनियर
- 1973 से सहभागी प्रबंधन संस्कृति

सामाजिक उत्थान

- ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के इंटीग्रिटी पैक्ट पर हस्ताक्षरकर्ता
- विश्व आर्थिक मंच (WEF) की वन ट्रिलियन ट्रीज़ पहल का हिस्सा '1t.org' पर संकल्प लिया गया
- वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बीएचईएल की इकाइयों में हरित आवरण को बढ़ाने के लिए 85,819 पौधे लगाए गए

नवाचार

- अनुसंधान एवं विकास पर सतत व्यय - वित्त वर्ष 2024-25 के राजस्व का लगभग 2.4%, कुल 5900+ आईपीआर कैपिटल (बौद्धिक संपदा अधिकार पूँजी)
- अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास
- 5 अनुसंधान संस्थान; 15 उत्कृष्टता केंद्र
- 11 विनिर्माण इकाइयों और प्रभागों के डीएसआईआर द्वारा मान्यता प्राप्त घरेलू अनुसंधान एवं विकास केंद्र

आखिल भारतीय उपस्थिति

विनिर्माण संयंत्रों/इकाइयों की अवस्थिति

बीएचईएल की विनिर्माण इकाइयां	बैंगलुरु	1. इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन (ईडीएन) 2. इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिवीजन (ईएसडी) 3. सोलर बिजनेस डिवीजन (एसबीडी)
	भोपाल	4. हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट (एचईपी)
	गोइंदवाल	5. इंडस्ट्रियल वाल्व प्लांट (आईवीपी)
	हरिद्वार	6. हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट (एचईईपी) 7. सेंट्रल फ़ाउन्ड्री फ़ोर्ज प्लांट (सीएफएफपी)
	हैदराबाद	8. हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट (एचपीईपी)
	जगदीशपुर	9. फैब्रिकेशन स्टैंपिंग & इंसुलेटर प्लांट (एफएसआईपी)
	झांसी	10. ट्रांसफार्मर प्लांट (टीपी)
	रुद्रपुर	11. कंपोनेंट फैब्रिकेशन प्लांट (सीएफपी)
	रानीपेट	12. बॉयलर ऑग्जलरीज प्लांट (बीएपी)
	तिरुचिरापल्ली	13. हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट (एचपीबीपी) 14. सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट (एसएसटीपी)
	तिरुमयम	15. पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट (पीपीपीयू)
	विशाखापत्तनम	16. हेवी प्लेटस और वेसल्स प्लांट (एचपीवीपी)
बीएचईएल की मरम्मत इकाइयां	मुंबई	1. इलेक्ट्रिकल मशीन रिपेयर प्लांट (ईएमआरपी)
	वाराणसी	2. हेवी इक्विपमेंट रिपेयर प्लांट (एचईआरपी)



*भारत का मानचित्र सांकेतिक है, यह आवश्यक नहीं है कि यह पैमाने के अनुरूप हो।

उत्कृष्टता का सम्मान

1. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित हिंदी दिवस समारोह में राजभाषा हिंदी के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'राजभाषा कीर्ति' के अंतर्गत 'तृतीय' पुरस्कार प्राप्त हुआ।
2. श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता नियंत्रण चक्र सम्मेलन 2024 (ICQCC - 2024) में आठ स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किए।

3. ईटी गवर्नमेंट पीएसयू लीडरशिप एंड एक्सीलेंस अवार्ड्स 2024 समारोह में प्रेशराइज्ड फ्लुइडाइज्ड बेड गैसीफायर (पीएफबीजी) का उपयोग करके स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी के लिए 'स्वदेशी प्रौद्योगिकी को अपनाने' की श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार तथा बीएचईएल संवाद (बीएचईएल और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं के बीच सहयोग को मजबूत करने वाली एक इंटरैक्टिव कार्यशाला पहल) के लिए 'आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में नवाचार' के लिए रजत पुरस्कार प्राप्त किया।

4. ईईपीसी इंडिया क्वालिटी अवार्ड्स 2024; पीएसयू श्रेणी के अंतर्गत व्यावसायिक उत्कृष्टता और कड़े गुणवत्ता मानकों के प्रति समर्पण के लिए स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किया।

5. रेल विश्लेषण नवाचार एवं उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन 2025 में 'रोलिंग स्टॉक विनिर्माण में उत्कृष्टता' श्रेणी में रेल विश्लेषण भारत पुरस्कार (रेल एनलिसिस इंडिया अवॉर्ड) प्राप्त किया।

6. कॉर्पोरेट अभिशासन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों के समावेशन तथा परिचालन निष्पादन उत्कृष्टता श्रेणियों में भारतीय वाणिज्य मंडल (आईसीसी) से सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (पीएसई) के तीन उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त किए।

7. अपनी वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रकटीकरण की तैयारी तथा प्रस्तुतीकरण में गुणवत्ता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों के लिए 'वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता' के लिए आईसीएआई पुरस्कार प्राप्त किया।

8. लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित आईसीएमएआई राष्ट्रीय पुरस्कार - 2024 जीता। यह सम्मान कंपनी के रणनीतिक लागत नियंत्रण, परिचालन दक्षता और मज़बूत वित्तीय अनुशासन का प्रमाण है।

9. लगातार दूसरे वर्ष प्रतिष्ठित सीआईआई-एक्ज़िम बैंक अवार्ड फॉर बिज़नेस एक्सीलेंस 2024 जीता।

10. ईटी गवर्नमेंट पीएसयू लीडरशिप एंड एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025 में 'लीडरशिप इन डिजिटल ट्रानफॉर्मेशन' और 'स्वदेशी उत्पादन एवं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने' की श्रेणियों में प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किए।

11. 9वें पीएसयू आईटी फोरम गवर्नेंस नाउ अवार्ड्स में 'सॉफ्टवेयर विकास में उत्कृष्टता' श्रेणी में मान्यता प्राप्त।

12. "माई बीएचईएल ऐप" ने कर्मचारी तक सुविधाओं की पहुँच के लिए पीएसई अवार्ड्स 2024 की 'एंटरप्राइज़ मोबिलिटी' श्रेणी में पुरस्कार जीता।

13. महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की श्रेणी में 'सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान एवं विकास पहल', 'शिक्षण एवं विकास में उत्कृष्टता' तथा 'मानव संसाधन उत्कृष्टता (समग्र)' के लिए तीन गवर्नेंस नाउ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम पुरस्कार जीते।'

14. क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 38वें राष्ट्रीय गुणवत्ता अवधारणा सम्मेलन (एनसीक्यूसी)-2024 में बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों की 60 गुणवत्ता चक्र टीमों ने पार एक्सीलेंस/ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता) पुरस्कार जीते।

15. नीमच आरईजेड टीबीसीबी परियोजना के अंतर्गत तीन क्रिटिकल सबस्टेशनों को अनुबंधित समय से पहले चालू करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सीईओ मीट-2024 में पावरग्रिड द्वारा सम्मानित किया गया।

16. पीएसयू ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्क्लेव एंड अवार्ड्स 2024 के तीसरे संस्करण में अपनी उत्कृष्ट "साइबर सुरक्षा और अनुकूलनशीलता" पहल के लिए "साइबर सुरक्षा में उत्कृष्टता" श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार आईटी प्रगति को आगे बढ़ाने में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा किए गए अनुकरणीय प्रयासों को मान्यता देता है।

13

15

17. श्री राजेश कुमार द्विवेदी, निदेशक (वित्त) एवं प्रमुख वित्त अधिकारी, को भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) द्वारा उनके दूरदर्शी नेतृत्व और मूल्य सृजन, परिचालन उत्कृष्टता और बेहतर व्यावसायिक निष्पादन में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के लिए "प्रमुख वित्त अधिकारी" – आउटस्टैंडिंग परफ़ॉर्मर पुरस्कार 2024" से सम्मानित किया गया।

18. डॉ. जी. राघवेंद्र राव को सार्वजनिक क्षेत्र में इंजीनियरिंग, में उनके असाधारण योगदान के लिए तेलंगाना सरकार और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा 'इंजीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया।

17

18

विश्वास और उत्कृष्टता के प्रमाण
(सम्मानित ग्राहकों से प्रशंसा)

केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा उनकी सहायक कंपनियों से

एनटीपीसी NTPC · दामोदर घाटी निगम DVC · NHPCL · BHAKRA BEAS MANAGEMENT BOARD · नालको NALCO · पावरग्रिड · ओपीएएल OPaL

राज्य विद्युत कंपनियों से

APGENCO · MAHAGENCO · UPRVUNL · TSGENCO · TENUGHAT VIDYUT NIGAM LTD.

निजी क्षेत्रों से

JINDAL · INDORAMA 50 Years · Indorama India Pvt Ltd. · RUNGTA GROUP

अंतरराष्ट्रीय सम्मान

CES

We would like to thank your team at International Operations Division along with qualified team of engineers from BHEL Hyderabad for their unwavering and proactive support during the entire overhauling operations and it was successfully complated.

We also appreciate the continued after sales support of BHEL for efficient and uninterrupted operation of our Power Plant.

Yours faithfully,

Malick Seck

General Director

Compagnie d'Electricité du Sénégal (CES) - Société Anonyme avec Administrateur Directeur Général, au capital de 9.116.000.000 Frs
RCCM: SN-DKR-2022 M 23637 - NINEA : 28402302A3

ONGC Petro additions Limited

CIN: U23209GJ2006PLC060282

Plant site: Plot #Z-1 & Z-83, C/o. Dahej SEZ Ltd., P.O. Dahej, Taluka Vagra, Dist. Bharuch – 392130, Gujarat, India. | Tel.: 02641-666000 | Fax.: 02641-666110

Date: 31-Jan-25

To,
Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL)
GM & Head (CPP, PMG & IPM)

Subject: Appreciation for Successful Execution & Closure of 195MW Captive Power Plant at Dahej Petrochemical Complex

Sir,
On behalf of ONGC Petro Additions Limited (OPaL), we extend our appreciation to Bharat Heavy

---

Rear Admiral Sujit Baxi
रियर एडमिरल सुजीत बख्शी
Addl. Director General Warship Design Bureau
अतिरिक्त महानिदेशक युद्धपोत अभिकल्प ब्यूरो
मोबाइल/Mob – 9711995643, 9052141116
दूरभाष/Tel - 011 28702471
फैक्स/Fax - 011 28702463
Email - mail.wdbdelhi@navy.gov.in

Warship Design Bureau
युद्धपोत अभिकल्प ब्यूरो
Naval Headquarters, MoD
नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय
East Wing, E-117/ईस्ट विंग-117
Nausena Bhawan/नौसेना भवन
Delhi Cantt. / दिल्ली छावनी
New Delhi -10/नई दिल्ली-10

CD/1135/SB

15 Jan 25

Mr KS Murthy,
Chairman and Managing Director (CMD)
M/s Bharat Heavy Electricals Limited,
BHEL House, August Kranti Marg,
Siri Institutional Area,
Siri Fort Institutional Area, Siri Fort,
New Delhi - 110049

Dear Sir,

PROGRESS ON IPMS ISSUES - INS VIKRANT (P-71)

1. At the outset, may I convey my heartiest wishes to you and your entire team A

Rungta Mines Limited

(DHENKANAL STEEL PLANT)

Site Office : Korian By-Pass, Korian, Dist.: Dhenkanal - 759013, ODISHA, INDIA
Works : At - Jharabandha, P.O.- Nimabahali, Via - Meramandali, Dhenkanal - 759 121, ODISHA
Telefax : +91 6762228361, Email : dsp@rungtamines.co.in, Website : www.rungtamines.com

Ref: RML/DSP/2024-25/

Dated: 30.01.2025

On behalf of Rungta Mines Limited, we extend our heartfelt gratitude to the BHEL team for the exemplary dedication and expertise demonstrated in successfully identifying & rectifying the problem, completing the turbine re-assembly, rolling and synchronization in the shortest possible span of 12

निदेशक मंडल रिपोर्ट

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

अनुलग्नक-I 29
प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण

अनुलग्नक-II 61
कॉर्पोरेट अभिशासन

अनुलग्नक-III 89
सीईओ एवं सीएफओ प्रमाण पत्र

अनुलग्नक-IV 92
संधारणीयता, सीएसआर एवं एचएसई

अनुलग्नक-V 103
व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता रिपोर्ट

अनुलग्नक-VI 148
अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकीय उपलब्धियाँ

अनुलग्नक-VII 151
ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन एवं अनुसंधान एवं विकास,
विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय

अनुलग्नक-VIII 152
राजभाषा कार्यान्वयन एवं सतर्कता तंत्र

अनुलग्नक-IX 155
फॉर्म AOC-I एवं AOC-II

अनुलग्नक-X 158
स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और सी&एजी की टिप्पणी

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

आपके निदेशक मंडल को आपकी कंपनी के व्यवसाय और परिचालन की 61वीं वार्षिक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

निष्पादन के मुख्य बिन्दु

(₹ करोड़ में)

विवरण	निम्नलिखित तारीख को समाप्त वर्ष के लिए	
	मार्च 31, 2025	मार्च 31, 2024
प्राप्त ऑर्डर (कर शामिल नहीं)	92,535	77,907
कुल बकाया ऑर्डर (कर शामिल नहीं)	1,96,328	1,31,598
राजस्व	27,355	22,921
EBITDA	1,745	1,201

कंपनी की स्थिति

वर्ष 2024-25 में ऑर्डर प्राप्ति में वृद्धि देखी गई और ऑर्डर बुकिंग 92,535 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुँच गई। कंपनी अपने मुख्य थर्मल पावर व्यवसाय में कई प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त करने में सफल रही है और इसके साथ ही ट्रांसमिशन, परिवहन, रक्षा आदि क्षेत्रों में ऑर्डर प्राप्त करके अपनी विविधीकरण पहलों को भी आगे बढ़ा रही है। 31 मार्च, 2025 तक कुल बकाया ऑर्डर ₹1,96,328 करोड़ रुपये (कर को घटाकर) के अपने उच्चतम स्तर पर पहुँच गई है, जो कंपनी के मज़बूत व्यावसायिक दृष्टिकोण को दर्शाता है

प्राप्त ऑर्डर (कर शामिल नहीं)
(₹ करोड़ में)



कुल बकाया ऑर्डर (कर शामिल नहीं)
(₹ करोड़ में)





बीएचईएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार को 55 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया

आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरुप, भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल), भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के बीच एक संयुक्त उद्यम, मई 2024 में स्थापित किया गया था। इस संयुक्त उद्यम की योजना बीएचईएल की स्वदेशी रुप से विकसित तकनीक का उपयोग करके भारत का पहला वाणिज्यिक पैमाने का कोयला-से-2000 टीपीडी अमोनियम नाइट्रेट प्लांट स्थापित करने की है। यह प्लांट उच्च-राख वाले कोयले को तकनीकी-ग्रेड अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन करने के लिए परिवर्तित करेगा। यह परियोजना न केवल कोयला संसाधनों के घरेलू मूल्यवृद्धि को बढ़ाती है बल्कि आयात पर निर्भरता को भी कम करती है, जिससे तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भरता के लिए भारत की प्रतिबद्धता मजबूत होती है।

कंपनी ने मजबूत ऑर्डर बुक द्वारा समर्थित क्षमता उपयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए राजस्व में 19% की मजबूत वृद्धि हासिल की। वित्त वर्ष 2024-25 में ₹27,355 करोड़ के राजस्व के साथ, पिछले वर्ष की तुलना में ~₹4,500 करोड़ की वृद्धि, सामग्री लागत में 3.3% की कमी के साथ, कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में सकल मार्जिन में 38% की उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की, और परिणामस्वरुप ₹1,745 करोड़ के EBITDA (पिछले वर्ष की तुलना में 45% की वृद्धि) के साथ ₹513 करोड़ का कर पश्चात लाभ प्राप्त किया।

बीएचईएल को लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित 'आईसीएमएआई राष्ट्रीय पुरस्कार – 2024' प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार कंपनी के रणनीतिक लागत नियंत्रण, परिचालन दक्षता और मजबूत वित्तीय अनुशासन का प्रमाण है।

बहुआयामी उपायों में केंद्रीकृत क्रय और उप-अनुबंध, डिज़ाइन मानकीकरण और अनुकूलन, विक्रेता आधार में वृद्धि, उन्नत विनिर्माण कार्य आदि के माध्यम से आवश्यकताओं की पूर्ति शामिल है, जिससे लागत में कमी के साथ-साथ क्षमता उपयोग में भी वृद्धि हुई है।

कंपनी ने नकद प्राप्ति को प्राथमिकता दी, जिससे अग्रिमों सहित ग्राहकों से कुल प्राप्ति में 40.5% (~ ₹ 10,500 करोड़) की वृद्धि हुई। परियोजनाओं के त्वरित निष्पादन को सक्षम करने के लिए सामग्री-संबंधी भुगतानों में ₹3,400 करोड़ (पिछले वर्ष की तुलना में ~ 16% की वृद्धि) की उल्लेखनीय वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उत्पन्न शुद्ध नकद अधिशेष ₹1,977 करोड़ था।

नेट बिलिंग से प्राप्ति में लगभग ₹4,500 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है (पिछले वर्ष की तुलना में 20% की वृद्धि)। इसका कारण समय पर निष्पादन और बेहतर भुगतान शर्तों पर परियोजना केंद्रित होना है। परिणामस्वरूप, व्यापार प्राप्तियों की अवधि वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर 115 दिन रह गई, जो पिछले वर्ष 122 दिन थी।

आरक्षित निधि में अंतरण

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान आरक्षित निधि में किसी भी राशि का अंतरण नहीं किया है।

लाभांश

निदेशक मंडल ने 16 मई, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में, आपके अनुमोदन के अधीन, वित्त वर्ष 2024-25 के लाभ में से प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक ₹0.50 प्रति शेयर ₹2) पर 25% की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो ₹174.10 करोड़ है।

कंपनी में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("एलओडीआर") के विनियम 43ए की अपेक्षाओं के अनुसरण में एक लाभांश वितरण नीति है। लाभांश वितरण नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.bhel.com/dividend-distribution-policy-bhel-0 पर उपलब्ध है।

जमा

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 के दायरे में आने वाले लोगों से जमा स्वीकार नहीं किया है।

पूंजी एवं वित्त

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, कंपनी ने अपने पूंजीगत व्यय और परिचालन निधि आवश्यकताओं को मुख्य रुप से आंतरिक स्रोतों से पूरा किया। हालाँकि, परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए मुख्य रुप से सामग्री और उप-अनुबंध व्यय पर बढ़े हुए नकदी निकासी और बीच-बीच में नकदी प्रवाह में विसंगतियों के कारण, कंपनी ने ₹8,795 करोड़ के अल्पकालिक उधार लिए और 31 मार्च, 2025 तक ₹7,612 करोड़ का नकद और बैंक शेष बनाए रखा।

नकदी प्रबंधन को अनुकूलित करने और परिचालन तरलता बनाए रखने के लिए, कंपनी बीच-बीच में उपलब्ध अधिशेष निधियों को सावधि जमाओं में भी रखती है। परिचालन निधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, कंपनी द्वारा WCDL, सावधि जमा पर ऋण और सूचीबद्ध वाणिज्यिक पत्रों आदि सहित अल्पकालिक ऋण विकल्पों का उपयोग किया जाता है।

ऋण, गारंटी एवं निवेश

वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के अंतर्गत आने वाले ऋण या अग्रिम से संबंधित कोई लेनदेन नहीं है। इसके अलावा, यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कोई निवेश है, तो वह कंपनी के लेखापरीक्षित वार्षिक लेख 2024-25 के 'निवेश' पर नोट 5 के अनुसार है।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, कंपनी ने अपने नव स्थापित संयुक्त उद्यम, भारत कोल गैसीफिकेशन & केमिकल्स लिमिटेड की ओर से, बिना किसी शुल्क/ प्रतिफल के, कॉर्पोरेट गारंटी प्रदान की है। भारतीय लेखा मानक 109 की आवश्यकताओं के अनुरुप, कॉर्पोरेट गारंटी प्रदान करने के उचित मूल्य को प्रारंभिक रुप से संयुक्त उद्यम में ₹5.29 करोड़ के अनुमानित निवेश के रुप में मान्यता दी गई है, जिसके अनुरुप वित्तीय देयता की मान्यता भी दी गई है।

साख श्रेणी निर्धारण (क्रेडिट रेटिंग)

आपकी कंपनी की क्रेडिट रेटिंग इस प्रकार है:

रेटिंग एजेंसी	रेटिंग की तिथि	दीर्घावधि रेटिंग	आउटलुक	अल्पावधि रेटिंग
CRISIL	27-12-2024	CRISIL AA-	ऋणात्मक	CRISIL A1+
	18-10-2023	CRISIL AA-	ऋणात्मक	CRISIL A1+
INDIA RATINGS	27-06-2024	IND AA-	स्थिर	IND A1+
	28-06-2023	IND AA-	ऋणात्मक	IND A1+
CARE	17-06-2025	CARE AA-	स्थिर	CARE A1+
	18-06-2024	CARE AA-	स्थिर	CARE A1+

वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ

वित्त वर्ष 2024-25 के अंत और इस रिपोर्ट की तिथि के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ नहीं हैं। नियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा कोई महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं किए गए हैं जो भविष्य में कंपनी की चालू स्थिति और संचालन को प्रभावित करते हों। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई बदलाव नहीं है।

ट्रेडिंग का स्थगन

कंपनी के इक्विटी शेयर एनएसई और बीएसई में सूचीबद्ध हैं। कंपनी के शेयरों को वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ट्रेडिंग से स्थगित नहीं किया गया था।

निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अनुसार, निदेशक मंडल यह पुष्टि करता है कि:

क) वार्षिक लेखों को तैयार करते समय, लागू लेखांकन मानकों (इंड एएस) का पालन किया गया है, साथ ही महत्वपूर्ण विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण भी दिए गए हैं;

ख) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें लगातार लागू किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं और अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ का सही और निष्पक्ष जानकारी दी जा सके;

ग) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की है;

घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखों को चालू व्यवसाय के आधार पर तैयार किया है;

ङ) निदेशकों ने कंपनी द्वारा पालन किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तंत्र निर्धारित किए हैं और यह सुनिश्चित किया है कि ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं;

च) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की हैं और यह सुनिश्चित किया है कि ऐसी प्रणालियां पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं।

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

आपकी कंपनी ने विकास को पुनः प्राप्त करने, मुख्य व्यवसाय को मजबूत करने, निष्पादन में तेजी लाने और गैर-कोयला क्षेत्रों में व्यवसाय को बढ़ाने सहित विविधीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है, जो दीर्घकालिक सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया **निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक-I** को देखें।

कॉर्पोरेट अभिशासन

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 34 के अनुसार, कॉर्पोरेट अभिशासन (निदेशक मण्डल और समिति की बैठकों के विवरण सहित) पर रिपोर्ट **निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक-II** में निम्नलिखित के साथ दी गई है,

क) सेबी सूचीयन विनियमों की अनुसूची V के तहत निदेशकों के नॉन – डिसक्वालिफिकेशन का प्रमाण पत्र।

ख) सेबी सूचीयन विनियमों के तहत कॉर्पोरेट अभिशासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण पत्र एवं कॉर्पोरेट अभिशासन पर सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देश।

ग) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) के तहत सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट।

स्वतंत्रता घोषणा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (6) के तहत स्वतंत्रता के मानदंडों से संबंधित घोषणा स्वतंत्र निदेशकों द्वारा निदेशक मंडल को दी गई है। सभी स्वतंत्र निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 150 के तहत अधिसूचित भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान (IICA) के ऑनलाइन डेटाबेस पर स्वयं को पंजीकृत किया है। निदेशक मंडल की राय में, स्वतंत्र निदेशकों के पास ईमानदारी और आवश्यक विशेषज्ञता और अनुभव है।

अनुपालन

आपकी कंपनी लगातार अपनी प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन की समीक्षा करती है और उसे मजबूत बनाती है।

- कॉर्पोरेट अभिशासन, अखंडता के उच्चतम मानक को प्राप्त करने के लिए, परिचालन में नैतिक और पारदर्शी कार्यप्रणाली विद्यमान है।
- अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लागू कानूनों / अधिनियमों पर एक त्रैमासिक कानूनी अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा निदेशक मंडल द्वारा की जाती है।
- सूचीबद्ध कंपनी होने के नाते, सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए किसी भी वित्तीय मामले पर सेबी की ओर से कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई।
- कंपनी ने सभी लागू सचिवीय मानकों का अनुपालन किया है।
- वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए, कंपनी भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस), मार्गदर्शन नोट और आईसीएआई, कंपनी अधिनियम 2013 और अन्य लागू क़ानूनों द्वारा जारी अन्य आधिकारिक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करती है।

आपकी कंपनी द्वारा अपने वित्तीय विवरण में प्रस्तुतिकरण और प्रकटीकरण में पारदर्शिता को निरंतर बढ़ाने का सतत प्रयास, अनुपालन और अच्छे कॉर्पोरेट अभिशासन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

राजकोष में योगदान

कंपनी पिछले कई वर्षों से लगातार राजकोष में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और कर अनुपालन के संबंध में ईमानदारी के उच्च मानकों को बनाए रख रही है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, कंपनी का राजकोष में योगदान ₹5000 करोड़ (उपयोग किए गए ITC सहित) से अधिक रहा।

लेखा परीक्षा समिति

कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी में निदेशक मण्डल स्तरीय लेखा परीक्षा समिति 31 मार्च, 2025 तक स्थापित है, जो इसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के नियम 18 के अनुसार है, जिसके बारे में विस्तृत जानकारी कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट में दी गई है। नियमित अंतराल पर आयोजित बैठकों में सभी मुद्दों पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से विचार-विमर्श किया जाता है। निदेशक मंडल स्तरीय लेखा परीक्षा समिति के सदस्यों के विचारों और सुझावों को ध्यान में रखा जाता है और कंपनी की प्रक्रियाओं में शामिल किया जाता है। इसके अलावा, ऐसा कोई मामला नहीं है जहाँ निदेशक मंडल ने निदेशक मंडल स्तरीय लेखा परीक्षा समिति की सिफारिश को स्वीकार नहीं किया हो। 2 नवंबर, 2024 से 28 मार्च, 2025 तक, चूँकि बीएचईएल के निदेशक मंडल में केवल एक स्वतंत्र निदेशक थे, इसलिए सेबी सूचीयन विनियमों के अनुसार लेखा परीक्षा समिति की बैठकों की संख्या और कोरम से संबंधित अनुपालन को पूरा नहीं किया जा सका। तदनुसार, इस अवधि के दौरान, लेखापरीक्षा समिति की सिफारिश/समीक्षा/अनुमोदन के लिए प्रस्ताव सीधे निदेशक मंडल को उनकी समीक्षा/अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जा रहे थे।

निदेशकों और शीर्ष प्रबंधकीय कार्मिकों में परिवर्तन का विवरण

नियुक्ति

श्री अशोक असेरी और श्री आशीष चतुर्वेदी को 29 मार्च, 2025 को अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री एस एम रामनाथन को 30 अप्रैल, 2025 से पूर्णकालिक (कार्यात्मक) निदेशक नियुक्त किया गया है और उन्होंने निदेशक (अभियांत्रिकी, अनुसंधान एवं विकास) के रूप में कार्यभार संभाला है।

कंपनी के संगम अनुच्छेद के लागू वैधानिक प्रावधानों और अनुच्छेद 67 (iv) के अनुसार, श्री अशोक असेरी और श्री आशीष चतुर्वेदी और श्री एस एम रामनाथन को अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है, वे कंपनी की 61वीं वार्षिक आम बैठक तक निदेशक पद पर बने रहेंगे और बैठक में निदेशक के रूप में

नियुक्ति के लिए पात्र हैं।

इसके अतिरिक्त, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 और कंपनी के एसोसिएशन के नियमों के अनुच्छेद 67 (i) के अनुसार, निदेशक श्री तजिंदर गुप्ता और सुश्री बानी वर्मा वार्षिक आम बैठक में रोटेशन के आधार पर सेवानिवृत्त होंगे और पात्र होने के नाते, वे स्वयं को पुनः नियुक्त करने का प्रस्ताव रखेंगे।

सेवा समापन

डॉ. के. शिवप्रसाद, जिन्हें 9 नवंबर, 2021 को अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, का सेवा कार्यकाल पूरा होने पर 1 नवंबर, 2024 को कंपनी के निदेशक पद समाप्त हो गया।

श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव, जिन्हें 12 अगस्त, 2022 को निदेशक (ई, आर & डी) के रूप में नियुक्त किया गया था, का अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर 31 दिसंबर, 2024 को कंपनी के निदेशक का पद समाप्त हो गया।

निदेशक मंडल, बीएचईएल निदेशक मंडल पर अपने-अपने कार्यकाल के दौरान डॉ. के. शिवप्रसाद और श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा प्रदान की गई बहुमूल्य सेवाओं, सलाह और मार्गदर्शन के लिए उनकी हृदय से सराहना करता है।

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के नियम 36(3) के अनुपालन में, विशिष्ट कार्यक्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता की प्रकृति और उन कंपनियों के नाम जहाँ वे निदेशक पद पर हैं, साथ नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों का संक्षिप्त विवरण और निदेशक मंडल की समितियों की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं, के सूचना के विस्तृत विवरण/अनुलग्नक में दिया गया है।

सीईओ/सीएफओ प्रमाणपत्र

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के नियम 17(8) के अनुसार सीईओ/सीएफओ प्रमाणपत्र **बोर्ड रिपोर्ट के अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

समेकित वित्तीय विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (3) और सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के नियम 34 के अनुसार तैयार समेकित वित्तीय विवरणों का संक्षिप्त विवरण प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण (**अनुलग्नक-I**) के अंतर्गत खंड 1.4.3 में दिया गया है।

संधारणीय विकास

तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य में, संधारणीयता न केवल एक नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि एक रणनीतिक अनिवार्यता के रूप में उभरी है। बीएचईएल पर्यावरण संरक्षण और संधारणीयता के प्रति प्रतिबद्ध है। पर्यावरण मानकों और पर्यावरण सुधार पहलों के सख्त अनुपालन के माध्यम से, कंपनी का लक्ष्य कार्बन फुटप्रिंट को कम करना और एक हरित भविष्य में योगदान देना है। व्यापक पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) रणनीति के अंतर्गत, **हरित बीएचईएल** (HARIT BHEL) नामक एक प्रमुख पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक नेट ज़ीरो प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ बीएचईएल को एक ग्रीन कंपनी में बदलना और कंपनी को एक मॉडल "ग्रीन पीएसयू" बनाना है।

इनमें से कुछ गतिविधियां जो हमें सतत भविष्य की ओर बढ़ने में मदद करती है, उनका संक्षिप्त विवरण **निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक-IV, खंड 4.1, 4.2, 4.4, 4.5** में दिया गया है।

स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण (एचएसई)

बीएचईएल स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण (एचएसई) प्रबंधन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्ध है। कंपनी का एचएसई प्रदर्शन इस बात पर आधारित है कि सभी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और दीर्घकालिक सफलता के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरणीय उत्तरदायी कार्यस्थल आवश्यक है।

कर्मचारियों, ठेकेदारों और कंपनी के लिए काम करने वाले लोगों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी एक ऐसी कार्यस्थल संस्कृति बनाने का प्रयास कर रही है जहाँ सुरक्षा एक सामूहिक ज़िम्मेदारी हो और इसे दैनिक कार्यों में शामिल किया जाए। इसके अलावा, कंपनी शून्य-दुर्घटना सुरक्षा संस्कृति को बनाए रखना चाहती है, सभी प्रासंगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों, विनियमों और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करती है, सुरक्षा कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी और सुरक्षा मामलों पर खुले संचार को प्रोत्साहित करती है।

अपने परिचालनों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की ज़िम्मेदारी को स्वीकार करते हुए, कंपनी संधारणीय पद्धतियों के प्रति समर्पित है जिससे उत्सर्जन एवं प्रदूषण कम होता है और संसाधनों का संरक्षण होता है।

विस्तृत विवरण **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक IV, खंड 4.3** में दिया गया है।

व्यावसायिक उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर)

सूचीयन विनियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप, पर्यावरण, सामाजिक और शासन के दृष्टिकोण से कंपनी द्वारा की गई पहलों का वर्णन करने वाली व्यावसायिक उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक-V** में संलग्न है। पांच वैश्विक रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क (जीआरआई, एसडीजी, टीसीएफडी, सीडीपी और एसएएसबी) के साथ ईएसजी प्रकटन और बीआरएसआर मैपिंग को समझने के लिए एक गाइड एनएसई वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकीय विकास की उपलब्धियाँ

बीएचईएल प्रौद्योगिकीय नवाचार और राष्ट्रीय विकास में निरंतर अग्रणी रहा है। कंपनी का कार्य विभिन्न क्षेत्रों जैसे कोयला से रसायन, उच्च दक्षता वाले ताप विद्युत संयंत्र, रेल परिवहन, ट्रांसमिशन, परमाणु ऊर्जा, रक्षा एवं एयरोस्पेस, डाउनस्ट्रीम तेल एवं गैस, हरित हाइड्रोजन, ई-मोबिलिटी आदि में फैला हुआ है। ये प्रयास भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' मिशनों के अनुरुप हैं, जो आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं और भारत के शुद्ध-नेट ज़ीरो लक्ष्यों को पाने में सहायक होते हैं।

वर्ष 2024-25 में, बीएचईएल ने अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों पर लगभग ₹662 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो राजस्व का लगभग ~2.4% है। इसमें नए उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के विकास के लिए शुरु की गई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं पर किया गया व्यय, साथ ही उत्पादों और डिज़ाइनों में संशोधन/सुधार के लिए किए गए प्रयास शामिल हैं। बीएचईएल ने वर्ष के दौरान 506 बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) आवेदन किए हैं, जिससे कंपनी की बौद्धिक पूंजी बढ़कर 5,940 से अधिक हो गई है। कंपनी के राजस्व का लगभग 13.5%, जो लगभग ~₹3,700 करोड़ रुपये है, कंपनी के आंतरिक रुप से विकसित उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं से प्राप्त हुआ है। प्रमुख विकासों का विस्तृत विवरण **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक-VI** में दिया गया है।

डेटा और साइबर सुरक्षा

आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में, बीएचईएल जैसे अग्रणी इंजीनियरिंग संगठनों के लिए डेटा और साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देना बेहद ज़रुरी है। कंपनी ने साइबर खतरों से आईटी संपत्तियों और डेटा की सुरक्षा के लिए उन्नत सुरक्षा उपाय क्रियान्वित किए हैं। इन उपायों में डेटा केंद्रों, नेटवर्क, अनुप्रयोगों और अंतिम-उपयोगकर्ता उपकरणों के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल करते हुए एक बहुस्तरीय सुरक्षा प्रणाली शामिल है। इसके अतिरिक्त, फीडबैक और इनपुट के आधार पर सुरक्षा को लगातार बेहतर बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाते हैं। विस्तृत विवरण निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक- I, खंड 1.12 में दिया गया है।

अन्य सूचनाएँ

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एम) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठित ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन, अनुसंधान एवं विकास और विदेशी मुद्रा आय और व्यय के संबंध में जानकारी **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक-VII** में दी गई है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधानों के अनुसरण में कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5 के अनुसार, प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी को निदेशक मंडल रिपोर्ट में निदेशकों के पारिश्रमिक आदि के विवरण का खुलासा करना आवश्यक है। हालांकि, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी 5 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ङ) के अनुसार, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधानों का पालन करने से छूट दी गई है। बीएचईएल एक सरकारी कंपनी है और इसलिए ये सूचना निदेशक मंडल रिपोर्ट में शामिल नहीं हैं।

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(2) के साथ पठित सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (फॉर्म एओसी-1) के अनुसार विवरण और कंपनी अधिनियम की धारा 134(3)(एच) के अनुसार फॉर्म एओसी-2 **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक-IX** में दिया गया है।

राजभाषा कार्यान्वयन

बीएचईएल भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन में राजभाषा के रूप में 'हिंदी' को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित है। कंपनी ने राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया है और विभिन्न विशेष प्रयास किए हैं, विस्तृत विवरण निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक-VIII में दिया गया है।

सतर्कता तंत्र

बीएचईएल अपने परिचालन में ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए सुशासन, पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिकता के सिद्धांतों को कायम रखता है। कंपनी ने परिचालन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सतर्कता तंत्र स्थापित किया है। कंपनी अनुचित और अनैतिक पद्धतियों की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करती है और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के नियम 22 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के संदर्भ में, कंपनी ने एक व्हिसल ब्लोअर नीति लागू की है जो शिकायतकर्ता को उत्पीड़न के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करती है।

"निदेशक मंडल लेखा समिति" (बीएलएसी) व्हिसल ब्लोअर/सतर्कता तंत्र के कामकाज की समीक्षा करती है, और सतर्कता कार्य की वार्षिक समीक्षा भी सीएमडी/ निदेशक मंडल द्वारा की जाती है। अधिक विवरण, **निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक-VIII** में दिए गए हैं।

दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के तहत कार्यवाही

दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी) के तहत वर्ष के दौरान बीएचईएल के खिलाफ कोई आवेदन नहीं मिला है और 31 मार्च, 2025 तक आईबीसी के तहत बीएचईएल के खिलाफ कोई कार्यवाही लंबित नहीं है।

लेखा परीक्षक

आपकी कंपनी के सांवधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है। सांवधिक लेखा परीक्षकों की दो फर्मों को संयुक्त सांवधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था और पाँच फर्मों को शाखा लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नियुक्त लेखा परीक्षक फर्मों के नाम वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिए गए हैं।

लेखे पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

कंपनी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एकल (स्टैंडअलोन) और समेकित वित्तीय विवरणों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट निदेशक मंडल रिपोर्ट के **अनुलग्नक-X** में दी गई है। कंपनी के वित्तीय विवरणों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में कोई अर्हता नहीं है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143(6) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी पूरक लेखा परीक्षा रिपोर्ट भी **अनुलग्नक-X** का हिस्सा है।

सचिवीय लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा आयोजित करने और उनकी रिपोर्ट के लिए सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में मेसर्स अखिल रोहतगी एंड कंपनी, पूर्णकालिक व्यवसायी कंपनी सचिव नियुक्त किया और उनकी रिपोर्ट कॉर्पोरेट अभिशासन अनुभाग का हिस्सा है।

सचिवीय लेखा परीक्षक ने अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में पाया है कि:

(i) समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निदेशक मंडल की कुल क्षमता के आधे से भी कम थी, जैसा कि सेबी सूचीयन विनियमों के नियम 17(1), कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशा-निर्देशों के पैरा 3.1.4 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(4) के तहत आवश्यक है। इसके अलावा, कंपनी में 13.04.2024 से 31.03.2025 की अवधि के दौरान एक भी स्वतंत्र महिला निदेशक नहीं थी, जैसा कि सेबी लिस्टिंग विनियमों के नियम 17(1) और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(1) के तहत आवश्यक है; और

(ii) 02.11.2024 से 28.03.2025 की समयावधि के दौरान, लेखा परीक्षा समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन सेबी सूचीयन विनियमों के क्रमशः नियम 18 (1) और (2) और 19, कॉर्पोरेट अभिशासन डीपीई दिशानिर्देशों के क्रमशः पैरा 4.1.1 और 4.4 और 5.1 और कंपनी अधिनियम, 2013 की क्रमशः धारा 177 (2) और 178 (1) के अनुसार नहीं थी, क्योंकि उक्त अवधि के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में केवल एक स्वतंत्र निदेशक ही शेष थे।

सचिवीय लेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में कंपनी द्वारा दिए गए इस स्पष्टीकरण पर भी गौर किया है कि चूंकि बीएचईएल, एक सरकारी कंपनी है, इसलिए इसके सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, जो प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से कार्य करते हैं और इसलिए अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति कंपनी के नियंत्रण से बाहर है। इसके अलावा, कंपनी अपने प्रशासनिक मंत्रालय के

उत्कृष्टता उत्सव और बीएचईएल दिवस के अवसर पर माननीय केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री, साथ में एमएचआई के वरिष्ठ अधिकारीगण और बीएचईएल के कार्यात्मक निदेशकगण

साथ संपर्क में रही है और अपने निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए अनुरोध करती रही है, ताकि सेबी सूचीयन विनियमों, कॉर्पोरेट अभिशासन और कंपनी अधिनियम, 2013 पर डीपीई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित कॉर्पोरेट अभिशासन मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। 29.03.2025 से, बोर्ड में दो स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की गई और कानूनी प्रावधानों के अनुपालन में लेखा परीक्षा समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का भी पुनर्गठन किया गया।

प्रबंधन ने स्वतंत्र निदेशक के रिक्त पदों के संबंध में गौर किया तथा बताया कि इन रिक्त पदों को भरने का मामला भारत सरकार के स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

लागत लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के प्रावधानों और कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखा परीक्षा) नियम, 2014 और उसके संशोधनों के अनुसार, निदेशक मंडल ने लेखापरीक्षा समिति की अनुशंसा पर, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आपकी कंपनी के लागत लेखों की लेखा परीक्षा के लिए लागत लेखा परीक्षकों के रूप में लागत लेखाकारों की सात फर्मों की नियुक्ति को मंजूरी दी। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप-धारा (1) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट लागत खातों और अभिलेखों को उचित रूप से बनाए रखा गया है और उनका अनुपालन किया गया है।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए नियुक्त लागत लेखा परीक्षकों का विवरण वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट XBRL मोड के तहत दायर की गई है जो कि दाखिल करने की नियत तिथि के भीतर और लागत परीक्षा रिपोर्ट में कोई अर्हता नहीं थी।

प्रशंसा एवं आभार

हम, आपकी कंपनी के निदेशकगण, आपकी कंपनी के परिचालन और रणनीतिक पहलों के विभिन्न क्षेत्रों में भारत सरकार, विशेष रूप से भारी उद्योग मंत्रालय से प्राप्त सहयोग और मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त करने के साथ-साथ बहुत सराहना करते हैं।

हम भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, सांवधिक प्राधिकरणों और विभागों के प्रति भी उनके बहुमूल्य समर्थन और निरंतर सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

हम भारत और विदेश में कंपनी के मूल्यवान ग्राहकों, जिन्होंने हम पर अटूट विश्वास व्यक्त किया है, के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

हम भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, पेशेवर निकायों, सांविधिक लेखा परीक्षकों, शाखा लेखा परीक्षकों, सचिवीय लेखा परीक्षकों और लागत लेखा परीक्षकों के प्रति उनके रचनात्मक सुझावों और निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

हम कंपनी के सम्मानित शेयरधारकों द्वारा कंपनी के प्रबंधन में दिए गए समर्थन और उनके विश्वास के लिए हार्दिक सराहना करते हैं और भविष्य में भी इसे जारी रखने की आशा करते हैं।

हम अपने सभी प्रौद्योगिकी सहयोगियों, आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों से प्राप्त निरंतर सहयोग के लिए उन्हें भी धन्यवाद देते हैं। हम वित्तीय संस्थानों, बैंकरों और स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं।

अंत में, आपके निदेशकगण कंपनी की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए दिन-रात काम करने वाले बीएचईएल के सभी कर्मचारियों को उनकी लगन, अनवरत प्रयासों, कड़े परिश्रम और प्रतिबद्धता के लिए उनका सहृदय आभार व्यक्त करते हैं।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

के. सदाशिव मूर्ति

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 जुलाई 2025

भारत की एचवीडीसी क्रांति को गति - कुशल, विश्वसनीय तथा भविष्य के लिए तैयार

राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) के अनुसार, ट्रांसमिशन सिस्टम की योजना इस प्रकार तैयार की गई है कि यह वर्ष 2031-32 तक 600 गीगावाट से अधिक के स्थापित नवीकरणीय उत्पादन क्षमता को समायोजित कर सके। एचवीडीसी तकनीक इस नवीकरणीय ऊर्जा को शहरी और औद्योगिक केंद्रों तक कुशलतापूर्वक पहुँचाने के लिए उपयुक्त है। एनईपी में एचवीडीसी क्षमता को वर्ष 2022 में लगभग 33 गीगावाट से दोगुना करके वर्ष 2032 तक लगभग 67 गीगावाट करने की परिकल्पना की गई है।

क्षमताएँ

- एचवीडीसी तकनीक में 40 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, बीएचईएल विद्युत ट्रांसमिशन में उत्पादों और समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।
- कनवर्टर ट्रांसफार्मर, शंट रिएक्टर, स्विचगियर, कैपेसिटर, इंस्ट्रूमेंट ट्रांसफार्मर, इंसुलेटर और थाइरिस्टर वाल्व सहित एचवीडीसी टर्मिनल उपकरणों की इंजीनियरिंग और विनिर्माण की प्रमाणित क्षमताएँ।

उपलब्धियाँ

- पिछले 30 वर्षों से भागीदारों के साथ मिलकर छह ऐतिहासिक एचवीडीसी परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया है, जिनमें वर्ष 1989 में शुरु की गई भारत की पहली एचवीडीसी परियोजना (लोअर सिलेरू-बारसूर) भी शामिल है।
- वित्त वर्ष 2024-25 में, प्रतिष्ठित ±800 केवी, 6000 मेगावाट खावड़ा-नागपुर एलसीसी एचवीडीसी का ऑर्डर प्राप्त किया।

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक- I
प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

1.1 आर्थिक और व्यावसायिक परिदृश्य

वैश्विक भू-राजनैतिक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है और वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 6.5% की मज़बूत वृद्धि दर्ज की है। सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय पर निरंतर ज़ोर दिए जाने और कर कटौती से प्रेरित उपभोक्ता खर्च में वृद्धि से आने वाले वर्षों में भी इस सकारात्मक गति के बने रहने की उम्मीद है। वित्तीय संस्थान और निगम पूंजीगत व्यय को समर्थन देने के लिए एक मज़बूत आधार बनाते हुए अपनी तुलन पत्र (बैलेंस शीट) को मज़बूत बना रहे हैं।

लंबे समय तक विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के बाद, ताप विद्युत क्षेत्र के कारोबारी माहौल में बदलाव आया है। वित्त वर्ष 2022-23 में अत्यधिक माँग और ऊर्जा की कमी के परिदृश्य को देखते हुए, भारत सरकार ने वर्ष 2031-32 तक न्यूनतम 80 गीगावाट की अतिरिक्त कोयला-आधारित क्षमता स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। वर्तमान नीतिगत माहौल के परिणामस्वरुप केंद्र और राज्य विद्युत कम्पनियों तथा प्रमुख निजी विद्युत कम्पनियों, दोनों की ओर से कोयला आधारित विद्युत परियोजनाओं के लिए अत्यधिक निविदाएँ जारी की गई हैं। कोयला आधारित विद्युत परियोजनाओं में अग्रणी कंपनी, बीएचईएल को वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 14.6 गीगावाट के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।

भारत द्वारा वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य लक्ष्य और वर्ष 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के परमाणु ऊर्जा मिशन को देखते हुए जलविद्युत और परमाणु आधारित विद्युत परियोजनाओं में विद्युत यूटिलिटी क्षमता विस्तार योजनाओं के साथ सक्रिय हैं। जल विद्युत व्यवसाय में, कंपनी को पंप मोड ऑपरेशन के लिए पंपयुक्त जल विद्युत संयंत्र की एक इकाई के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण (आर & एम) कार्यों के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ है।

उद्योग क्षेत्र में, भारत सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय बढ़ाने और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में कार्यरत कंपनियों द्वारा क्षमता विस्तार के कारण पर्याप्त व्यावसायिक अवसर उपलब्ध हैं। एक ओर, बाज़ारों में कड़ी प्रतिस्पर्धा और मूल्य निर्धारण का दबाव है, वहीं दूसरी ओर ग्राहक नवीनतम तकनीकों पर आधारित उत्पादों की मांग कर रहे हैं।

ट्रांसमिशन व्यवसाय में नए सिरे से रुचि देखी जा रही है क्योंकि राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) के अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2024-2032 की अवधि के दौरान विद्युत पारेषण क्षमता की मांग लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है। स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता में तीव्र वृद्धि ने विद्युत ट्रांसमिशन क्षेत्र में महत्वपूर्ण अवसर उत्पन्न किए हैं। बीएचईएल को वर्ष के दौरान खावड़ा-नागपुर एचवीडीसी परियोजना के लिए एक बड़ा ऑर्डर मिला है।

रक्षा व्यवसाय में, भारत सरकार के आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के परिणामस्वरुप बड़े अवसर पैदा हुए हैं, जिनमें तीनों सशस्त्र बलों द्वारा नए रक्षा कार्यक्रम भी शामिल हैं। कंपनी तीन दशकों से भारतीय नौसेना को सुपर रैपिड गन माउंट की आपूर्ति कर रही है, और इस क्षेत्र में आगे के अवसरों का लाभ उठाने के लिए विनिर्माण सुविधाओं को उन्नत किया है। बीएचईएल विश्व की उन चुनिंदा कम्पनियों में से एक है, जो सैन्य विमानों/हेलीकॉप्टरों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर और पंप मॉड्यूल डिजाइन और विनिर्माण करने की क्षमता रखती है, तथा वर्तमान में विभिन्न हवाई प्लेटफार्मों के लिए इनका विकास कर रही है।

कोयला गैसीकरण और उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (एयूएससी) कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के क्षेत्र में, बीएचईएल अपनी स्वदेशी तकनीकों के साथ अच्छी स्थिति में है। कोयला गैसीकरण के क्षेत्र में, बीएचईएल ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी पहले ही स्थापित कर ली है, जिसके लिए संयुक्त उद्यम कंपनी भारत कोल गैसीफिकेशन एवं केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) को सरकारी वित्तीय प्रोत्साहन हेतु आंवटन पत्र प्राप्त हो चुका है। एयूएससी कार्यक्रम पर केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणा के बाद, एयूएससी तकनीक पर आधारित दुनिया का पहला 800 मेगावाट प्रौद्योगिकी प्रदर्शन संयंत्र स्थापित करने के प्रयास चल रहे हैं।

1.2 अवसर एवं चुनौतियाँ

ऊर्जा सुरक्षा पर नए सिरे से ज़ोर देने से कोयला आधारित विद्युत ऊर्जा ऊर्जा नियोजन में फिर से अग्रणी स्थान पर आ गई है। पिछले दो वर्षों में 25 गीगावाट से अधिक ताप विद्युत परियोजनाओं के ऑर्डर इसका प्रमाण हैं। यह गति जारी रहने की उम्मीद है, और कंपनी इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाने के लिए बिजली संयंत्र उपकरण निर्माण और ईपीसी क्रियान्वयन में अपनी विशेषज्ञता और पैमाने का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

पारंपरिक (बड़े और छोटे जलविद्युत संयंत्र) और पंप स्टोरेज जनरेटिंग स्टेशन, दोनों की जलविद्युत क्षमता को ग्रिड संतुलन और स्थिरीकरण आवश्यकताओं के लिए विस्तार की आवश्यकता है, जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (आरईएस) आधारित विद्युत प्रणालियों की अंतर्निहित परिवर्तनशीलता के कारण आवश्यक है। इसके अलावा, चूँकि भारत के 30% से अधिक जलविद्युत संयंत्र 30 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं, इसलिए उनका जीवन विस्तार, प्रदर्शन और दक्षता उन्नयन के लिए नवीनीकरण और आधुनिकीकरण (आर & एम) की संभावित मांग उभर रही है। कंपनी इन आगामी अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

दुनिया जीवाश्म आधारित ताप विद्युत संयंत्रों और डेटा केंद्रों जैसे कैप्टिव उपयोग के एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में परमाणु ऊर्जा के महत्व को तेज़ी से स्वीकार कर रही है। हाल ही में केंद्रीय बजट में वर्ष 2033 तक 5 स्वदेशी रुप से विकसित लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों के परिचालन और वर्ष 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता की घोषणाएँ इस क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही हैं। प्राथमिक और द्वितीयक, दोनों ही क्षेत्रों के लिए अत्यधिक परमाणु ऊर्जा उपकरणों की आपूर्ति हेतु, कंपनी इन उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है। इसके अलावा, परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन भी प्रस्तावित हैं, जिससे निजी क्षेत्र की भागीदारी और विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, जिससे परमाणु क्षेत्र में व्यावसायिक संभावनाओं में वृद्धि होगी।

नवीकरणीय ऊर्जा (RE) में तेज़ी से हो रही वृद्धि और इसके परिणामस्वरूप परिवर्तन क्षमता में वृद्धि को देखते हुए, विद्युत ट्रांसमिशन क्षेत्र में महत्वपूर्ण अवसर अपेक्षित हैं। प्रमुख केंद्रीय और निजी दोनों प्रकार की ट्रांसमिशन कंपनियाँ, बड़ी क्षमता वाले सौर पार्कों से दूरस्थ उपभोग केंद्रों तक नवीकरणीय ऊर्जा संचारित करने की माँग बढ़ने के कारण, अधिक से अधिक AIS, GIS और HVDC परियोजनाओं पर काम कर रही हैं। परिणामस्वरूप, कई HVDC परियोजनाएँ पाइपलाइन में हैं, जिनके लिए बीएचईएल पूरी तरह तैयार है।

भारतीय सशस्त्र बलों के लिए उपकरणों का उन्नयन और स्वदेशीकरण जारी रहने की उम्मीद है, जिससे बीएचईएल को तोपों, समुद्री गैस टर्बाइनों और अन्य रक्षा प्रणालियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्राप्त होंगे। कंपनी ने भारतीय नौसेना की सुपर रैपिड गन माउंट्स की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए विनिर्माण सुविधाओं को उन्नत किया है।

भारतीय रेलवे में हो रहे आधुनिकीकरण और बुनियादी ढाँचा उन्नयन उच्च-अश्वशक्ति इंजनों, ट्रेनसेटों, सिग्नलिंग प्रणालियों और अन्य रेल प्रौद्योगिकियों में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है। ये अवसर प्रणोदन प्रणालियों और विद्युत इंजनों में बीएचईएल की क्षमता को और बढ़ा रहे हैं, जिससे रेलवे क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति और अधिक हो सकेगी।

इस्पात, उर्वरक, रिफाइनरियों और सीमेंट सहित प्रमुख उद्योगों में विस्तार और तकनीकी उन्नयन, औद्योगिक उत्पादों के लिए अच्छे अवसर प्रदान करते रहते हैं, जिससे बीएचईएल को विनिर्माण क्षमताओं और तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाने में मदद मिलती है।

कंपनी कच्चे माल, कम्पोनेंट के लिए एक जटिल आपूर्ति श्रृंखला और विशेषज्ञ मानवशक्ति पर निर्भर है। आपूर्ति श्रृंखला में कोई भी व्यवधान, चाहे वह भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार बाधाओं या प्राकृतिक आपदाओं के कारण हो, परियोजना निष्पादन में देरी और परिचालन लागत में वृद्धि का कारण बन सकता है।

कंपनी आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु आपूर्तिकर्ता पूल का विस्तार करने हेतु विभिन्न घरेलू और वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से सक्रिय रूप से संपर्क कर रही है। चलनिधि का अंतर्वेशन, कुशल भुगतान प्रणालियाँ स्थापित करना, क्रय और उप-अनुबंध प्रक्रियाओं को एकीकृत करना आदि जैसे विभिन्न तरीकों से विक्रेताओं को सशक्त और सुविधाजनक बनाना, कंपनी के विक्रेता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की अन्य प्रमुख पहल हैं।

1.3 व्यवसायों की रूपरेखा और कार्य-निष्पादन

कंपनी के दो व्यावसायिक क्षेत्र हैं- विद्युत और उद्योग। ये क्षेत्र तीन व्यावसायिक प्रभागों, अर्थात् पावर क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र और अंतर्राष्ट्रीय परिचालन द्वारा क्रियान्वित होते हैं।

पावर क्षेत्र में कोयला और लिग्नाइट, गैस, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा संयंत्र व्यवसाय, स्पेयर एवं सेवा व्यवसाय के लिए उपकरण आपूर्ति और ईपीसी कार्य शामिल हैं, इसके अलावा कोयले से रसायन के नए व्यवसाय भी शामिल हैं।

उद्योग क्षेत्र कई उद्योगों के प्रमुख उपकरण और ईपीसी परिवहन, ट्रांसमिशन, रक्षा एवं एयरोस्पेस, कैप्टिव पावर प्लांट, प्रोसेस उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा, अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम तेल एवं गैस, ई-मोबिलिटी और ऊर्जा भंडारण इत्यादि की आपूर्ति के लिए कार्य करता है।



बीएचईएल रानीपेट इकाई की R1 उत्पादन बे, जहां रोल फॉर्मिंग लाइन उत्पादन के माध्यम से एयर-प्रीहीटर एलिमेंट का उत्पादन किया जाता है

व्यवसायिक क्षेत्रों की रुपरेखा एवं कार्य-निष्पादन

पावर सेक्टर

1.3.1 पावर सेक्टर

चूँकि देश की आर्थिक वृद्धि पावर सेक्टर की वृद्धि के साथ दृढ़ता से जुड़ी हुई है, इसलिए आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए किफायती दरों पर विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बिजली की उपलब्धता अनिवार्य हो जाती है।

31 मार्च, 2025 तक, भारत में बिजली की संस्थापित क्षमता ~475 गीगावाट है और ~1,829 बिलियन यूनिट (बीयू) का वार्षिक उत्पादन हो रहा है। उल्लेखनीय रूप से, बिजली उत्पादन में साल-दर-साल आधार पर 5% की वृद्धि दर देखी गई है, और निकट भविष्य में यही वृद्धि दर जारी रहने की उम्मीद है।

संस्थापित क्षमता: ~475 गीगावाट



31 मार्च, 2025 की स्थिति

स्रोत: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), विद्युत मंत्रालय

व्यापार परिदृश्य

बिजली की मांग में लगातार वृद्धि जारी है, भारत में वित्त वर्ष 2024-25 में **250 गीगावाट** की सर्वकालिक उच्चतम बिजली मांग दर्ज की गई है। भविष्य को देखते हुए, सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2029-30 तक देश की वार्षिक मांग **~ 16-18 गीगावाट** बढ़ जाएगी। इसके अनुरुप, सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2032 तक लगभग 80 गीगावाट की थर्मल क्षमता वृद्धि पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

देश की बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए, केंद्र और राज्य सरकारें बिजली की **पर्याप्तता, ग्रिड स्थिरता और दीर्घकालिक विश्वसनीयता** सुनिश्चित करने के लिए नए थर्मल ऑर्डर दे रही हैं। परिणामस्वरुप, वित्त वर्ष 2024-25 में थर्मल पावर परियोजनाओं के लिए सुदृढ़ ऑर्डर दिए गए, और कंपनी को उम्मीद है कि यह गति वित्त वर्ष 2025-26 में भी जारी रहेगी, जिससे थर्मल उपकरणों की सुदृढ़ मांग बनी रहेगी।

बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, अत्यधिक कुशल कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल बिजली संयंत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होने की उम्मीद है, खासकर जब तक कि अन्य वैकल्पिक विश्वसनीय प्रौद्योगिकी विकल्प व्यावसायिक रुप से व्यवहार्य नहीं हो जाते।

नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की परिवर्तनशीलता के कारण, अधिकतम विद्युत मांग के प्रबंधन में जल विद्युत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

परमाणु ऊर्जा देश के समग्र विद्युत मिश्रण का एक अनिवार्य हिस्सा बनेगी क्योंकि इसे विश्व स्तर पर एक स्वच्छ ईंधन प्रौद्योगिकी के रुप में स्वीकार किया जाता है। भारत में लगभग 8 गीगावाट की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता है और इसमें स्थायी रुप से दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने की अपार क्षमता है।

बीएचईएल ने झारखंड में 3x660 मेगावाट के नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पावर स्टेशन को सफलतापूर्वक कमीशन किया

एन्नोर एसईजेड 2x660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के संचालन की ऑन-साइट समीक्षा के दौरान बीएचईएल के सीएमडी और निदेशक (पावर) अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

प्राप्त ऑर्डर

वित्त वर्ष 2024-25 में, बीएचईएल ने पावर सेक्टर में कुल ₹81,349 करोड़ (करों को छोड़कर) के ऑर्डर प्राप्त किए हैं, इसमें थर्मल पावर खंड में बीएचईएल का अब तक का सर्वाधिक ऑर्डर शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 में एकल थर्मल क्षेत्र में ऑर्डर प्राप्ति 58% की वार्षिक वृद्धि के साथ बढ़कर ₹76,930 करोड़ (करों को छोड़कर) हो गई। यह अभूतपूर्व वृद्धि सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों से प्राप्त कुल 14,640 मेगावाट के ऑर्डरों के कारण हुई है।

BHEL ने NTPC, GSECL, SCCL, DVC और CSPGCL जैसी प्रमुख कंपनियों से EPC ऑर्डर प्राप्त करके भारतीय थर्मल पावर सेक्टर में अपना बाजार नेतृत्व बनाए रखा है। निजी क्षेत्र की कंपनियों ने भी थर्मल ऑर्डरों में लगभग 25% का योगदान दिया, जिसमें बॉयलर, टर्बाइन और जेनरेटर (बीटीजी) उपकरणों की आपूर्ति के साथ-साथ संबंधित सहायक उपकरणों और स्थापना व कमीशनिंग के पर्यवेक्षण के लिए बीएचईएल को लगभग 8,000 मेगावाट के ऑर्डर दिए गए।

इन ऑर्डरों के साथ, बीएचईएल ने 31 मार्च, 2025 तक देश में 90 सुपरक्रिटिकल स्टीम जेनरेटर (एसजी) और 83 सुपरक्रिटिकल टर्बाइन जेनरेटर (टीजी) के ऑर्डर प्राप्त किए हैं, जिनमें से वित्त वर्ष 2024-25 तक 37 एसजी और 29 टीजी कमीशन हो चुके हैं।

हाइड्रो पावर व्यवसाय में, कंपनी को पंप मोड ऑपरेशन के लिए जीएसईसीएल कडाना पंप हाइड्रो पावर प्लांट (4x60 मेगावाट) की एक इकाई के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण (आर & एम) कार्यों का ऑर्डर मिला। इस ऑर्डर के साथ बीएचईएल ने हाइड्रो में 550 से अधिक हाइड्रो इलेक्ट्रिक सेटों के पोर्टफोलियो और भारत एवं विदेशों में 35,000 मेगावाट से अधिक की क्षमता के साथ अपना नेतृत्व बनाए रखा है।

इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 में स्पेयर, सेवाओं और आर&एम व्यवसाय क्षेत्र में प्राप्त किए गए कुछ महत्वपूर्ण ऑर्डरों में जीएसईसीएल वानाकबोरी (2x210 मेगावाट), जीएसईसीएल उकाई (1x210, 1x200 मेगावाट) के लिए फ्लेक्सिबाइलाइजेशन के साथ बॉयलर मोड़िफिकेशन, एपीपीडीसीएल कृष्णापटनम (800 मेगावाट) का ईएसपी रेट्रोफिट, एपीजेनको विजयवाड़ा (210 मेगावाट) के मौजूदा सी&आई सिस्टम का आर&एम और पीएसपीसीएल रोपड़ (210 मेगावाट) के लिए री-हीटर प्रतिस्थापन शामिल हैं।

बीएचईएल को केरल के अलप्पुझा जिले में 350 मेगावाट के एनटीपीसी कायमकुलम कम्बाइन्ड साइकल पावर प्लांट (सीसीपीपी) में गैस टरबाइन में मेथनॉल फायरिंग करने का पहला ऑर्डर मिला है। यह भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना होगी। यह परियोजना मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप है और इसका उद्देश्य देश भर में निष्क्रिय गैस-आधारित विद्युत परिसंपत्तियों को पुनर्जीवित करना है।

परियोजना निष्पादन

वर्ष 1964 में अपनी स्थापना के बाद से, बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2024-25 तक भारत में 469 कोयला-आधारित यूटिलिटी सेट, 23 डीजल सेट, 430 हाइड्रो यूटिलिटी सेट, 105 गैस-आधारित यूटिलिटी सेट और 14 परमाणु आधारित यूटिलिटी सेट की आपूर्ति की है। अपने ठोस प्रयासों से, बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी बिजली परियोजनाओं में 3,850 मेगावाट की क्षमता वृद्धि हासिल की, जिसमें 3,150 मेगावाट की तापीय परियोजनाएं और 700 मेगावाट की हाइड्रो पावर परियोजनाएं शामिल हैं। क्षमता वृद्धि के अलावा, यूटिलिटी बिजली परियोजनाओं में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 1,500 मेगावाट का सिंक्रोनाइजेशन और 2,260 मेगावाट में पूर्ण भार हासिल किया गया है। इसके अलावा, भूटान में पुनात्सांगछू-II हाइड्रो पावर परियोजना में तीन इकाइयों के चालू होने से बीएचईएल के पोर्टफोलियो में विदेशी हाइड्रो पावर क्षमता में 510 मेगावाट की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, बीएचईएल लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के लिए बड़े आकार के फ्रांसिस प्रकार के पंप-मोटर सेट की आपूर्ति कर रहा है और वर्तमान में तेलंगाना के कालेश्वरम में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए पंप-मोटर सेट का विनिर्माण कर रहा है।

जीएमआर वरोरा (300 मेगावाट) और जीएमआर कमलांगा (350 मेगावाट) के लिए गैर-बीएचईएल मशीन (चीन निर्मित) का फ्लेक्सिबाइलाइजेशन अध्ययन किया गया। गैर-बीएचईएल सेट के लिए यह अपनी तरह का पहला अध्ययन था। संभाव्यता अध्ययन रिपोर्टों में बीएचईएल की सिफारिशें ग्राहक के विचाराधीन हैं।

बीएचईएल ने देश की यूटिलिटी स्केल पावर परियोजनाओं की कुल स्थापित थर्मल क्षमता में 54% की अपनी बड़ी हिस्सेदारी बनाए रखी है, और इसके साथ ही वित्त वर्ष

हाइड्रो टर्बाइन और जनरेटर विनिर्माण के पाँच दशक - इंजीनियरिंग उत्कृष्टता की एक विरासत

पंप स्टोरेज सहित हाइड्रो पावर, कम उत्सर्जन और क्विक रैंप-अप क्षमता के साथ नवीकरणीय ऊर्जा का एक भरोसेमंद स्रोत प्रदान करता है, जो इसे ग्रिड में रुक-रुक कर आने वाली सौर और पवन ऊर्जा के संतुलन के लिए आदर्श बनाता है। भारत में 133 गीगावाट से अधिक की बड़ी हाइड्रो पावर और 200+ गीगावाट की पंप स्टोरेज की संभाव्यता है, जबकि वर्तमान में केवल ~43 गीगावाट और ~5 गीगावाट की क्षमता है, जो दीर्घकालिक विकास के पर्याप्त अवसर प्रदान कर रही है।

क्षमताएँ

- भारत के हाइड्रो पावर सेक्टर में अग्रणी, जिसकी विद्युत -यांत्रिक उपकरणों के लिए 2,500 मेगावाट की वार्षिक विनिर्माण क्षमता है।
- भारत में एकमात्र हाइड्रो टर्बाइन निर्माता, जिसके पास एनएबीएल-मान्यता प्राप्त हाइड्रो टर्बाइन मॉडल परीक्षण एवं विकास प्रयोगशाला है।
- लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के लिए पारंपरिक हाइड्रो टर्बाइन और सिंक्रोनस जनरेटर (400 मेगावाट तक), रिवर्सिबल पंप-टर्बाइन और फिकस्ड-स्पीड जनरेटर-मोटर (350 मेगावाट तक) और उच्च क्षमता वाले पंप और मोटर (200 मेगावाट तक) का डिज़ाइन और विनिर्माण।

उपलब्धियाँ

- भारत में स्थापित हाइड्रो पावर के 46% संयंत्रों में इलेक्ट्रो-मैकेनिकल पैकेज के अंतर्गत बीएचईएल द्वारा निर्मित उपकरण जैसे टर्बाइन, जनरेटर आदि लगे हुए हैं।
- वैश्विक बाज़ारों में एक भारतीय ओईएम, दुनिया भर में 550 हाइड्रो पावर उत्पादन सेट स्थापित - कुल 35,000+ मेगावाट।
- भूटान में 89% से अधिक हाइड्रो पावर संयंत्रों में बीएचईएल द्वारा निर्मित टर्बाइन और जनरेटर सेट लगे हुए हैं।
- दिबांग हाइड्रो पावर परियोजना के लिए भारत का सर्वोच्च रेटिंग वाला फ्रांसिस टर्बाइन मॉडल (240 मेगावाट) विकसित किया गया और पोलावरम हाइड्रो पावर परियोजना के लिए सबसे बड़ा कापलान रनर (80 मेगावाट) निर्मित किया गया है।

2024-25 के अंत तक, देश में परमाणु ऊर्जा की स्थापित क्षमता (द्वितीयक पक्ष) का 56% और जल विद्युत स्थापित क्षमता का 46% हिस्सा बीएचईएल के पास होगा। तापीय, परमाणु और जल विद्युत खंड सहित, उपयोगिता स्तर पर, बीएचईएल देश की कुल स्थापित पारंपरिक क्षमता में 53% हिस्सेदारी रखता है।

स्थापित पारंपरिक क्षमता –यूटिलिटी*
3,25,491 मेगावाट (31 मार्च 2025 तक)



** स्थापना के समय क्षमता के आधार पर जिसमे तापीय, परमाणु और जलविद्युत शामिल हैं तथा सौर, पवन और जैव-ऊर्जा शामिल नहीं है;*

उपकरण का कार्य-निष्पादन

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, कोयला और लिग्नाइट आधारित सेटों से देश के कुल 1,331.86 बीयू बिजली उत्पादन में से 56.44% (751.71 बीयू) का योगदान बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए सेटों द्वारा किया गया है।

उत्पादन-यूटिलिटी (कोयला और लिग्नाइट)
1,331.86 BUs (वित्त वर्ष 2024-25)



वित्त वर्ष 2024-25 में, बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए ताप विद्युत संयंत्रों ने 70.2% के औसत प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) के साथ मजबूत परिचालन प्रदर्शन किया, जो अखिल भारतीय ताप विद्युत संयंत्रों के 69.45% पीएलएफ से अधिक था। बीएचईएल ताप विद्युत संयंत्रों की समग्र परिचालन उपलब्धता (ओए) 86.9% रही। कुल 104 ताप विद्युत संयंत्रों ने 80% और उससे अधिक का पीएलएफ दर्ज किया, जिनमें 32 संयंत्र ऐसे थे जिनका पीएलएफ 90% से अधिक था, जबकि 188 संयंत्रों ने 90% और उससे अधिक का ओए हासिल किया। उल्लेखनीय रूप से, बकरेश्वर इकाई-2 (210 MW) ने 100% ओए के साथ 99.3% का पीएलएफ दर्ज किया।

बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए परमाणु ऊर्जा उपकरणों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 82.7% की संपूर्ण परिचालन उपलब्धता (OA) के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। छह परमाणु सेटों ने 90% और उससे अधिक का OA प्राप्त किया, जबकि पाँच सेटों ने प्लांट लोड फैक्टर (PLF) 90% से अधिक दर्ज किया। कैगा यूनिट-2 ने 607 दिनों तक निर्बाध रूप से संचालन किया।

तापीय और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में लगातार उच्च पीएलएफ, परिचालन उपलब्धता और कम आउटेज दरें, बीएचईएल की इंजीनियरिंग, डिज़ाइन उत्कृष्टता और विनिर्माण गुणवत्ता की मज़बूती की पुष्टि करती हैं। ये उपलब्धियाँ भारत के ऊर्जा बुनियादी ढाँचे को सशक्त बनाने में बीएचईएल की महत्वपूर्ण भूमिका का एक सशक्त प्रमाण हैं।

डिजिटल उत्पाद और समाधान

बीएचईएल 4.0 पहलों के साथ अपने उद्योग को आगे बढ़ा रहा है, जैसे रिमोट मॉनिटरिंग और डायग्नोस्टिक सेवाएँ (RMDS), रिमोट वाइब्रेशन और डायग्नोस्टिक सिस्टम (RVDS) और प्लांट ऑटोमेशन और लाइव मॉनिटरिंग (PALM)। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, बीएचईएल ने बीपीसीएल,मुंबई रिफ़ाइनरी के लिए RMDS का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया। TVNL के लिए RVDS (KAMPAN 1.0) और एनएचपीसी के लिए PALM का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया।

कोयला गैसीकरण व्यवसाय

बीएचईएल और सीआईएल की संयुक्त उद्यम कंपनी, "भारत कोल गैसीकरण और केमिकल्स लिमिटेड" (BCGCL), को मई-2024 में निगमित किया गया। इस संयुक्त उद्यम कंपनी में सीआईएल की 51% और बीएचईएल की 49% हिस्सेदारी है। BCGCL की स्थापना कोयला गैसीकरण व्यवसाय का उपयोग करने के लिए की गई है ताकि बीएचईएल द्वारा विकसित आंतरिक कोयला गैसीकरण तकनीक का उपयोग करके मध्यवर्ती उत्पादों के रूप में सिंथेटिक गैस, अमोनिया और नाइट्रिक एसिड और अंतिम उत्पाद के रूप में अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन किया जा सके।

भविष्य का परिदृश्य

बढ़ती घरेलू खपत और सरकार द्वारा विनिर्माण एवं बुनियादी ढाँचे के विकास पर दिए जा रहे ज़ोर से निकट भविष्य में ऊर्जा की माँग में तेज़ी आने की उम्मीद है। ऊर्जा सुरक्षा और सामर्थ्य पर ज़ोर के साथ, तापीय ऊर्जा आधारित ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि होने की उम्मीद है जो विश्वसनीय बेस-लोड उत्पादन प्रदान करती है। कंपनी ईपीसी क्षमताओं को मज़बूत करके, विक्रेताओं को सुविधा प्रदान करके, ड्राइंग का मानकीकरण करके इस आगामी माँग को पूरा करने की दिशा में काम कर रही है। कंपनी ऐसे उपकरण और समाधान प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हैं, जैसे उत्सर्जन नियंत्रण समाधान, एयर-कूल्ड कंडेनसर, जो पानी की खपत को काफ़ी कम करते हैं।

बीएचईएल ने ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक स्पेयर की आपूर्ति और सेवा समझौतों, स्पेयर की शीघ्र आपूर्ति, और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में उतार-चढ़ाव के कारण ग्रिड स्थिरता के मुद्दों से निपटने के लिए बीएचईएल और गैर-बीएचईएल सेटों के लिए लचीले समाधानों की पेशकश के माध्यम से स्पेयर और सेवाओं के व्यवसाय विस्तार के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं।

भारत के लगभग 375 बिलियन टन से ज़्यादा कोयले के भंडार और उच्च राख वाले कोयले के लिए अंतर्राष्ट्रीय तकनीक की कमी को देखते हुए, भारतीय उच्च राख वाले कोयले के गैसीकरण के लिए बीएचईएल द्वारा स्वदेशी तकनीक का विकास, आयात पर देश की निर्भरता कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है और इससे कोयले को रसायनों में बदलने की व्यावसायिक संभावनाओं के द्वार खुलने की उम्मीद

बीएचईएल को केरल के अलप्पुझा जिले में 350 मेगावाट एनटीपीसी कायमकुलम संयुक्त चक्र विद्युत संयंत्र (सीसीपीपी) में गैस टरबाइन में मेथनॉल फायरिंग का पहला ऑर्डर मिला है।

है। गैसीकरण तकनीक "इंटीग्रेटिड गैसीफिकेशन कम्बाइन्ड सायकल" तकनीक के माध्यम से बिजली उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिसका पर्यावरण पर कम प्रभाव पड़ता है।

आने वाले दशकों में आधार भार की पूर्ति में परमाणु ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका होने की संभावना है। कंपनी परमाणु भाप टर्बाइनों और जनरेटरों के लिए एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता के रूप में एक मजबूत स्थिति रखती है, जिससे इसे घरेलू बाजार में एक रणनीतिक लाभ प्राप्त होता है। बीएचईएल देश के त्रि-चरणीय परमाणु कार्यक्रम से जुड़ा हुआ है और स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के विकास में पाँच दशकों से भागीदार रहा है। कंपनी इस क्षेत्र में अपनी पेशकशों को स्वदेशी बनाने और इसे बढ़ाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है।

बीएचईएल नई जलविद्युत परियोजनाओं के लिए E&M पैकेज के लिए बाजार में अग्रणी है और पुराने हाइड्रो सेटों के R&M में अग्रणी है। आंतरिक हाइड्रो प्रोफाइल विकास के लिए अपनी एनएबीएल मान्यता प्राप्त हाइड्रो लैब के साथ, कंपनी का लक्ष्य बीएचईएल और गैर-बीएचईएल निर्मित उपकरणों दोनों के लिए टर्बाइन प्रोफाइल अपग्रेड समाधान प्रदान करना और हाइड्रो पावर उत्पादकों को उनकी परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता, दक्षता और जीवनकाल बढ़ाने में मदद करना है। इसके अलावा, बीएचईएल का लक्ष्य लिफ्ट सिंचाई योजना (LIS) परियोजनाओं में आवश्यक बड़े आकार के पंप-मोटर्स में अपना नेतृत्व बनाए रखना है।

तेलंगाना में 5X800 मेगावाट यदाद्री थर्मल पावर स्टेशन के लिए यूनिट-II की क्षमता वृद्धि की गई

परमाणु ऊर्जा
- भारत के संधारणीय भविष्य को गति प्रदान करते हुए

परमाणु ऊर्जा भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए एक स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत के रूप में अपनी भूमिका को मज़बूत कर रही है। भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 तक 100 गीगावाट (GW) परमाणु क्षमता और वर्ष 2033 तक 5 स्वदेशी SMR स्थापित करना है। स्वदेशी विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देने से इस क्षेत्र में विकास को गति मिल रही है।

क्षमताएं

- कंपनी भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के तीनों चरणों के साथ जुड़ी रही है तथा पिछले पांच दशकों से भारत के परमाणु क्षेत्र में सेवा दे रही है।
- परमाणु टरबाइन जनरेटर सेटों का एकमात्र घरेलू निर्माता, जो भारत की कुल स्थापित परमाणु क्षमता में 56% का योगदान देता है
- प्राथमिक और द्वितीयक दोनों आइलैंड को कवर करते हुए, विभिन्न रेटिंग (220 मेगावाट, 540 मेगावाट और 700 मेगावाट) के परमाणु संयंत्रों के लिए महत्वपूर्ण उपकरण प्रदान किए।
- वर्तमान में गोरखपुर, हरियाणा अणु विद्युत परियोजना और कैगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में 6 इकाइयों के लिए टरबाइन आइलेंड पैकेज का EPC आधार पर क्रियान्वयन कर रही है।

उपलब्धियाँ

- 45 परमाणु भाप जनरेटर प्रदान किए - भारत में किसी भी निर्माता द्वारा सबसे अधिक आपूर्ति
- काकरापार और रावतभाटा में PHWR तकनीक पर आधारित भारत की सर्वोच्च रेटिंग वाली 700 मेगावाट की 3 इकाइयों का सफलतापूर्वक कमीशन किया गया - मुख्य आपूर्ति में टरबाइन जनरेटर, परमाणु भाप जनरेटर, रिएक्टर हेडर, PCP मोटर्स, C&I पैकेज और जनरेटर ट्रांसफार्मर शामिल थे।
- एडवांस्ड हेवी वाटर रिएक्टरों (AHWR) के लिए सेकेंडरी साइड स्टीम साइकिल विकसित किया गया



बीएचईएल

निर्मित विद्युत यूटिलिटी संस्थापनाएँ

31.03.2025 तक कमीशनिंग के अनुसार



*भारत का मानचित्र सांकेतिक है, और हो सकता है कि यह पैमाने के अनुरूप न हो

बीएचईएल द्वारा स्थापित विद्युत यूटिलिटी परियोजनाएं
(कोयला, गैस, नाभिकीय, डीजल & हाइड्रो परियोजनाएँ)

प्रकार	सेट	मेगावाट
कोयला	469	137830
हाइड्रो	430	22117
गैस & सीसीपी	105	8029
डीजल	23	199
नाभिकीय	14	4740
कुल	**1041**	**172915**

भारत में स्थापित मेगावाट आकार के सौर ऊर्जा संयंत्र

परियोजनाएं	मेगावाट
62	**1150**

व्यावसायिक क्षेत्रों की रूपरेखा एवं कार्य-निष्पादन | उद्योग क्षेत्र

भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अभनपुर-रायपुर-अभनपुर मार्ग के लिए बीएचईएल द्वारा आपूर्ति की गई इलेक्ट्रिक्स से सुसज्जित मेमू रेक का उद्घाटन किया

1.3.2 उद्योग क्षेत्र

बाज़ार-केंद्रित व्यावसायिक समूहों से युक्त उद्योग क्षेत्र, रेल परिवहन, रक्षा एवं एयरोस्पेस, ट्रांसमिशन, तेल एवं गैस, कैप्टिव पावर प्लांट, औद्योगिक उत्पादों और सौर ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी ऊर्जा भंडारण और ई-मोबिलिटी जैसे नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसायों के लिए व्यापक और अनुकूलित समाधान प्रदान करता है। संपूर्ण व्यावसायिक पेशकशें वार्षिक रिपोर्ट के 'उत्पाद प्रोफ़ाइल' अनुभाग में उपलब्ध हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 में, उद्योग क्षेत्र ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से ₹11,001 करोड़ (करों को छोड़कर) के ऑर्डर प्राप्त किए, जिसमें पावर ट्रांसमिशन व्यवसाय में अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर भी शामिल है।

1.3.2.1 परिवहन

भारतीय रेलवे (आईआर) के आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण की यात्रा में बीएचईएल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कंपनी ने "मेड इन इंडिया" प्रणालियों और उपकरणों का निर्माण करके भारतीय रेलवे की रोलिंग स्टॉक आवश्यकताओं को लगातार पूरा किया है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हुई है। कंपनी इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन तकनीक में विश्वस्तरीय समाधान प्रदान करने में अग्रणी रही है, जिससे भारतीय रेलवे को अधिक ऊर्जा-कुशल, विश्वसनीय और पर्यावरण-अनुकूल रेल परिवहन विकल्पों में बदलाव लाने में मदद मिली है। कंपनी, मेसर्स टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) के साथ मिलकर, वर्तमान में 80 वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ 35 वर्षों के रखरखाव के प्रतिष्ठित ऑर्डर को क्रियान्वित कर रही है।

भारतीय रेलवे अपने बुनियादी ढाँचे का रुपांतरण और आधुनिकीकरण कर रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षा मानकों में सुधार, उत्पादकता में वृद्धि और परिचालन दक्षता में वृद्धि करना है। बीएचईएल उन्नत सिग्नलिंग प्रणालियों, ट्रेन नियंत्रण प्रणालियों और रखरखाव समाधानों के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी और समाधानों के विकास की दिशा में सक्रिय रुप से कार्य कर रहा है, जिससे रेलवे नेटवर्क को सर्वोत्तम प्रदर्शन स्तर पर संचालित करने में सक्षम बनाया जा सके।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अभनपुर-रायपुर-अभनपुर मार्ग के लिए मेमू रेक का उद्घाटन किया। यह मेमू रेक बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए विद्युत उपकरणों से सुसज्जित है।
- चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) से डब्ल्यूएजी-9 लोकोमोटिव के लिए 6531 केवीए के मुख्य ट्रांसफार्मर के 177 सेटों की आपूर्ति हेतु सबसे बड़ी मात्रा का ऑर्डर प्राप्त हुआ।
- बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्ल्यू), वाराणसी से आईजीबीटी आधारित पूर्ण प्रणोदन प्रणाली के 160 सेटों की आपूर्ति हेतु सबसे बड़ी मात्रा का ऑर्डर प्राप्त हुआ।
- मेसर्स आर्सेलर मित्तल एंड निप्पॉन स्टील (एएमएनएस), हजीरा से डीजल इलेक्ट्रिक शंटिंग लोकोमोटिव सेगमेंट (डीईएसएल) में 700 एचपी डीईएसएल और पुर्जों वाले 9 सेटों की आपूर्ति हेतु अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर प्राप्त हुआ।
- भारतीय रेलवे के लिए SIL4 प्रमाणित ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (जिसे कवच भी कहा जाता है) के विकास हेतु मेसर्स HIMA मिडिल ईस्ट FZE के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी समझौता किया गया। इससे बीएचईएल को भारतीय रेलवे की सिग्नलिंग और सुरक्षा अवसंरचना के आधुनिकीकरण

की योजनाओं से उत्पन्न होने वाले विशाल व्यावसायिक अवसर का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

- बारासात-हसनाबाद-बारासात मार्ग पर बीएचईएल के इलेक्ट्रिक्स से सुसज्जित प्रथम ईएमयू रेक का यात्री परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

भविष्य का परिदृश्य

भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय रेल योजना (एनआरपी) के अंतर्गत रेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने की योजना है, जिसका उद्देश्य क्षमता में वृद्धि और माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी को बढ़ावा देना है। चालू वित्त वर्ष में, भारतीय रेलवे ने आधुनिकीकरण परियोजनाओं के लिए 2.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए हैं, जिसमें क्षमता विस्तार और बेहतर सुरक्षा उपायों पर ज़ोर दिया गया है। भारतीय रेलवे द्वारा नई पीढ़ी के रोलिंग स्टॉक, जैसे माल ढुलाई के लिए उच्च अश्वशक्ति वाले इलेक्ट्रिक इंजन और यात्री यातायात के लिए अर्ध-उच्च गति वाली "वंदे भारत" ट्रेनें शुरू की गई हैं, और अगले तीन वर्षों में वंदे मेट्रो जैसे नए संस्करण शुरू करने की योजना है।

कंपनी का लक्ष्य भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण उद्देश्यों के अनुरूप, सभी प्रकार के रोलिंग स्टॉक के लिए उन्नत यांत्रिक और विद्युत प्रणालियों के डिज़ाइन और निर्माण हेतु अपनी आंतरिक क्षमताओं को मज़बूत करना है। भारतीय रेलवे द्वारा कवच प्रणाली की अधिक तैनाती का लाभ उठाने के लिए, कंपनी ने आंतरिक उपायों और रणनीतिक साझेदारी, दोनों के माध्यम से इसका विकास किया है।

कंपनी आगामी व्यवसायों, विशेष रूप से उच्च अश्वशक्ति वाले इंजनों, बैटरी/हाइड्रोजन चालित इंजनों, उच्च गति रेल और पुश-पुल इंजनों के लिए ओईएम/सहयोगियों के साथ भी काम कर रही है।

1.3.2.2 पारेषण

भारतीय ऊर्जा परिदृश्य अभूतपूर्व मांग और स्वच्छ एवं अधिक टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की ओर रुझान के साथ एक व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। जैसे-जैसे भारत की बिजली क्षमता स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है, उससे यह उम्मीद की जा रही है कि राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) के अनुसार, वर्ष 2030 तक विद्युत मिश्रण का 50% हिस्सा बनाने के लिए, देश में नए उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है, जिसमें मौजूदा कॉरिडोर का विस्तार भी शामिल है।

तदनुसार, एयर इंसुलेटेड सबस्टेशन (एआईएस) और गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन (जीआईएस) परियोजनाओं में भविष्य में भी मजबूत मांग बनी रहेगी। इसके अलावा, दूर-दराज के उत्पादन केंद्रों से बिजली निकासी के लिए कई एचवीडीसी परियोजनाएं योजना और कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

बीएचईएल सभी प्रमुख क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है और ट्रांसमिशन यूटिलिटी की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पादों और प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। बीएचईएल ईएचवी जीआईएस सबस्टेशन, डिजिटल सबस्टेशन, एचवीडीसी परियोजनाओं, अल्ट्रा एचवीएसी (1200 केवी) आदि जैसे उभरते क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को और बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही, कंपनी ट्रांसफॉर्मर, रिएक्टर आदि जैसे ट्रांसमिशन उत्पादों की बढ़ती मांग को भी पूरा कर रही है।

बीएचईएल ने ईएचवी और यूएचवी (एसी/डीसी) अनुप्रयोगों के लिए परिवहन उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला के लिए अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं स्थापित की हैं, जिनमें कनवर्टर ट्रांसफार्मर, थाइरिस्टर वाल्व, फिल्टर कैपेसिटर, इंस्ट्रूमेंट ट्रांसफार्मर, कम्पोजिट इंसुलेटर, नियंत्रण और सुरक्षा प्रणालियां आदि शामिल हैं।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- खावड़ा KAPS-2 (गुजरात) और नागपुर (महाराष्ट्र) के बीच ±800kV, 6,000 मेगावाट HVDC लिंक के लिए पावरग्रिड से ऑर्डर प्राप्त हुआ।
- भादला (राजस्थान) और फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) में ±800kV, 6,000 मेगावाट HVDC टर्मिनल स्टेशनों की स्थापना और संबंधित 765/400 kV एसी सबस्टेशनों के लिए राजस्थान पार्ट-I पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के तहत) से आशय पत्र प्राप्त हुआ।
- पावरग्रिड की निम्नलिखित टीबीसीबी परियोजनाओं के लिए प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ऑर्डर प्राप्त हुए:
  - 765kV/400kV/220kV मंदसौर नया सबस्टेशन और मध्य प्रदेश राज्य में 765kV इंदौर सबस्टेशन का विस्तार।

तमिलनाडु में बीएचईएल द्वारा निष्पादित 400/110 केवी टेंट्रानस्को थप्पागुंडु एयर इंसुलेटेड सबस्टेशन।

- o मध्य प्रदेश राज्य में 765kV/400kV/220kV/132kV कुरावर नया सबस्टेशन और मंदसौर, आष्टा और सुजालपुर सबस्टेशनों का विस्तार।
  - o राजस्थान राज्य में 765kV/400kV/220kV बाड़मेर नया सबस्टेशन और सिरोही और फतेहगढ़-III सबस्टेशनों का विस्तार।
- 60+ संख्या में 400kV और 765kV वोल्टेज श्रेणी के ट्रांसफार्मर और रिएक्टरों के लिए ऑर्डर।
- राज्यों की ट्रांसमिशन कंपनियों से 220kV वोल्टेज श्रेणी के 50 ट्रांसफार्मरों के लिए ऑर्डर।

भविष्य का परिदृश्य

आर्थिक विकास, शहरीकरण और बढ़ती खपत के कारण भारत में बिजली की मांग में वृद्धि देखी जा रही है। भारत ने 2032 तक 990 गीगावाट से अधिक की संचयी बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने की योजना बनाई है। उत्पादन केंद्रों से लोड केंद्रों तक बिजली पहुँचाने और संचारित करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2032 तक 12.7 लाख मेगावाट की परिवर्तन क्षमता और 32 गीगावाट की एचवीडीसी प्रणाली जोड़ने की योजना बनाई है, जिसमें उच्च क्षमता वाले एसी ट्रांसमिशन कॉरिडोर और कई उच्च वोल्टेज डीसी (एचवीडीसी) प्रणालियों का निर्माण और विस्तार शामिल होगा।

बीएचईएल की भारत के ट्रांसमिशन क्षेत्र में परियोजनाओं और उत्पाद दोनों क्षेत्रों में क्षमताओं के साथ एक मजबूत उपस्थिति है, और उभरते व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए सही स्थिति में है।

1.3.2.3 रक्षा और एयरोस्पेस

देश के रक्षा बलों को सहयोग प्रदान करने में बीएचईएल का पाँच दशक से भी अधिक का ट्रैक रिकॉर्ड है। बीएचईएल ने विशिष्ट उपकरणों और हथियार प्रणालियों की विस्तृत श्रृंखला का डिज़ाइन और विकास किया है।

कंपनी वर्तमान में भारतीय नौसेना के जहाजों पर अत्याधुनिक उन्नत एसआरजीएम - अग्रिम पंक्ति की हथियार प्रणाली की आपूर्ति कर रही है और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ा रही है। बीएचईएल ने स्थायी चुंबक मोटर प्रौद्योगिकी में सिद्ध विशेषज्ञता हासिल की है और नौसेना अनुप्रयोगों के लिए विद्युत प्रणोदन प्रणालियों के स्वदेशी डिज़ाइन और इसके विकास के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसके अलावा, बीएचईएल भारतीय नौसेना को विभिन्न उपकरणों की ओवरहालिंग और उत्पाद जीवन विस्तार सेवाएँ भी प्रदान करता है।

बीएचईएल दुनिया की उन चुनिंदा कंपनियों में से एक है जो सैन्य विमानों/हेलीकॉप्टरों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स और पंप मॉड्यूल्स का डिज़ाइन और विनिर्माण करने में सक्षम है, और वर्तमान में विभिन्न हवाई प्लेटफार्मों के लिए इन्हें विकसित कर रही है।

बीएचईएल CASDIC, HAL, ADA NAL आदि के साथ मिलकर विविध प्रकार के उपकरण और सेवाएँ विकसित कर रहा है। बीएचईएल का विभिन्न अंतरिक्ष संबंधी आवश्यकताओं के लिए इसरो और इसके विभिन्न केंद्रों के साथ दीर्घकालिक सहयोग है।

बीएचईएल ने आईएनएस नीलगिरि पर पहले उन्नत एसआरजीएम की आपूर्ति और कमीशनिंग की है

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- अगली पीढ़ी के ऑफशोर पेट्रोल वेसल (एनजीओपीवी) के एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) की आपूर्ति और सेवाओं के लिए ऑर्डर।
- रणनीतिक उपकरणों के लिए ऑर्डर।
- एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए हीट एक्सचेंजर्स और पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली (ईसीएस) वाटर इंजेक्टरों की आपूर्ति के लिए ऑर्डर।
- इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अनुप्रयोग के लिए कूलिंग प्रणाली के विकास का ऑर्डर।
- आईएनएस नीलगिरि पर प्रथम उन्नत SRGM की आपूर्ति और कमीशनिंग की गई।

भविष्य का परिदृश्य

रक्षा मंत्रालय (MoD) रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और भारत सरकार के 'विकसित भारत @ 2047' के विजन को पूरा करने के लिए घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा दे रहा है।

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, रक्षा मंत्रालय ने घरेलू स्रोतों से खरीद के लिए ~ ₹1,12,000 करोड़, यानी आधुनिकीकरण बजट का 75%, निर्धारित किया है। आधुनिकीकरण और खरीद पर रक्षा खर्च में वृद्धि से स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा मिल सकता है और घरेलू कंपनियों के लिए अवसर पैदा हो सकते हैं। अपनी डिज़ाइन, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं के साथ, बीएचईएल रक्षा व्यवसाय में भारत सरकार की आत्मनिर्भर पहल का समर्थन करने में एक व्यापक भूमिका निभाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

1.3.2.4 कैप्टिव पावर और प्रोसेस प्लांट

बीएचईएल चार दशकों से भी अधिक समय से देश में कैप्टिव पावर और प्रोसेस आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर रहा है, जिसमें धातु और खनन, प्रोसेस, रिफाइनरी और पेट्रो-रसायन जैसे सभी प्रमुख उद्योग शामिल हैं। आईओसीएल पारादीप रिफाइनरी, ओडिशा में सल्फर रिकवरी यूनिट (एसआरयू)

पैकेज , जो वर्तमान में क्रियान्वयन के अंतिम चरण में है, के साथ कंपनी डाउनस्ट्रीम तेल और गैस क्षेत्र (डीएसओजी) में प्रोसेस ईपीसी समाधानों के लिए अधिक व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- 8 एसटीजी पैकेजों के ऑर्डर प्राप्त हुए।
- हीट रिकवरी स्टीम जेनरेटर (HRSG) के लिए मेसर्स वोग्ट पावर इंटरनेशनल इंक., यूएसए (VPI) के साथ हस्ताक्षरित तकनीकी सहयोग समझौते (TCA) का विस्तार।

भविष्य का परिदृश्य

अनेक उद्योग क्षमता विस्तार के लिए तैयार हैं, जिससे कैप्टिव पावर और प्रोसेस प्लांट्स की मांग बढ़ेगी।

राष्ट्रीय इस्पात नीति (NSP) के अनुरूप, इस्पात उद्योग 2030 तक 300 एमटीपीए की इस्पात उत्पादन क्षमता प्राप्त करने की राह पर है, जो वर्तमान ~179 एमटीपीए क्षमता से काफी अधिक वृद्धि है। सेल, जेएसडब्ल्यू, जेएसएल, एएमएनएस आदि जैसी प्रमुख कंपनियों के इसमें प्रमुख योगदान देने की उम्मीद है।

तेल और गैस क्षेत्र में, लगभग 60 एमटीपीए (2030 तक) की रिफाइनरी विस्तार प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त, घरेलू एल्युमीनियम और जिंक उद्योग भी उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार हैं, जिसमें हिंडाल्को, नाल्को, वेदांता और हिंदुस्तान जिंक जैसी प्रमुख कंपनियां अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणाएं कर रही हैं।

बीएचईएल अपनी स्थापित विशेषज्ञता और ग्राहकों के साथ निरंतर संबंधों का लाभ उठाते हुए, इस उद्योग में वृद्धि से उत्पन्न होने वाले संभावित व्यवसाय के अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

1.3.2.5 औद्योगिक उत्पाद (तेल एवं गैस तथा विद्युत मशीनों सहित)

बीएचईएल पिछले पाँच दशकों से अधिक समय से अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों ही तेल एवं गैस क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान कर रहा है। कंपनी भारत में अधिकांश रिफाइनरियों और पेट्रो-रसायन संयंत्रों को स्थिर और घूर्णन करने वाले उपकरणों की एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है।

बीएचईएल ने 430 से अधिक सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर, 90 तेल ड्रिलिंग रिग, 15,000 से अधिक वेलहेड और क्रिसमस ट्री की आपूर्ति की है और इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ किया है।

रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल व्यवसायों के विस्तार को देखते हुए, सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर, फायर्ड हीटर, वाल्व, उच्च टन भार वाले कॉलम और वेसल्स आदि जैसे औद्योगिक उत्पादों के लिए आने वाले वर्षों में भी अवसर बने रहने की संभावना है।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- विदेशी कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड से प्रोपिलीन रेफ्रिजरेंट कंप्रेसर का ऑर्डर मिला।
- बदनावर लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए 40 वर्टिकल स्क्विरल केज इंडक्शन मोटर्स का ऑर्डर मिला।
- वेल हेड्स और क्रिसमस ट्री वाल्व की आपूर्ति के लिए ओएनजीसी के साथ तीन वर्षीय दर अनुबंध (2024-27) पर हस्ताक्षर किए।

बीएचईएल ने HRRL बाड़मेर रिफाइनरी के मुख्य फ्रैक्शनेटर कॉलम (MFC) को सफलतापूर्वक सौंप दिया

- एचआरआरएल बाड़मेर रिफ़ाइनरी के लगभग 750 टन वज़न वाले मुख्य फ्रैक्शनेटर कॉलम (एमएफसी) को सफलतापूर्वक सौंप दिया गया। एमएफसी कॉलम अद्वितीय है, जिसमें एक ही कॉलम में तीन प्रकार की धातुकर्म संरचना है। यह बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किया गया सबसे अधिक टन भार वाला कॉलम है।
- ओएनजीसी उरण के लिए अतिरिक्त लीन गैस कंप्रेसर पैकेज का प्रदर्शन गारंटी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो तेल एवं गैस क्षेत्र में बीएचईएल द्वारा ईपीसी आधार पर पहली कंप्रेसर परियोजना है। इसके साथ ही, बीएचईएल ने तेल एवं गैस क्षेत्र में ईपीसी आधार पर कंप्रेसर की भविष्य की निविदाओं में भाग लेने के लिए पीक्यूआर का अधिग्रहण कर लिया है।
- गेल उसर प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन (पीडीएच) प्रोपाइलीन परियोजना के कंप्रेसर पैकेज के लिए ट्रिपल मॉड्यूल रिडंडेंसी (टीएमआर) गवर्नर का सफलतापूर्वक विकास और आपूर्ति की गई। इस उपलब्धि ने विदेशी निर्मित कम्पोनेंट पर निर्भरता कम कर दी है।
- आईएस/आईईसी मानकों के अनुसार निर्मित 1600 किलोवाट/6.6 केवी/2 पोल फ्लेमप्रूफ मोटर का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। यह विकास **'मेक इन इंडिया'** पहल के अनुरूप है, जिससे बीएचईएल को रिफाइनरियों, पेट्रोकेमिकल और संबंधित उद्योगों में खतरनाक अनुप्रयोगों के लिए 2,000 किलोवाट/6.6 केवी/2पी तक की उच्च रेटिंग वाली ज्वालारोधी मोटरों का निर्माण करने में सक्षम बनाया जा सकेगा।

भविष्य का परिदृश्य

तेल एवं गैस क्षेत्र में, रिफाइनरी विस्तार का कार्य प्रगति पर है। पेट्रोकेमिकल्स का शुद्ध निर्यातक बनने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप कई पेट्रोकेमिकल परियोजनाएँ शुरु की गई हैं। आईओसीएल, बीपीसीएल, गेल और नायरा एनर्जी जैसी अग्रणी कंपनियाँ पहले ही इस क्षेत्र में परियोजनाओं की घोषणा कर चुकी हैं। इसके अलावा, विभिन्न उद्योग जगत की कंपनियों ने ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया संयंत्रों में निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिससे बाजार की संभावनाएँ बढ़ रही हैं।

बीएचईएल ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे तेल एवं गैस (डाउनस्ट्रीम और अपस्ट्रीम), इस्पात, उर्वरक, पेट्रोकेमिकल्स और अन्य प्रसंस्करण उद्योगों में उत्पाद और प्रणाली पेशकशों के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, और आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

बीएचईएल ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय के क्षेत्र में संयुक्त परियोजनाओं और सहयोग की संभावनाओं की तलाश के लिए ओएनजीसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

1.3.2.6 नवीन एवं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में व्यवसाय

भारत सरकार 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तक पहुँचने की योजना बना रही है। नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने की यह महत्वाकांक्षी योजना सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण बाजार को बढ़ावा दे रही है, साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर, हरित हाइड्रोजन आदि जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों को भी बढ़ावा दे रही है, जहाँ बीएचईएल विविधता लाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में मज़बूत बुनियादी ढाँचे के निर्माण को भी गति प्रदान कर रहा है।

बीएचईएल सौर ऊर्जा परियोजनाओं में अपने अनुभव, इंजीनियरिंग और क्रियान्वयन क्षमता का लाभ उठाने के लिए काम कर रहा है। कंपनी ने इस क्षेत्र में व्यवसाय की संभावनाओं के लिए मेसर्स आरईसी पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RECPDCL- REC की एक सहायक कंपनी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत, भारत सरकार भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन और इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के अनुरुप, बीएचईएल इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन उत्पादन परियोजनाओं के लिए ईपीसी पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रहा है।

बीएचईएल ने 50 किलोवाट अल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइजर प्रणाली के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साथ प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौता किया है और इलेक्ट्रोलाइजर, ईंधन सेल और बायोमास गैसीकरण के क्षेत्र में सहयोग के अवसरों की तलाश कर रहा है। बीएचईएल ने 5 किलोवाट पीईएम ईंधन सेल (पीईएमएफसी) विकसित किया है और स्थिर बिजली बैकअप अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त 25 किलोवाट पीईएमएफसी की क्षमता परीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है।

राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना (एनईएमएमपी) के तहत, भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने EV के लिए आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के साथ-साथ मांग सृजन के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव क्रांति इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट), एसीसी पीएलआई, ऑटो-पीएलआई आदि का शुभारंभ किया, जिससे भारत में EV को तेजी से अपनाया जा सके और इस क्षेत्र में व्यावसायिक अवसर प्रदान किए जा सकें।

बीएचईएल ने 122 किलोवाट EV चार्जर और 60 किलोवाट ईवी चार्जर का सफलतापूर्वक विकास और प्रमाणन प्राप्त किया है। यह पहला स्वदेशी निर्मित 60 किलोवाट ईवी चार्जर बीपीसीएल रिटेल आउटलेट बीकेसी परिसर मुंबई में चालू किया गया है, और भारत में विभिन्न बीपीसीएल रिटेल आउटलेट्स पर EV चार्जर वाणिज्यिक ऑर्डर के तहत आपूर्ति किए गए हैं।

विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा जारी राष्ट्रीय विद्युत योजना-2032 के अनुसार, भारत में स्थापित बीईएसएस क्षमता 2027 तक 8.6 गीगावाट/34 गीगावाट घंटा और 2032 तक 47 गीगावाट/236 गीगावाट घंटा तक पहुँचने की संभावना है। इसके अलावा, सरकार ने स्थापित सौर परियोजना क्षमताओं के 10% के बराबर ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को एक साथ स्थापित करने के संबंध में भी परामर्श जारी किया है। इससे वीजीएफ-लिंक्ड बीईएसएस परियोजनाओं के लिए बढ़े हुए आवंटन के माध्यम से बीईएसएस की माँग में तेजी आने की उम्मीद है।

बीएचईएल एकीकृत समाधान प्रदान करके और सिस्टम इंजीनियरिंग और परियोजना निष्पादन में अपने विशाल अनुभव का लाभ उठाकर BESS की बढ़ती मांग को पूरा करने की योजना बना रहा है।

±800kV, 6000 मेगावाट खावड़ा-नागपुर एलसीसी एचवीडीसी टर्मिनल स्टेशनों की स्थापना के लिए बीएचईएल और पावरग्रिड ने अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए

स्पेयर और सर्विस व्यवसाय - एक विकास इंजन

- वृहत् स्थापित आधार: स्पेयर एवं सेवा व्यवसाय का थर्मल, परमाणु, जलविद्युत और कैप्टिव पावर क्षेत्र में पर्याप्त स्थापित आधार है - जो व्यवसाय को निरंतरता प्रदान करता है।
- मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र: समर्पित स्पेयर्स एवं सर्विसेज बिजनेस ग्रुप (एसएसबीजी) के नेतृत्व में, संपूर्ण भारत में 12 स्थानों पर कार्यालय तथा 9 सेवा केंद्रों और विनिर्माण इकाईयां।
- ग्राहक प्रतिबद्धता को पूरा करना: प्रतिबद्धताओं को पूरा करना और ग्राहकों से सद्भावना अर्जित करना - एसएसबीजी के व्यवसाय में दहाई अंकों की दर से वृद्धि हो रही है ।
- नए सेवा क्षेत्रों में विस्तार: 87% बाजार में हिस्सेदारी (31 में से 27 इकाइयां) के साथ लचीलेपन में अग्रणी, विभिन्न उपयोगिताओं में आरएमडीएस, आरवीडीएस (KAMPAN 1.0) और PALM जैसे डिजिटल समाधान प्रस्तुत किए।

व्यवसाय की प्रोफाइल एवं निष्पादन

अंतरराष्ट्रीय प्रचालन

1.3.3 अंतरराष्ट्रीय प्रचालन

सामान्य रुपरेखा

बीएचईएल चार दशकों से भी अधिक समय से निर्यात व्यवसाय में है और लगातार अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। हमारा व्यवसाय 91 देशों में फैला है। विदेशों में हमारी स्थापित क्षमता 13 GW से अधिक है और लगभग 3.5 GW क्षमता निर्माणाधीन है।

वर्तमान में, विदेशी बाजारों में निर्माणाधीन प्रमुख परियोजनाओं में भूटान में पुनात्सांगछू-I (6x200 MW) और पुनात्सांगछू-II (6x170 मेगावाट) जल विद्युत परियोजनाएं; नेपाल में अरुण-3 (4x225 MW) जल विद्युत परियोजना और राहुघाट (2x20 MW) जल विद्युत परियोजना; तथा नाइजीरिया में 1.3 MW कडुना सौर मिनी ग्रिड परियोजना, तथा विभिन्न देशों के लिए उत्पादों, पुर्जों और सेवाओं के लिए अनेक ऑर्डर शामिल हैं।

उत्पादों, आफ्टर सेल और सेवाओं के लिए विदेशी व्यापार में कंपनी के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

- नए देशों में प्रवेश: बोत्स्वाना (90वाँ देश) के ममामाबुला थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए 175 MW के 4 सिंक्रोनस जेनरेटरों की आपूर्ति हेतु डूसन स्कोडा पावर, चेक गणराज्य से प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, कोस्टा रिका (91वाँ देश) के लिए वाल्वों की आपूर्ति हेतु भी ऑर्डर प्राप्त किया।
- रशियन फ़ेडरेशन के लिए जेनरेटर का पहला ऑर्डर: 95 MW जेनरेटर की आपूर्ति और पर्यवेक्षण के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ।
- 3 हाइड्रो सेटों की कमीशनिंग: भूटान में 6x170 MW पुनात्सांगछु-II हाइड्रो परियोजना की 3 इकाइयों को वित्त वर्ष 2024-25 में चालू कर दिया गया है।
- बीएचईएल टीम ने सेनेगल स्थित 125 MW सेंडौ थर्मल पावर प्रोजेक्ट में स्टीम टर्बाइन और बॉयलर वाल्वों के ओवरहालिंग कार्यों का तकनीकी पर्यवेक्षण सफलतापूर्वक किया है। सीईएस सेनेगल (ग्राहक) ने निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने में बीएचईएल की तकनीकी विशेषज्ञता और प्रयासों की सराहना की है।

भविष्य का परिप्रेक्ष्य

बीएचईएल में मूल्य सृजन और विविधीकरण के लिए निर्यात एक प्रमुख माध्यम बना हुआ है। कंपनी बाज़ार की ज़रुरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा उत्पादों में नवाचार कर रही है और कारोबार बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। आने वाले वर्षों में हाइड्रो क्षेत्र में कुछ प्रमुख अवसरों के अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है और कंपनी ऐसे अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

भूटान में 6x170 MW पुनात्सांगछु-II जलविद्युत परियोजना का मशीन हॉल

बीएचईएल की वैश्विक उपस्थिति



दक्षिण अमेरिका

चिली
सूरीनाम
ट्रिनिदाद एवं टोबेगो

उत्तरी अमेरिका

कनाडा
कोस्टा रिका
मेक्सिको
यूएसए

अफ्रीका

अल्जीरिया
बोत्स्वाना बेनिन
चाड
कोमोरोस
डीआर कांगो
ईजिप्ट
इस्वातिनी
इथोपिया
घाना
केन्या
लीबिया
लाइबेरिया
मालावी
मॉरिसस
मोज़म्बिक
नाइजीरिया
रवांडा
सेनेगल
दक्षिण अफ्रीका
सूडान
तंजानिया
टोगो
उगांडा
ज़ाम्बिया
ज़िम्ब्वाबे

यूरोप

बेलारूस
बेल्जियम
बुल्गारिया
साइप्रस
एस्टोनिया
फिनलेंड
फ्रांस
जॉर्जिया
जर्मनी
ग्रीस
आयरलेंड
इटली
माल्टा
पोलेंड
रोमानिया रूस
स्पैन स्वीडन
स्विट्ज़रलेंड
तुर्की
यूक्रेन
इंगलेंड

एशिया

अफगानिस्तान
अजरबेजान
बांग्लादेश
बहरीन
भूटान
ब्रूनेई
चीन
हांगकांग
इंडोनेशिया
ईरान
ईराक
जापान
जॉर्डन
कजाकिस्तान
कुवैत
लाओस
मलेशिया
म्यामार
नेपाल
ओमान
फिलीपींस
सउदी अरब
सिंगापुर
दक्षिण कोरिया
श्रीलंका
सीरिया
ताइवान
तजाकिस्तान
थाइलेंड
यूएई
वियतनाम
यमन

ओसियानिया

अस्ट्रेलिया
न्यू केलिडोनिया
न्यूज़ीलेंड
समोआ

सभी छह बसे हुए महाद्वीपों के
91 देशों
में उपस्थिति (31 मार्च, 2025 की स्थिति)

1.4 वित्तीय निष्पादन का व्यापक विश्लेषण

1.4.1 बीएचईएल स्टैंडअलोन

A. वित्तीय परिणाम

1. कुल आय

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
ग्राहकों के साथ अनुबंध से राजस्व	27,355	22,921
अन्य परिचालन आय	984	972
अन्य आय	504	588
कुल आय	**28,843**	**24,481**

थर्मल व्यवसाय के पुनरुत्थान, बेहतर परियोजना निष्पादन, व्यावसायिक प्रक्रियाओं के रणनीतिक पुनर्निर्देशन और विक्रेताओं को विस्तारित तरलता सहायता के साथ, कंपनी के संचालन को उल्लेखनीय रूप से मज़बूत किया है। इन पहलों ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में कुल आय में लगभग 18% की वृद्धि दर्ज की है।

2. व्यय

2.1 सामग्री की खपत, निर्माण और इंजीनियरिंग व्यय

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
प्रत्यक्ष सामग्री (उपसंविदा लागत सहित)	19,955	16,894
आय	27,355	22,921
तैयार माल, प्रगति पर कार्य और स्क्रैप की सूची में वृद्धि/(कमी)	1,542	437
कुल राजस्व (उत्पादन का मूल्य)	28,897	23,358
सकल राजस्व के % के रूप में प्रत्यक्ष सामग्री लागत	69.1%	72.3%

कंपनी ने क्रय दक्षताओं को अनुकूलित करने और लागत-बचत पहलों को लागू करने के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं को पुनर्परिभाषित करके प्रत्यक्ष सामग्री लागत में 3.27% की कमी हासिल की है। प्रमुख उपायों में क्रय का थोक और समेकन, उत्पाद विनिर्देशों को सुव्यवस्थित करना, मानकीकरण प्रयास, विक्रेता आधार का विकास और विस्तार तथा इंजीनियरिंग अनुकूलन शामिल हैं। इसके अलावा, आपूर्तिकर्ताओं को समय पर भुगतान जारी करने से सामग्री लागत दक्षता में और वृद्धि होगी।

2.2 कर्मचारी हितलाभ व्यय

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
कर्मचारी हितलाभ व्यय	5,923	5,629
कुल कर्मचारी	27,800	28,673
प्रति कर्मचारी राजस्व	0.98	0.80

यद्यपि वर्ष के दौरान समग्र लागत में वृद्धि हुई, लेकिन प्रति कर्मचारी राजस्व में सुधार हुआ, जो बेहतर कार्यबल उत्पादकता और परिचालन दक्षता को दर्शाता है।

2.3 अन्य व्यय

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
a) विनिर्माण, प्रशासन, बिक्री और वितरण के अन्य व्यय	1,815	1,534
b) बिजली और ईंधन	491	452
कुल	**2,306**	**1,986**
राजस्व का %	8.4%	8.7%
c) प्रावधान (नेट))	158	(1,037)
d) विनिमय दर में बदलाव	(135)	(105)
कुल	**2,329**	**844**

लागत अनुकूलन, प्रक्रिया दक्षता और बजटीय नियंत्रण ने परिचालन मात्रा/राजस्व में 19% की वृद्धि के बावजूद अन्य व्यय को राजस्व के 8.4% तक कम करने में योगदान दिया।

प्रावधान (निवल) और राइट-ऑफ का विवरण:

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
संदिग्ध ऋण (ईसीएल सहित), परिसमाप्त क्षति, ऋण, अग्रिम और जमा और अन्य	(2,796)	1,481
खराब ऋण, एलडी, निवेश और घाटे को बट्टे खाते में डाला गया	3,151	66
संविदात्मक बाध्यताएं	(197)	(2,584)
कुल	**158**	**(1,037)**

कंपनी ने उन सभी अनुबंधों के लिए, जहाँ अनुबंध के अनुसार निष्पादन गारंटी (पीजी) परीक्षण पूर्व-आवश्यक शर्त नहीं है, संविदात्मक दायित्वों के विरुद्ध प्रावधान खाली करने की अपनी प्रथा में बदलाव किया है। तदनुसार, वर्ष 2024-25 के दौरान 118.47 करोड़ रुपये के प्रावधान खाली कर दिए गए हैं।

इसके अलावा, कंपनी ने देनदारों से वसूली बढ़ाने और समय पर निपटान करने पर ज़ोर दिया। कंपनी द्वारा गैर-वसूली योग्य बकाया राशि को बट्टे खाते में डालकर अपने बही-खातों की भी विवेकपूर्ण ढंग से साफ-सुथरा रखा है। रणनीतिक ध्यान ग्राहक निपटान और बेहतर नकद संग्रह के माध्यम से प्रावधान निकासी को बढ़ावा देने पर रहा।

3. वित्तीय लागत

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
वाणिज्यिक पत्रों पर छूट और व्यय	5	9
ब्याज व्यय	709	601
प्रावधान को समाप्त करना	34	121
कुल	**748**	**731**

उधार पर उच्च ब्याज दरों और उधार के स्तर में समग्र वृद्धि के कारण वित्त लागत में पिछले वर्ष की तुलना में मामूली वृद्धि हुई है।

4. मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
मूल्यह्रास और परिशोधन	**272**	249

मूल्यह्रास लागत, परिसंपत्ति पूंजीकरण के समय और परिसंपत्ति वर्गों के मिश्रण के आधार पर भिन्न होती है। वर्ष के दौरान, पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में मूल्यह्रास व्यय में समग्र वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण उच्च पूंजीकरण था।

5. कर

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
वर्तमान कर – चालू वर्ष	8	31
- पिछले वर्षों का	15	(143)
आस्थगित कर - चालू वर्ष	196	59
- पिछले वर्षों का	(7)	13
कुल	**212**	**(40)**

पिछले वर्ष के लिए चालू कर व्यय कम था, जिसका मुख्य कारण पूर्ववर्ती मूल्यांकन वर्षों से संबंधित आयकर रिफंड के समायोजन के कारण कर व्यय का वापस होना था।

6. लाभप्रदता

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 725 करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ और 513 करोड़ रुपये का कर-पश्चात लाभ अर्जित किया। वर्ष के दौरान कंपनी का EBITDA 1745 करोड़ रुपये रहा।

7. अन्य व्यापक आय

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
परिभाषित कर्मचारी लाभ/(हानि) का पुनः मापन	**(219)**	(110)
घटाकर : उपरोक्त मद से संबंधित आयकर	**(55)**	(28)
कुल	**(164)**	**(82)**

अन्य व्यापक आय परिभाषित लाभ योजनाओं जैसे ग्रेच्युटी, पीएफ, सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ आदि पर पुनर्मापन लाभ/(हानि) का प्रतिनिधित्व करती है

B. वित्तीय स्थिति

8. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई), अमूर्त संपत्तियां और पूंजीगत WIP

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
सकल वहन मूल्य	**7,748**	7,236
घटाएँ: संचित मूल्यह्रास / परिशोधन	**4,801**	4,662
शुद्ध वहन मूल्य (शुद्ध ब्लॉक)	**2,947**	2,574
CWIP और अमूर्त संपत्तियां विकासाधीन	**195**	308
कुल	**3,142**	**2,882**

9. निवेश संपत्ति

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
सकल वहन मूल्य	1.2	-
घटाएँ: संचित मूल्यह्रास / परिशोधन	0.7	-
शुद्ध वहन मूल्य (शुद्ध ब्लॉक)	0.5	-

वर्ष के दौरान, कंपनी ने अपनी निवेश संपत्ति पोर्टफोलियो, जिसमें कुछ भूमि और भवन शामिल हैं, पर परिचालन पट्टे पर हस्ताक्षर किए हैं। पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता द्वारा 31 मार्च, 2025 तक भोपाल और मुंबई स्थित विभिन्न संपत्तियों के लिए निवेश संपत्ति का उचित मूल्य 112 करोड़ रुपये आंका गया है।

10. इक्विटी निवेश

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025			31 मार्च 2024		
	निवेश	Impairment / FV adj.	शुद्ध	निवेश	Impairment / FV adj.	शुद्ध
संयुक्त उद्यमों में निवेश	722	(50)	**672**	718	(52)	667
अन्य इक्विटी उपकरणों में निवेश	1	(1)	-	1	0	1
कुल	**723**	**(51)**	**672**	**719**	**(51)**	**668**

संयुक्त उद्यमों (जेवी) में निवेश को भारतीय लेखा मानक (Ind AS) के अनुसार, हानि (यदि कोई हो) को ध्यान में रखते हुए लागत पर दर्ज किया गया है। अन्य इक्विटी में निवेश को लाभ-हानि खाते के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज किया गया है और रिपोर्टिंग तिथि पर उचित मूल्य के आधार पर वहन मूल्य में परिवर्तन किए गए हैं। निवेश में 5.29 करोड़ रुपये का डीम्ड निवेश (BCGCL) शामिल है, जो बिना किसी प्रतिफल के दी गई वित्तीय गारंटी के लिए कॉर्पोरेट गारंटी शुल्क के उचित मूल्य को दर्शाता है।

11. व्यापार प्राप्य (शुद्ध)

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च 2025			31 मार्च 2024		
	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल
सकल प्राप्य	11,826	7,260	**19,086**	15,284	5,889	21,173
घटाएँ: खराब एवं संदिग्ध ऋणों के लिए छूट	8,779	1,375	**10,155**	12,059	1,104	13,163
व्यापार प्राप्तियां (शुद्ध)	**3,047**	**5,884**	**8,931**	**3,225**	**4,785**	**8,010**

31 मार्च, 2025 तक व्यापार प्राप्य राशि 8,931 करोड़ थी, जबकि 31 मार्च, 2024 तक यह 8,010 करोड़ थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से परिचालन के स्तर में वृद्धि के कारण है।

12. नकदी और नकदी समकक्ष तथा बैंक शेष

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
नकद और नकद समकक्ष	**439**	1,835
3 महीने से अधिक परंतु 12 महीने से कम की परिपक्वता अवधि वाली जमा राशि	**6,618**	3,740
मार्जिन मनी के विरुद्ध निर्धारित बैंक बैलेंस और एफडी	**555**	582
कुल	**7,612**	**6,157**

कंपनी द्वारा अपने प्राप्य प्रबंधन के पुनर्गठन के बाद नकदी संग्रह पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के परिणामस्वरूप, ग्राहक अग्रिमों सहित पिछले वर्ष की तुलना में नकदी संग्रह में लगभग 40.5% की वृद्धि हुई। परिचालन तरलता प्रबंधन के लिए अनिरंतर नकदी अधिशेष को अल्पकालिक जमा के रूप में रखा गया था।

13. आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध)

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध)	**4,068**	4,201

वर्ष के दौरान आस्थगित कर परिसंपत्तियों में कमी मुख्य रूप से पुराने घाटे के उपयोग के कारण हुई है।

14. अन्य परिसंपत्तियाँ

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च 2025			31 मार्च 2024		
	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल
अनुबंध परिसंपत्तियां (शुद्ध)	13,666	15,779	**29,444**	13,296	13,452	**26,748**
प्राप्य इनपुट टैक्स क्रेडिट	-	1,652	**1,652**	-	1,301	**1,301**
दावा वसूली योग्य	695	1,232	**1,927**	570	951	**1,521**
कर अधिकारियों और अन्य के पास जमा	89	481	**569**	105	409	515
अग्रिम और अन्य	193	99	**293**	142	65	**207**
घटाएँ: प्रावधान	**567**	**288**	**855**	**423**	**269**	**692**
कुल	**14,075**	**18,955**	**33,030**	**13,690**	**15,910**	**29,599**

इसका मुख्य घटक अनुबंध परिसंपत्तियों से संबंधित है, जो अनुबंध की शर्तों के अनुसार भुगतान के लिए देय न होने वाले बिल रहित राजस्व को दर्शाता है। अनुबंध परिसंपत्तियों में यह वृद्धि मुख्यत: पिछले वर्ष की तुलना में दोहरे अंकों (19%) की राजस्व वृद्धि के कारण है।

15. इन्वेंटरी

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
कच्चा माल और घटक	4,085	3,069
WIP	5,369	3,918
FG	606	503
स्टोर और स्पेयर पार्ट्स	270	215
अन्य इनवेंट्री	305	298
कुल	**10,635**	**8,003**
घटाएँ: अचल इन्वेंट्री के लिए प्रावधान	766	782
कुल	**9,869**	**7,221**

उच्चतर ऑर्डर अंतर्वाह की भावी उत्पादन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन्वेंटरी को अनुकूलित स्तर पर रखा जाता है।

16. वर्तमान कर परिसंपत्तियां/(देनदारियां) – शुद्ध

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
वर्तमान कर परिसंपत्तियां/(देनदारियां)-प्रावधानों का शुद्ध	**137**	229

यह राशि मुख्य रूप से टीडीएस (कर के लिए प्रावधान का शुद्ध योग) है, जो निकट भविष्य में रिफंड के लिए देय है।

17. शेयर पूँजी

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
अधिकृत शेयर पूंजी	**2,000**	2,000
निर्गत, अभिदत्त और चुकता शेयर पूंजी	**696**	696

चालू वित्त वर्ष के दौरान शेयर पूंजी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। प्रमोटर [भारत सरकार] की शेयरधारिता 63.17% पर अपरिवर्तित बनी हुई है।

18. अन्य इक्विटी

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
अथ शेष	**24,154**	24,116
नीतियों में परिवर्तन या पूर्व अवधि की त्रुटियों के कारण बहाली	**-**	-
जोड़ें: वर्ष के लिए कुल व्यापक आय/(हानि)	**349**	177
घटाएँ: वर्ष के दौरान भुगतान किया गया लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित)	**87**	139
अंत शेष	**24,417**	**24,154**

निवल संपत्ति में परिवर्तन वर्ष के दौरान कुल व्यापक आय और वर्ष के दौरान भुगतान किए गए वित्त वर्ष 2023-24 के लाभांश के कारण हुआ है। वर्ष 2023-24 के लिए 12.5% की दर से लाभांश को 22 अगस्त, 2024 को आयोजित वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था और बाद में वर्ष 2024-25 के दौरान भुगतान किया गया।

रिपोर्टिंग तिथि के बाद, वार्षिक आम बैठक में, शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन, निदेशकों द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 25% की दर से अंतिम लाभांश प्रस्तावित किया गया। लाभांश को देयता के रूप में मान्यता नहीं दी गई है।

19. उधार और पट्टा देयताएं

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025			31 मार्च, 2024		
	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल
उधार	-	8,795	**8,795**	-	8,808	8,808
पट्टा देयताएं	162	57	**220**	23	25	48
कुल	**162**	**8,852**	**9,015**	**23**	**8,833**	**8,856**

बेहतर निधि प्रबंधन के कारण परिचालन स्तर में 19% की वृद्धि के बावजूद कंपनी का उधार स्तर लगभग समान स्तर पर बना रहा।

कंपनी ने अपने उधारों का भुगतान नियत तिथि पर या उससे पहले सुनिश्चित करना जारी रखा है।

20. वित्तीय देनदारियाँ

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025			31 मार्च, 2024		
	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल
व्यापार देयताएं	2,171	9,541	**11,712**	2,293	8,539	10,832
अन्य वित्तीय देनदारियाँ	423	1,246	**1,669**	408	1,493	1,901
कुल	**2,594**	**10,787**	**13,380**	**2,701**	**10,032**	**12,733**

31 मार्च, 2025 तक व्यापार देयताओं में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से परिचालन के स्तर में वृद्धि के कारण हुई।

21. प्रावधान

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025			31 मार्च, 2024		
	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल
संविदात्मक बाध्यताओं के लिए प्रावधान।	1,349	422	**1,772**	1,373	449	1,822
कर्मचारी हितलाभों के लिए प्रावधान	1,028	856	**1,884**	904	1,228	2,132
अन्य प्रावधान	206	534	**740**	212	639	851
CSR के लिए प्रावधान	2	3	**5**	-	2	2
कुल	**2,586**	**1,815**	**4,401**	**2,489**	**2,318**	**4,807**

कर्मचारी लाभों के लिए प्रावधान अवकाश, चिकित्सा और ग्रेच्युटी लाभों के बीमांकिक मूल्यांकन पर आधारित है। संविदात्मक दायित्वों के प्रावधानों के लिए (क्रम संख्या 2.3 देखें)। तदनुसार, वर्ष 2024-25 के दौरान 118.47 करोड़ रुपये के प्रावधान छोड़ दिए गए हैं। अन्य प्रावधानों में मुख्य रूप से घाटे में चल रहे अनुबंधों के प्रावधान शामिल हैं।

22. अन्य देनदारियाँ

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025			31 मार्च, 2024		
	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल	गैर-वर्तमान	वर्तमान	कुल
ग्राहकों से अग्रिम (मूल्यांकन समायोजन सहित)	9,743	5,551	**15,294**	4,063	3,070	7,133
वैधानिक बकाया	-	1,221	**1,221**	-	990	990
सरकारी अनुदान	51	5	**56**	39	4	43
कुल	**9,794**	**6,777**	**16,571**	**4,102**	**4,064**	**8,166**

वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी ने अब तक की सबसे अधिक ऑर्डर बुकिंग की, जिसके परिणामस्वरुप परियोजनाओं के निष्पादन के दौरान उत्तरोत्तर समायोज्य अग्रिमों में भी वृद्धि हुई। वैधानिक बकाया मुख्य रूप से जीएसटी देयता के कारण है, जिसका भुगतान नियमित रूप से नियत तिथियों पर किया जाता है, जैसा कि "अन्य परिसंपत्तियों" (क्रम संख्या 14 देखें) के अंतर्गत दर्शाया गया है।

C. फंड की स्थिति

23. फंड प्रवाह स्थिति और तरलता

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25	2023-24
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पहले परिचालन से उत्पन्न नकदी	**381**	(490)
कार्यशील पूंजी परिवर्तनों से शुद्ध नकदी प्रवाह / (बहिर्वाह)	**1,729**	(3,445)
परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह / (बहिर्वाह)	**2,192**	(3,713)
निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह / (बहिर्वाह)	**(2,731)**	1,331
वित्तपोषण गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह / (बहिर्वाह)	**(857)**	2,656

वित्त वर्ष 2024-25 में तरलता की स्थिति में सुधार हुआ, जिसे नई परियोजनाओं से शुरुआती प्रगति और चल रही परियोजनाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियों से बल मिला। इन कारकों ने समग्र नकदी प्रवाह पर सकारात्मक प्रभाव डाला।

D. प्रमुख वित्तीय अनुपात

लिस्टिंग विनियमों की आवश्यकता के अनुपालन में, जहां भी आवश्यक हो, स्पष्टीकरण के साथ प्रमुख वित्तीय अनुपात वित्तीय विवरणों के नोट [43] में प्रदान किए गए हैं।

E. खंड निष्पादन

कंपनी के दो परिचालन खंड हैं: विद्युत और उद्योग। दोनों खंडों ने सकारात्मक लाभ के साथ राजस्व में वृद्धि दर्ज की है। खंडों का प्रदर्शन नीचे दिया गया है:

प्रचालन से राजस्व (करोड़ रु.)



(₹ करोड़)

विवरण	2024-25		2023-24	
	विद्युत	उद्योग	विद्युत	उद्योग
खंड में प्रचालन से राजस्व	20,937	7,402	18,436	5,457
खंड परिणाम	1,216	1,262	1,657	137
खंड नियोजित पूंजी	16,379	2,206	18,891	2,337

1.4.2 संयुक्त उद्यम कंपनियों की वित्तीय समीक्षा

a. बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (BGGTS):

बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (BGGTS), बीएचईएल और जीई, यूएसए की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसका गठन जीई द्वारा डिज़ाइन किए गए गैस टर्बाइनों की मरम्मत और सर्विसिंग के लिए किया गया है। वित्तीय विवरण संक्षेप में इस प्रकार हैं:

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25*	2023-24
बीएचईएल का शेयर (%)	50% से एक शेयर कम	50% से एक शेयर कम
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	2.38	2.38
प्रचालन से राजस्व	1,052.58	1,054.74
कर पश्चात लाभ / (हानि)	118.02	127.95
नेटवर्थ	551.15	508.97

* अनंतिम अलेखापरीक्षित आंकड़ों पर आधारित

वित्त वर्ष 2024-25 में, बीजीजीटीएस ने 4.76 करोड़ की इक्विटी शेयर पूंजी पर 55% का अंतिम लाभांश (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए) और 1050% का अंतरिम लाभांश दिया।

b. एनटीपीसी बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (NBPPL):

एनटीपीसी बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (NBPPL), बीएचईएल और एनटीपीसी लिमिटेड की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसे बिजली संयंत्रों के लिए ईपीसी अनुबंधों को निष्पादित करने और बिजली संयंत्र उपकरणों के निर्माण के लिए प्रवर्तित किया गया है। इस संयुक्त उद्यम कंपनी की आंध्र प्रदेश के मन्नावरम में बैलेंस प्लांट (बीओपी) उपकरणों के लिए एक विनिर्माण सुविधा है। संक्षिप्त वित्तीय विवरण नीचे तालिका में दिए गए हैं:

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25*	2023-24
बीएचईएल का शेयर (%)	50%	50%
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	50.00	50.00
प्रचालन से राजस्व	3.48	18.19
कर पश्चात लाभ / (हानि)	(17.01)	(0.80)

* अनंतिम अलेखापरीक्षित आंकड़ों पर आधारित

एनटीपीसी-बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के मूल्य में हानि के लिए प्रावधान ₹50.00 करोड़ (पिछले वर्ष के समान) की सीमा तक किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में, बीजीजीटीएस ने 550% का अंतिम लाभांश (वित्त वर्ष बी एचईएल निदेशक मंडल ने 28 जनवरी, 2025 को आयोजित अपनी 566वीं बैठक में एनबीपीपीएल को बंद करने के लिए बीएचईएल निदेशक मंडल द्वारा 08 फरवरी, 2018 को आयोजित अपनी 494वीं बैठक में दी गई सैद्धांतिक मंजूरी को रद्द करने की मंजूरी दे दी और एनबीपीपीएल द्वारा 1×800 MW एयूएससी प्रौद्योगिकी आधारित प्रौद्योगिकी प्रदर्शन संयंत्र (TDP) के कार्यान्वयन के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

c. रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RPCL):

रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल), बीएचईएल और कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केपीसीएल) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसे कर्नाटक में 800 MW क्षमता के सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्रों की स्थापना हेतु निर्मित, स्वामित्व और संचालन के आधार पर प्रवर्तित किया गया है। 31 मार्च, 2025 तक इसकी चुकता इक्विटी पूंजी ₹2,999.76 करोड़ थी, जिसमें केपीसीएल का ₹2,335.72 करोड़ और बीएचईएल का ₹664.04 करोड़ योगदान था। कंपनी की वित्तीय स्थिति इस प्रकार है:

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25*	2023-24
बीएचईएल का शेयर (%)	22.14%	22.14%
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	664.04	664.04
प्रचालन से राजस्व	4,296.02	3,910.74
कर पश्चात लाभ / (हानि)	(1,486.64)	(1,735.48)

* अनंतिम अलेखापरीक्षित आंकड़ों पर आधारित

यद्यपि कंपनी को वित्त वर्ष 2024-25 में PBT स्तर पर घाटा हुआ, फिर भी कंपनी का EBITDA सकारात्मक रहा। बिजली की मांग में सुधार के साथ, संयंत्र के संचालन में सुधार की उम्मीद है, जिससे कंपनी के मुनाफे में वृद्धि होगी।

d. भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (BCGCL):

भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (BCGCL) को 21 मई, 2024 को बीएचईएल और सीआईएल की एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के रूप में शामिल किया गया था, जिसका उद्देश्य बीएचईएल की "प्रेशराइज्ड फ्लुइडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन (PFBG)" तकनीक का उपयोग करके ओडिशा के लखनपुर में 2000 टीपीडी अमोनियम नाइट्रेट परियोजना की स्थापना करके कोयले से रसायन व्यवसाय शुरु करना था। 31 मार्च, 2025 तक चुकता इक्विटी पूंजी 1 लाख थी, जिसमें मेसर्स कोल इंडिया लिमिटेड का ₹0.51 लाख और बीएचईएल का ₹0.49 लाख का योगदान था। निवेश में ₹5.29 करोड़ का अनुमानित निवेश शामिल है, जो बिना किसी प्रतिफल के दी गई वित्तीय गारंटी के लिए कॉर्पोरेट गारंटी शुल्क का उचित मूल्य दर्शाता है। कंपनी की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार है:

(₹ करोड़)

विवरण	2024-25*	2023-24
बीएचईएल का शेयर (%)	49%	NA
प्रचालन से राजस्व	Nil	
वर्ष के लिए लाभ / (हानि)	(2.26)	

* लेखापरीक्षित आंकड़ों पर आधारित

कंपनी ने अभी तक अपना कारोबार शुरु नहीं किया है ।

e. पावरप्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड (PPIL):

पावरप्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड (PPIL) बीएचईएल और सीमेंस एजी, जर्मनी की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसे पुराने जीवाश्म ईंधन बिजली संयंत्रों के प्रदर्शन में सुधार के लिए बढ़ावा दिया गया है। चूँकि कंपनी की व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवसाय नहीं मिल रहा था, इसलिए प्रवर्तक साझेदारों ने आपसी सहमति से कंपनी को धीरे-धीरे बंद करने पर सहमति व्यक्त की। संयुक्त उद्यम कंपनी के सभी लंबित अनुबंधों को पूरा कर लिया गया और वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान समापन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई। मेसर्स पावरप्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड अभी भी परिसमापन के अधीन है। परिसमापन प्रक्रिया के अनुसार, बीएचईएल को वित्त वर्ष 2024-25 में 0.87 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

1.4.3 समेकित वित्तीय विवरण (CFS)

समेकित वित्तीय विवरण Ind AS 110 "समेकित वित्तीय विवरण" और Ind AS 28 "सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश" के अनुसार तैयार किए गए हैं।

वित्तीय विवरणों में, संयुक्त उद्यमों के लिए, भारतीय लेखा मानक के अनुरूप इक्विटी पद्धति अपनाई गई है। मेसर्स पीपीआईएल को सीएफएस के लिए नहीं माना गया क्योंकि यह परिसमापन के अधीन है।

उपर्युक्त Ind AS के अनुरूप वित्तीय निष्पादन के परिणामों का सार निम्नानुसार है:

वित्तीय निष्पादन

(₹ करोड़)

विवरण	वर्ष की अवधि के लिए	
	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
प्रचालन से राजस्व	28,339	23,893
कर पूर्व लाभ / (हानि)	746	243
कर पश्चात लाभ / (हानि)	534	282
अन्य व्यापक आय/(हानि)	(163)	(83)
कुल व्यापक आय/(हानि)	371	200

संयुक्त उद्यम - बीजीजीटीएस के संबंध में लाभ का हिस्सा वित्त वर्ष 2024-25 में 59.01 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 63.98 करोड़ रुपये था। संयुक्त उद्यम कंपनियों (एनबीपीपीएल और आरपीसीएल) को वित्त वर्ष 2024-25 में घाटा हुआ है। न दोनों संयुक्त उद्यमों में निवेश की लागत के बराबर संचित घाटे को वित्त वर्ष 2018-19 के समेकित वित्तीय परिणामों में पहले ही मान्यता दी जा चुकी है। बीसीजीसीएल ने अभी अपना कारोबार शुरु नहीं किया है, इसलिए उसे वित्त वर्ष 2024-25 में घाटा हुआ है।

वित्तीय स्थिति

(₹ करोड़)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
परिसम्पत्तियाँ		
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, अमूर्त संपत्तियां और CWIP (शुद्ध वहन मूल्य) (निवेश संपत्ति सहित)	3,143	2,882
इक्विटी पद्धति का उपयोग करके निवेश का लेखा-जोखा	276	254
गैर-वर्तमान वित्तीय परिसंपत्तियाँ	3,763	3,432
आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध)	4,068	4,201
गैर-वर्तमान अन्य परिसंपत्तियाँ	14,075	13,690
वर्तमान परिसंपत्तियाँ	42,760	34,542
कुल	68,083	59,002
इक्विटी और देयता		
इक्विटी शेयर पूंजी	696	696
अन्य इक्विटी	24,026	23,742
गैर मौजूदा देनदारियां	15,135	9,316
वर्तमान देनदारियां	28,226	25,247
कुल	68,083	59,002

संयुक्त उद्यमों - बीजीजीटीएस, एनबीपीपीएल, आरपीसीएल और बीसीजीसीएल के संबंध में पूंजीगत व्यय का हिस्सा वित्त वर्ष 2024-25 में ₹25.83 करोड़ (अनंतिम) था।

1.5 पूँजी निवेश

वर्ष 2024-25 में, कंपनी ने 536 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया। इस अवधि के दौरान, मुख्य निवेश रक्षा, परिवहन आदि जैसे प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों में सुविधाओं को बढ़ाने और कंपनी में आईटी अवसंरचना के उन्नयन पर केंद्रित रहा। बीएचईएल ने सतत विकास, उत्पादकता, ऊर्जा दक्षता में सुधार और बिजली संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विद्युत उत्पादन, पारेषण, औद्योगिक उपकरण आदि जैसे मुख्य व्यवसाय क्षेत्रों में मौजूदा सुविधाओं के आधुनिकीकरण और उन्नयन को प्राथमिकता देना जारी रखा है।

1.6 आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली

बीएचईएल की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) प्रणाली, इसके कारोबार के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अच्छी तरह से प्रलेखित नीतियों और प्रक्रियाओं पर आधारित है, जिसमें कंपनी की नीतियों का पालन, परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाना, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता, और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी शामिल है।

आईएफसी के कार्यान्वयन और रखरखाव का स्रोत मैनुअल, दिशानिर्देश, शक्तियों का प्रत्यायोजन और आईटी प्रणाली और नियंत्रण हैं, और यह सुपरिभाषित संगठनात्मक संरचना के माध्यम से प्रभावी होता है, जिसमें प्रक्रियाओं के प्रत्येक चरण में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न विभागों में कार्यरत लोग शामिल होते हैं।

बीएचईएल के पास आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है, जो इसके परिचालन के आकार और व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप है, तथा कंपनी के सभी स्थानों पर आंतरिक लेखा परीक्षा गतिविधियों को कवर करने के लिए इसकी इकाइयों/प्रभागों में फैला हुआ है। आंतरिक लेखापरीक्षा की रिपोर्ट के आधार पर, प्रक्रिया स्वामी प्रभावी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में सुधारात्मक कार्रवाई करते हैं।

लेखापरीक्षा बोर्ड स्तरीय लेखापरीक्षा समिति (BLAC) द्वारा अनुमोदित वार्षिक लेखापरीक्षा योजना के अनुसार की जाती है। आंतरिक लेखापरीक्षा की टिप्पणियों और सिफारिशों को संबंधित इकाइयों/प्रभागों के साथ साझा किया जाता है और बीएलएसी द्वारा महत्वपूर्ण आंतरिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों और सीएजी लेखापरीक्षा अनुच्छेदों की समीक्षा की जाती है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड (i) के अनुसार, कंपनी के IFC पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट, वित्तीय विवरणों के साथ प्रस्तुत की गई है। अपनी रिपोर्ट में, वैधानिक लेखा परीक्षकों ने वित्तीय रिपोर्टिंग की तुलना में कंपनी के IFC की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर अपनी अपरिवर्तित राय व्यक्त की है।

1.7 गुणवत्ता केंद्रित

पूरे संगठन में एक सुस्थापित गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (QMS) कार्यरत है। QMS की प्रभावशीलता बढ़ाने और कंपनी के उत्पादों एवं सेवाओं में निरंतर सुधार लाने के लिए कई पहल चल रही हैं।

बीएचईएल की व्यावसायिक उत्कृष्टता यात्रा यूरोपीय फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (ईएफक्यूएम) 2020 ढांचे के अनुरुप है। इस संबंध में, बीएचईएल में गुणवत्ता प्रणालियों की परिपक्वता का आकलन करने के लिए बीएचईएल गुणवत्ता परिपक्वता मॉडल (बीक्यूएमएम) लागू किया गया है। इसके अतिरिक्त, गुणवत्ता प्रणालियों और प्रथाओं की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए, एक व्यापक गुणवत्ता स्वास्थ्य सूचकांक (क्यूएचआई) मॉडल लागू किया गया है। इसके अलावा, गुणवत्ता प्रणालियों को डिजिटल किया गया है, जिससे प्रभावी डेटा विश्लेषण और बेहतर ट्रेसेबिलिटी और उत्पाद गुणवत्ता प्राप्त होती है। गुणवत्ता संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं को 'Qonverse' नामक गुणवत्ता संवाद मंच के माध्यम से पूरे संगठन में साझा किया जाता है।

इन केंद्रित प्रयासों से महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त हुए हैं और इन्हें मान्यता भी मिली है। व्यावसायिक उत्कृष्टता (बीई) की यात्रा में, बीएचईएल की एक इकाई को प्रतिष्ठित सीआईआई एक्ज़िम बैंक पुरस्कार 2024, और बीएचईएल की पाँच अन्य इकाइयों को "प्लेटिनम" सम्मान प्राप्त हुआ है। अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों में, बीएचईएल को पीएसयू श्रेणी में ईईपीसी इंडिया क्वालिटी अवार्ड्स 2024 के चौथे संस्करण में स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही, श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित 49वें अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता नियंत्रण सर्किल सम्मेलन (आईसीक्यूसी) में बीएचईएल की आठ गुणवत्ता सर्किल टीमों ने स्वर्ण पुरस्कार (उच्चतम श्रेणी) प्राप्त किया। ये सम्मान गुणवत्ता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

नवंबर 2024 में बीएचईएल में 'गुणवत्ता का मूल आधार, जिम्मेदारी से किया गया हर कार्य' थीम के साथ गुणवत्ता माह मनाया गया।

1.8 मानव संसाधन

1.8.1 ज्ञानार्जन एवं विकास

बीएचईएल अपने समस्त कार्यबल की तकनीकी और व्यवहारिक दक्षताओं में निरंतर सुधार को महत्व देता है। बदलते व्यावसायिक परिवेश के कारण कंपनी को अनलर्निंग और रिलर्निंग की संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष बल देना पड़ रहा है। इसका उद्देश्य एक चुस्त और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण करना है, जो उभरती व्यावसायिक चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम हो।

पूरे संगठन में तकनीकी, कार्यात्मक, व्यवहारिक और प्रबंधकीय, तथा सुरक्षा क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। ई-लर्निंग पोर्टल को विविध शिक्षण सामग्री से समृद्ध किया गया है, जिससे कर्मचारियों को 140 से अधिक ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल तक पहुँच प्राप्त हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान प्रति कर्मचारी द्वारा औसतन 4.23 श्रम-दिवस प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

वित्त वर्ष 2024-25 में, बीएचईएल ने विभिन्न स्थानों पर नए इंजीनियर प्रशिक्षुओं (ईटी) और पर्यवेक्षक प्रशिक्षुओं (एसटी) के लिए संरचित इंडक्शन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए। इसके अतिरिक्त, कई रणनीतिक शिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए गए, जिनमें वरिष्ठ प्रबंधन के लिए नेतृत्व प्रशिक्षण, कार्यस्थलों पर व्यवहार आधारित

सुरक्षा, और वंदे भारत परियोजना के लिए PRISM कार्यशाला और पावर सेक्टर के कर्मचारियों के लिए "कार्यकारी उपस्थिति" जैसे विशिष्ट कार्यक्रम शामिल हैं। बीएचईएल लर्निंग वीक का 9वां संस्करण 5-11 सितंबर, 2024 तक "एलाइन-एक्ट-अचीव" विषय के साथ आयोजित किया गया था।

इसके अलावा, बीएचईएल ने अपनी विभिन्न इकाइयों में 1,582 प्रशिक्षुओं को शामिल किया। उनमें से 1,139 ट्रेड (आईटीआई) प्रशिक्षु थे, जबकि शेष 443 स्नातक, डिप्लोमा, व्यावसायिक और गैर-तकनीकी प्रशिक्षु थे। इन प्रशिक्षुओं ने हमारे अत्याधुनिक इंजीनियरिंग सुविधाओं के भीतर महत्वपूर्ण व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किए। इससे उन्हें विनिर्माण क्षेत्र के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त हो सका है जो उनके आने वाले भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

21 मार्च, 2025 को ज्ञानार्जन विषय पर अंतर-संगठन बैठक आयोजित की गई। इसमें सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र की कंपनियों के एल एण्ड डी पेशेवर एक साथ आए, अपनी सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा किया और क्षमता-निर्माण पहल में सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

1.8.2 निष्पादन एवं वृत्तिक विकास

बीएचईएल ने लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के अधिदेश के अनुरुप उत्तराधिकार एवं नेतृत्व विकास योजना (SLDP) की रुपरेखा को बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर दिया है। यह योजना बीएचईएल के आंतरिक प्रतिभा पूल के विकास पर केंद्रित है। यह एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करता है जो एक सुदृढ़ नेतृत्व संरचना के निर्माण हेतु आंतरिक प्रतिभा की पहचान, पोषण और संवर्धन हेतु चरणों की रुपरेखा प्रस्तुत करता है।

बीएचईएल में कर्मचारी संतुष्टि और सहभागिता सर्वेक्षण

सभी बीएचईएल कर्मचारियों के लिए एक केंद्रीय रुप से संचालित ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से कर्मचारी संतुष्टि और जुड़ाव सर्वेक्षण (ईएसईएस) ऑनलाइन आयोजित किया गया। कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण (गूंज-द इको) एक अनुभवी तृतीय-पक्ष एजेंसी द्वारा संचालित किया गया था जिसका उद्देश्य कर्मचारियों की प्रेरणा, प्रतिबद्धता और उनके कार्य एवं संगठन के प्रति जुड़ाव को समझना था। नाम उजागर न करने और गोपनीयता बनाए रखने के लिए डेटा प्रोसेसिंग के दौरान सर्वेक्षण प्रतिभागियों की पहचान गुप्त रखी गई थी।

सर्वेक्षण के माध्यम से विकास के लिए पहचाने गए अवसरों को समुचित जांच के बाद संरचित तरीके से या तो नीतिगत समर्थन के माध्यम से या परिचालन ढांचे में सुधार के माध्यम से संबोधित किया जाएगा ।

कंपनी अधिनियम की धारा 134 (3)(P) के तहत प्रकटीकरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(p) के अनुसार, किसी सूचीबद्ध कंपनी की बोर्ड रिपोर्ट में बोर्ड, व्यक्तिगत निदेशकों आदि के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के तरीके को दर्शाने वाला एक विवरण शामिल होगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने 5 जून, 2015 की अपनी अधिसूचना के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों से सरकारी कंपनियों को छूट की अधिसूचना जारी की है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान है कि यदि निदेशकों का मूल्यांकन मंत्रालय द्वारा किया जाता है, जो कंपनी का प्रशासनिक प्रभारी है और अपनी स्वयं की मूल्यांकन पद्धति के अनुसार ऐसा करता है पर औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन विवरण के संबंध में धारा 134(3)(p) सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होगी । इसके अलावा, उपरोक्त छूटों के अनुरुप, नियुक्ति, प्रदर्शन मूल्यांकन और पारिश्रमिक के संबंध में धारा 178 की उप-धारा (2), (3) और (4) सरकारी कंपनियों के निदेशकों पर लागू नहीं होंगी।

किसी CPSE में, कंपनी और भारत सरकार (GoI) के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MoU) उन मानदंडों और पहलों का विवरण देता है जिन्हें कंपनी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान पूरा करना आवश्यक होता है। इस समझौता ज्ञापन का मूल्यांकन वर्ष के अंत में भारत सरकार द्वारा किया जाता है और निर्दिष्ट मानदंडों पर उसके प्रदर्शन के आधार पर BHEL को एक प्रदर्शन रेटिंग प्रदान की जाती है। इसके अलावा, CMD और कार्यात्मक निदेशकों के प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए एक सुनिर्धारित प्रक्रिया है। लोक उद्यम विभाग (DPE) ने कार्यात्मक निदेशकों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए एक प्रारुप तैयार किया है और एक प्रक्रिया निर्धारित की है। नियुक्ति की शर्तों और नियमों के अनुसार कार्यात्मक निदेशकों का कार्यकाल पाँच वर्ष या उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि, जो भी पहले हो, तक होता है।

बोर्ड स्तरीय समितियों के कार्य-विषयों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है। बोर्ड स्तरीय समितियों के कार्यवृत्त बोर्ड के अवलोकनार्थ उसके समक्ष रखे जाते हैं।

स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति और उनका कार्यकाल (सामान्यतः तीन वर्ष) भारत सरकार द्वारा तय किया जाता है। हालाँकि, भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई), बीएचईएल के प्रशासनिक मंत्रालय की दिनांक 28.03.2025 की अधिसूचना के अनुसार, बीएचईएल के बोर्ड में दो नए स्वतंत्र निदेशकों को एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। डीपीई, एमएचआई के माध्यम से, कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन का समय-समय पर मूल्यांकन/आकलन करता रहा है।

1.8.3 औद्योगिक संबंध

"सभी की भागीदारी" कंपनी की औद्योगिक संबंध यात्रा का मार्गदर्शक सिद्धांत है। कार्यबल के प्रत्येक वर्ग के साथ खुले और निरंतर संचार की नीति के माध्यम से इस सिद्धांत को कायम रखा जाता है। विविध कर्मचारी समूहों के साथ सक्रिय रुप से जुड़कर और एक सहभागी संस्कृति को बढ़ावा देकर, कंपनी ने एक सौहार्दपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंध वातावरण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वर्ष के दौरान, बीएचईएल की विनिर्माण इकाइयों, प्रभागों और कार्यालयों में सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण औद्योगिक संबंध दर्ज किए गए। कंपनी की नीतियों के विरुद्ध हड़ताल के कारण वर्ष के दौरान एक भी मानव-दिवस का नुकसान नहीं हुआ, जो प्रबंधन और कर्मचारी समूहों द्वारा कंपनी के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संयुक्त रुप से कार्य करने के लिए किए गए ठोस प्रयासों का प्रमाण है।

सहभागी संस्कृति को बढ़ावा देने की बीएचईएल की प्रतिबद्धता के अनुरुप, वर्ष के दौरान शीर्ष स्तरीय द्विपक्षीय मंच, 'बीएचईएल के लिए संयुक्त समिति' की दो बैठकें आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त, सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक बुलाई गई, जिसमें इकाइयों की सीमित भागीदारी थी। विनिर्माण इकाइयों में, बीएचईएल में 39 'प्लांट काउंसिल' बैठकें और 620 'शॉप काउंसिल' बैठकें आयोजित की गईं। इन मंचों ने कंपनी के समग्र प्रदर्शन को बढ़ाने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया - उत्पादकता, गुणवत्ता, सुरक्षा, समय पर वितरण और लागत में कमी के उपायों पर जोर दिया, जिसका उद्देश्य बीएचईएल की वित्तीय स्थिति को मजबूत करना था। इन सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से, बीएचईएल सतत विकास, बेहतर प्रतिस्पर्धात्मकता और लाभप्रदता की दिशा में काम करना जारी रखे हुए है। जिससे इसके कर्मचारियों सहित हितधारकों को मूल्य प्राप्त हो रहा है।

1.8.4 जनशक्ति

31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार बीएचईएल की कुल जनशक्ति 27,800 है, जिसमें 10,375 कार्यपालक, 4,093 पर्यवेक्षक और 13,332 कामगार शामिल हैं।

1.8.5 राष्ट्रपति के निर्देशों की स्थिति

वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान (क) आरक्षित श्रेणी के व्यक्तियों के लिए आरक्षण नीति (ख) कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में कोई राष्ट्रपति निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं।

1.8.5.1 आरक्षित श्रेणी के व्यक्तियों के लिए आरक्षण नीति पर निर्देश

केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आरक्षण नीति संबंधी राष्ट्रपति के निर्देशों में सीधी भर्ती और विशिष्ट पदों पर पदोन्नति में और विशिष्ट आरक्षित वर्ग, अर्थात् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजनों (PwD) के उम्मीदवारों के लिए कुछ प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। इसके अलावा, इन निर्देशों में सीधी भर्ती और पदोन्नति में विशिष्ट श्रेणी के कर्मचारियों के लिए कुछ रियायतों और छूटों का भी प्रावधान है। इस विषय पर राष्ट्रपति के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है और सरकार द्वारा निर्धारित पद आधारित रोस्टर प्रणाली के रखरखाव के माध्यम से आरक्षण प्रतिशत सुनिश्चित किया जा रहा है। हालाँकि, इन दिशानिर्देशों का कंपनी की वित्तीय स्थिति पर कोई सीधा प्रभाव नहीं पड़ता है।

इस विषय पर अन्य प्रासंगिक जानकारी नीचे दी गई है:

i. **एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व**

31 दिसंबर, 2024 तक कुल जनशक्ति में एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों का समग्र प्रतिनिधित्व एससी, एसटी और ओबीसी के लिए क्रमशः 20.74%, 7.57% और 38.46% था।

31 दिसंबर, 2024 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के प्रतिनिधित्व और कैलेंडर वर्ष के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या को दर्शाने वाला निर्धारित प्रारूप में वार्षिक विवरण **अनुलग्नक-1ए** में दिया गया है।

ii. **31 दिसंबर, 2024 तक दिव्यांग कर्मचारियों की जनशक्ति**

31 दिसंबर, 2024 तक दिव्यांग कर्मचारियों की कुल संख्या 815 थी। वर्ष 2024 के दौरान, दिव्यांग श्रेणी में 06 कर्मचारियों की भर्ती की गई। 31 दिसंबर, 2024 तक कंपनी में दिव्यांग कर्मचारियों की समूहवार जनशक्ति **अनुलग्नक-1बी** में दी गई है।

1.8.5.2 कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करने तथा यौन उत्पीड़न की शिकायतों की रोकथाम और निवारण तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013" नामक अधिनियम, भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) नियम, 2013" नामक नियमों की अधिसूचना के साथ 9 दिसंबर, 2013 से लागू हो गया है।

अधिनियम के प्रावधानों और उसके अंतर्गत नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। अधिनियम के अनुसार, बीएचईएल की सभी इकाइयों में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन किया गया है और उनके संविधान और संपर्क विवरण इकाई की वेबसाइट पर डाल दिए गए हैं। अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, नियोक्ता के कर्तव्यों, शिकायत निवारण तंत्र, दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के लिए कार्रवाई और यौन उत्पीड़न के बारे में विभिन्न भ्रांतियों को उजागर करने वाले पोस्टर सभी इकाइयों में हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए हैं। अधिनियम के तहत कंपनियों को आईसीसी के लिए सालाना अभिविन्यास सत्र या प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता होती है। आईसीसी के पास महिलाओं की शिकायतों के निवारण के लिए ज्ञान और संवेदनशीलता होनी चाहिए। यह न केवल कानूनी रूप से बल्कि कार्यस्थल सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। अधिनियम के अनुरूप, अखिल बीएचईएल आधार पर आईसीसी सदस्यों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इकाई स्तर पर, यौन उत्पीड़न अधिनियम और लैंगिक संवेदनशीलता पर 46 कार्यशालाएँ/जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वर्ष 2024-25 के दौरान 5 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 4 का निपटारा कर दिया गया है। 01 अप्रैल, 2025 तक 1 मामला लंबित है।

बीएचईएल रानीपेट में फैन रोटर असेंबली में कार्यरत महिला कामगार

अनुलग्नक – 1A

31 दिसंबर, 2024 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रुप से कमजोर वर्गों के प्रतिनिधित्व और कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान की गई नियुक्तियों को दर्शाने वाला वार्षिक विवरण

ग्रुप	अ.जाति/अ. जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग का प्रतिनिधित्व (31 दिसंबर, 2024 तक)					कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या											
						सीधी भर्ती द्वारा					पदोन्नति द्वारा*			प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा			
	कर्मचारियों की कुल सं.	EWS	SCs	STs	OBCs	कुल	EWS	SCs	STs	OBCs	कुल	SCs	STs	कुल	SCs	STs	OBCs
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
ग्रुप A	11730	21	2169	992	3446	154	15	24	11	40				0	0	0	0
ग्रुप B	2786	0	547	354	695	0	0	0	0	0				0	0	0	0
ग्रुप C	13430	8	3075	773	6599	73	8	9	6	30	---- लागू नहीं ----			0	0	0	0
ग्रुप D (Excl. SW)	61	0	9	3	36	0	0	0	0	0				0	0	0	0
ग्रुप D (SW)	12	0	12	0	0	0	0	0	0	0				0	0	0	0
कुल	**28019**	**29**	**5812**	**2122**	**10776**	**227**	**23**	**33**	**17**	**70**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**

* बीएचईएल में पदोन्नति द्वारा प्रवेशन स्तर पर कोई नियुक्ति नहीं होती है।

अनुलग्नक – 1B

31 दिसंबर, 2024 तक दिव्यांगजनों के प्रतिनिधित्व और कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान की गई नियुक्तियों को दर्शाने वाला वार्षिक विवरण

ग्रुप	कर्मचारियों की कुल सं.				सीधी भर्ती							पदोन्नति *						
	कर्मचारियों की कुल सं.	VH	HH	OH	आरक्षित रिक्तियों की संख्या			कुल	की गई नियुक्तियों की संख्या			आरक्षित रिक्तियों की संख्या			कुल	की गई नियुक्तियों की संख्या		
					VH	HH	OH		VH	HH	OH	VH	HH	OH		VH	HH	OH
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
ग्रुप A	11730	3	16	325	0	0	4	4	0	0	4							
ग्रुप B	2786	2	4	79	0	0	0	0	0	0	0							
ग्रुप C	13430	16	26	342	0	0	2	2	0	0	2	--------------लागू नहीं-----------						
ग्रुप D	73	1	0	1	0	0	0	0	0	0	0							
कुल	**28019**	**22**	**46**	**747**	**0**	**0**	**6**	**6**	**0**	**0**	**6**							

नोट:

(i) VH वीएच का अर्थ है दृष्टिबाधित (अंधेपन या कम दृष्टि से पीड़ित व्यक्ति)

(ii) HH का अर्थ है श्रवण बाधित (श्रवण बाधित व्यक्ति)

(iii) OH का अर्थ है अस्थि विकलांग (चलन संबंधी विकलांगता या मस्तिष्क पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति)

* बीएचईएल में पदोन्नति द्वारा प्रवेशन स्तर पर कोई नियुक्ति नहीं होती है।

1.9 देश के लिए क्षमता निर्माण

बीएचईएल देश के लिए इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमता निर्माण में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। कंपनी द्वारा पूंजीगत वस्तु योजना चरण II के अंतर्गत भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) के सहयोग से निम्नलिखित पहल की जा रही है:

- कंपनी ने वेल्डिंग तकनीक में कौशल विकास के लिए डब्ल्यूआरआई त्रिची में एक "कॉमन इंजीनियरिंग फैसिलिटी सेंटर (सीईएफसी)" की स्थापना की है, साथ ही बीएचईएल की वाराणसी, रानीपेट, भोपाल, झांसी और हरिद्वार इकाइयों में अपने विस्तार केंद्रों की भी स्थापना की है। 31 मार्च, 2025 तक, इन सुविधाओं ने देश भर में 7,500 से अधिक वेल्डरों को प्रशिक्षित किया है।
- कंपनी ने अपनी हैदराबाद इकाई में पंपों के लिए एक परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की है। यह प्रयोगशाला देश में अपनी तरह की अनूठी प्रयोगशाला होगी और उच्च प्रवाह और उच्च तापमान परीक्षण की अनुमति देगी, जो पहले केवल विदेशों में ही किए जाते थे।
- कंपनी ने हैदराबाद स्थित अपने कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र में औद्योगिक प्रक्रियाओं से संबंधित हार्डवेयर इन द लूप (एचआईएल) और सॉफ्टवेयर इन द लूप (एसआईएल) दोनों कार्यात्मकताओं वाली एक परीक्षण सुविधा स्थापित की है। इससे उद्योगों को विभिन्न चरणों में डिज़ाइनों की जाँच करने में मदद मिलेगी और स्टार्ट-अप्स/एमएसएमई/प्रसंस्करण उद्योगों/रक्षा प्रतिष्ठानों को सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के अनुरूप नए डिज़ाइन विकसित करने और उनके प्रदर्शन का परीक्षण करने में सहायता मिलेगी।
- कंपनी ने अपनी भोपाल इकाई में एक ही छत के नीचे रासायनिक, विद्युत और यांत्रिक गुणों के परीक्षण हेतु सुविधाओं से युक्त एक अत्याधुनिक एनएबीएल मान्यता प्राप्त परीक्षण प्रयोगशाला विकसित करने के लिए मौजूदा तकनीकी सेवा प्रभाग प्रयोगशाला की परीक्षण सुविधाओं का विस्तार किया है। यह प्रयोगशाला रणनीतिक रूप से मध्य भारत में स्थित है और विशेष रूप से पूंजीगत वस्तु उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

1.10 सूचना का अधिकार

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (अधिनियम) के प्रावधानों के अनुरूप, बीएचईएल पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में काम करता है। कॉर्पोरेट कार्यालय में एक केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ), एक नोडल अधिकारी और प्रत्येक प्रमुख प्रशासनिक इकाई में 25 अन्य सीपीआईओ काम कर रहे हैं। 25 प्रथम अपीलीय प्राधिकारी भी कंपनी में सीपीआईओ के आदेशों के खिलाफ दायर पहली अपील का निपटारा करने के लिए कार्य करते हैं, जैसा कि अधिनियम के तहत प्रावधान किया गया है। नागरिकों को अपने आरटीआई आवेदन और पहली अपील ऑनलाइन दाखिल करने में सुविधा प्रदान करने के उपाय के रूप में, बीएचईएल ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा शुरू किए गए ऑनलाइन आरटीआई वेब पोर्टल (https://rtionline.gov.in) को अपनाया है। धारा 4(1) (ख) के अंतर्गत प्रकटीकरण बीएचईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अधिनियम के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने और आरटीआई प्रथम अपील दायर करने की प्रक्रिया दर्शाने वाले कुछ दिशानिर्देश और प्रपत्र बीएचईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। केंद्रीय लोक सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) और अन्य आंतरिक हितधारकों को प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से अधिनियम के अंतर्गत उनके दायित्वों के प्रति जागरुक किया जाता है। सार्वजनिक उद्यम स्थायी सम्मेलन (स्कोप) द्वारा गठित आरटीआई पर संचालन समिति का सदस्य होने के नाते, बीएचईएल स्कोप द्वारा आयोजित आरटीआई मामलों से संबंधित बैठकों और चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेता है। केंद्रीय सूचना आयोग को तिमाही आरटीआई रिटर्न समय पर प्रस्तुत किए गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, 550 आवेदन और 95 अपीलें ऑनलाइन प्राप्त हुईं, और 480 आवेदन और 86 अपीलों का निपटारा किया गया।

1.11 जोखिम और चिंताएँ

बीएचईएल के व्यावसायिक परिचालन में वित्तीय, परिचालन, क्षेत्रीय, तकनीकी अप्रचलन, ईएसजी विशिष्ट, साइबर सुरक्षा, उभरती व्यावसायिक गतिशीलता, परियोजना समयसीमा को पूरा करने और प्रतिकूल परिस्थितियों में ऑन-साइट उत्पाद/सेवा सहायता प्रदान करने में चुनौतियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के आंतरिक और बाह्य जोखिम शामिल हैं।

बीएचईएल ने जोखिम के प्रति सचेत तरीके से कारोबार का संचालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के भीतर एक कुशल और प्रभावी जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया की आवश्यकता की पहचान की है।

कंपनी ने एक संरचित और व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन प्रणाली लागू करने के लिए एक जोखिम प्रबंधन चार्टर और नीति लागू की है। इस चार्टर का उद्देश्य जोखिमों की पहचान, आकलन, प्रतिक्रिया, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए एक सामान्य समझ, भाषा और कार्यप्रणाली स्थापित करना है।

इससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रमुख जोखिमों की सही पहचान की जा रही है, प्रबंधन को समय पर सूचित किया जा रहा है और उनका प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा रहा है। जोखिम पहचान की प्रक्रिया कंपनी के विकास उद्देश्यों, बाहरी वातावरण, उद्योग रिपोर्टों के साथ-साथ आंतरिक और बाहरी हितधारकों आदि द्वारा सचेत रूप

जोखिम प्रबंधन-संगठनात्मक ढ़ाँचा



आरओः रिस्क ओनर
आरएमसीः जोखिम प्रबंधन समिति

से निर्देशित होती है।

कंपनी के सामने आने वाले प्रमुख जोखिम इस प्रकार हैं:

1. **डिलीवरी:** परियोजनाओं की देरी से डिलीवरी से एलडी, दंड, ग्राहक असंतोष होता है और कंपनी की छवि प्रभावित होती है।
2. **तरलता जोखिम:** बढ़ते देनदारों के कारण तरलता की उच्च मांग।
3. **सामग्री लागत:** प्रत्यक्ष सामग्री लागत में वृद्धि से लाभप्रदता प्रभावित हो रही है।
4. **साइबर सुरक्षा:** ऑनलाइन डेटा और सूचना सुरक्षा भंग होने से हानि और महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना का विघटन हो सकता है।
5. **प्रौद्योगिकी की उपलब्धता:** वर्तमान/भविष्य की बाजार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकियों की अनुपलब्धता।
6. **ऑर्डर बुकिंग:** ऑर्डर बुकिंग में कमी और गैर-कोयला आधारित व्यवसाय के लिए प्रतिस्पर्धा में वृद्धि।

उपर्युक्त छह चिन्हित प्रमुख जोखिमों के विरुद्ध शमन उपाय लागू हैं।

1.12 डेटा और साइबर सुरक्षा

कंपनी ने बीएचईएल को साइबर खतरों से बचाने और अपनी आईटी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए उन्नत सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। अगली पीढ़ी के फायरवॉल, घुसपैठ रोकथाम प्रणाली (आईपीएस), जीरो ट्रस्ट नेटवर्क एक्सेस (जेडटीएनए), नेटवर्क प्राइवेट एक्सेस (एनपीए), सुरक्षित ईमेल गेटवे आदि सहित परिधि सुरक्षा जैसे कुछ उपाय लागू किए गए हैं। महत्वपूर्ण आईटी सेवाओं तक पहुँच अब बहु-कारक प्रमाणीकरण के माध्यम से उपलब्ध है, जिससे नेटवर्क और डेटा सुरक्षा को बढ़ाने में मदद मिली है।

इसके अलावा, एंडपॉइंट डिटेक्शन और रिस्पांस (EDR) क्षमताओं वाला एक केंद्रीकृत एंडपॉइंट सुरक्षा समाधान पूरे संगठन में लागू किया गया है। इस समाधान में एंटी-बॉट, थ्रेट हंटिंग, एंटी-रैंसमवेयर और कंप्लायंस जैसी उन्नत सुविधाएँ शामिल हैं।

बीएचईएल में एक केंद्रीकृत साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) कार्यरत है, जो उपयोगकर्ता और इकाई व्यवहार विश्लेषण (यूईबीए), सुरक्षा ऑर्केस्ट्रेशन स्वचालन और प्रतिक्रिया (एसओएआर), और वेब एप्लिकेशन फ़ायरवॉल (डब्ल्यूएएफ) जैसी उन्नत कार्यक्षमताओं से सुसज्जित है। यह एसओसी चौबीसों घंटे विभिन्न उपकरणों से सुरक्षा लॉग की निगरानी करता है और एनसीआईआईपीसी, सीईआरटी-इन और तृतीय-पक्ष एजेंसियों से प्राप्त खतरे की खुफिया जानकारी के साथ एकीकृत है। एसओसी में एक 24x7 हेल्पडेस्क साइबर सुरक्षा और एंडपॉइंट से संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान करता है।

किसी भी साइबर हमले से तुरंत निपटने और उससे उबरने के लिए एक साइबर संकट प्रबंधन योजना लागू है। संगठन की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए पेशेवर बाहरी एजेंसियों द्वारा सभी इंटरनेट-आधारित एप्लिकेशन, उपकरणों और सर्वरों की गहन सुरक्षा समीक्षा की जाती है। इन समीक्षाओं से प्राप्त सुझावों और टिप्पणियों पर उचित रूप से विचार किया जाता है।

सभी इंटरनेट-आधारित अनुप्रयोगों और उपकरणों का त्रैमासिक प्रवेश परीक्षण CERT-In की एक पैनलबद्ध एजेंसी द्वारा किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पहचानी गई किसी भी कमज़ोरी को तुरंत दूर किया जाए। BHEL, CERT-In, NCIIPC और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करता है और संगठन की साइबर सुरक्षा स्थिति को बेहतर बनाने के लिए उनसे प्राप्त किसी भी जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करता है।

बीएचईएल ने आईएसओ/आईईसी 27001 मानक के अनुसार 2005 से सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईएसएमएस) का अपना प्रमाणन बनाए रखा है। वर्तमान में, बीएचईएल आईएसओ/आईईसी 27001 मानक के नवीनतम संस्करण, अर्थात् आईएसओ/आईईसी 27001:2022, में परिवर्तन की प्रक्रिया में है। बीएचईएल उभरते खतरों के अनुरूप अपनी साइबर सुरक्षा स्थिति को बनाए रखने और उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के

निदेशक मंडल की ओर से

के. सदाशिव मूर्ति

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 जुलाई, 2025

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक-II कॉर्पोरेट अभिशासन

2.1 कॉर्पोरेट अभिशासन पर हमारी धारणा

बीएचईएल एक सुदृढ़ कॉर्पोरेट अभिशासन ढाँचे के अंतर्गत कार्य करता है, जो अभिशासन की गुणवत्ता, प्रकटीकरण में पारदर्शिता, हितधारकों के मूल्य में निरंतर वृद्धि और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बीएचईएल कॉर्पोरेट अभिशासन की बुनियादी और नियामक आवश्यकताओं से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, और अपने शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और समग्र समाज का विश्वास निर्माण करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करता है। कंपनी का कॉर्पोरेट अभिशासन ढाँचा पारदर्शिता, प्रकटीकरण, स्वतंत्र निगरानी और सभी के प्रति, विशेष रुप से अल्पसंख्यक शेयरधारकों के प्रति निष्पक्षता की आधारशिला पर आधारित है।

इसके अलावा, कंपनी कॉर्पोरेट अभिशासन प्रक्रियाओं और आचार संहिताओं के अनुपालन में अपना व्यवसाय संचालित करने में विश्वास रखती है, जिससे बीएचईएल शेयरधारकों को दीर्घकालिक लाभ, ग्राहकों को अनुकूल परिणाम, कर्मचारियों को आकर्षक अवसर, आपूर्तिकर्ताओं को कंपनी की प्रगति में भागीदार बनने का अवसर और समाज की समृद्धि प्रदान करने में सक्षम हो पाता है। आचार संहिताएँ बीएचईएल कॉर्पोरेट वेबसाइट (**www.bhel.com**) पर 'निवेशक संबंध' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

बीएचईएल को 'वित्तीय रिपोर्टिंग 2023-24 में उत्कृष्टता' के लिए प्रतिष्ठित आईसीएआई पुरस्कार मिला

2.2 निदेशक मंडल

i. निदेशक मंडल की संरचना और श्रेणी

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के अनुसार, बीएचईएल एक 'सरकारी कंपनी' है क्योंकि कं पनी की कुल चुकता शेयर पूंजी का 63.17% भारत के राष्ट्रपति के माध्यम से केंद्र सरकार के पास है।

बीएचईएल के निदेशक मंडल की संरचना में निदेशकों का समुचित मिश्रण है, जिनका प्रतिनिधित्व सीएमडी सहित कार्यात्मक निदेशकों द्वारा किया जाता है, तथा गैर-कार्यात्मक निदेशकों का प्रतिनिधित्व सरकार के नामित निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों द्वारा किया जाता है, ताकि निदेशक मंडल की स्वतंत्रता को बनाए रखा जा सके तथा प्रबंधन और नियंत्रण के निदेशक मंडल कार्यों को अलग किया जा सके।

31 मार्च, 2025 तक निदेशक मंडल की संरचना इस प्रकार है:

निदेशकों की श्रेणी	बोर्ड संरचना	31 मार्च, 2025 को वास्तविक संख्या
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	1	1
पूर्णकालिक कार्यकारी (कार्यात्मक) निदेशक	5	4
भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अं शकालिक सरकारी निदेशक(सरकारी नामित)	2	2
अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक	8	3
कुल	**16**	**10**

31 मार्च, 2025 तक, बीएचईएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों के पाँच पद और पूर्णकालिक कार्यकारी (कार्यात्मक) निदेशक अर्थात् निदेशक (ई, आर एंड डी) के एक पद रिक्त थे। रिक्तियों को भरने का मामला भारत सरकार के पास विचाराधीन/प्रक्रियाधीन है।

ii. 2024-25 के दौरान आयोजित निदेशक मंडल की बैठकों और पिछली आम बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति

निदेशक का नाम श्री/श्रीमती	बोर्ड बैठकों की संख्या		अंतिम वार्षिक आम बैठक (22.08.2024 को आयोजित)
	आयोजित	उपस्थित	
कार्यात्मक निदेशक			
के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक #	10	10	जी हाँ
जय प्रकाश श्रीवास्तव, निदेशक (ई, आर एंड डी) $ (31 दिसंबर 2024 तक)	8	8	जी हाँ
कृष्ण कुमार ठाकुर, निदेशक (मानव संसाधन)	10	10	जी हाँ
तजिंदर गुप्ता, निदेशक (पावर)	10	10	जी हाँ
सुश्री बाणी वर्मा, निदेशक (आईएस एंड पी) @	10	10	जी हाँ
राजेश कुमार द्विवेदी, निदेशक (वित्त) (19 जून, 2024 से प्रभावी)	7	7	जी हाँ

अंशकालिक सरकारी निदेशक – सरकार द्वारा नामित			
सुश्री आरती भटनागर, विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय	10	9	हाँ
विजय मित्तल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय	10	9	हाँ
अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक			
डॉ. के. शिवप्रसाद (1 नवंबर 2024 तक)	8	8	हाँ
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर (12 अप्रैल, 2024 तक)	-	-	*
रमेश पाटल्या मावस्कर	10	10	हाँ
अशोक आसेरी (29 मार्च 2025 से)	-	-	*
आशीष चतुर्वेदी (29 मार्च, 2025 से)	-	-	*

18 अप्रैल, 2024 से 18 जून, 2024 तक निदेशक (वित्त) के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला।
$ 17 अप्रैल, 2024 तक निदेशक (वित्त) के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला।
@ 1 जनवरी, 2025 से निदेशक (ई, आर एंड डी) के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला।
* यह दर्शाता है कि संबंधित व्यक्ति पिछली वार्षिक आम बैठक की तारीख तक बीएचईएल का निदेशक नहीं थे।

क. 31 मार्च, 2025 तक अन्य कंपनियों में निदेशक पद, समिति सदस्यता और समिति अध्यक्ष पद का विवरण#

निदेशक का नाम श्री	अन्य कंपनियों में निदेशक पदों की संख्या	अन्य कंपनियों में समिति सदस्यता और समिति अध्यक्षता की संख्या*
के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	2	-शून्य-
कृष्ण कुमार ठाकुर, निदेशक (मानव संसाधन)	-शून्य-	-शून्य-
तजिंदर गुप्ता, निदेशक (पावर)	1	-शून्य-
सुश्री बानी वर्मा, निदेशक(आईएस एंड पी)	-शून्य-	-शून्य-
राजेश कुमार द्विवेदी, निदेशक (वित्त)	2	लेखापरीक्षा समिति: • अध्यक्षता: 1
सुश्री आरती भटनागर, अंशकालिक सरकारी निदेशक	6	लेखापरीक्षा समिति: • सदस्यता: 1 • अध्यक्षता: 3
विजय मित्तल, अंशकालिक सरकारी निदेशक	5	-शून्य-
रमेश पाटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक	-शून्य-	-शून्य-
अशोक आसेरी, स्वतंत्र निदेशक	-शून्य-	-शून्य-
आशीष चतुर्वेदी, स्वतंत्र निदेशक	3	--शून्य-

*केवल लेखा परीक्षा समिति और हितधारक संबंध समिति की अध्यक्षता/सदस्यता पर विचार किया गया है।
#अन्य कंपनियों में निदेशक पद/समिति सदस्यता निदेशक मंडल के संबंधित निदेशकों से प्राप्त नवीनतम सूचना पर आधारित हैं।

कंपनी का कोई भी निदेशक एक ही समय में बीस (20) से अधिक कंपनियों में निदेशक के रूप में पद धारण नहीं करता है। कंपनी का कोई भी निदेशक दस (10) से अधिक समितियों का सदस्य नहीं है या सभी सूचीबद्ध कंपनियों में पाँच (5) से अधिक समितियों के अध्यक्ष के रूप में कार्य नहीं करता है, जिनमें वह एक निदेशक है।

निदेशकों के बीच आपसी संबंधों का प्रकटीकरण: कोई नही

ख. सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशकों का विवरण और निदेशक पद की श्रेणी

31 मार्च, 2025 तक, निम्नलिखित निदेशक अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पद पर थे, जो निम्नानुसार हैं:

निदेशक का नाम	सूचीबद्ध इकाई का नाम	निदेशक श्रेणी
सुश्री आरती भटनागर, अंशकालिक सरकारी निदेशक	1. एचएमटी लिमिटेड 2. एमएमटीसी लिमिटेड 3. स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	सरकार द्वारा नामित निदेशक
विजय मित्तल, अंशकालिक सरकारी निदेशक	1. एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड 2. वीडॉल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पहले टाइड वाटर ऑयल कंपनी इंडिया लिमिटेड)	सरकार द्वारा नामित निदेशक

iii. आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या, तिथियां

निदेशक मंडल की बैठकें आम तौर पर नई दिल्ली में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाती हैं और काफी पहले से इनकी तिथि निर्धारित की जाती है। कंपनी सचिव, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के परामर्श से, प्रत्येक निदेशक को प्रत्येक निदेशक मंडल बैठक की लिखित सूचना भेजते हैं।

निदेशक मंडल के सदस्यों के पास कंपनी की सभी जानकारी तक पहुँच होती है और वे किसी भी मामले को एजेंडा में शामिल करने की सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो आमतौर पर अग्रिम रूप से भेज दिया जाता है। वरिष्ठ प्रबंधन को निदेशक मंडल की बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है ताकि चर्चा की जा रही मदों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी प्रदान की जा सके और/या आवश्यकतानुसार निदेशक मंडल को प्रस्तुतीकरण दिया जा सके। तिमाही परिणामों और एजेंडे में शामिल अन्य मदों की समीक्षा करने के लिए निदेशक मंडल तिमाही में कम से कम एक बैठक करते हैं। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल की कुल 10 बैठकें हुईं, जिनका विवरण निम्नलिखित है:

(i) 25 अप्रैल, 2024	(ii) 21 मई, 2024	(iii) 19 जून, 2024
(iv) 9 जुलाई, 2024	(v) 19 जुलाई, 2024	(vi) 31 जुलाई, 2024
(vii) 5 सितंबर, 2024	(viii) 28 अक्तूबर, 2024	(ix) 28 जनवरी, 2025
(x) 10 मार्च, 2025		

निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक के तुरंत बाद बैठक के कार्यवृत्त तैयार किए जाते हैं और सभी निदेशकों को उनकी टिप्पणियों, यदि कोई हो, के लिए परिचालित किए जाते हैं और उसके पश्चात अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं। उचित कार्रवाई और लागू करने के लिए स्वीकृत कार्यवृत्त संबंधित विभागों/समूहों को परिचालित किया जाता है।

iv. मुख्य कौशल/ विशेषज्ञता/ क्षमता की सूची

बीएचईएल एक सरकारी कंपनी है, इसलिए इसके निदेशक मंडल के सभी निदेशकों अर्थात कार्यकारी निदेशक, सरकारी नामित निदेशक और स्वतंत्र निदेशकों का चयन और नियुक्ति सरकार द्वारा प्रत्येक श्रेणी के निदेशकों के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाती है। बीएचईएल जिस व्यवसाय क्षेत्र में काम करता है, उसके संदर्भ में निदेशक मंडल के प्रभावी ढंग से काम करने के लिए मुख्य कौशल, विशेषज्ञता और योग्यता की आवश्यकताएं इन निदेशकों के चयन की सरकारी प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग हैं। इसलिए, बीएचईएल का निदेशक मंडल स्वयं किसी भी मुख्य कौशल या कार्य के लिए आवश्यक क्षमता को धारण नहीं करता है । साथ ही, निदेशकों की नियुक्ति भी किसी विशेष कौशल/विशेषज्ञता/योग्यता के लिए नहीं की जाती है।

v. निदेशक मंडल का उत्तरदायित्व

निदेशक मंडल का कार्य कंपनी की रणनीतिक दिशा की निगरानी करना, कॉर्पोरेट प्रदर्शन की समीक्षा और निगरानी करना, नियामक अनुपालन सुनिश्चित करना और हितधारकों के हितों की रक्षा करना है।

vi. स्वतंत्र निदेशक

स्वतंत्र निदेशक, निदेशक मंडल और समिति की बैठकों में विचार-विमर्श में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा कंपनी को इंजीनियरिंग, वित्त, प्रबंधन, कानून, सार्वजनिक नीति आदि के क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता उपलब्ध कराते हैं।

स्वतंत्र निदेशक, निदेशक मंडल द्वारा गठित महत्वपूर्ण समितियों, जैसे- लेखा परीक्षा समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति और सीएसआर समिति आदि का हिस्सा हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 और सूचीबद्धता विनियमों के अनुरूप, लेखा परीक्षा समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है और यह उनसे संबंधित परिभाषित कार्यक्षेत्र के अनुसार कार्य करते हैं।

इसके अतिरिक्त, सीपीएसई के लिए गैर-सरकारी निदेशकों की आदर्शभूमिका और उत्तरदायित्वों पर 28 दिसंबर, 2012 के डीपीई कार्यालय ज्ञापन के अनुरुप निदेशक मंडल ने स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति का गठन किया है। उक्त समिति लिस्टिंग विनियमों और कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत स्वतंत्र निदेशकों की संहिता की अपेक्षाओं के अनुरुप है ।

स्वतंत्र निदेशकों के परिचय कार्यक्रम का विवरण कंपनी की वेबसाइट **www.bhel.com** पर वेब लिंक https://www.bhel.com/familiarization-programme-directors पर 'निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम' शीर्षक के अं तर्गत उपलब्ध है। निदेशक मंडल की राय में, स्वतंत्र निदेशक सूचीबद्धता विनियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र होते हैं।'

स्वतंत्र निदेशक डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर ने 12 अप्रैल, 2024 से बीएचईएल के निदेशक मंडल से अपना इस्तीफा दे दिया है क्योंकि वे ओडिशा से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी पुष्टि की कि उनके इस्तीफे के लिए उनके द्वारा बताए गए कारणों के अलावा कोई अन्य ठोस कारण नहीं थे।

vii. निदेशक मंडल के समक्ष रखी गई जानकारियाँ

निदेशक मंडल के समक्ष रखे गए एजेंडे में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

- वार्षिक परिचालन योजना और बजट एवं उससे संबंधित अद्यतन सूचना।
- पूंजी बजट और उससे संबंधित अद्यतन सूचना।
- महत्वपूर्णपूंजी निवेश प्रस्ताव
- अधिशेष निधियों का अल्पकालिक निवेश
- मूर्त स्वरुप की सामान्य रुप से व्यवसाय से जुड़े निवेशों,सहयोगी कं पनियों एवं परिसंपत्तियों की बिक्री।
- महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों एवं प्रचलनों में परिवर्तन और उसके कारण।
- कंपनी और उसके परिचालन प्रभागों या व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए तिमाही परिणाम।
- मूर्त विदेशी मुद्रा एक्सपोजर का त्रैमासिक विवरण तथा प्रतिकूल विनिमय दर के मुद्दों को सीमित करने के लिए प्रबंधन द्वारा उठाए गए कदम।
- विभिन्न कानूनों के अनुपालन पर त्रैमासिक रिपोर्ट।
- मध्यस्थता मामलों और प्रमुख कानूनी विवादों की स्थिति।
- लेखापरीक्षा समिति और निदेशक मंडल बैठकों के कार्यवृत्त।
- निदेशक स्तर के एक स्तर नीचे के वरिष्ठ अधिकारियों की भर्ती से संबंधित सूचना।
- निदेशक मंडल के अनुमोदन की आवश्यकता वाले किसी भी संयुक्त उद्यम या अनुसंधान एवं विकास या प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते का विवरण।
- महत्वपूर्ण श्रमिक समस्याएं और उनके प्रस्तावित समाधान।
- मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधि जैसे वेतन समझौते पर हस्ताक्षर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना का कार्यान्वयन आदि।
- निदेशक मंडल द्वारा वांछित मामलों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट।
- कोई भी अनुबंध जिसमें निदेशकों को रुचि हो।
- निदेशकों द्वारा अन्य कम्पनियों में उनके द्वारा अधिगृहीत निदेशक पदों और समिति पदों के बार में रुचि का प्रकटीकरण।
- निदेशक मंडल की बैठक आदि पर सूचीकरण विनियमों, डीपीई दिशानिर्देशों और सचिवीय मानक-1 के अंतर्गत सूचना या अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल को प्रस्तुत किए जाने वाले अन्य मामले ।

निदेशक मंडल ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुचारु रूप से दक्षतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया है। निदेशक मंडल स्तर की सभी समितियों के कार्यवृत्त निदेशक मंडल की बैठकों में नोट किए जाते हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ऐसा कोई उदाहरण नहीं था जिसमें निदेशक मंडल की किसी भी ऐसी अनुशंसा को स्वीकार न किया गया हो, जो अनिवार्य रूप से आवश्यक हो ।

viii. नए निदेशकों का चयन

बीएचईएल के अंतर्नियमों के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के माध्यम से, बीएचईएल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति करते हैं। बीएचईएल के निदेशक मंडल में प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा दो अंशकालिक निदेशकों को नामित किया जाता है। भारत के राष्ट्रपति बीएचईएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-अधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों की नियुक्ति भी करते हैं।

स्वतंत्र निदेशकों का चयन भारी उद्योग विभाग द्वारा सार्वजनिक उद्यम विभाग की खोजबीन समिति के परामर्श से किया जाता है, जिसके पास प्रबंधन, वित्त, इंजीनियरिंग, प्रशासन उद्योग आदि के क्षेत्र में विस्तृत अनुभव रखने वाले विद्वान व्यक्तियों के पैनल की सूची होती है।

ix. सदस्यता अवधि और सेवानिवृत्ति नीति

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से पाँच वर्ष की अवधि के लिए, या उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक, या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, की जाती है। अंशकालिक सरकारी निदेशक भारत सरकार के विवेक पर बीएचईएल के बोर्ड में बने रहेंगे। अंशकालिक गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों का कार्यकाल प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा तय किया जाता है। सामान्यतः, एक स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की जाती है, हालाँकि, एमएचआई ने अपनी अधिसूचना दिनांक 28.03.2025 के माध्यम से बीएचईएल के बोर्ड में एक वर्ष की अवधि के लिए दो स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की है।

x. आचार संहिता

बीएचईएल ने सूचीकरण विनियमों 2005 समझौते के खंड 49 के अनुरूप "निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता" निर्धारित की है। संहिता को समय-समय पर नियामक ढांचे में बदलाव के अनुरूप संशोधित किया जाता है, जिसमें सूचीकरण विनियमों में बदलाव और व्यापार की गतिशीलता में बदलाव तथा संहिता की मजबूती के लिए अन्य प्रासंगिक प्रावधानों को सम्मिलित करना था। वर्तमान संहिता भी संशोधित सूचीकरण विनियमों के अनुपालन में है।

संहिता में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- सामान्य नैति क अनिवार्यताएँ;
- विशिष्ट व्यावसायिक उत्तरदायित्व; और
- निदेशक मंडल सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए विशिष्ट अतिरिक्त प्रावधान।

संहिता की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट **www.bhel.com** पर उपलब्ध है।

xi. निदेशक मंडल का प्रशिक्षण घोषणा पत्र / चार्टर

निदेशक मंडल तथा निदेशकों की व्यक्तिगत भूमिका तथा उत्तरदायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने के उद्देश्य से, निदेशक मंडल ने निदेशक मंडल का एक घोषणा पत्र / चार्टर निर्धारित किया है। घोषणा पत्र / चार्टर बीएचईएल कॉर्पोरेट अभिशासन के उद्देश्यों तथा दृष्टिकोण को भी स्पष्ट करता है।

डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरुप, सूचीबद्धता समझौते और निदेशकों को प्रदान करने के उद्देश्य सेः क) अपने वैधानिक कर्तव्यों के सफल निर्वहन के लिए दिशानिर्देशों और प्रक्रियाओं में अंतर्दृष्टि, ख) भविष्य को समझने तथा रणनीतियों को विकसित करने के लिए व्यावसायिक वातावरण की बेहतर समझ तथा ग) निदेशक मंडल के सदस्यों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण। इस नीति में सामान्य प्रशिक्षण और कंपनी-विशिष्ट क्षेत्रों पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम, दोनों शामिल हैं। निदेशकों के प्रशिक्षण का विवरण अनुलग्नक-V (व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग) में दिया गया है।

xii. व्यवसायी कंपनी सचिव द्वारा प्रमाण पत्र

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 34 (3) और अनुसूची V पैरा C खंड 10(i) के अनुसार, कंपनी को कंपनी सचिव से प्रमाण पत्र प्राप्त है कि कंपनी निदेशक मंडल के किसी भी निदेशक को सेबी / कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय या कि सी ऐसे वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी निदेशक के रूप में नियुक्त या निरंतरता रखने से वंचित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है। इसे संलग्न कि या गया है। (प्रति संलग्न)

xiii. सीईओ / सीएफओ प्रमाणन

सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 17 (8) के संदर्भ में, वित्तीय विवरणों और वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक नियंत्रण पर सीईओ और सीएफओ द्वारा जारी अनुपालन प्रमाणपत्र निदेशक मंडल एवं निदेशक मंडलीय लेखापरीक्षा समिति के समक्ष रखा गया था।

2.3 निदेशक मंडल लेखा परीक्षा समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल द्वारा निर्दिष्ट निदेशक मंडल स्तरीय लेखा परीक्षा समिति (बीएलएसी) के विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के साथ-साथ सूचीबद्धता विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरुप हैं और निम्नानुसार हैं:

1. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी और इसकी वित्तीय जानकारी का प्रकटीकरण यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय है;
2. कंपनी के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक और नियुक्ति की शर्तों की अनुशंसाएं;
3. सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रदान की गई किसी अन्य सेवा के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों को भुगतान का अनुमोदन;
4. अनुमोदन के लिए निदेशक मंडल को प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ वार्षिक वित्तीय विवरणों और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा करना, विशेष रूप से निम्नलिखित के संदर्भ में:

i. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उप-धारा 3 के खंड (सी) के संदर्भ में निदेशक मंडल की रिपोर्ट में निदेशक के उत्तरदायित्व विवरण में शामिल किए जाने वाले आवश्यक मामले

ii. लेखांकन नीतियों और पद्धतियों में परिवर्तन, यदि कोई हो, और उसके कारण

iii. प्रबंधन द्वारा निर्णय के अभ्यास के आधार पर अनुमानों को शामिल करने वाली प्रमुख लेखांकन प्रविष्टियाँ;

iv. लेखापरीक्षा निष्कर्षों से उत्पन्न वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन;

v. वित्तीय विवरणों से संबंधित सूचीबद्धता और अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन;

vi. किसी भी संबंधित पक्ष द्वारा लेनदेन का प्रकटीकरण;

vii. लेखापरीक्षा मसौदा रिपोर्ट में योग्यताएं;

5.. अनुमोदन के लिए बोर्ड को प्रस्तुत करने से पहले, प्रबंधन के साथ तिमाही वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा करना;

6. प्रबंधन के साथ, किसी निर्गम (पब्लिक इश्यू, राइट इश्यू, अधिमान्य इश्यू आदि) के माध्यम से जुटाई गई निधियों के उपयोग/अनुप्रयोग का विवरण, प्रस्ताव दस्तावेज/ प्रॉस्पेक्टस/ नोटिस में उल्लिखित उद्देश्यों के अलावा अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग की गई निधियों का विवरण तथा सार्वजनिक या अधिकार निर्गम की आय के उपयोग की निगरानी करने वाली निगरानी एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की समीक्षा करना तथा इस मामले में कदम उठाने के लिए बोर्ड को उचित सिफारिशें करना;

7 लेखा परीक्षक की स्वतंत्रता और निष्पादन, तथा लेखा परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा और निगरानी करना;

8 संबंधित पक्षों के साथ कंपनी के लेन-देन का अनुमोदन या कोई बाद का संशोधन;

9. अंतर-कॉर्पोरेट ऋण और निवेश की जांच;
10. इस प्रावधान के लागू होने की तिथि से, होल्डिंग कंपनी द्वारा 100 करोड़ रुपए से अधिक या सहायक कंपनी की परिसम्पत्ति का 10% जो भी कम हो, में मौजूदा ऋण / अग्रिम / निवेश सहित मौजूदा ऋणों / अग्रिमों / निवेशों के उपयोग की समीक्षा करना;
11. कंपनी कारोबार या परिसंपत्तियों का मूल्यांकन, जहां भी आवश्यक हो;
12. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन;
13. प्रबंधन के साथ, वैधानिक और आंतरिक लेखा परीक्षकों के प्रदर्शन, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता की समीक्षा करना;
14. आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा करना, यदि कोई हो, जिसमें आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की स्टाफिंग और वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना कवरेज और आंतरिक लेखापरीक्षा की आवृत्ति शामिल है;
15. किसी महत्वपूर्ण निष्कर्ष पर आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई;
16. ऐसे मामलों में आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा की गई किसी भी आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करना, जहां धोखाधड़ी या अनियमितता या आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की भौतिक प्रकृति की विफलता का संदेह हो और मामले की रिपोर्ट बोर्ड को देना;
17. लेखापरीक्षा शुरु होने से पहले वैधानिक लेखापरीक्षकों के साथ लेखापरीक्षा की प्रकृति और दायरे के बारे में चर्चा, साथ ही लेखापरीक्षा के बाद की चर्चा ताकि चिंता के किसी भी क्षेत्र का पता लगाया जा सके;
18. जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न करने की स्थिति में) और लेनदारों को भुगतान में बड़े पैमाने पर चूक के कारणों की जांच करना;
19. व्हिसल ब्लोअर/विजिल तंत्र के कामकाज की समीक्षा करना;
20. आंतरिक लेखापरीक्षा/बोर्ड और/या भारत सरकार द्वारा बीएलएसी को भेजे गए लेखापरीक्षा अनुच्छेदों की समीक्षा करना तथा भेजे गए मुद्दों पर अपने सुझाव/ मार्गदर्शन/टिप्पणियां प्रदान करना;
21. आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों के बारे में समय-समय पर सांविधिक लेखा परीक्षकों/आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा;
22. सूचीबद्ध इकाई और उसके शेयरधारकों पर विलय, विभाजन, समामेलन आदि से संबंधित योजनाओं के औचित्य, लागत-लाभ और प्रभाव पर विचार करना और टिप्पणी करना;

23. जहां भी आवश्यक हो, उचित मामलों में बाहरी स्रोतों से पेशेवर सलाह लेना;
24. लेखापरीक्षा समिति निम्नलिखित जानकारी की भी समीक्षा करेगी:
i. वित्तीय स्थिति और परिचालन के परिणामों पर प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण;
ii. महत्वपूर्ण संबंधित पक्ष लेनदेन का विवरण;
iii. वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी प्रबंधन पत्र/आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों के पत्र; और
iv. आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों से संबंधित आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट;
25. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के तहत निर्धारित लेखा परीक्षा समिति के संदर्भ की शर्तों से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

लेखा परीक्षा समिति की संरचना लिस्टिंग विनियमों और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप है। लेखा परीक्षा समिति की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है। समिति के सदस्यों में वाणिज्य, वित्त, प्रशासन और शासन क्षेत्र में अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित व्यवसायी शामिल हैं।

समिति का अंतिम पुनर्गठन 29 मार्च, 2025 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / श्रीमती	समिति में पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
डॉ. के. शिवप्रसाद स्वतंत्र निदेशक (1 नवंबर, 2024 तक)	अध्यक्ष	4	4
रमेश पाटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (2 नवंबर, 2024 से)	-	-
	सदस्य (1 नवंबर, 2024 तक)	4	4
सुश्री आरती भटनागर, विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, अंशकालिक कर्मचारी निदेशक	सदस्य	4	4
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर (12 अप्रैल, 2024 तक) स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	-	-
अशोक आसेरी, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मार्च, 2025 से)	-	-

निदेशक (वित्त), निदेशक (आईएस एंड पी) और निदेशक (पावर) स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

आंतरिक लेखापरीक्षा प्रमुख और सांविधिक लेखापरीक्षक के प्रतिनिधि लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित हो सकते हैं। कंपनी के लेखापरीक्षकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर विचार करते समय अपनी बात रखने का अधिकार होगा, लेकिन उन्हें मतदान का अधिकार नहीं होगा।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की चार बैठकें 21 मई, 2024, 19 जुलाई, 2024, 31 जुलाई, 2024 और 28 अक्टूबर, 2024 को हुईं। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।

2.4 नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

i. पारिश्रमिक नीति

बीएचईएल एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के नाते, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा तय किया जाता है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति की शर्तों में बीएचईएल के नियमों के अनुसार कुछ भत्तों और लाभों का निर्धारण शामिल है।.

ii. विचारार्थ विषय

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और पूर्ववर्ती लिस्टिंग समझौते (अब लिस्टिंग विनियम) की आवश्यकताओं के अनुरुप, निदेशक मंडल ने 30 मार्च, 2015 से नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) का गठन किया। समिति के विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और लिस्टिंग विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। निदेशक मंडल ने 5 सितंबर, 2024 को हुई अपनी बैठक में (i) मानव संसाधन समिति के विचारार्थ विषयों को नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के विचारार्थ विषयों के साथ विलय करने और (ii) मानव संसाधन समिति को भंग करने को मंजूरी दी। तदनुसार, 5 सितंबर, 2024 से नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संशोधित विचारार्थ विषय निम्नानुसार हैं:

1. ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक बनने के लिए योग्य हैं और जिन्हें निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है और उनकी नियुक्ति और हटाने के लिए बोर्ड को सिफारिश करना और बोर्ड, इसकी समितियों और व्यक्तिगत निदेशकों के प्रदर्शन के प्रभावी मूल्यांकन के तरीके को निर्दिष्ट करना, जिसे या तो बोर्ड द्वारा, नामांकन और पारिश्रमिक समिति द्वारा या किसी स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा किया जाएगा और इसके कार्यान्वयन और अनुपालन की समीक्षा की जाएगी;
2. निदेशक की अर्हता, सकारात्मक विशेषताओं और स्वतंत्रता का निर्धारण करने के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशकों, प्रमुख निर्धारण करने के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों के पारिश्रमिक से संबंधित नीति की बोर्ड को सिफारिश करना
3. स्वतंत्र निदेशकों और निदेशक मंडल के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना;
4. निदेशक मंडल विविधता पर नीति तैयार करना
5. निदेशक मंडल को अपनी सहायक कंपनियों और अन्य सरकारी संगठनों के निदेशक मंडल में बीएचईएल अधिकारियों के नामांकन की सिफारिश करना,

जिन्हें भारी उद्योग मंत्रालय को आगे प्रस्तुत करने से पहले बीएचईएल के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।

6. विशिष्ट पारिश्रमिक पैकेज, पेंशन अधिकारों सहित पूर्णकालिक निदेशकों के लिए भत्ते और किसी भी मुआवजे के भुगतान पर कंपनी की नीति का निरीक्षण, जो भारत के राष्ट्रपति द्वारा तय नहीं किया गया है;
7. पूर्णकालिक निदेशकों के लिए कुछ विशेष सुविधाओं को मंजूरी देना जो बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। प्रमुख समूहों के अंतर्गत संक्षेपित व्यक्तिगत निदेशकों के पारिश्रमिक पैकेज के तत्वों की समीक्षा करना, जैसे प्रोत्साहन/लाभ, बोनस, स्टॉक विकल्प, पेंशन आदि;
8. भत्ते और हितलाभ तथा अन्य संबंधित मामलों पर नीतियों को अंतिम रूप देना, जो भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नहीं हैं, लेकिन बोर्ड की शक्तियों के अंतर्गत हैं;
9. निष्पादन मानदंडों के आधार पर निश्चित घटक और प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहनों का अनुमोदन;
10. गैर-कार्यकारी निदेशकों को भुगतान करने के मानदंडों को अंतिम रूप देना;
11. स्वतंत्र निदेशकों सहित गैर-कार्यकारी निदेशकों को भुगतान/अनुदानित की जाने वाली फीस/मुआवजा/स्टॉक विकल्प, यदि कोई हो, की सिफारिश निदेशक मंडल/शेयरधारकों को करना;
12. वरिष्ठ प्रबंधन को देय समस्त पारिश्रमिक, चाहे किसी भी रूप में हो, बोर्ड को अनुशंसित करना;
13. बोनस/परिवर्तनीय वेतन पूल और अधिकारियों एवं गैर-संघीकृत पर्यवेक्षकों के बीच इसके वितरण के लिए नीति तय करना;
14. कार्यपालकों की पदोन्नति और पुरस्कार/प्रोत्साहन के संबंध में वर्तमान नीतियों की समीक्षा;
15. बीएचईएल को परिवर्तित/उभरते कारोबारी माहौल के लिए तैयार करने हेतु नीतियों में अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के बदलावों का सुझाव देंना;
16. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के तहत निर्धारित एनआरसी के संदर्भ की शर्तों से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

एक सरकारी कंपनी होने के नाते, संस्था के अंतर्नियमों के अनुसार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। उनका कार्यकाल और पारिश्रमिक (स्वतंत्र निदेशकों के लिए बैठक शुल्क को छोड़कर) भी भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है। तदनुसार, स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों का मूल्यांकन भारत सरकार द्वारा किया जाता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने 5 जून, 2015 की अधिसूचना के माध्यम से सरकारी कंपनियों को धारा 178(2), (3) और (4) के प्रावधानों से छूट दी है, जिसके तहत निदेशकों की योग्यता, सकारात्मक विशेषताओं, स्वतंत्रता और वार्षिक मूल्यांकन के निर्धारण हेतु मानदंड तैयार करना और निदेशकों के पारिश्रमिक से संबंधित नीति बनाना आवश्यक है।

iii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

समिति का अंतिम पुनर्गठन 29 मार्च, 2025 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / श्रीमती	समिति में पद	बैठकों की सं.	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर (12 अप्रैल, 2024 तक)	अध्यक्ष	-	-
रमेश पाटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (13 अप्रैल, 2024 से)	2	2
विजय मित्तल, सं. निदे., एमएचआई, अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	2	1
डॉ. के. शिवप्रसाद स्वतंत्र निदेशक (1 नवंबर, 2024 तक)	सदस्य	2	2
अशोक आसेरी, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मार्च, 2025 से)	-	-

निदेशक (मानव संसाधन) स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

iv. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की दो बैठकें 9 जुलाई, 2024 और 29 अक्टूबर, 2024 को हुईं। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।

v. **वर्ष 2024-25 के दौरान कार्यकारी निदेशकों को किए गए भुगतान का विवरण नीचे दिया गया है**

(₹ में)

क्रम	निदेशक का नाम श्री/श्रीमती	वेतन	हितलाभ	अन्य लाभ	प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन	कुल	सेवा अनुबंध/ नोटिस अवधि विच्छेद शुल्क
1.	के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	47,29,169	13,00,574	4,48,086	91,951	65,69,779	----
2.	जय प्रकाश श्रीवास्तव (ई, आर एंड डी) (31दिसंबर, 2024 तक)	65,35,948	9,70,754	4,53,306	1,39,570	80,99,578	----
3.	कृष्ण कुमार ठाकुर, निदेशक (मा.सं)	40,19,295	10,47,577	3,59,232	19,715	54,45,820	रोटेशन के आधार पर सेवानिवृत्त होने के अधीन
4.	तजिंदर गुप्ता, निदेशक (पॉवर)	53,97,573	12,49,584	32,400	17,779	66,97,336	रोटेशन के आधार पर सेवानिवृत्त होने के अधीन
5.	सुश्री बानी वर्मा, निदेशक (आईएसएंडपी)	56,27,959	13,02,922	32,400	92,974	70,56,255	रोटेशन के आधार पर सेवानिवृत्त होने के अधीन
6.	राजेश कुमार द्विवेदी, निदेशक (वित्त) (जून 19, 2024 से प्रभावी)	34,58,593	9,50,766	3,79,616	72,445	48,61,420	रोटेशन के आधार पर सेवानिवृत्त होने के अधीन

vi. **वर्ष 2024-25 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को किए गए भुगतान का विवरण नीचे दिया गया है:**

(₹ में)

स्वतंत्र निदेशक का नाम श्री / सुश्री	साइटिंग फीस		कुल
	बोर्ड बैठक	समिति की बैठक	
डॉ. के. शि वप्रसाद,	2,40,000	2,60,000	5,00,000
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर	-	-	-
रमेश पटल्या मावस्कर	3,00,000	3,80,000	6,80,000
अशोक असेरी	-	-	-
आशीष चतुर्वेदी	-	-	-

गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) निदेशकों के पारिश्रमिक के मानदंड:

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, स्वतंत्र निदेशकों को प्रत्येक बोर्ड बैठक के लिए ₹30,000/- और बोर्ड स्तरीय समिति की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए ₹20,000/- की दर से बैठक शुल्क मिलेगा। स्वतंत्र निदेशक स्टॉक विकल्प के हकदार नहीं हैं।

इसके अलावा, सरकार द्वारा नामित निदेशकों को बीएचईएल से कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है।

गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) निदेशकों का कंपनी के साथ कोई अन्य वित्तीय लेन-देन नहीं था।

vii. **निदेशकों द्वारा धारित इक्विटी शेयर**

31 मार्च 2025 तक किसी भी निदेशक के पास बीएचईएल में कोई इक्विटी शेयर नहीं था।

कंपनी ने वर्ष 2024-25 के दौरान कोई स्टॉक विकल्प जारी नहीं किया है।

2.5 शेयरधारक समितियां

2.5.1 हितधारक संबंध समिति

i. **संदर्भ की शर्तें**

निदेशक मंडल ने 12 मई, 2014 को कंपनी अधिनियम, 2013 और पूर्ववर्ती सूचीबद्धता समझौते (अब सूचीबद्ध विनियम) की आवश्यकताओं के अनुरूप, शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत निवारण समिति को हितधारक संबंध समिति (एसआरसी) के रूप में पुनर्गठित किया। समिति के कार्यक्षेत्र कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और लिस्टिंग विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरुप हैं और निम्नलिखित हैं:

1. कंपनी के सुरक्षा धारकों की शिकायतों का समाधान, जिसमें शेयरों के हस्तांतरण/प्रेषण, वार्षिक रिपोर्ट की प्राप्ति न होना, घोषित लाभांश की प्राप्ति न होना, नए/डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करना, आम बैठकें आदि से संबंधित शिकायतें शामिल हैं;
2. शेयरधारकों द्वारा मताधिकार के प्रभावी प्रयोग के लिए उठाए गए उपायों की समीक्षा करना;
3. रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में कंपनी द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के अनुपालन की समीक्षा करना;
4. दावा न किए गए लाभांश की मात्रा को कम करने और कंपनी के शेयरधारकों द्वारा लाभांश वारंट / वार्षिक रिपोर्ट / वैधानिक नोटिस की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा करना;
5. शेयरधारकों, डिबेंचर धारकों और अन्य सुरक्षा धारकों के हितों के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देना;
6. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के तहत निर्धारित समिति के संदर्भ की शर्तों से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

समिति का अंतिम पुनर्गठन 29 मार्च, 2025 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / सुश्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थिति
डॉ. के. शिवप्रसाद, स्वतंत्र निदेशक (1 नवंबर,2024 तक)	अध्यक्ष	3	3
रमेश पटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक,	अध्यक्ष (2 नवंबर, 2024 से प्रभावी और 28 मार्च, 2025 तक)	1	1
	सदस्य (1 नवंबर, 2024 तक) (29 मार्च, 2025 से प्रभावी)	3	3
अशोक असेरी, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (29 मार्च, 2025 से प्रभावी)	-	-
निदेशक (मा.सं)	सदस्य (2 नवंबर, 2024 से प्रभावी)	1	1
निदेशक (आई एस एंड पी)	सदस्य	4	4

मुख्य निवेशक संपर्क अधिकारी (सीआईआरओ) स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

कंपनी सचिव सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार अनुपालन अधिकारी है।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की चार बैठकें 21 मई, 2024, 31 जुलाई, 2024, 28 अक्टूबर, 2024 और 27 जनवरी, 2025 को हुईं। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति / का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।

iv. शेयरधारकों की शिकायतों का विवरण

मेसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (आरटीए) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शेयरधारकों से 2 शिकायतें प्राप्त हुई और 31 मार्च, 2025 तक सभी शिकायतों का निवारण कर दिया गया। रिपोर्टाधीन अवधि के अंत में कोई शिकायत लंबित नहीं थी।.

2.5.2 शेयर अंतरण समिति

निदेशक मंडल द्वारा शेयर अंतरण समिति का गठन 25 मार्च , 1992 को किया गया। बाद में, निदेशक मंडल ने 1 अगस्त, 2014 से समिति के विचारार्थ विषयों को पुनरीक्षित किया। शेयर अंतरण समिति शेयरों के भौतिक अंतरण, उप-विभाजन, समेकन और शेयर प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति जारी किए जाने से संबंधित मुद्दों पर विचार करती है और अनुमोदन प्रदान करती है। अंतिम बार शेयर अंतरण समिति का पुनर्गठन 2 सितंबर, 2023 को किया गया था, जिसमें निदेशक (ई, आर एंड डी) को अध्यक्ष के रूप में और निदेशक (मा.सं.) और निदेशक (आईएसएंडपी) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

2024-25 के दौरान बैठकें

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शेयर हस्तांतरण समिति की छह बैठकें 31.07.2024, 18.10.2024, 05.11.2024, 08.01.2025, 12.03.2025 और 27.03.2025 को हुईं। शेयर हस्तांतरण समिति की बैठकों के कार्यवृत्त समय-समय पर निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं।

2.6 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए निदेशक मंडल स्तरीय समिति

i. विचारार्थ विषय

सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार, निदेशक मंडल ने सीएसआर गतिविधियों की उचित और आवधिक निगरानी के लिए 25 नवंबर, 2010 को सीएसआर के लिए निदेशक मंडल स्तरीय शीर्ष समिति का गठन किया। समिति को वर्तमान में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए निदेशक मंडल स्तरीय समिति के रूप में नामित किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुरुप, समिति के विचारार्थ विषय इस प्रकार हैं:

1. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति का निर्माण एवं निदेशक मंडल को संस्तुत करना जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में निर्दिष्ट क्षेत्रों अथवा विषयों से संबंधित गतिविधियों को शामिल किया जाता है
2. खंड (1) में निर्दिष्ट परियोजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों पर किए जाने वाले व्यय की राशि की सिफारिश;
3. समय-समय पर कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों की निगरानी करना;
4. भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास पर दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

समिति का अंतिम पुनर्गठन 2 नवंबर, 2024 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / सुश्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उनके कार्यकाल में आयोजित
डॉ. के. शिवप्रसाद, स्वतंत्र निदेशक (1 नवंबर, 2024 तक)	अध्यक्ष	2	2
रमेश पटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (2 नवंबर, 2024 से प्रभावी और 28 मार्च, 2025 तक)	1	1
निदेशक (मा.सं)	सदस्य	3	3
निदेशक (वित्त)#	सदस्य	3	2

#21 मई, 2024 को आयोजित बैठक के दौरान, सीएमडी निदेशक (वित्त) के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

कॉर्पोरेट कार्यालय के प्रमुख (सीएसआर) स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की तीन बैठकें 21 मई, 2024, 28 अक्टूबर, 2024 और 10 मार्च, 2025 को हुईं। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।

2.7 मानव संसाधन समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल ने 31 मई, 2006 को विशेष रूप से निम्नलिखित मामलों पर विचार करने के लिए मानव संसाधन समिति का गठन किया :

a. कार्यपालकों की पदोन्नति और पुरस्कार/प्रोत्साहन के संबंध में वर्तमान नीतियों की समीक्षा।

b. बीएचईएल को परिवर्तित/उभरते कारोबारी माहौल के लिए तैयार करने हेतु नीतियों में अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के बदलावों का सुझाव देना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

समिति का अंतिम पुनर्गठन 13 अप्रैल, 2024 को किया गया था। 5 सितंबर, 2024 को हुई अपनी बैठक में बोर्ड ने निम्नलिखित को मंज़ूरी दी (i) मानव संसाधन समिति के कार्यक्षेत्र को नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के कार्यक्षेत्र में विलय करना और (ii) मानव संसाधन समिति को भंग करना। वर्ष के दौरान (इसके विघटन तक) समिति की संरचना में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / सुश्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उनके कार्यकाल में आयोजित
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक (12April, 2024 तक)	अध्यक्ष	-	-
रमेश पटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक,	अध्यक्ष (13 अप्रैल, 2024 से प्रभावी)	1	1
	सदस्य (12 अप्रैल, 2024 तक)	-	-
निदेशक (आईएस एंड पी)	सदस्य	1	1
निदेशक (ई, आर एंड डी)	सदस्य	1	1
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य	1	1

कॉर्पोरेट कार्यालय के प्रमुख (मानव संसाधन) स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की एक बैठक 4 सितंबर, 2024 को हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।

2.8 स्वतंत्र निदेशकों की समिति

i. विचारार्थ विषय

सीपीएसई के लिए गैर-आधिकारिक निदेशकों की आदर्श भूमिका और जिम्मेदारियों पर डीपीई के 28 दिसंबर, 2012 के कार्यालय ज्ञापन के अनुरूप, बोर्ड ने स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति गठित की, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV और लिस्टिंग विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरूप भी है।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

वर्ष के दौरान समिति की संरचना में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / सुश्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उनके कार्यकाल में आयोजित
डॉ. के. शिवप्रसाद (1 नवंबर 2024 तक)	अध्यक्ष एवं प्रमुख स्वतंत्र निदेशक	1	1
रमेश पटल्या मावस्कर	प्रमुख स्वतंत्र निदेशक (2 नवंबर, 2024 से प्रभावी)	-	-
	सदस्य (1 नवंबर, 2024 तक)	1	1
डॉ.लेखाश्री सामंतसिंघर (12 अप्रैल, 2024 तक)	सदस्य	-	-
अशोक असेरी (29 मार्च 2025 से)	सदस्य	-	-
आशीष चतुर्वेदी (29 मार्च, 2025 से)	सदस्य	-	-

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की एक बैठक 5 सितंबर, 2024 को हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।

2.9 बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति

i. विचारार्थ विषय

पूर्ववर्ती सूचीबद्धता समझौते (अब सेबी सूचीबद्धता विनियम) के अनुरुप, निदेशक मंडल ने 14 नवंबर, 2014 को निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया। निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति के विचारार्थ विषय सूचीबद्ध विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरुप हैं और निम्नानुसार है:

1. व्यापक जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करना जिसमें निम्नलिखित विषय शामिल होंगे (क) विशेष रुप से वित्तीय, परिचालन, क्षेत्रीय, स्थिरता (विशेष रुप से ईएसजी से संबंधित जोखिम), सूचना, साइबर सुरक्षा जोखिम या समिति द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य जोखिम सहित सूचीबद्ध इकाई द्वारा सामना किए जाने वाले आंतरिक और बाहरी जोखिमों की पहचान के लिए एक प्रारुप, (ख) पहचाने गए जोखिमों के आंतरिक नियंत्रण के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं सहित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय, (ग) व्यवसाय निरंतरता योजना;
2. कंपनी के व्यवसाय से जुड़े जोखिमों की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए उपयुक्त कार्य प्रणाली, प्रक्रियाएं और प्रणालियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना;
3. जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन की निगरानी और देखरेख करना, जिसमें जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की उपर्युक्तता का मूल्यांकन करना शामिल है;
4. जोखिम प्रबंधन नीति की समय-समय पर समीक्षा करना, कम से कम दो वर्षों में एक बार, जिसमें उद्योग की बदलती गतिशीलता और विकसित जटिलता पर विचार करना शामिल है;
5. निदेशक मंडल को अपनी चर्चाओं, सिफारिशों और की जाने वाली कार्रवाइयों की प्रकृति और विषय-वस्तु के बारे में सूचित रखना;
6. मुख्य जोखिम अधिकारी (यदि कोई हो) की नियुक्ति, निष्कासन और पारिश्रमिक की शर्तें जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा समीक्षा के अधीन होंगी;
7. किसी भी कर्मचारी से जानकारी प्राप्त करना, बाहरी कानूनी या अन्य पेशेवर सलाह प्राप्त करना और प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना;
8. निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित रुपरेखा के अनुसार, अन्य समितियों के साथ अपनी गतिविधियों का समन्वय करना, जहां ऐसी समितियों की गतिविधियों के साथ कोई ओवरलैप हो;
9. कंपनी अधिनियम, सेबी विनियमों और अन्य वैधानिक विनियमों के तहत निर्धारित समिति के संदर्भ की शर्तों से संबंधित कोई अन्य कार्य करना।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

समिति का अंतिम पुनर्गठन 29 मार्च, 2025 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / सुश्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
सुश्री आरती भटनागर, एसएस एवं एफए, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, अंशकालिक आधिकारिक निदेशक	अध्यक्ष	2	1#
डॉ. के. शिवप्रसाद, स्वतंत्र निदेशक (1 नवंबर 2024 तक)	सदस्य	1	1
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक (12 अप्रैल, 2024 तक)	सदस्य	-	-
रमेश पटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (2 नवंबर, 2024 से प्रभावी और 28 मार्च, 2025 तक)	1	1#

निदेशक का नाम श्री / सुश्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
आशीष चतुर्वेदी, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मार्च, 2025 से)	-	-
निदेशक (ई, आर एंड डी) #	सदस्य	2	1
निदेशक (मा.सं.)	सदस्य	2	2
निदेशक (पॉवर)	सदस्य	2	2
निदेशक (आईएस एंड पी) #	सदस्य	2	2
निदेशक (वित्त)	सदस्य	2	2
अध्यक्ष, जोखिम प्रबंधन संचालन समिति	सदस्य	2	2
प्रमुख जोखिम अधिकारी	सदस्य एवं संयोजक	2	2

#27 जनवरी, 2025 को आयोजित बैठक के दौरान, श्री रमेश पटल्या मावस्कर को सुश्री आरती भटनागर के स्थान पर बैठक का अध्यक्ष चुना गया, जिन्हें अवकाश प्रदान किया गया था। इसके अतिरिक्त, निदेशक (आईएस एंड पी) निदेशक (ई, आर एंड डी) के पद का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे।)

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की दो बैठकें 23 जुलाई, 2024 और 27 जनवरी, 2025 को हुईं। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।

2.10 निदेशक मंडल स्तरीय परियोजना समीक्षा समिति

i. विचारार्थ विषय

निदेशक मंडल स्तरीय परियोजना समीक्षा समिति के विचारार्थ विषय निम्नानुसार हैं:

a) समिति 500 करोड़ रुपये और उससे अधिक के संविदा मूल्य वाली सभी परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करेगी;

b) समिति देनदारों की आवधिक स्थिति की समीक्षा करेगी

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

समिति का अंतिम पुनर्गठन 29 मार्च, 2025 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / सुश्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
विजय मित्तल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय, अंशकालिक सरकारी निदेशक	अध्यक्ष	1	1
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक (12 अप्रैल, 2024 तक)	सदस्य	-	-
रमेश पटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य	1	1
आशीष चतुर्वेदी, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य (29 मार्च, 2025 से)	-	-
निदेशक (पॉवर)	सदस्य	1	1
निदेशक (आईएस एंड पी) #	सदस्य	1	1

प्रमुख (पीएस-प्रोजेक्ट मैनेजमेंट) और प्रमुख (प्राप्य प्रबंधन) संबंधित कार्यसूची के लिए समिति के संयोजक हैं। निदेशक (वित्त) को समिति की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है। व्यवसायिक क्षेत्रों के प्रमुखों को आवश्यकतानुसार आमंत्रित किया जाता है। कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की एक बैठक 14 नवंबर, 2024 को हुई। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।

2.11 मध्यस्थता एवं प्रमुख कानूनी विवाद और वैकल्पिक विवाद समाधान समिति

i. विचारार्थ विषय

समिति के विचारार्थ विषय मध्यस्थता मामलों के साथ-साथ प्रमुख कानूनी विवादों की समीक्षा करना, तत्पश्चात बोर्ड को तदनुसार अवगत कराना तथा बीएचईएल समझौता योजना, 2018 के अंतर्गत मसौदा निपटान समझौते को स्वीकार/अस्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में कार्य करना है।

ii. समिति की संरचना, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

समिति का पिछला पुनर्गठन 29 मार्च, 2025 को किया गया था। वर्ष के दौरान समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे:

निदेशक का नाम श्री / सुश्री	पद	बैठकों की संख्या	
		उनके कार्यकाल में आयोजित	उपस्थित
डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर, स्वतंत्र निदेशक (12 अप्रैल, 2024 तक)	अध्यक्ष	-	-
रमेश पटल्या मावस्कर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (13 अप्रैल, 2024 से प्रभावी और 28 मार्च, 2025 तक)	4	4
	सदस्य (12 अप्रैल, 2024 तक)	-	-
आशीष चतुर्वेदी, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (29 मार्च, 2025 से प्रभावी)	-	-
विजय मित्तल, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय, अंशकालिक निदेशक	सदस्य	4	3
निदेशक (आईएस एंड पी)	सदस्य	4	3
निदेशक (पॉवर)	सदस्य	4	4
निदेशक (मा.सं)	सदस्य	4	4

प्रमुख-विधि , कॉर्पोरेट कार्यालय समिति के संयोजक हैं और समिति द्वारा समीक्षा के लिए आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करते हैं।

iii. बैठकें और उपस्थिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की चार बैठकें 21 मई, 2024, 5 सितंबर, 2024, 29 नवंबर, 2024 और 28 जनवरी, 2025 को हुईं। प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति का विवरण ऊपर दी गई तालिका में दिया गया है।.

2.12 वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों का विवरण, जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद से उनमें हुए परिवर्तन शामिल हैं

सेबी लिस्टिंग विनियमन, 2015 के विनियमन 16 (1) (डी) के प्रयोजन के लिए 31 मार्च, 2025 तक बीएचईएल में वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक में निम्नलिखित कर्मचारी शामिल हैं:

नाम (श्रीमती/श्री)	नाम (श्रीमती /श्री)
राजेश कोहली	अरुमोय मुखर्जी*
पंकज रस्तोगी	जगत सिंह*
राजेश प्रताप सिंह सिसोदिया	विनोद जैकब सैम*
के भरणीधर राजा	अजय कुमार वर्मा*
चावली वेंकट राव	राकेश कुमार चौखानी
एस प्रभाकर	अरुणा गुलाटी
एस एम रामनाथन	रविंदर एच टेकचंदानी
एम अरुणमौली देवन	राजेश शर्मा
वाई श्रीनिवास राव	यतींद्र मोहन
प्रवीण किशोर	संजीव श्रीवास्तव
संजीव कुमार रॉय	रिज़वान फैजल सिद्दकी
संजय दयाराम गोस्वामी	अभिषेक श्रीवास्तव
जितेंद्र दास	पार्थसारथी दास
आलोक कुमार सिंघल	सुनील दिवाकर
विनय कुमार बस्सी	एन रमेश कुमार
बेतापुडी श्याम बाबू	कुल भूषण अग्रवाल
के अशोक	स्वपन कुमार भट्टाचार्य
संजय गोयल	संदीप कटारिया
राजीव सिंह	राजीव जैन
राकेश सिंह*	वी के सिंह
गुम्मल्ला सुब्रह्मण्यम *	रंजन कुमार
एम श्रीधर*	डॉ. योगेश आर छाबड़ा
सिबाप्रसाद गंगोपाध्याय *	

*6 जनवरी, 2025 को कंपनी के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया

2.13 कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक जो वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सेवानिवृत्त हुए, निम्नानुसार हैं::

क्रम	नाम (श्रीमती/ श्री)	सेवानिवृत्ति की तिथि
1	अखिल मेहरोत्रा	24 अप्रैल, 2024
2	ईसादोर मरियाप्रोन	24 मई, 2024
3	वी जे राजासुंदर	24 जून, 2024
4	के रविशंकर	24 अगस्त, 2024
5	अनिल जैन	24 सितंबर, 2024
6	एस जितेंदर रेड्डी	24 नवंबर, 2024
7	राहुल बंसल	24 जनवरी, 2025
8	विनय निगम	24 जनवरी, 2025
9	टी एस मुरली	24 फरवरी, 2025
10	नवीन सक्सेना	24 फरवरी, 2025

मामले की समाप्ति

क्रम	नाम (श्रीमती/ श्री)	सेवानिवृत्ति की तिथि
11	राजीव कुमार गुप्ता*	10 अक्तूबर, 2024

*BEML में बोर्ड स्तर का पद संभाला

श्री राजेश कुमार द्विवेदी, निदेशक (वित्त) को 19 जून, 2024 से कंपनी का मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया गया है। श्री के. सदाशिव मूर्ति, सीएमडी के स्थान पर नियुक्त होंगे। जिन्हें पहले 25 अप्रैल, 2024 से सीएफओ नियुक्त किया गया था।

2.14 सामान्य बैठकें

i. पिछली तीन वार्षिक सामान्य बैठकों का स्थान और समय:

वर्ष	स्थान	दिनांक	समय
वित्तीय वर्ष 2021-22 (58वीं एजीएम)	बैठकें कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गईं।	29 सितंबर, 2022	10.00 a.m.
वित्तीय वर्ष 2022-23 (59वीं एजीएम)		24 अगस्त, 2023	10.00 a.m.
वित्तीय वर्ष 2023-24 (60वीं एजीएम)		22 अगस्त, 2024	10.00 a.m.

ii. पिछली तीन वार्षिक सामान्य बैठकों में पारित विशेष प्रस्तावों का विवरण

सेबी सूचीबद्ध विनियम के विनियम 25(2ए) के प्रावधानों के अनुरूप, 29 सितंबर, 2022 को आयोजित 58वीं वार्षिक सामान्य बैठक में डॉ. राज के. अग्रवाल, डॉ. के. शिवप्रसाद और डॉ. लेखाश्री सामंतसिंघर को स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने तथा उसके बाद 24 अगस्त, 2023 को आयोजित 59वीं वार्षिक सामान्य बैठक में श्री रमेश पटल्या को कंपनी का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किए गए।

iii. पोस्टल बैलट (डाक मतपत्र)

पिछले वर्ष डाक मतपत्र के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव पारित नहीं किया गया था। वर्तमान में वित्तवर्ष 2025-26 के दौरान डाक मतपत्र के माध्यम से कोई विशेष प्रस्ताव पारित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

2.15 प्रकटीकरण

i. कंपनी के हितों के विरुद्ध होने की संभावना वाले संबद्ध पक्ष के साथ वास्तविक रूप से महत्त्वपूर्ण लेन-देन का प्रकटीकरण

कंपनी ने किसी भी ऐसे प्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध पक्ष के साथ लेनदेन (RPT) नहीं किया है जिसका कंपनी के हितों पर बड़े पैमाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय विवरण 2024-25 के नोट्स में संबंधित पक्षों के साथ लेनदेन का खुलासा किया गया है।

सामग्री सहायक कंपनियों का निर्धारण करने वाली कंपनी की नीति और संबंधित पार्टी लेन-देन से संबंधित नीति इस लिंक पर उपलब्ध है

https://www.bhel.com/sites/default/files/Policy%20on%20RPTs%2C%20Materiality%20of%20RPTs%20and%20Material%20Subsidiaries.pdf

ii. पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित कंपनी पर लगाए गए गैर-अनुपालन, दंड और प्रतिबंध

पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले में कंपनी द्वारा गैर-अनुपालन का कोई मामला सामने नहीं आया और पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले में स्टॉक एक्सचेंजों/सेबी या किसी अन्य वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी पर कोई दंड/ सख्ती लागू नहीं की गई।.

हालांकि, कंपनी को एनएसई तथा बीएसई से निदेशक मंडल की संरचना में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निर्धारित न्यूनतम संख्या से कम होने के संबंध में सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 17(1) के प्रावधान का अनुपालन न होने पर जुर्माना लगाने हेतु नोटिस प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, चूंकि बोर्ड में 02.11.2024 से केवल एक स्वतंत्र निदेशक शामिल था, जिसके परिणामस्वरुप सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम 18 और 19 के कुछ खंडों की आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं हुआ, जो क्रमशः लेखा परीक्षा समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संरचना से संबंधित थे, स्टॉक एक्सचेंजों ने 31.12.2024 और 31.03.2025 को समाप्त तिमाही के लिए नोटिस भेजा और इन गैर-अनुपालन के लिए जुर्माना भी लगाया। नोटिस के जवाब में, कंपनी ने एक्सचेंजों को स्पष्ट किया कि स्वतंत्र निदेशकों की संख्या में कमी कंपनी की किसी लापरवाही/चूक के कारण नहीं थी, क्योंकि नियुक्ति उसके नियंत्रण में नहीं है। इसके मद्देनजर, कंपनी ने समय-समय पर एक्सचेंजों से उनकी अलग-अलग (कार्वे-आउट) नीतियों के तहत जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया है, और इन प्रस्तुतियों के अनुसरण में दोनों एक्सचेंजों ने सूचित किया है कि 31.12.2021 तक की तिमाहियों के लिए लगाए गए जुर्माने को माफ करने के बीएचईएल के अनुरोध को मंजूरी दे दी गई है।. स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला भारत सरकार के पास प्रक्रियाधीन है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी को एनएसई और बीएसई से भी नोटिस प्राप्त हुए, जिसमें जनवरी, 2021 में कोविड के दौरान वाणिज्यिक पत्र के मोचन दायित्व के बारे में सूचना दाखिल करने में देरी के संबंध में सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम 57(1) का अनुपालन न करने पर जुर्माना लगाया गया था। कोविड के असाधारण समय को देखते हुए जुर्माने से छूट की मांग करने वाली कंपनी के अभ्यावेदन के आधार पर, स्टॉक एक्सचेंजों ने लगाया गया जुर्माना माफ कर दिया।

iii. सतर्कता तंत्र/व्हिसल ब्लोअर नीति

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों, सूचीबद्ध कंपनियों और स्टॉक एक्सचेंजों के बीच पूर्ववर्ती लिस्टिंग समझौते और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के अनुसरण में, व्हिसल ब्लोअर नीति को निदेशक मंडल द्वारा 12 अगस्त, 2014 को आयोजित अपनी 464वीं बैठक में विधिवत अनुमोदित किया गया था। यह नीति मौजूदा सूचीबद्ध विनियमों के अनुरुप भी है। इसके बाद, सभी कर्मचारियों के सूचनार्थ एक परिपत्र जारी किया गया जिसमें व्हिसल ब्लोअर नीति को अधिसूचित किया गया और सक्षम प्राधिकारी और अध्यक्ष, लेखा परीक्षा समिति के संपर्क विवरण को सूचित किया गया।

व्यापक प्रचार के लिए व्हिसल ब्लोअर नीति की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट(www.bhel.com) पर भी उपलब्ध है। सक्षम प्राधिकारी और अध्यक्ष लेखापरीक्षा समिति के पते, संपर्क नंबर और ईमेल पते में परिवर्तन समय-समय पर अधिसूचित किए जा रहे हैं।

व्हिसल ब्लोअर के तहत प्राप्त शिकायतों का कंपनी की व्हिसल ब्लोअर नीति के प्रावधानों के अनुसार निवारण किया जा रहा है। सभी कर्मचारियों को शिकायत करने के लिए नीति के तहत प्रदान की गई व्यवस्था तक पहुँच प्राप्त है।

iv. कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों की आवश्यकताओं का अनुपालन, अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन और सूचीबद्ध विनियमों की गैर-अनिवार्य कॉर्पोरेट प्रशासन आवश्यकताओं को अपनाना

सीपीएसई और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं), 2015 के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन पर डीपीई दिशानिर्देशों की सभी अनिवार्य आवश्यकताओं का कंपनी द्वारा 31 मार्च, 2025 तक विधिवत अनुपालन किया गया है, सिवाय अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के। सूचीबद्धता विनियमों के अंतर्गत गैर अनिवार्य अपेक्षाओं के संबंध में, बीएचईएल पहले से ही असंशोधित लेखा परीक्षा राय के साथ वित्तीय विवरणों की व्यवस्था में है। बीएचईएल ने शेयरधारकों को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा भी भेजी है, जिसमें महत्वपूर्ण घटनाओं का सारांश भी शामिल है।

लेखा पुस्तकों में ऐसे किसी भी व्यय को डेबिट नहीं किया गया है जो व्यवसाय के उद्देश्य से न हो और ऐसे किसी भी व्यय को लेखा में नहीं रखा गया है जो व्यक्तिगत प्रकृति का हो और निदेशक मंडल एवं शीर्ष प्रबंधन के लिए किया गया हो। अन्य व्यय (प्रशासनिक और अन्य विविध व्ययों सहित) कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में वर्ष 2024-25 के लिए 6.46% हैं।.

v. राष्ट्रपति के निदेश

पिछले तीन वर्षों अर्थात वित्त वर्ष 2022-23, वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कोई राष्ट्रपति निर्देश प्राप्त नहीं हुए।

vi. जोखिम प्रबंधन

सेबी विनियमन, 2015 और उसके संशोधनों तथा सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट अभिशासन पर डीपीई दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, बीएचईएल के निदेशक मंडल के सदस्यों को जोखिम मूल्यांकन, न्यूनीकरण और शमन के बारे में सूचित करने के लिए प्रक्रियाओं को निर्धारित करने के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन और चार्टर नीति स्थापित की है। चार्टर का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य कंपनी भर में एक सुनियोजित और व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली को लागू करना है जो यह सुनिश्चित करता है कि जोखिमों की उचित पहचान की जा चुकी है और इसे प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जारहा है। जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया में जोखिम पहचान, जोखिम निर्धारण, जोखिम मूल्यांकन, जोखिम शमन और नियमित समीक्षा और निगरानी शामिल है। विवरण 'जोखिम और मुद्दे' के खंड 1.11 में हैं।

vii. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण की जानकारी बोर्ड की रिपोर्ट का हिस्सा है और यह धारा 1.8.5.2 'कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा' के अनुलग्नक-I के रूप में उपलब्ध है।

viii. विनियमन 32(7ए) के तहत निर्दिष्ट अधिमान आबंटन या योग्य संस्थानों की नियुक्ति के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग

शून्य

ix. सूचीबद्ध इकाई और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा सांविधिक लेखा परीक्षक और नेटवर्क फर्म /नेटवर्क इकाई, जिसका सांविधिक लेखा परीक्षक एक हिस्सा है, में सभी सस्थांओं को समेकित आधार पर भुगतान की गई सेवाओं के लिए कुल शुल्क

सांविधिक लेखा परीक्षकों और शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए भुगतान किए गए कुल शुल्क का उल्लेख वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में किया गया है। 31.03.2025 तक कंपनी की कोई सहायक कंपनी नहीं है। संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवी) के लेखा परीक्षकों को उनके द्वारा अलग से नियुक्ति जाता है और वे वही लेखा परीक्षक नहीं होते जो बीएचईएल के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण कर रहे हों।

x. उन फर्मों/कंपनियों को ऋण और अग्रिम जिनमें निदेशक हितबद्ध हैं

शून्य

xi. सूचीबद्ध इकाई की वास्तविक सहायक कंपनियों और उनके वैधानिक लेखा परीक्षकों का विवरण

लागू नहीं

xii. कॉर्पोरेट अभिशासन पर अनुपालन प्रमाणपत्र

कॉर्पोरेट अभिशासन पर अनुपालन प्रमाण-पत्र संलग्न है।

2.16 संचार माध्यम

सूचीयन विनियमों के अनुसार, कंपनी उन निदेशक मंडल की बैठकों की अग्रिम सूचना स्टॉक एक्सचेंजों को जारी करती है जिनमें अलेखापरीक्षित/लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार किया जाना होता है। इसके अतिरिक्त, उक्त परिणामों को रिकॉर्ड में लिए जाने/अनुमोदित किए जाने के बाद, वैधानिक समय-सीमा के भीतर स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाता है। ये अनुमोदित वित्तीय परिणाम बोर्ड बैठक के समापन के 48 घंटे के भीतर पूरे भारत में या लगभग पूरे भारत में प्रसारित होने वाले कम से कम एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में और उस क्षेत्र की भाषा में प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाते हैं, जहां कंपनी का पंजीकृत कार्यालय स्थित है और कंपनी की वेबसाइट **(www.bhel.com)** पर भी अपलोड किए जाते हैं। शेयरधारकों से संबंधित अन्य जानकारी जैसे निदेशक पद में परिवर्तन, अवैतनिक लाभांश का विवरण, वार्षिक रिपोर्ट आदि भी कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है।

प्रमुख ऑर्डरों की प्राप्ति, प्रमुख परियोजनाओं का प्रारंभ, महत्वपूर्ण सहयोग, अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां आदि जैसे महत्वपूर्ण क्रियाकलापों सहित आधिकारिक समाचार विज्ञाप्तियां स्टॉक एक्सचेंजों को भेजी जाती हैं और साथ ही कंपनी की वेबसाइट पर भी पोस्ट की जाती हैं। तिमाही वित्तीय परिणाम घोषणा के बाद विस्तृत परिणाम दस्तावेज और पूरक जानकारी/प्रस्तुतियां स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों के साथ-साथ कंपनी की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाती हैं। इसके अलावा, बीएचईएल वर्चुअल बैठकों, सीधी बातचीत और निवेशक सम्मेलनों के माध्यम से निवेशकों से जुड़ता है। कंपनी के बारे में जानकारी, नवीनतम अपडेट और घोषणा बीएचईएल कॉर्पोरेट वेबसाइट **(www.bhel.com)** पर 'निवेशक संबंध' सेक्शन के अंतर्गत देखी जा सकती है।

सेबी लिस्टिंग विनियमन के विनियम 46 के अनुपालन में, कंपनी अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रसारित करती है, जिसमें अन्य बातों के अलावा, निदेशक मंडल की विभिन्न समितियों की संरचना, आचार संहिता, आरपीटी से निपटने की नीति, निवेशक शिकायतों आदि को सहायता और निपटाने के लिए जिम्मेदार कंपनी के नामित अधिकारियों की संपर्क जानकारी आदि शामिल है। सेबी लिस्टिंग विनियमन की अनुसूची III के भाग ए के पैराग्राफ ए के खंड 5 ए के अनुसार किसी भी समझौते से संबंधित प्रकटीकरण की कोई आवश्यकता नहीं थी।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की "हरित पहल" के अनुसरण में, कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक आम बैठक बुलाने की सूचना उन शेयरधारकों को ईमेल के माध्यम से भेजती है, जिन्होंने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/आरटीए के साथ अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत की है और वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड कॉपी का विकल्प नहीं चुना है। इस पहल की निरंतर सफलता के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपनी ईमेल आईडी अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/आरटीए के साथ पंजीकृत करें।

2.17 सामान्य शेयरधारक सूचना

	एजीएम तिथि	समय	स्थान
विदेश मुद्रा जोखिम एक्सपोजर:- रिपोर्टिंग अवधि के अंत में कंपनी का विदेशी मुद्रा जोखिम एक्सपोजर निम्नानुसार हैं:

(i) दिनांक 31.03.2025 को रुके हुए और बकाया व्युत्पन्न विलेख शून्य (पिछले वर्ष भी शून्य) है।

(ii) विदेश मुद्रा एक्सपोजर जो एक व्युत्पन्न उपकरण द्वारा या अन्यथा रुके हुए नहीं हैं, वे निम्नानुसार हैं:

विदेशी मुद्रा - दस लाख
(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 तक		31 मार्च, 2024 तक		31 मार्च, 2025 तक	31 मार्च, 2024 तक
	यूरो	समतुल्य भारतीय रुपया	यूरो	समतुल्य भारतीय रुपया	यूरो	समतुल्य भारतीय रुपया
परिसंपत्तियां						
व्यापार प्राप्य	59.23	543.50	53.64	484.16	41.12	1.86
अनुबंध परिसंपत्तियाँ	221.26	2026.77	235.03	2112.15	263.20	39.52
अन्य परिसंपत्तियां	11.74	108.16	0.61	5.50	93.77	154.98
उप-कुल (क)	**292.23**	**2678.42**	**289.29**	**2601.82**	**398.09**	**196.36**
देयताएं						
ग्राहक से अग्रिम	28.22	190.35	35.46	238.77	1.29	22.65
व्यापार देय और अन्य	27.69	256.30	29.79	272.79	343.61	308.96
उप-कुल (ख)	**55.91**	**446.65**	**65.25**	**511.56**	**344.89**	**331.61**
परिसंपत्तियां (देयताओं को छोड़कर) [(क)- (ख)]	**236.32**	**2231.77**	**224.04**	**2,090.26**	**53.19**	**(135.25)**

विवरण	अमेरिकी डॉलर	समतुल्य भारतीय रुपया	अमेरिकी डॉलर	समतुल्य भारतीय रुपया
संपत्ति				
व्यापार प्राप्य	79.27	669.84	77.52	644.22
अनुबंध परिसंपत्तियाँ	187.27	1597.17	234.62	1948.28
अन्य परिसंपत्तियां	0.87	6.74	0.36	2.41
उप-योग (क)	**267.41**	**2273.76**	**312.50**	**2594.91**
देयताएं				
ग्राहक से अग्रिम	35.69	226.53	50.09	253.59
व्यापार देय और अन्य	76.85	655.22	132.79	1114.42
उप-कुल (ख)	**112.55**	**881.75**	**182.88**	**1368.01**
परिसंपत्तियां (देयताओं को छोड़कर) [(क)- (ख)]	**154.87**	**1392.01**	**129.62**	**1226.90**

उपरोक्त आंकड़े प्रावधानों, यदि कोई हो, को छोड़कर हैं

संवेदनशीलता विश्लेषण

भारतीय रुपए के अमरीकी डॉलर, यूरो और अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत/कमजोर होने के प्रभाव को वर्ष के अंत में लाभ या हानि के रुप में नीचे दिखाया गया है। यह विश्लेषण विदेशी मुद्रा विनिमय दर में बदलाव पर आधारित है, जिसे कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि के अंत में यथोचित रुप से संभव माना है। यह विश्लेषण पिछले वर्ष के समान आधार पर किया गया है, यद्यपि विदेशी मुद्रा विनिमय दर में बदलाव भिन्न था, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 तक		31 मार्च, 2024 तक	
1% के संचलन पर लाभ/(हानि) का प्रभाव	कमजोर/उतार	चढ़ाव / मजबूती	कमजोर/उतार	चढ़ाव / मजबूती
यूरो	22.32	(22.32)	20.90	(20.90)
यूएसडी	13.92	(13.92)	12.27	(12.27)
अन्य	0.53	(0.53)	(1.35)	1.35

पूंजी प्रबंधन

क्रियाशील इकाई के रूप में पूंजी प्रबंधन करते समय कंपनी का उद्देश्य अपनी पूंजी को सुरक्षित, संरक्षित रखना और इसमें वृद्धि करना है ताकि शेयरधारकों को अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके, अन्य हितधारकों को लाभ प्रदान किया जा सके, और पूंजी लागत को कम करने के लिए एक इष्टतम पूंजी संरचना बनाई रखी जा सके। निदेशक मंडल इक्विटी शेयरधारकों को लाभांश के स्तर की भी निगरानी करते हैं। कंपनी समान्यतः उद्योग द्वारा और रेटिंग एजेंसियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई वित्तीय अनुपातों के आधार पर मध्यम कालिक दृष्टिकोण व दीर्घकालीन दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए पूंजी को मॉनिटर करती है। कंपनी बाह्य पूंजी आवश्यकताओं के अधीन नहीं है । कंपनी की पूंजी संरचना को विभिन्न वित्तीय अनुपातों के अनुसार प्रबंधित किया जाता है जैसा कि उच्चतम क्रेडिट रेटिंग बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

नोट [41]
परिचालन खंड

संबंधित व्यावसायिक क्षेत्रों द्वारा बुक किए गए ऑर्डर के आधार पर खंडों की पहचान 'पावर' और 'उद्योग' के रूप में की गई है। इन खंडों के कार्यों को तीन व्यावसायिक क्षेत्रों अर्थात पावर सेक्टर, उद्योग क्षेत्र, अंतर्राष्ट्रीय परिचालन द्वारा निष्पादित किया जाता है।

पावर सेक्टर में मुख्य रूप से थर्मल, गैस हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा संयंत्र व्यवसाय, संबंधित स्पेयर और सेवा व्यवसाय के अतिरिक्त कोल टू केमिकल, उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण और गैर-बीएचईएल सेट के लिए स्पेयर के नए व्यवसाय सम्मिलित हैं।

उद्योग क्षेत्र प्रमुख उपकरणों की आपूर्ति करता है और ईपीसी परिवहन, ट्रांसमिशन, रक्षा और एयरोस्पेस, कैप्टिव पावर, नवीकरणीय ऊर्जा, डाउनस्ट्रीम तेल और गैस, ऊर्जा भंडारण और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में ईपीसी आधार पर काम करता है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रचालन समूह द्वारा बुक किया गया ऑर्डर, ऑर्डर के प्रकार के हिसाब से, पावर या उद्योग क्षेत्र को सौंप दिये जाते है।

कंपनी के कार्यात्मक निदेशकों की समिति को मुख्य परिचालन निर्णयकर्ता (सीओडीएम) के रूप में चिन्हित किया गया है।

(₹ करोड़ में)

	विवरण	2025 को समाप्त वर्ष के लिए			2024 को समाप्त वर्ष के लिए		
		पावर	उद्योग	कुल	पावर	उद्योग	कुल
I.	**परिचालन खंड से राजस्व**						
	परिचालन राजस्व - बाह्य	20937.25	7402.23	28339.48	18435.79	5456.99	23892.78
II.	**खंड परिणाम**						
क.	खंड परिणाम	1216.02	1262.45	2478.47	1657.03	137.08	1794.11
ख.	गैर-आवंटित व्यय (आय को छोड़कर)			1005.47			842.49
ग.	वित्त लागत एवं आयकर से पूर्व लाभ (क) - (ख)			1473.00			951.62
घ.	वित्त लागत (ब्याज छूट सहित)			748.33			731.29
ड़.	आयकर से पूर्व शुद्ध लाभ (ग) - (घ)			724.67			220.33
च.	आयकर			211.70			(39.56)
छ.	आयकर के पश्चात शुद्ध लाभ /हानि (ड.)- (च)			512.97			259.89
III	**परिसंपत्तियाँ और देयताएं**						
क.	खंड परिसंपत्तियाँ	45455.29	9240.71	54696.00	39561.83	8418.14	47979.97
ख.	सामान्य संपत्तियां			13783.32			11433.88
ग.	कुल संपत्ति			68479.32			59413.85
ड़.	खंड देयताएं	29075.97	7034.26	36110.23	20670.89	6081.21	26752.10
च.	सामान्य देयताएं			7256.08			7811.16
छ.	कुल देयताएं			43366.31			34563.27
IV	**अन्य सूचनाएं**						
क.	पूंजीगत व्यय	335.93	146.46		158.93	91.86	
ख.	मूल्यह्रास और परिशोधन	158.06	69.18		138.73	76.90	
ग.	गैर नकद व्यय (मूल्यह्रास और परिशोधन के अतिरिक्त)	(73.14)	214.64		(815.40)	147.31	

भौगोलिक खंड

(₹ करोड़ में)

विवरण		2025 को समाप्त वर्ष के लिए			2024 को समाप्त वर्ष के लिए		
		भारत के अंदर	भारत के बाहर	कुल	भारत के अंदर	भारत के बाहर	कुल
1	परिचालन से राजस्व	27863.22	476.26	28339.48	23156.49	736.29	23892.78
2	गैर- वर्तमान परिसंपत्तियाँ (पीपीई और अमूर्त परिसंपत्तियाँ)	3141.70	0.46	3142.16	2880.44	1.96	2882.40
3	पूंजीगत व्यय	535.30	0.34	535.64	286.57	0.85	287.41

प्रमुख ग्राहक- बीएचईएल के कुल राजस्व का 10% से अधिक एकल ग्राहक से प्राप्ति का विवरण

(₹ करोड़ में)

विवरण	2025 को समाप्त वर्ष के लिए			2024 को समाप्त वर्ष के लिए		
	पावर	उद्योग	कुल	पावर	उद्योग	कुल
सीपीएसयू	9227.07	2776.16	12003.23	6888.04	2096.72	8984.76
अडानी समूह	2553.12	-	2553.12	103.78	-	103.78

नोट [42]
अतिरिक्त प्रकटीकरण

(₹ करोड़ में)

क)	आयात की श्रेणी	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
		31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
	सीआईएफ आधार पर आयात		
	रॉ-मेटेरियल	1091.75	568.77
	कम्पोनेंटस एवं स्पेयर पार्ट्स	771.38	833.42
	पूंजीगत माल	13.09	42.18
	कुल आयात	**1876.22**	**1444.38**

(₹ करोड़ में)

ख)	व्यय के प्रकार (विदेशी मुद्रा में व्यय)	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
		31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
	i) रॉयल्टी	53.81	58.00
	ii) तकनीकी जानकारी	5.74	21.55
	iii) प्रोफेशनल परामर्श शुल्क	6.89	15.70
	iv) ब्याज एवं अन्य व्यय (विदेशी साइटों सहित)	24.06	24.49

(₹ करोड़ में)

ग)	खपत का वर्गीकरण [रॉ-मेटेरियल, कंपोनेन्ट, भंडार & अतिरिक्त पुर्जे]	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
		31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
	i) आयातित (सीमा शुल्क सहित)	1931.03	1522.25
	ii) स्वदेशी	13467.22	10812.76
	iii) कुल खपत का प्रतिशत		
	आयातित	12.54	12.34
	स्वदेशी	87.46	87.66

(₹ करोड़ में)

घ)	विदेशी मुद्रा में कमाई	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
		31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
	भौतिक माल का निर्यात (एफओबी आधार पर)	201.79	351.19
	इरेक्शन एवं अन्य सेवाएं	136.35	268.71
	मानित निर्यात पर विदेशी मुद्रा विनिमय (घरेलू संविदाओं और एसईज़ेड सहित)	218.85	442.14
	कुल	**556.99**	**1062.04**

(₹ करोड़ में)

ङ)	रॉ-मेटेरियल एवं खपत किए गए कंपोनेन्ट का विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
		31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
	कच्चा माल		
	i) लौह सामग्री	3527.85	2211.26
	ii) अलौह सामग्री	679.37	466.12
	iii) इन्सुलेटिंग सामग्री	116.50	108.30
	iv) इंसुलेटेड केबल और चुंबकीय वायर	14.96	8.98
	v) अन्य कंपोनेन्ट	3198.26	2973.24
	(vi) अन्य	670.71	348.37
	कुल	**8207.65**	**6116.27**
	खरीदी गई सामग्री		
	i) लौह सामग्री	102.99	52.62
	ii) अलौह सामग्री	110.17	42.61
	iii) इन्सुलेटिंग सामग्री	143.57	109.14
	iv) इंसुलेटेड केबल और चुंबकीय वायर	45.24	50.43
	v) अन्य कंपोनेन्ट	4431.91	3715.71
	(vi) अन्य	1924.11	1897.95
	कुल	**6757.99**	**5868.46**

नोट [43]
अनुपात

विवरण	न्यूमरेटर	डेनोमिनेटर	2024-25	2023-24	% अंतर	अंतर का कारण
(क) वर्तमान अनुपात	कुल मौजूदा संपत्ति	कुल मौजूदा देयताएं	1.51	1.37	-10.71	
(ख) डेबिट-इक्विटी अनुपात	कंपनी पर कोई दीर्घकालिक ऋण नहीं है, इसलिए ये अनुपात लागू नहीं होते हैं।					
(ग) डेबिट सर्विस कवरेज अनुपात						
(घ) कार्यशील पूंजी के लिए दीर्घकालिक डेबिट						
(ङ) ब्याज सेवा कवरेज अनुपात						
(च) कुल डेबिट और कुल संपत्ति अनुपात	कुल उधारी	कुल परिसंपत्ति	0.13	0.15	11.69	
(छ) इन्वेंटरी टर्नओवर अनुपात	ग्राहकों के साथ अनुबंध से प्राप्त राजस्व	औसत भंडार (शुद्ध)	3.20	3.28	-2.40	
(ज) व्यापार प्राप्तियों और टर्नओवर का अनुपात	ग्राहकों के साथ अनुबंध से प्राप्त राजस्व	औसत व्यापार प्राप्य (शुद्ध)	3.23	3.15	2.53	
(झ) अशोध्य डेबिट और प्राप्य खाता अनुपात	अशोध्य ऋणों को बट्टे खाते में डाला गया	कुल व्यापार प्राप्तियां	0.03	0.00	2394.24	अशोध्य ऋणों में परिवर्तन के कारण बट्टे खाते में डाले गए
(ञ) वर्तमान देयता अनुपात	मौजूदा देयताएं	कुल देयताएं	0.65	0.73	-10.88	
(ट) व्यापार देय टर्नओवर अनुपात	खरीदारी और उप-ठेका	औसत व्यापार देय	1.89	1.51	24.90	
(ठ) शुद्ध पूंजी कारोबार अनुपात	ग्राहकों के साथ अनुबंध से प्राप्त राजस्व	कुल मौजूदा संपत्तियां - कुल मौजूदा देयताएं	1.88	2.47	-23.65	उच्च कार्यशील पूंजी तीव्रता
(ड) इक्विटी अनुपात पर रिटर्न	वर्ष के दौरान लाभ (कर पश्चात लाभ)	औसत कुल हिस्सेदारी - ओसीआई	2.01%	2.03%	-0.84	
(ढ़) ऑपरेटिंग लाभ अनुपात	कर, ब्याज और मूल्यह्रास से पहले लाभ - अन्य कमाई	परिचालन से राजस्व	4.38%	2.56%	70.87	परिचालन की अधिक मात्रा और ईआरवी लाभ के कारण
(ण) शुद्ध लाभ अनुपात	वर्ष के दौरान लाभ (कर पश्चात लाभ)	परिचालन से राजस्व	1.81%	1.09%	66.41	परिचालन की अधिक मात्रा और ईआरवी लाभ के कारण
(त) नियोजित पूंजी पर रिटर्न	कर और ब्याज को छोड़कर आय	नियोजित पूंजी = कुल इक्विटी - सीडब्ल्यूआईपी - विकासाधीन अमूर्त संपत्तियां -आस्थगित कर परिसंपत्तियां	7.06%	4.68%	51.01	परिचालन की अधिक मात्रा और ईआरवी लाभ के कारण
(थ) निवेश पर रिटर्न	लागू नही					
(द) नेट वर्थ (रु./ करोड़)	शेयर पूंजी + रिजर्व और अधिशेष		25113.01	24850.59	1.06	
(ध) कर पश्चात लाभ (रु. / करोड़)	कर पश्चात लाभ		512.97	259.89	97.38	परिचालन की अधिक मात्रा और ईआरवी लाभ के कारण
(न) प्रति शेयर आय (रु.)	वर्ष के दौरान लाभ (कर पश्चात लाभ))	भारित औसत शेयरों की संख्या	1.47	0.75	97.38	
(प) पूंजी रिडेंपशन रिजर्व (रु. / करोड़)			37.87	37.87	0.00	

नोट [44]
प्रकटीकरण - निवेश संपत्ति - इंड एएस 40

सामग्री लेखांकन नीति नोट [2] के बिंदु 20 पर दर्शायी गई है।

वर्ष के दौरान कंपनी ने भौतिक लेखांकन नीति अपनाई है और निवेश संपत्ति के लेखांकन के लिए भी इसे लागू किया है। संबंधित विवरण निम्नलिखित हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024- 25	2023- 24
(ii) आय और व्यय का विवरण :		
किराये से आय	1.82	-
प्रत्यक्ष परिचालन व्यय (मरम्मत और रखरखाव सहित)	0.39	-

(ii) निवेश संपत्ति का उचित मूल्य

कंपनी (पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता और मूल्यांकन) नियम 2017 के नियम 2 के तहत परिभाषित पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता द्वारा 31.03.2025 तक भोपाल और मुंबई स्थित विभिन्न संपत्तियों का बाजार मूल्य ₹111.58 करोड़ आंका गया है।

(iii) कंपनी ने अपने निवेश संपत्ति पोर्टफोलियो पर परिचालन पट्टे पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कुछ भूमि और भवन शामिल हैं। 31.03.2025 तक परिचालन पट्टे के अंतर्गत प्राप्त होने वाले भविष्य के बिना छूट वाले पट्टा भुगतान निम्नानुसार हैं:

विवरण	2024-25	2023-24
1 वर्ष से कम	7.11	-
1 से 2 वर्ष के बीच	7.13	-
2 से 3 वर्ष के बीच	7.25	-
3 से 4 वर्ष के बीच	7.56	-
4 से 5 वर्ष के बीच	5.14	-
5 वर्ष से अधिक	1.85	-
कुल	36.04	-

नोट [45]

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार, कंपनी द्वारा दिए गए ऋण और ऋण की प्रकृति में अग्रिमों का अपेक्षित विवरण नीचे दिया गया है:

i) कोई भी ऋण (कर्मचारियों को दिए गए ऋण के अलावा) नहीं दिया गया है, जिसमें कोई पुनर्भुगतान अनुसूची नहीं है या पुनर्भुगतान सात वर्षों से अधिक है; तथा

ii) ऐसी फर्मों/कंपनियों को ऋण या ऋण की प्रकृति में अग्रिम राशि नहीं दी गई है, जिनमें निदेशकों की रुचि / हिस्सेदारी हो।

नोट [46]

12 महीने की अवधि को परिचालन चक्र मानते हुए परिसंपत्तियों और देनदारियों को चालू और गैर-चालू के बीच वर्गीकृत किया जाता है।

नोट [47]

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 या कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 के अंतर्गत बंद की गई कंपनियों के साथ कंपनी का कोई लेन-देन नहीं है ।

नोट [48]

वैधानिक अवधि के बाद कंपनी रजिस्ट्रार के पास पंजीकृत होने के लिए अभी तक कोई शुल्क या सैटिस्फैक्शन नहीं था।

नोट [49]

कंपनी, कंपनी नियम, 2017 (स्तरों की संख्या पर निर्बंधन) के साथ पठित अधिनियम की धारा 2 के खंड (87) के तहत निर्धारित स्तरों की संख्या का अनुपालन कर रही है।

नोट [50]

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 237 के संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई भी योजना / व्यवस्था अनुमोदित नहीं की गई है।

नोट [51]

कंपनी का ऐसा कोई भी लेन-देन नहीं है जिसे आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत कर निर्धारण में वर्ष के दौरान आय के रुप में सरेंडर या प्रकट किया गया हो, जो लेखा पुस्तकों में दर्ज न किया गया हो।

नोट [52]

कंपनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान क्रिप्टो करेंसी या वर्चुअल करेंसी में व्यापार या निवेश नहीं किया है।

नोट [53]

आंकड़ों को दो दशमलव के साथ ₹ करोड़ के निकटतम पूर्णांकित किया गया है।

नोट [54]

जहां भी आवश्यक समझा गया, पिछले वर्ष के आकड़ों को पुनः समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

नोट [55]

निदेशक मंडल ने 16 मई, 2025 को आयोजित बैठक में वित्तीय विवरण 2024-25 जारी करने के लिए अधिकृत किया है।

निदेशक मंडल की ओर से

(योगेश आर छाबड़ा)
कंपनी सचिव
एम. संख्या F 7463

(राजेश कुमार द्विवेदी)
निदेशक वित्त एवं सीएफओ
डीआईएन: 10048893

(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 09184201

समान तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

एबीपी एंड एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड एकाउंटेंट
एफआरएन – 315104E

(प्रभात कुमार पांडा)
भागीदार
एम. संख्या 057140

पीएसएमजी एंड एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड एकाउंटेंट
एफआरएन – 008567C

(प्रबुद्ध गुप्ता)
भागीदार
एम. संख्या 400189

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : मई 16, 2025

वित्तीय विवरण

समेकित वित्तीय विवरण 252

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के सदस्यों के लिए

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट

राय

हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (इसके बाद यहाँ इसे “कंपनी” के रूप में लिखा जाएगा) एवं इसके संयुक्त उद्यमों में लाभ के हिस्से सहित संलग्न समेकित वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष की समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ-हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), समेकित इक्विटी परिवर्तनों का विवरण, समेकित नकदी प्रवाह विवरण, और उस वर्ष के लिए लागू लेखा नीतियाँ और अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएँ शामिल हैं, (इसके पश्चात इसे “समेकित वित्तीय विवरण” लिखा जाएगा)

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुरूप तथा नीचे “अन्य विषय” अनुभाग में उल्लिखित संयुक्त उपक्रमों की पृथक वित विवरण और अन्य वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार करते हुए, पूर्वोक्त वित्तीय विवरण, कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) में अपेक्षित तरीके के अनुसार सूचना प्रदान करते हैं और यथा संशोधित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015, के साथ पठित इस अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों, (इंड एएस- भा.ले.मा.) एवं भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुपालन में 31 मार्च 2025 को कंपनी और उसके संयुक्त उपक्रमों की वित्तीय स्थिति, उनका समेकित शुद्ध लाभ (अन्य समग्र आय सहित), समेकित इक्विटी में परिवर्तन तथा वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण की स्थिति को यथार्थ व उचित रूप से प्रस्तुत करते हैं।

राय का आधार

हमने समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों (SAs) के अनुसार की है। इन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों का विवरण इस रिपोर्ट के ‘समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियाँ’ खंड में दिया गया है। हम कंपनी और इसके संयुक्त उपक्रमों से स्वतंत्र हैं, जैसा कि भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता तथा कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लागू नैतिक आवश्यकताओं में निर्धारित है। हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों का भी पालन किया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य तथा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा नीचे ‘अन्य विषय’ अनुभाग में उल्लिखित उनकी रिपोर्टों के संदर्भ में प्राप्त साक्ष्य, समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय के लिए पर्याप्त और उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

विषयों पर जोर

हम आपका ध्यान निम्नलिखित बिंदुओं की ओर आकर्षित करते हैं:

1. वित्तीय विवरण के नोट संख्या 06 के अनुसार, कंपनी ने ग्राहक एसटीपीजी (पूर्व में एनईसी सूडान) से से प्राप्त होने वाली बकाया राशि के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है, जो सूडान में गृहयुद्ध के कारण अटकी हुई है एवं जिसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. वित्तीय विवरण के नोट संख्या 09 के अनुसार, आरवीयूएनएल/सूरतगढ़ 7 एवं 8 परियोजना (2*660 मेगावाट) के देनदारों की शेष राशि के संबंध में।
3. वित्तीय विवरण के नोट संख्या 40 के अनुसार, उन मामलों में जहाँ अनुबंध में निष्पादन गारंटी (पीजी) परीक्षण पूर्व-आवश्यक शर्त नहीं है, संविदात्मक दायित्व के लिए किया गया प्रावधान रद्द कर दिया गया है।

   इस मामले के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

उपरोक्त पैराग्राफों में उल्लिखित विषयों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

मुख्य लेखा परीक्षा विषय

मुख्य लेखा परीक्षा के विषय वे हैं जो कि हमारे व्यावसायिक मतानुसार वर्तमान कालखंड के समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के दौरान सबसे महत्वपूर्ण थे। अपनी राय बनाते हुए और समेकित वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के परिप्रेक्ष्य में इन विषयों का समग्र रूप से समाधान किया गया और हमें इन विषयों पर और कोई राय नहीं देनी है। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले प्रमुख लेखा परीक्षा विषयों के नीचे वर्णित मामलों का उल्लेख किया है।

मुख्य लेखा परीक्षा विषय	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
इंड एएस 115 के अंतर्गत 'ग्राहकों के साथ संविदा से राजस्व के सम्बंध में राजस्व एवं अन्य शेषों की मान्यता, मापन, प्रस्तुति की सटीकता। इन राजस्व लेखा मानकों के अनुप्रयोग में विशिष्ट निष्पादन दायित्वों को चिन्हित करना, चिन्हित विशिष्ट निष्पादन दायित्वों के लेन-देन मूल्य का निर्धारण, एक अवधि में मान्य राजस्व के मापन के आधार की उपयुक्तता, वित्तीय विवरणों में शेष के प्रस्तुतिकरण सहित प्रकटीकरण से संबंधित कतिपय मुख्य निर्णय शामिल हैं। आकलित प्रयास राजस्व निर्धारण करने का एक महत्त्वपूर्ण आकलन है क्योंकि इसके लिए अनुबंध की प्रगति, आज तक किए गए प्रयासों, शेष निष्पादन दायित्व को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रयासों पर विचार करना आवश्यक है। समेकित वित्तीय विवरण के **नोट 41** को देखें।	**<u>प्रधान लेखा परीक्षा की प्रक्रियाएं</u>** आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल हैः: • पूर्णता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई जानकारी रचना प्रक्रिया पर नियंत्रण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। • मौजूदा जारी अनुबंधों और नए अनुबंधों में से एक सेंपल चुनकर विशिष्ट निष्पादन दायित्व और लेन-देन मूल्य का निर्धारण से संबधित आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया। • इंड एएस 115 के अनुरुप राजस्व के अभिलेखन एवं प्रकटीकरण में अनुप्रयुक्त लेखांकन प्रणालियों और अनुबंधों एवं इससे संबंद्ध सूचनाओं में परिवर्तन के संगत सूचनाओं का परीक्षण किया, जिनका नए राजस्व लेखा मानकों के अनुसार खुलासा करने और अभिलेखबद्ध करने में प्रयोग किया गया। • महत्वपूर्ण उपलब्धियां (माइलस्टोन) प्राप्त करने में संभावित देरी की पहचान के लिए अनुबंधों में से एक सेंपल चुनकर समीक्षा की गई, जिसमें कि शेष निष्पादन दायित्व को पूर्ण करने में आकलित प्रयासों को बदलने की आवश्यकता है। • तर्कसंगतता और अन्य संबंधित प्रत्यक्ष मदों के ब्योरों पर विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और परीक्षणों को किया।
व्यापार प्राप्य एवं अनुबंध संपत्तियों का मूल्यांकन एवं वसूली की संभावना 31 मार्च, 2025 के अंत में कंपनी के पास ₹29,444.13 करोड़ (निवल) की अनुबंध संपत्तियां तथा ₹8,930.93 करोड़ के व्यापार प्राप्य बकाया है। यह शेष इंड एएस 115 "ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व" के अनुसार पूर्ण हुए अनुबंधों और चालू अनुबंधों के लिए मान्य राजस्व से संबंधित है। इसके आकार और प्रबंधकीय निर्णय के उच्च स्तरीय होने कारण इसकी वसूली की संभावना का आकलन एक मुख्य लेखा विषय है। समेकित वित्तीय विवरणों के नोट 6, 9, 41 को देखें।	**<u>प्रधान लेखा परीक्षा की प्रक्रियाएं</u>** अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य के राजस्व मान्यता और समीक्षा तंत्र के लिए हमने कंपनी की आंतरिक प्रक्रिया का आकलन किया है। आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल हैः • ग्राहकों के साथ चालान प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। • परियोजनावार बकाया विवरणा और प्रबंधन द्वारा इसके समीक्षा तंत्र की सूची को प्राप्त किया। • अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य की क्षति पर कंपनी के दिशा-निर्देशों और नीतियों की समीक्षा की। • सैंपल आधार पर वर्ष के अंत में अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य की एजिंग की सटीकता की जांच की। • तर्कसंगतता, वसूली की संभावना और अन्य संबंधित सामग्री मदों के विवरणों पर विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और परीक्षणों को किया।
आकस्मिक देयता का आकलन कंपनी के खिलाफ विभिन्न मंचों के समक्ष कई मुकदमे लंबित हैं और आकस्मिक देयता के रूप में प्रकट की जाने वाली राशि का अनुमान लगाने के लिए प्रबंधन के निर्णय की आवश्यकता है। हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपरोक्त क्षेत्र को एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के आवेदन की आवश्यकता है। तदनुसार, हमारी लेखापरीक्षा विचाराधीन विषय वस्तु के तथ्यों के विश्लेषण और शामिल कानून के निर्णय / व्याख्या पर केंद्रित थी। (समेकित वित्तीय विवरण के लिए नोट 33 देखें)	**<u>प्रधान लेखा परीक्षा की प्रक्रियाएं</u>** लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में शामिल हैं लेकिन इन तक सीमित नहीं थेः • दावों या विवादों के संबंध में प्रबंधन की विस्तृता को समझना प्रक्रियाओं और नियंत्रणों को प्राप्त करना। • चयनित नमूनों पर निम्नलिखित प्रक्रियाओं द्वारा जांच करना। • प्रबंधन बैठक के पत्राचार, संप्रेषण के कार्यवृत्त को पढ़कर मामलों को समझना। • स्थिति अद्यतन, आधार के साथ परिणामों की अपेक्षा और कंपनी द्वारा अपेक्षित कार्रवाई के भविष्य के पाठ्यक्रम सहित प्रबंधन कर्मियों के उचित स्तर के साथ पुष्ट पूछताछ करना और प्रबंधन द्वारा प्राप्त कानूनी राय, यदि कोई हो का अवलोकन करना। • कंपनी के कानूनी वकीलों से सीधे पुष्टि प्राप्त करना और उनकी राय को ध्यान में रखते हुए परिणामों की संभाव्यता मूल्यांकन पर विचार करना। • संभावित परिणामों और अनुमानों की तर्कसंगतता के बारे में प्रबंधन के निर्णय का समर्थन करने वाले साक्ष्य का मूल्यांकन करना। • लागू लेखा मानकों के अनुसार पर्याप्त प्रकटीकरण की उपयुक्तता का मूल्यांकन करना।

समेकित वित्तीय विवरण के अतिरिक्त अन्य जानकारी और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाएं बनाने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी प्रबंधकीय परिचर्चा व विश्लेषण में सम्मिलित की गई जानकारी, निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नकों सहित बोर्ड रिपोर्ट, व्यावसायिक उत्तरदायित्त्व रिपोर्ट, कॉर्पोरेट अभिशासन तथा शेयरधारकों की सूचना आती है परंतु समेकित वित्तीय विवरण एवं एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण और इस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट इसमें सम्मिलित नहीं होती है। ये रिपोर्ट हमें इस लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख के बाद उपलब्ध करायी जाने की उम्मीद है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम इस पर कोई आश्वासन या निष्कर्ष नहीं देते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षण के संबंध में, हमारी उत्तरदायित्व अन्य सूचनाओं को पढ़ना और ऐसा करते हुए ध्यान रखना कि वित्तीय विवरणों के साथ अन्य सूचनाएं कहीं सारतः असंगत तो नहीं हैं अथवा लेखा परीक्षा में प्राप्त जानकारी अन्यथा भौतिक रुप से अनुचित प्रतीत तो नहीं हो रही है।

जब हमें ऐसी अन्य जानकारी उपलब्ध कराई जाती है तो हम उसे पढ़ते हैं और यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि उसमें कोई महत्वपूर्ण गलत बयानी है, तो हमें शासकीय प्रभारी व्यक्तियों को इस मामले के बारे में सूचित करना आवश्यक है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन एवं शासन से संबद्ध व्यक्तियों की जिम्मेदारियाँ

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में वर्णित विषयों के संदर्भ में इन वित्तीय विवरणों को इस प्रकार तैयार किए जाने हेतु उत्तरदायी है, जो भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों और इंड एएस के अनुरूप कंपनी के समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय प्रदर्शन, समेकित कुल व्यापक आय, समेकित इक्विटी में परिवर्तनों तथा समेकित नकदी प्रवाह का एक वास्तविक और सही विवरण प्रदान करते हों। कंपनी और इसके संयुक्त उद्यमों के संबंधित निदेशक मंडल कंपनी और इसके संयुक्त उद्यमों की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए जिम्मेदार हैं; तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक लेखांकन अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जो एक सच्चा और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भौतिक गलत बयानी से मुक्त हैं,

जिनका उपयोग कंपनी के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी के उद्देश्य के लिए किया गया है, जैसा कि पूर्वोक्त है।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, कंपनी को एक क्रियाशील इकाई के रुप में बनाए रखाने के लिए कंपनी की योग्यता का आकलन करने, क्रियाशील इकाई से संबन्धित जानकारियां यथा आवश्यक प्रकटीकरण करने और जब तक प्रबंधन कंपनी और उसके संयुक्त उद्यमों के परिसमापन या परिचालन रोकने की मंशा न रखती हो अथवा इसके अतिरिक्त कोई यथार्थ कारण न हो, तब तक समूह को लेखांकन का आधार बनाने के लिए कंपनियों के निदेशक मण्डल सामूहिक रूप से उत्तरदायी हैं।

कंपनी और उसके संयुक्त उद्यमों के निदेशक मंडल संबंधित कंपनी और उसके संयुक्त उद्यमों की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए उत्तरदायी हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाले सारतः त्रुटिपूर्ण कथन से समग्र रूप से मुक्त हैं और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना, जिसमें हमारी राय शामिल हो। तर्कसंगत आश्ववासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार किया गया लेखा परीक्षण सदैव किसी सारतः त्रुटिपूर्ण कथन का पता लगा ही लेगा, यदि कोई हो तो। त्रुटिपूर्ण कथन धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और इन्हें संदेहास्पद माना जाता है, यदि एकल रूप में या कुल मिलाकर, वे इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को यथोचित रूप में प्रभावित करना प्रत्याशित है।

लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार लेखा परीक्षण के भाग के रूप में पूरे लेखा परीक्षण के दौरान हम व्यावसायिक रूप से निर्णय लेते हैं और व्यावसायिक संशयात्मकता को बनाए रखते हैं। हम यह भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों के सारतः मिथ्या कथन, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या त्रुटि के कारण, की पहचान करना और इसके जोखिमों को आंकना और इन जोखिमों के अनुक्रियाशील लेखा परीक्षण प्रक्रियाओं को डिजाइन करना एवं निष्पादित करना, और लेखा परीक्षण साक्ष्यों को प्राप्त करना जो कि हमारी राय का आधार बनाने लिए पर्याप्त और उचित हों। धोखाधड़ी के परिणामस्वरुप सारतः मिथ्या कथन को न पहचानने का जोखिम, गलती से किए गए सारतः मिथ्या कथन से कहीं ज्यादा होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जाल-साजी, जानबूझकर की गई चूकें, गलतबयानी या आंतरिक नियंत्रणों को अधिभावी (override) किया जाता है।
- परिस्थितियों के अनुसार समुचित लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखा परीक्षण के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत, हम इस बात पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी एवं भारत में स्थापित उसके संयुक्त उपक्रमों के पास समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और इस तरह के नियंत्रणों के परिचालन में प्रभावशीलता है।
- अनुप्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन आकलनों और संबंधित प्रकटन की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।
- • कंपनी के प्रबंधन द्वारा लेखांकन के लिए चालू व्यवसाय के आधार के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालना, तथा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर यह मूल्यांकन करना कि क्या ऐसे कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितताएँ विद्यमान हैं जो कंपनी और इसके संयुक्त उपक्रमों की सतत संचालन क्षमता पर गंभीर संदेह उत्पन्न कर सकती यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता विद्यमान है, तो हमें अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटीकरणों की ओर ध्यान आकर्षित करना आवश्यक होता है; और यदि ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त हों, तो अपनी राय में संशोधन करना पड़ता है। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त साक्ष्यों पर आधारित होते हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाएं या स्थितियां कंपनी और उसके संयुक्त उपक्रमों को क्रियाशील इकाई के रूप में न बने रहने का कारण बन सकती है।

- प्रकटन सहित समेकित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुतिकरण, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करना, और क्या समेकित वित्तीय विवरण वास्तविक लेनदेनों और घटनाओं का इस प्रकार वर्णन करते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुतिकरण के उद्देश्य को प्राप्त करता हो।
- समेकित वित्तीय विवरणों पर एक राय व्यक्त करने के लिए कंपनी और उसके संयुक्त उद्यमों के अंतर्गत आने वाली संस्थाओं की वित्तीय जानकारी के संबंध में पर्याप्त उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करें। हम समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल ऐसी संस्थाओं के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं जिनके हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं। समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य संस्थाओं के लिए, जिनका लेखापरीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, ऐसे अन्य लेखा परीक्षक उनके द्वारा किए गए लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे। हम अपनी लेखा परीक्षा राय के लिए पूरी तरह उत्तरदायी है। इस संबंध में हमारी जिम्मेदारियों को इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट में अन्य मामले शीर्षक वाले खंड के पैरा 1 से पैरा 4 में आगे वर्णित किया गया है।

प्रत्यक्षता (Materiality) समेकित वित्तीय विवरणों में मिथ्या कथनी की मात्रा है जो. व्यक्तिगत या समग्र रुप से, वित्तीय विवरणों के एक उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय को प्रभावित कर सकता है। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य क्षेत्र की योजना बनाने और परिणामों का मूल्यांकन करने में और (ii) वित्तीय वितरणों में पाई गई किसी मिथ्या कथनी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक भौतिकता (Materiality) और गुणात्मक कारकों (Qualitative factors) पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के साथ ही लेखा परीक्षा के योजनाबद्ध कार्य क्षेत्र एवं समय सीमा के निर्धारण और हमारी लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमी सहित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों के बारे में अभिशासन प्रभारियों से संवाद करते हैं।

हमने अभिशासन के प्रभारियों को स्वतंत्रता की प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुपालन संबंधी एक विवरण प्रदान किया है और हमारी स्वतंत्रता के साथ, और जहां लागू हो संगत सुरक्षा से तर्कसंगत रुप से लगाने वाले उन सभी रिश्तों एवं अन्य विषयों के बारे में उन्हें बता दिया है।

अभिशासन के प्रभारियों को वर्णित विषयों में से, हमने उन विषयों का निर्धारण किया है जो समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के सबसे महत्वपूर्ण/ उल्लेखनीय है और इसलिए के प्रधान लेखा परीक्षा विषय हैं। हम अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में इन विषयों का वर्णन करते हैं जब तक कि विधि या विनियमन इन विषयों के प्रकटीकरण को निषेध ना करता हो, और अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में जब हमें यह प्रतीत हो की इस विषय के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण नहीं करना चाहिए है क्योंकि ऐसा करने के दुष्परिणाम इस सूचना के जनहित लाभों पर हावी होने की यथोचित संभावना है।

अन्य विषय

1. हमने कंपनी के एकल वित्तीय विवरणों में सम्मिलित 14 (चौदह) शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं का लेखा-परीक्षण नहीं किया है, जिनके वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं में 31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार ₹46,711 करोड़ की कुल परिसंपत्तियाँ तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए ₹20,696 करोड़ की कुल आय दर्शाती है, जैसा कि एकल वित्तीय विवरणों में माना गया है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं का लेखा-परीक्षण संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है, और इन शाखाओं से संबंधित राशियों तथा प्रकटीकरणों के संबंध में हमारी राय पूर्णतः उन शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर आधारित है।
2. हमने संयुक्त उपक्रम बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड ('बीजीजीटीएस') के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं का लेखा-परीक्षण नहीं किया है। समेकित वित्तीय परिणामों में, उपरोक्त संयुक्त उपक्रम बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड ('बीजीजीटीएस') के संबंध में, 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के कर पश्चात शुद्ध लाभ ₹59.01 करोड़ एवं कुल समग्र आय ₹59.17 करोड़ का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि समेकित लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों में दर्शाया गया है। ये लेखा-अपरीक्षित वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना कंपनी के प्रबंधन द्वारा हमें प्रदान की गई है, और उपरोक्त संयुक्त उपक्रम से संबंधित राशियों और प्रकटीकरणों के संदर्भ में हमारी राय का आधार केवल इन्हीं लेखा-अपरीक्षित वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचनाओं पर आधारित है।
3. हमने दो संयुक्त नियंत्रण वाली संस्थाओं अर्थात् रायचूर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा एनटीपीसी-बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया है। समेकित वित्तीय विवरणों में इन संयुक्त नियंत्रण वाली संस्थाओं का शुद्ध हानि एवं अन्य समग्र हानि का हिस्सा शामिल नहीं है, क्योंकि कंपनी ने पहले ही इन संयुक्त उपक्रमों में अपने निवेश लागत के बराबर संचित हानियों को अपनी वित्तीय विवरणियों में मान्यता दे दी है। रायचूर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और एनटीपीसी-बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. के ये वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं तथा इनकी वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना हमें कंपनी के प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई गई है, और उक्त संयुक्त उपक्रमों से संबंधित राशियों एवं प्रकटीकरणों के संदर्भ में इस विवरण पर हमारी राय पूरी तरह इन्हीं अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों/ वित्तीय सूचनाओं पर आधारित है।
4. हमने संयुक्त नियंत्रण वाली इकाई भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) के वित्तीय विवरणों का ऑडिट नहीं किया है। समेकित वित्तीय विवरणों में इस संयुक्त नियंत्रण वाली इकाई के शुद्ध हानि और अन्य समग्र हानि में हिस्से को शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि कंपनी ने अपनी वित्तीय विवरणों में इस इकाई के संबंध में निवेश लागत के बराबर संचित हानियों को पहले ही मान्यता दी हुई है। भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) के वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचनाओं का लेखा परीक्षा किसी अन्य लेखा परीक्षक द्वारा किया गया है, जिनकी रिपोर्टें कंपनी द्वारा हमें प्रदान की गई हैं।
5. बीएचईएल के एक संयुक्त उद्यम पावरप्लांट परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट्स लिमिटेड के खातों को समेकित नहीं किया गया है क्योंकि उक्त कंपनी परिसमापन के अधीन है और इक्विटी निवेश की पूरी राशि प्रदान कर दी गई है।

प्रबंधन द्वारा प्रमाणित लेखा परीक्षा पूर्व वित्तीय विवरणों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर निर्भरता के संबंध में समेकित वित्तीय वक्तव्यों पर हमारी राय, और नीचे दी गई अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट उपरोक्त विषयों के सापेक्ष संशोधित नहीं की गई है।

अन्य विधि एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट-

1. अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार, हमारी लेखापरीक्षा और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा प्रमाणित आलेख परीक्षित वित्तीय विवरणों पर विचार के आधार पर जैसाकि "अन्य मामले" पैराग्राफ में संदर्भित हैं, हम, लागू सीमा तक रिपोर्ट करते हैं कि :

(क) हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के आधार पर हमने उक्त कथित समेकित वित्तीय विवरणों कि लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक जानकारियां एवं स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त कर लिए हैं;

(ख) हमारे विचार से, कंपनी ने उक्त कथित समेकित वित्तीय विवरण बनाने के संबंध में विधि के अनुसार लेखा बहियाँ बनाई है, जहां तक हमारे द्वारा इन बहियों की जांच से और अन्य प्रबंधन प्रमाणित वित्तीय रिपोर्टों से प्रतीत होता है।

(ग) इस रिपोर्ट के साथ व्यवहृत समेकित बैलेंस शीट, लाभ और हानि का समेकित विवरण (अन्य व्यापक आय/हानि सहित), इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण और समेकित नकदी प्रवाह विवरण, समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य से बनाई गई संगत लेखा पुस्तिकाओं के अनुबंध में है;

(घ) हमारी राय में, पूर्वोक्त समेकित वित्तीय विवरण, अधिनियम की धारा 133 सहपठित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 यथा संशोधित, के अंतर्गत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं,

(ङ) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं.: जी.एस.आर. 463 (ई) दिनांक 05-06-2015 कंपनी पर लागू नहीं है;

(च) कंपनी और भारत में गठित उसके संयुक्त उद्यमों के समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की संचालन प्रभावशीलता के संबंध में, कृपया हमारे पृथक रिपोर्ट "अनुलग्रक -क" का अवलोकन करें । हमारी यह रिपोर्ट कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और संचालन की प्रभावशीलता पर राय व्यक्त करती है।

(छ) कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 05 जून 2015 के अनुसार, अधिनियम की धारा 197 सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होती है। तदनुसार, अधिनियम की धारा 197(16) के प्रावधानों की आवश्यकता के अनुसार रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है;

(ज) कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसरण में, लेखा परीक्षा रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले अन्य विषयों को हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें प्रदत्त स्पष्टीकरण के अनुरुप और संयुक्त रुप से नियंत्रित इकाइयों की अन्य वित्तीय जानकारी के रूप में पृथक वित्तीय विवरणों पर प्रबंधन प्रमाणित वित्तीय विवरणों पर विचार सहित "अन्य विषय" पैराग्राफ में उल्लेखित किया गया है

i. समेकित वित्तीय विवरण कंपनी और संयुक्त उद्यमों की समेकित वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण करते हैं - समेकित वित्तीय विवरण के लिए टिप्पणी 33 देखें;

ii. दीर्घकालिक अनुबंधों में मूर्त निकटवर्ती हानि, यदि हो तो, के लिए समेकित वित्तीय विवरणों में प्रावधान किया गया है जैसा कि लागू कानून या भारतीय लेखांकन मानकों के अंतर्गत आवश्यक है, ऐसे मदों के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 40 देखें क्योंकि इनका संबंध कंपनी तथा संयुक्त उद्यम इकाइयों से है;

iii. कंपनी और भारत में निगमित संयुक्त उद्यमों द्वारा द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (इंवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड) में स्थानांतरित की जाने वाली राशि को स्थानांतरित करने में कोई विलंब नहीं किया गया है।

iv. (क) कंपनी और उसके संयुक्त उद्यमों के संबंधित प्रबंधन जिनके वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं, ने हमें बताया है कि, उनके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, कंपनी या ऐसी किसी संयुक्त उद्यम द्वारा किसी अन्य व्यक्ति(यों) या संस्था(ओं) में, जिसमें विदेशी संस्थाएं ("मध्यस्थ") शामिल हैं, कोई भी धनराशि अग्रिम, ऋण या निवेश (या तो उधार ली गई धनराशि से या शेयर प्रीमियम से या किसी अन्य स्रोत या प्रकार की निधि से) नहीं दी गई है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में हो या नहीं, कि मध्यस्थ, कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरीके से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऋण देगा या निवेश करेगा ("अंतिम लाभार्थी") या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा। मध्यस्थ, कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरीके से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऋण देगा या निवेश करेगा ("अंतिम लाभार्थी") या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा।

(ख) कंपनी और उसके संयुक्त उद्यमों के संबंधित प्रबंधन जो भारत में निगमित कंपनियां हैं, जिनके वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं, ने हमें बताया है कि, उनके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, कंपनी या ऐसे किसी भी संयुक्त उद्यम द्वारा किसी भी व्यक्ति(यों) या संस्था(ओं) से, जिसमें विदेशी संस्थाएं ("वित्तपोषण पक्ष") सहित, कोई धन प्राप्त नहीं किया गया है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज किया गया हो या नहीं, कि कंपनी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, वित्त पोषण पक्ष ("अंतिम लाभार्थी") द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरीके से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में उधार देगी या निवेश करेगी या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा।

(ग) परिस्थितियों के अनुरूप उचित और युक्तिसंगत माने गए लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमारे संज्ञान में ऐसी कोई बात नहीं आई है जिससे यह विश्वास हो कि नियम (ए) और (बी) में प्रदान किए गए नियम 11(ई) के उप-खंड (i) के अंतर्गत दिए गए विवरण में कोई भौतिक त्रुटि है।

v. जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों के नोट 31 में वर्णित है

(क) पिछले वर्ष के लिए प्रस्तावित अंतिम लाभांश, जिसे कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान घोषित और भुगतान किया गया है, अधिनियम की धारा 123 के अनुसार है, जैसा लागू हो।.

(ख) वर्ष के दौरान कंपनी ने कोई अंतरिम लाभांश घोषित या भुगतान नहीं किया है।

(ग) कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष के लिए अंतिम लाभांश का प्रस्ताव रखा है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है। प्रस्तावित लाभांश की राशि अधिनियम की धारा 123 के अनुसार है, जहाँ तक यह लाभांश की घोषणा पर लागू होती है।

vi. हमने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 (संशोधित 2024 संस्करण) के नियम 11(ग)) के अंतर्गत लेखा परीक्षा अनुक्रम पर रिपोर्टिंग हेतु कार्यान्वयन मार्गदर्शन के अनुसार की गई परीक्षा, जिसमें परीक्षण के आधार पर जाँच और उन संयुक्त उद्यमों के संबंधित लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए लेखा परीक्षा शामिल है जिनके वित्तीय विवरण अधिनियम के अंतर्गत लेखा परीक्षा किए गए हैं, जिसके आधार पर हम यह रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी तथा उपरोक्त उल्लिखित संयुक्त उद्यमों ने अपनी लेखा पुस्तकों के संधारण हेतु जिस लेखांकन सॉफ़्टवेयर का उपयोग किया, उसमें लेखा परीक्षा अनुक्रम (एडिट लॉग) की सुविधा उपलब्ध थी और यह सुविधा वर्ष भर सभी संबंधित लेन-देन के लिए सॉफ़्टवेयर में संचालित रही।

इसके अतिरिक्त, हमारे लेखा परीक्षण के दौरान हमें लेखा-परीक्षण अनुक्रम से छेड़छाड़ का कोई भी मामला सामने नहीं आया, और कंपनी द्वारा रिकॉर्ड संरक्षण हेतु वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार लेखा-परीक्षण अनुक्रम को सुरक्षित रखा गया है। हालांकि, एक शाखा के मामले में अपवाद पाया गया, जहाँ 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए डीबेस एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया था, जिसमें लेखा परीक्षा अनुक्रम (एडिट लॉग) दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा, 06-01-2024 से 15-01-2024 की अवधि के दौरान बीएचईएल में मालवेयर हमले के कारण कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया।

2. कंपनियों (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 की अनुच्छेद 3 (xxi) एवं 4 से संबंधित विषय में, यह उल्लेख किया गया है कि "अन्य विषय" शीर्षक अनुभाग में वर्णित चार संयुक्त उद्यमों के लेखा परीक्षण नहीं हुए हैं, और एक लेखापरीक्षित संयुक्त उद्यम के मामले में, उस इकाई के लेखापरीक्षकों द्वारा सीएआरओ लागू नहीं होता है तथा उनकी ओर से कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। कंपनी के 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए तैयार की गई एकल वित्तीय विवरण पर हमारे द्वारा जारी सीएआरओ रिपोर्ट के आधार पर, हम यह सूचित करते हैं कि सीएआरओ रिपोर्ट में कोई आपत्तिकर टिप्पणी या प्रतिकूल अनुशंसा नहीं की गई है।

पीएसएमजी एंड एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड एकांउटेंट
एफआरएन-008567सी

(प्रबुद्ध गुप्ता)
भागीदार
M. No. 400189
UDIN:25400189BMMKQN5182

एबीपी एंड एसोसिएट्स के लिए
चार्टर्ड एकांउटेंट
एफआरएन-315104ई

(प्रभात कुमार पांडा)
भागीदार
M. No. 057140
UDIN:25057140BMKTQP7059

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 16.05.2025

अनुलग्नक “क” भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की इंड एएस के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरण पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की समान तिथि की रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (1) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (जिसे आगे “कंपनी” कहा गया है) तथा भारत में स्थापित संयुक्त उपक्रमों के 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित इंड एएस वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षा के साथ-साथ, हमने उस तिथि के अनुसार कंपनी और उसके संयुक्त उपक्रमों की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का भी लेखा परीक्षा किया है। हमने पांच संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षा नहीं किया है, जिनमें से चार संयुक्त उपक्रमों के वित्तीय विवरण अप्राप्त हैं।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कंपनी और संयुक्त उद्यम जो भारत में निगमित की गई कंपनियां हैं के संगत निदेशक मण्डल, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशा निर्देश नोट में कथित आंतरिक नियंत्रण के वांछित घटकों पर विचार करते हुये कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और इसे बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी का समयबद्ध बनाया जाना, लेखांकन अभिलेखों की शुद्धता और संपूर्णता, त्रुटियों व धोखाधड़ी का पता लगाना और रोकथाम, कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा, संबंधित कंपनी की नीतियों का दृढ़ता से पालन सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रुप से क्रियाशील पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव इन जिम्मेदारियों में सम्मिलित है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी

हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना हमारा उत्तरदायित्व है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण मार्गदर्शन नोट (“दिशानिर्देश नोट”) एवं आईसीएआई द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण के लिए लागू, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण की सीमा लागू करने के लिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित समझी गई हों, के अनुरूप हम अपना लेखा परीक्षण करते हैं। उन मानकों और दिशानिर्देश नोट की अपेक्षा है कि हम नैतिक अपेक्षाओं की पूर्ति करें और इस तथ्य पर यथोचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित था और यह नियंत्रण सभी मूर्त पहलुओं पर प्रभावी रूप से संचालित था, लेखा परीक्षा योजना बनाएं तथा लेखापरीक्षा करें।

हमारी लेखापरीक्षा में समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और इसकी परिचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का निष्पादन शामिल है। समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों कि समझ प्राप्त करना, किसी मूर्त निर्बलता के होने का संकट का आकलन और आकलित संकट के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता एवं डिजाइन का मूल्यांकन व परीक्षण करना शामिल है। वित्तीय विवरणों की मूर्त मिथ्या कथन, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, का संकट के आकलन सहित लेखा परीक्षकों के निर्णय पर प्रक्रियाएं चयनित की जाती है।

हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य, तथा भारत में निगमित शाखाओं और संयुक्त उद्यमों के अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा ‘अन्य विषय’ अनुच्छेद में उल्लिखित उनकी रिपोर्टों के अनुसार प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य, समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कंपनी एवं भारत में निगमित इसकी संयुक्त उद्यम कंपनियों के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर हमारी लेखा परीक्षा राय के लिए पर्याप्त और उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का अर्थ

किसी कंपनी की समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक प्रक्रिया है जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरुप बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी करने हेतु डिजाइन की जाती है। कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं. जो (1) ऐसे अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित हैं, जिसमें कंपनी की सम्पत्तियों के लेनदेनों और निपटान का यथार्थ और उचित रुप में युक्तियुक्त विवरण दर्शाया गया है। (2) उचित आश्वासन देते हैं कि लेनदेन सामान्यतः स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति के लिए दर्ज हो रहे हैं और कंपनी कि प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी प्रबंधन और कंपनी के निदेशक प्राधिकरण के अनुसरण में हो रही है और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान जो वित्तीय विवरणों पर मूर्त प्रभाव डाल सकते हैं, का समय पर पता लगाने या रोकथाम के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करें।

समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाएं

समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं जिनमें मिलीभगत की संभावना, नियंत्रण अधिभाव का अनुचित प्रबंधन शामिल है, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण महत्वपूर्ण गलतबयानी हो सकती है और उसका

पता नहीं चल पाता। इसके अतिरिक्त, भविष्य की अवधि के लिए समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन है कि स्थितियों में परिवर्तन के कारण अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन के स्तर में कमी के कारण समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकता है।

अन्य विषय

अधिनियम की धारा 143(3) के अंतर्गत समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी उपरोक्त रिपोर्ट, जहां तक पांच संयुक्त रुप से नियंत्रित इकाइयों, जो कि भारत में निगमित कंपनियाँ है, से संबंधित है, भारत में निगमित इन पांच संयुक्त रुप से नियंत्रित संस्थाओं के संबंधित प्रबंधन प्रमाणपत्र पर आधारित है।

अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी उपरोक्त रिपोर्ट, जहाँ तक भारत में निगमित पाँच संयुक्त उद्यमों से संबंधित है, जिनमें से चार संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी का लेखा परीक्षा नहीं किया गया है, इस पर आधारित है। तथापि, इन संयुक्त उद्यमों में कंपनी की शुद्ध लाभ/हानि (अन्य समग्र आय सहित) की हिस्सेदारी और इन समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल उनके संबंध में किए गए प्रकटीकरण कंपनी के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं, अतः समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी राय प्रभावित नहीं होती है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी रिपोर्ट में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

राय

ग. बीएचईएल ने संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के गठन के लिए दिनांक 28 फरवरी 2024 को मेसर्स कोल इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जेवीए के अनुसार, बीएचईएल 4 वर्षों की अवधि (1 वर्ष की पूर्वनिर्माण अवधि के बाद) में जेवीसी में 1732 करोड़ रुपये का इक्विटी योगदान देगा।	1732.00	1,732.00
घ. व्यवसाय की प्रकृति को देखते हुए, दीर्घकालिक निर्माण अनुबंध होने के नाते भौतिक की खरीद आदि के लिए अन्य प्रतिबद्धताएं भी हो सकती हैं, जिसे सामान्य व्यवसाय प्रक्रिया माना गया है।		

नोट [34]

कंपनी ने 1 अप्रैल, 1999 को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) से 30 वर्ष की अवधि के लिए एमोर्फस सिलिकॉन सोलर सेल प्लांट (एएसएससीपी), गुड़गांव को पट्टे पर लिया था। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के साथ औपचारिक पट्टा समझौते को अभी अंतिम रुप दिया जाना बाकी है।

नोट [35]

व्यापार प्राप्य, व्यापार देय, ठेकेदारों के अग्रिम, जमा और उप-ठेकेदारों/निर्माताओं के पास पड़े स्टॉक/भौतिक के अंतर्गत दर्शाए गए शेष की पुष्टि, समाधान और परिणामी समायोजन, यदि कोई हो, के अधीन हैं। कंपनी दीर्घकालिक निर्माण अनुबंधों के व्यवसाय में है, ग्राहक द्वारा अनुमोदित बिलिंग शेड्यूल के अनुरुप अनुबंध के अनुसार ग्राहकों को बिल जारी किए जाते हैं और समाधान निरंतर आधार पर किया जाता है और जहाँ भी आवश्यक समझा जाता है, प्रावधान किए जाते हैं। ग्राहक के साथ अंतिम समाधान परियोजना के पूरा होने पर किया जाता है (परीक्षण संचालन और पीजी परीक्षण पूरा हो गया है)। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की व्यापार प्राप्य राशि 6051 करोड़ (पिछले वर्ष 7906 करोड़) है। पूर्ण अनुबंधों में से, ग्राहकों के साथ समाधान की गई परियोजनाओं में ₹4278 करोड़ (पिछले वर्ष ₹4943 करोड़) की व्यापार प्राप्य राशि बकाया है।

नोट [36]

संयुक्त रुप से नियंत्रित संस्थाएं

क. इंडएएस – वित्तीय विवरण और वित्तीय विवरण में निवेश की धारित राशि के साथ समाधान के आधार पर संयुक्त उद्यम की सारांशित वित्तीय सूचना नीचे दी गई है:

(₹ करोड़ में)

संयुक्त उद्यम का नाम (इक्विटी प्रणाली के प्रयोग से गणना की गई)	व्यवसाय का मुख्य स्थान	स्वामित्व का अनुपात		धारित राशि (कैरिंग अमाउंट)	
		31 मार्च की स्थिति		31 मार्च की स्थिति	
		2025	2024	2025	2024
बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस)	भारत	एक शेयर 50% से कम	एक शेयर 50% से कम	2.38	2.38
एनटीपीसी-बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीएल)		50.00%	50.00%	-	-
रायचुर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल)		22.14%	22.14%	664.04	664.04
पावर प्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट लिमिटेड		एक शेयर 50% से कम	एक शेयर 50% से कम	-	-
भारत कोल गैसीफिकेशन & केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल)		49.00%	-	-	-

क. बीजीजीटीएस, बीएचईएल और जीई, यूएसए की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसे जीई द्वारा डिजाइन किए गए गैस टर्बाइनों की मरम्मत और सर्विसिंग करने के लिए गठित किया गया है।

ख. एनटीपीसी-बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के मूल्य में हानि के लिए प्रावधान शुद्ध वित्तीय स्थिति के आधार पर 50.00 करोड़ (पिछले वर्ष 50.00 करोड़ तक) की सीमा तक किया गया है। दिनांक 28 जनवरी, 2025 को आयोजित 566वीं बैठक में बीएचईएल निदेशक मंडल ने दिनांक 08.02.2018 को आयोजित 494वीं बैठक में एनबीपीपीएल को बंद करने के लिए बीएचईएल निदेशक मंडल द्वारा दी गई सैद्धांतिक मंजूरी को रद्द करने की मंजूरी दी और एनबीपीपीएल द्वारा 1×800 मेगावाट एयूएससी प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रौद्योगिकी निरुपण प्लांट (टीडीपी) के कार्यान्वयन को शुरु करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी।

ग. रायचुर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, बीएचईएल और कर्नाटक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (केपीसीएल) का संयुक्त उपक्रम है। इसे स्वयं निर्माण एवं परिचालन के आधार पर यरमारस, रायचुर, कर्नाटक में 2x800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट एवं एदलापुर, रायचुर, कर्नाटक में 1x800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के निर्माण हेतु गठित किया गया है। यरमारस टीपीपी की यूनिट-I और यूनिट-II का सीओडी क्रमशः मार्च 2017 और अप्रैल 2017 में प्राप्त किया गया।

घ. भारत कोल गैसीफिकेशन & केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) को दिनांक 21.05.2024 को बीएचईएल और सीआईएल की एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के रुप में शामिल किया गया, ताकि बीएचईएल की "प्रेशराइज्ड फ्लुइडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन (पीएफबीजी)" तकनीक का उपयोग करके ओडिशा के लखनपुर में 2000 टीपीडी अमोनियम नाइट्रेट परियोजना की स्थापना करके कोयले से रसायन व्यवसाय शुरु किया जा सके।

ङ. पावरप्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट लिमिटेड अभी भी परिसमापन प्रक्रिया में है। परिसमापन प्रक्रिया के अनुसार, बीएचईएल को पीपीआईएल में अपने ₹2 करोड़ के इक्विटी निवेश के बदले दिसंबर 2024 में 0.87 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है।

ख. संयुक्त उद्यम कंपनियों के समूह की संक्षिप्त वित्तीय जानकारी इस प्रकार है:-

नीचे दी गई तालिका में संयुक्त उद्यम कंपनियों के समूह की इक्विटी पद्धति पर वित्तीय जानकारी को संक्षेप में दर्शाया गया है। यह जानकारी संबंधित संयुक्त उद्यम कंपनियों के वित्तीय विवरणों के अनुसार है, न कि इन राशियों के समूह के हिस्सेदारी से संबंधित है:

बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड

(₹ करोड़ में)

बैलेन्स शीट	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
गैर चालू परिसंपत्तियां	55.39	83.08
चालू परिसंपत्तियां	980.34	859.72
नकद और नकद समतुल्य (बैंक शेष सहित) को मिलाकर चालू परिसंपत्तियां	184.37	162.92
गैर-चालू देयताएं	9.23	8.19
गैर चालू वित्तीय देयताएं (व्यापार देय को छोड़कर)	1.55	1.45
चालू देयताएं	475.35	425.64
चालू वित्तीय देयताएं (व्यापार देय को छोड़कर)	6.87	7.08

(₹ करोड़ में)

लाभ और हानि का विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2025 को
परिचालन से आय	1052.58	1054.74
ब्याज आय	27.15	23.67
मूल्यह्रास और परिशोधन	7.97	8.59
ब्याज व्यय	0.52	0.62
आयकर व्यय	40.95	43.75
वर्ष का लाभ/(हानि)	118.02	127.95
अन्य व्यापक आय	(0.32)	0.27
कुल व्यापक आय	118.34	127.68

रायचुर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(₹ करोड़ में)

बैलेन्स शीट	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
गैर चालू परिसंपत्तिय	9492.61	9685.94
चालू परिसंपत्तियां	4065.92	3657.93
नकद और नकद समतुल्य (बैंक शेष सहित) को मिलाकर चालू परिसंपत्तियां	190.90	13.08
गैर-चालू देयताएं	15909.25	16390.12
गैर चालू वित्तीय देयताएं (व्यापार देय को छोड़कर)	15,909.25	16390.12
चालू देयताएं	6349.36	4167.18
चालू वित्तीय देयताएं (व्यापार देय को छोड़कर)	6193.52	3847.07

(₹ करोड़ में)

लाभ और हानि का विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2025 तक	31 मार्च, 2025 तक
परिचालन से आय	4296.02	3910.74
मूल्यह्रास और परिशोधन	674.98	661.74
ब्याज व्यय	2410.65	2210.09
आयकर व्यय	-	-
वर्ष का लाभ/(हानि)	(1486.64)	(1735.48)
कुल व्यापक आय	(1486.64)	(1735.48)

एनटीपीसी-बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

(₹ करोड़ में)

बैलेन्स शीट	31 मार्च, 2025 तक	31 मार्च, 2024 तक
गैर चालू परिसंपत्तियां	184.89	192.23
चालू परिसंपत्तियां	370.44	385.24
नकद और नकद समतुल्य (बैंक शेष सहित) को मिलाकर चालू परिसंपत्तियां	0.87	7.67
गैर-चालू देयताएं	459.65	448.40
चालू देयताएं	335.99	352.37
चालू वित्तीय देयताएं (व्यापार देय को छोड़कर)	23.13	24.25

(₹ करोड़ में)

लाभ और हानि का विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2025 तक	31 मार्च, 2024 तक
परिचालन से आय	3.48	18.19
मूल्यह्रास और परिशोधन	5.65	5.79
ब्याज व्यय	0.63	1.64
आयकर व्यय	2.20	0.47
वर्ष का लाभ/(हानि)	(17.01)	(0.80)
कुल व्यापक आय	(17.01)	(1.07)

भारत कोल गैसीफिकेशन & केमिकल्स लिमिटेड

(₹ करोड़ में)

बैलेन्स शीट	जैसा 31 मार्च, 2025 को	जैसा 31 मार्च, 2024 को
गैर चालू परिसंपत्तियां	-	-
चालू परिसंपत्तियां	0.41	-
नकद और नकद समतुल्य (बैंक शेष सहित) को मिलाकर चालू परिसंपत्तियां	0.00	-
गैर-चालू देयताएं	-	-
चालू देयताएं	2.66	-
चालू वित्तीय देयताएं (व्यापार देय को छोड़कर)	0.01	-

(₹ करोड़ में)

लाभ और हानि का विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
परिचालन से आय	-	-
मूल्यह्रास और परिशोधन	-	-
ब्याज व्यय	-	-
आयकर व्यय	-	-
वर्ष का लाभ/(हानि)	(2.26)	-
कुल व्यापक आय	(2.26)	-

टिप्पणी [37]
पट्टों पर प्रकटीकरण - इंडएएस 116

पट्टों पर प्रतिबद्धताएं - कंपनी पट्टेदार के रूप मे

कंपनी के महत्वपूर्ण पट्टे समझौते भूमि, भवन और ईडीपी उपकरणों के संबंध में हैं। कंपनी ने कंप्यूटर आइटम, प्रिंटर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरण और पेरिफेरल्स पट्टा व्यवस्था के लिए दर अनुबंध किया है। पट्टे पर ली गई संपत्तियों को पूंजीकृत किया जाता है तथा संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के उपयोग के अधिकार का संपत्ति के रूप में अलग से प्रकटीकरण किया जाता है। पट्टा रेंटल को ब्याज, रखरखाव और मूलधन मूल्य के बीच आवंटित किया जाता है। ब्याज और रखरखाव शुल्क लाभ - हानि के विवरण पर लगाया जाता है और मूल राशि को पट्टा देयताओं के साथ समायोजित किया जाता है।

कंपनी ने निम्नलिखित उपलब्ध व्यावहारिक उपायों को लागू किया:

(i) ऐसे पट्टे, जिनकी पट्टा अवधि 12 माह से कम है, के लिए अल्पकालिक पट्टा छूट।

(ii) अल्पमूल्य (50,000 से कम मूल्य की परिसंपत्तियां) के परिसंपत्तियों के पट्टों के लिए अल्पमूल्य पट्टा छुट।

क. पट्टा देयताओं का आयु-वार विश्लेषण इस प्रकार है

(₹ करोड़ में)

विवरण	भविष्य में न्यूनतम पट्टा भुगतान		ब्याज		न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य [पीवी]	
	मार्च 31, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति	मार्च 31, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति	मार्च 31, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
अधिकतम 1 वर्ष तक #	66.81	26.33	14.95	2.72	51.86	23.61
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्ष के अंदर	187.08	23.04	24.86	0.99	162.22	22.05
5 वर्ष से अधिक	3.03	4.46	2.85	2.96	0.18	1.50

उन पट्टों के संबंध में, जहां दिनांक 31 मार्च 2025 के अंत तक शेष पट्टा अवधि 12 महीने से कम है, भावी न्यूनतम पट्टा भुगतान की राशि 8.03 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 9.18 करोड़ रुपये) है।

ख. वित्तीय वर्ष वर्ष 2024- 25 के दौरान पट्टा देयताओं में परिवर्तन

(₹ करोड़ में)

विवरण	निम्नलिखित तिथि की स्थिति	
	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार पट्टा देयताएं*	48.45	68.50
जोड़ें: परिवर्धन	215.22	14.62
जोड़ें:ब्याज की वृद्धि	11.28	4.38
घटाएं : भुगतान/समायोजन	55.35	39.05
31 मार्च की स्थिति के अनुसार पट्टा देयताएं*	219.60	48.45

* 31 मार्च, 2025 और मार्च 31, 2024 तक क्रमशः 5.34 करोड़ (पिछले वर्ष 1.29 करोड़) और 1.29 करोड़ (पिछले वर्ष 1.66 करोड़) का अर्जित ब्याज शामिल है ।

ग. लाभ एवं हानि में स्वीकृत राशियां:

(₹ करोड़ में)

विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
अल्पकालिक पट्टों से संबंधित व्यय	0.63	2.10
कम मूल्यों की पट्टा संपत्ति से संबंधित व्यय	0.92	1.11
राइट ऑफ यूज़ संपत्ति का मूल्यहास शुल्क	51.89	27.51
ब्याज पर व्यय (वित्त लागत में शामिल)	11.28	4.38

घ. कंपनी के पास विभिन्न पट्टा अनुबंध हैं जो अभी तक शुरु नहीं हुए हैं। इन गैर-रद्द करने योग्य पट्टा अनुबंधों के लिए भविष्य के पट्टा भुगतान इस प्रकार हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	निम्नलिखित तिथि की स्थिति	
	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
अधिकतम 1 वर्ष तक	2.25	1.20
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्ष के अंदर	12.03	4.81
5 वर्ष से अधिक	0.75	-

नोट [38]
'कर्मचारी लाभ' पर प्रकटीकरण - इंड एएस 19

क. कंपनी के पास परिभाषित लाभ योजनाओं के रूप में निम्नलिखित योजनाएं हैं :

i) उपदान (ग्रेच्यूटी) योजना
ii) सेवानिवृत्ति के उपरांत स्वास्थ्य योजना
iii) भविष्य निधि योजना
iv) सेवानिवृत्ति पर यात्रा भत्ते का दावा

(i) ग्रेच्यूटी (वित्तपोषित योजना)

कंपनी के पास एक परिभाषित लाभ उपदान योजना है। प्रत्येक कर्मचारी जिसने निरंतर पाँच वर्ष या उससे अधिक सेवा की है, वह सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए 15 दिनों के वेतन पर ग्रेच्युटी (15/26 x अंतिम आहरित मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का पात्र है, अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये है। ग्रेच्युटी देयताएं भविष्य के भुगतानों के कारण उत्पन्न होती है, जो सेवानिवृत्ति, सेवा के दौरान मृत्यु या त्यागपत्र की स्थिति में दिए जाने की आवश्यकता होती है। अनुमानित इकाई क्रेडिट बीमांकिक विधि के उपयोग से देयताओं का आकलन किया गया है।

ग्रेच्युटी योजना पर शुद्ध परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति)/देयता में परिवर्तन

(₹ करोड़ में)

विवरण	परिभाषित लाभ दायित्व		योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य		शुद्ध परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति) / देयता	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति
प्रारंभिक शेष	**1921.07**	**1850.22**	**1534.45**	**1453.48**	**386.62**	**396.74**
वर्ष के लिए लाभ में सम्मिलित:						
वर्तमान सेवा लागत	95.16	91.16	-	-	95.16	91.16
विगत सेवा लागत	-	-	-	-	-	-
ब्याज लागत /(आय)	139.28	136.92	(130.95)	(107.56)	8.33	29.36
वर्ष के लिए लाभ में मान्यता प्राप्त कुल राशि	**234.44**	**228.08**	**(130.95)**	**(107.56)**	**103.49**	**120.52**
अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में शामिल:						
पुनर्मापन हानि / (लाभ):						
निम्नलिखित से उत्पन्न बीमांकिक हानि / (लाभ) :						
जनसांख्यिकीय अनुमान में परिवर्तन	-	-	-	-	-	-
वित्तीय अनुमान में परिवर्तन	95.31	29.74	-	-	95.31	29.74
अनुभव समायोजन	(62.11)	(25.66)	11.70	(9.72)	(50.41)	(35.38)
अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त कुल राशि	**33.20**	**4.08**	**11.70**	**(9.72)**	**44.90**	**(5.64)**
अन्य						
नियोक्ता द्वारा भुगतान किया गया अंशदान	-	-	402.63	125.00	(402.63)	(125.00)
भुगतान किया गया	163.35	161.31	163.35	161.31	-	-
जमा शेष	**2025.35**	**1921.07**	**1892.98**	**1534.45**	**132.38**	**386.62**

योजना परिसंपत्तियों का विवरण

विवरण	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
बीमाकर्ता द्वारा प्रबंधित निधि*	82.44%	81.69%
उच्च गुणवत्ता वाले कॉर्पोरेट बांड (उद्धृत)	1.93%	15.38%
राज्य सरकार की प्रतिभूतियां (उद्धृत)	2.30%	2.84%
बैंक में जमाराशि	13.33%	0.09%
कुल	**100.00%**	**100.00%**

* बीमाकर्ता भारतीय जीवन बीमा निगम है

बीमांकिक धारणाएं

रिपोर्टिंग तिथि पर प्रमुख बीमांकिक धारणाएं निम्नलिखित थीं:

विवरण	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
आर्थिक अनुमान:		
छूट की दर	6.79%	7.25%
वेतन वृद्धि दर	प्रथम 4 वर्ष के लिए 6.50% और उसके बाद 6% प्रति वर्ष	प्रथम 4 वर्ष के लिए 6.50% और उसके बाद 6% प्रति वर्ष
जनसांख्यिकीय अनुमान:		
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
मृत्युदर तालिका	आईएएलएम का 100% (2012-14)	आईएएलएम का 100% (2012-14)
निकासी दर % (सभी आयु वर्ग)		
30 वर्ष तक	3%	3%
31 से 44 वर्ष तक	1%	1%
44 वर्ष से अधिक	1%	1%

बीमांकिक धारणाएं

रिपोर्टिंग तिथि पर प्रमुख बीमांकिक धारणाएं निम्नलिखित थीं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	उपदान			
	31 मार्च, 2025 की स्थिति		31 मार्च, 2024 की स्थिति	
	वृद्धि	कमी	वृद्धि	कमी
छूट दर में परिवर्तन (0.50% संचलन)	(103.29)	112.09	(96.30)	104.67
वेतन वृद्धि दर में परिवर्तन (0.50% संचलन)	32.42	(39.42)	31.29	(37.52)

मृत्यु दर और निकासी कोई परिणाम परिवर्तक घटक नहीं हैं और इसलिए इनके कारण होने वाले परिवर्तन के प्रभाव की गणना नहीं की जाती है।

भुगतान में पेंशन की वृद्धि दर, सेवानिवृत्ति से पूर्व पेंशन की वृद्धि दर और जीवन प्रत्याशा के रूप में संवेदनशीलताएं लागू नहीं होती हैं।

उपरोक्त संवेदनशीलता विश्लेषण एक ऐसी प्रणाली के आधार पर निर्धारित किया गया है जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मूल अनुमानों में होने वाले पर्याप्त परिवर्तनों के परिणामस्वरूप निर्धारित लाभ देयता पर प्रभाव को बढ़ाती है। यह विश्लेषण निर्धारित लाभ देयताओं में वास्तविक परिवर्तन का उदाहरण नहीं हो सकता है क्योंकि कुछ अनुमानों में अलग-अलग परिवर्तन हो सकता है और कुछ अनुमान एक दसरे से सम्बद्ध हो सकते हैं।

भविष्य के वर्षों में उपदान योजना की अपेक्षित परिपक्वता विश्लेषण

(₹ करोड़ में)

विवरण	उपदान	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
1 वर्ष से कम	150.30	158.20
1-2 वर्ष के बीच	124.94	125.81
2-3 वर्ष के बीच	109.47	111.49
3-4 वर्ष के बीच	100.29	98.46
4-5 वर्ष के बीच	88.88	89.43
5-6 वर्ष के बीच	69.68	78.90
6 वर्ष से अधिक	1381.79	1258.78
कुल	**2025.35**	**1921.07**

31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए ग्रेच्युटी योजनाओं में अपेक्षित योगदान 125.54 करोड़ है। रिपोर्टिंग अवधि के अंत में ग्रेच्युटी परिभाषित लाभ योजना दायित्व की भारित औसत अवधि 14.39 वर्ष (31 मार्च 2024: 14.83 वर्ष) है।

जोखिम की संभावना

मूल्यांकन कुछ गतिशील प्रकृति की मान्यताओं पर आधारित होते हैं, और समय के साथ बदलते रहते हैं। इस प्रकार, कंपनी को वेतन में वृद्धि, निवेश जोखिम, छूट दर, मृत्यु दर, विकलांगता और निकासी जैसे विभिन्न जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

(ii) सेवा निवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ (वित्त पोषित योजना)

कंपनी में सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा लाभ (पीआरएमबी) है, जिसके अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके पति/पत्नी को कंपनी अस्पतालों/सूचीबद्ध अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है जो कंपनी चिकित्सा नियमों के अधीन है। वे कंपनी द्वारा तय की गई सीमा में बाह्य रोगी के रूप में भी उपचार का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए वार्षिक देयताएं वास्तविक मूल्यांकन आधार पर मान्य की जाती हैं।

सेवानिवृत्ति पश्चात के बाद चिकित्सा लाभ योजना पर शुद्ध परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति)/देयता में संचलन

(₹ करोड़ में)

विवरण	परिभाषित लाभ दायित्व		योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य		शुद्ध परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति) / देयता	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति
प्रारंभिक शेष	**2376.14**	**2249.60**	**1903.77**	**1831.92**	**472.37**	**417.68**
वर्ष के लाभ में सम्मिलित:						
वर्तमान सेवा लागत	45.84	44.73	-	-	45.84	44.73
पिछली सेवा लागत	-	-	-	-	-	-
ब्याजदार / (आय)	172.27	166.47	(159.24)	(135.56)	13.03	30.91
वर्ष के लाभ के रूप में मान्य कुल राशि	**218.11**	**211.20**	**(159.24)**	**(135.56)**	**58.87**	**75.64**
अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में सम्मिलित:						
पुनर्मापन हानि / (लाभ):						

सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ योजना पर शुद्ध परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति)/देयता में संचलन (जारी)

(₹ करोड़ में)

विवरण	परिभाषित लाभ दायित्व		योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य		शुद्ध परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति) / देयता	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	मार्च 31, 2024 की स्थिति
निम्नलिखित से उत्पन्न बीमांकिक हानि/(लाभ):						
जनसांख्यिकीय अनुमान	-	-	-	-	-	-
वित्तीय अनुमान	106.52	34.69	-	-	106.52	34.69
अनुभव का समायोजन	38.24	81.94	10.86	(12.58)	49.10	69.36
अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त कुल राशि	**144.76**	**116.63**	**10.86**	**(12.58)**	**155.62**	**104.05**
अन्य						
नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए अंशदान	-	-	250.00	125.00	(250.00)	(125.00)
भुगतान किए गए लाभ	241.34	201.29	241.34	201.29	-	-
अंतिम शेष	**2497.67**	**2376.14**	**2060.81**	**1903.77**	**436.86**	**472.37**

कंपनी की योजनागत परिसंपत्तियों का प्रबंधन भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा कंपनी के दायित्वों के वित्तपोषण के लिए ली गई बीमा पॉलिसी के संदर्भ में कंपनी द्वारा प्रबंधित एक ट्रस्ट के माध्यम से किया जाता है।

बीमांकिक धारणाएं

रिपोर्टिंग तिथि पर प्रमुख बीमांकिक धारणाएं निम्नलिखित थीं:

विवरण	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
आर्थिक अनुमान:		
छूट की दर	6.79%	7.25%
वेतन वृद्धि दर	प्रथम 4 वर्ष के लिए 6.50% और उसके बाद 6% प्रति वर्ष	6 प्रथम 4 वर्ष के लिए 6.50% और उसके बाद 6% प्रति वर्ष
जनसांख्यिकीय अनुमान:		
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
मृत्युदर तालिका	आईएएलएम का 100% (2012-14)	आईएएलएम का 100% (2012-14)
निकासी दर % (सभी आयु वर्ग)		
30 वर्ष तक	3%	3%
31 से 44 वर्ष तक	1%	1%
44 वर्ष से अधिक	1%	1%

संवेदनशीलता का विश्लेषण

महत्वपूर्ण प्रमुख मान्यताओं में परिवर्तन के प्रति परिभाषित लाभ दायित्व की संवेदनशीलता निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ			
	31 मार्च, 2025 की स्थिति		31 मार्च, 2024 की स्थिति	
	वृद्धि	कमी	वृद्धि	कमी
छूट दर में परिवर्तन (0.50% संचलन)	(148.04)	150.42	(124.67)	129.20
लागत में परिवर्तन (0.50% संचलन)	156.28	(146.42)	131.61	(125.77)

मृत्यु दर और निकासी कोई परिणाम परिवर्तक घटक नहीं हैं और इसलिए इनके कारण होने वाले परिवर्तन के प्रभाव की गणना नहीं की जाती है।

उपरोक्त संवेदनशीलता विश्लेषण एक ऐसी प्रणाली के आधार पर निर्धारित किया गया है जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मूल अनुमानों में होने वाले पर्याप्त परिवर्तनों के परिणामस्वरुप निर्धारित लाभ देयता पर प्रभाव को बढ़ाती है। यह विश्लेषण निर्धारित लाभ देयताओं में वास्तविक परिवर्तन का उदाहरण नहीं हो सकता है क्योंकि कुछ अनुमानों में अलग-अलग परिवर्तन हो सकता है और कुछ अनुमान एक दसरे से सम्बद्ध हो सकते हैं।

भविष्य के वर्षों में सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ योजना की अपेक्षित परिपक्वता विश्लेषण

(₹ करोड़ में)

विवरण	सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
1 वर्ष से कम	263.08	201.18
1-2 वर्ष के बीच	286.01	218.72
2-3 वर्ष के बीच	293.75	224.64
3-4 वर्ष के बीच	304.64	232.96
4-5 वर्ष के बीच	318.98	243.93
5-6 वर्ष के बीच	330.81	252.98
6 वर्ष से अधिक	700.40	1001.73
कुल	**2497.67**	**2376.14**

31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ योजना में अपेक्षित योगदान ₹64.59 करोड़ रुपए है।

रिपोर्टिंग अवधि के अंत में सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ योजना दायित्व की भारित औसत अवधि 12.67 वर्ष (31 मार्च 2024: 12.53 वर्ष) है।

जोखिम की संभावना

मूल्यांकन कुछ मान्यताओं पर आधारित होते हैं, जो प्रकृति में गतिशील होते हैं और समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसी स्थिति में कंपनी को चिकित्सा लागत में वृद्धि, निवेश जोखिम, छूट दर, मृत्यु दर, विकलांगता और निकासी जैसे विभिन्न जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

(iii) भविष्य निधि

कंपनी पृथक ट्रस्ट को पूर्व निर्धारित दरों पर नियत भविष्य निधि योगदान का भुगतान करती है जो अनुमत प्रतिभूतियों में धन का निवेश करती है। सदस्यों को भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतम दर से ब्याज सुनिश्चित करना कंपनी के लिए बाध्यकारी है। तदनुसार, कंपनी ने बीमांकिक रिपोर्ट प्राप्त की है, बीमांकिक मूल्यांकन प्रमाणपत्र देयताओं के अनुसार जहां भी संभावित ब्याज की कमी उत्पन्न हो, उसके लिए, खातों में प्रावधान किया गया है।

भविष्य निधि ट्रस्ट मे ब्याज की कमी का विवरण

(₹ करोड़ में)

विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
वर्ष के लिए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर पीएफ ब्याज देयता में अधिकता/(कमी)	(25.88)	9.97
बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर पीएफ ब्याज देयता में कमी के लिए संचित प्रावधान	44.01	18.13
अन्य व्यापक आय विवरण के माध्यम से चिन्हित पुनर्मापन लाभ/(हानि)	(16.97)	(9.17)
लाभ - हानि के विवरण के माध्यम से ब्याज की कमी/(अधिशेष) का लेखा-जोखा	8.91	(19.14)

कंपनी में विभिन्न स्थानों पर स्थित पीएफ ट्रस्ट हैं जो संबंधित कर्मचारियों को सेवा प्रदान करते हैं और इनका पृथक-पृथक प्रबंधन किया जाता है। नियोजिय परिसंपत्तियों और देयताओं का विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	परिभाषित लाभ दायित्व		योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य		अधिशेष / (कमी)	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च,2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
बीएचईएल ईपीएफ ट्रस्ट, रानीपुर, हरिद्वार	1986.34	1824.36	2000.26	1841.54	13.92	17.18
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि - त्रिची	1084.17	988.93	1075.96	986.19	(8.21)	(2.74)
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि भोपाल	1719.01	1629.83	1705.24	1625.11	(13.77)	(4.72)
बीएचईएल नई दिल्ली कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट	1520.79	1493.90	1514.16	1491.75	(6.63)	(2.15)
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि - हैदराबाद	887.48	901.38	918.33	917.02	30.85	15.64
बीएचईएल पीपीडी ईपीएफ ट्रस्ट, चेन्नई	1021.78	955.03	1006.38	946.51	(15.40)	(8.52)
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि - बेंगलुरु	679.89	637.68	694.38	653.29	14.49	15.61
बीएचईएल (बीएपी इकाई) ईपीएफ ट्रस्ट, रानीपेट	321.18	322.00	329.80	323.44	8.62	1.44
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट झांसी	512.75	494.82	526.07	508.78	13.32	13.96
भारत हेवी प्लेट्स एंड वेसेल्स लिमिटेड कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि–विशाखापट्टनम	160.10	152.27	201.56	192.31	41.46	40.04
कुल	**9893.49**	**9400.20**	**9972.14**	**9485.94**	**78.65**	**85.74**

भविष्य निधि पर शुद्ध परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति)/देयता में संचलन

(₹ करोड़ में)

विवरण	बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट(समेकित)			
	परिभाषित लाभ दायित्व		नियोजित परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
प्रारंभिक शेष	**9400.20**	**8933.68**	**9485.94**	**9009.99**
वर्ष के लिए लाभ में सम्मिलित:				
वर्तमान सेवा लागत	389.44	369.63	-	-
ब्याज लागत / (आय)	765.59	724.70	(784.63)	(760.00)
वर्ष के लिए लाभ में मान्यता प्राप्त कुल राशि	**1,155.03**	**1,094.33**	**(784.63)**	**(760.00)**
अन्य व्यापक आय(ओसीआई) में शामिल				
पुनर्मापन हानि /(लाभ):				
निम्नलिखित से उत्पन्न बीमांकिक हानि/(लाभ) :				
जनसांख्यिकीय अनुमान	-	-	-	-
वित्तीय अनुमान	1.96	0.86	-	0.28
अनुभव समायोजन	(4.75)	29.61	28.91	(4.88)
अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त कुल राशि	**(2.79)**	**30.47**	**28.91**	**(4.60)**
अन्य				
नियोक्ता द्वारा भुगतान किया गया अंशदान	-	-	389.44	369.63
कर्मचारी अंशदान	680.29	710.44	680.29	710.44
भुगतान किया गया हित लाभ	1,719.39	1658.60	1,719.39	1658.60
निपटान/ स्थानांतरण	380.15	289.88	380.15	289.88
अंतिम शेष	**9893.49**	**9400.20**	**9972.15**	**9485.94**

टिप्पणी: वर्ष के दौरान घाटे वाले पीएफ ट्रस्टों के संबंध में ब्याज की कमी केवल लाभ-हानि विवरण और अन्य व्यापक आय विवरण के माध्यम से लेखांकित की गई है।

उपरोक्त के अलावा, पुनर्प्राप्ति के सर्वोत्तम संभव मूल्यांकन के आधार पर पीएफ ट्रस्ट निवेश में कमी से संचयी रुप से ₹53.11 करोड़ रुपये की कुल वृद्धि भी हुई है ।

नियोजित परिसंपत्तियों का विवरण

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
भारत सरकार की प्रतिभूतियाँ [उद्धृत]	879.15	796.78
राज्य सरकार की प्रतिभूतियाँ [उद्धृत]	4983.06	4678.27
कॉर्पोरेट बांड [उद्धृत]	3224.07	3259.15
विशेष जमा [उद्धरण नहीं]	299.98	344.65
लिक्विड फंड [उद्धृत]	6.65	3.76
अल्पावधि जमा [उद्धरण नही]	111.82	85.76
म्यूचुअल फंड और इक्विटी शेयर [उद्धृत]	467.42	317.58
कुल	**9972.14**	**9485.94**

बीमांकिक धारणाएं

रिपोर्टिंग तिथि पर प्रमुख बीमांकिक धारणाएं निम्नलिखित थीं:

विवरण	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
आर्थिक अनुमान:		
छूट की दर	6.79%	7.25%
बहीखाते पर अपेक्षित वैधानिक ब्याज दर	8.25%	8.25%
निधि पर ब्याज आय में अपेक्षित कमी	0.05%	0.05%
जनसांख्यिकीय अनुमान:		
मृत्यु दर तालिका	100% of IALM (2012-14)	100% of IALM (2012-14)
निकासी दर% (सभी आयु वर्ग)		
30 वर्ष तक	3.00%	3.00%
31 से 44 वर्ष तक	1.00%	1.00%
44 वर्ष से अधिक	1.00%	1.00%

संवेदनशीलता का विश्लेषण

महत्वपूर्ण प्रमुख मान्यताओं में परिवर्तन के प्रति परिभाषित लाभ दायित्व की संवेदनशीलता निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट			
	31 मार्च, 2025 की स्थिति		31 मार्च, 2024 की स्थिति	
	वृद्धि	कमी	वृद्धि	कमी
छूट दर में परिवर्तन (0.50% उतार-चढ़ाव)	(2.14)	2.25	(1.80)	1.89

मृत्यु दर और निकासी कोई परिणाम परिवर्तक घटक नहीं हैं और इसलिए इनके कारण होने वाले परिवर्तन के प्रभाव की गणना नहीं की जाती है।

आगामी वर्षों में अपेक्षित परिपक्वता विश्लेषण

(₹ करोड़ में)

विवरण	भविष्य निधि	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
अगले 12 महीनों के भीतर	705.69	787.86
2-5 वर्ष के बीच	1796.95	1755.71
5-10 वर्ष के बीच	1547.56	1554.56
10 वर्ष से अधिक	5843.29	5302.07
कुल	**9893.49**	**9400.20**

जोखिम की संभावना

मूल्यांकन कुछ मान्यताओं पर आधारित होते हैं, जो प्रकृति में गतिशील होते हैं और समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसी स्थिति में कंपनी को चिकित्सा लागत में वृद्धि, निवेश जोखिम, छूट दर, मृत्यु दर, विकलांगता और निकासी जैसे विभिन्न जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

(iv) सेवानिवृत्ति पर यात्रा दावा - (निपटान भत्ता - (गैर वित्त पोषित योजना)

कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर स्वयं व परिजनों एवं सेवा के दौरान मृत्यु होने पर परिजनों की गृह नगर या इच्छानुसार भारत में किसी भी स्थान पर पुनर्वास करने हेतु यात्रा व सामान के परिवहन के व्यय की प्रतिपूर्ति पर होने वाला व्यय निपटान भत्ता (सेटलमेंट अलाउंस) है।

निपटान भत्ता देनदारी में संचलन

(₹ करोड़ में)

विवरण	निपटान भत्ता देयता	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
प्रारंभिक शेष	15.06	13.43
वर्तमान सेवा लागत	1.08	0.89
ब्याज लागत / (आय)	1.09	0.99
वर्ष के लाभ में सम्मिलित	2.17	1.88
बीमांकिक हानि / (लाभ)	0.99	2.55
वर्ष के लिए टीसीआई में मान्यता प्राप्त कुल राशि	**3.16**	**4.43**
अन्य		
नियोक्ता द्वारा भुगतान किया गया अंशदान	-	-
लाभ का भुगतान	1.23	2.80
अंतिम शेष	**16.99**	**15.06**

बीमांकिक धारणाएं

रिपोर्टिंग तिथि पर प्रमुख बीमांकिक धारणाएं निम्नलिखित थीं।

विवरण	निपटान भत्ता	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
आर्थिक अनुमान:		
छूट की दर	6.79%	7.25%
वेतन वृद्धि दर	प्रथम 4 वर्ष के लिए 6.50% और उसके बाद 6% प्रति वर्ष	प्रथम 4 वर्ष के लिए 6.50% और उसके बाद 6% प्रति वर्ष
जनसांख्यिकीय अनुमान:		
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
मृत्युदर तालिका का प्रतिशत	आईएएलएम का 100% (2012-14)	आईएएलएम का 100% (2012-14)
निकासी दर का प्रतिशत (सभी आयु वर्ग)		
30 वर्ष तक	3%	3%
31 से 44 वर्ष	1%	1%
44 वर्ष से अधिक	1%	1%

ख. दीर्घावधि छुट्टी देयताएं (अर्जित छुट्टी – ईएल/अर्धवैतनिक अवकाश-एचपीएल) - (गैर वित्त पोषित योजना)

कंपनी अपने कर्मचारियों को प्रति छमाही में 15 दिन (अधिकतम) अर्जित अवकाश और 10 दिन का अर्ध वैतनिक अवकाश प्रदान करती है। अर्जित अवकाश का नकदीकरण कुछ शर्तों के अधीन सेवा के दौरान होता है। कंपनी नीतियों व नकदीकरण नियमों के अधीन, सेवानिवृत्ति/अधिवर्षिता आयु पर अर्जित अवकाश और अर्धवैतनिक अवकाश को एक साथ मिलाकर अधिकतम 300 दिनों तक के अवकाश का नकदीकरण किया जा सकता है। छुट्टी देयताओं को अन्य दीर्घकालिक लाभों के रूप में माना गया है और अनुमानित यूनिट क्रेडिट एक्चुरियल विधि का उपयोग करके निर्धारित किया गया है।

दीर्घकालिक अवकाश देयता में संचलन

(₹ करोड़ में)

विवरण	दीर्घकालिक अवकाश देयता	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
प्रारंभिक शेष	1065.02	1037.18
वर्ष के लिए लाभ में सम्मिलित:		
वर्तमान सेवा लागत	162.56	138.96
ब्याज लागत / (आय)	77.21	76.75
बीमांकिक हानि / (लाभ)	(33.01)	(23.73)
वर्ष के लाभ के रूप में मान्य कुल राशि	**206.76**	**191.98**
लाभ का भुगतान	130.62	164.14
अंतिम शेष	**1141.16**	**1065.02**

बीमांकिक धारणाएं

रिपोर्टिंग तिथि पर प्रमुख बीमांकिक धारणाएं निम्नलिखित थीं:

विवरण	दीर्घकालिक अवकाश देयता	
	31 मार्च, 2025 की स्थिति	31 मार्च, 2024 की स्थिति
आर्थिक अनुमान:		
छूट की दर	6.79%	7.25%
वेतन वृद्धि दर	प्रथम 4 वर्ष के लिए 6.50% और उसके बाद 6% प्रति वर्ष	प्रथम 4 वर्ष के लिए 6.50% और उसके बाद 6%प्रति वर्ष
जनसांख्यिकीय अनुमान:		
सेवानिवृत्ति आयु	60	60
मृत्यु दर तालिका का प्रतिशत	आईएएलएम का 100% (2012-14)	100% of IALM (2012-14)
निकासी दर (सभी आयु वर्ग)		
30 वर्ष तक	3%	3%
31 से 44 साल	1%	1%
44 वर्ष से अधिक	1%	1%

ग. पेंशन निधि

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में पेंशन योजना [परिभाषित अंशदान योजना] के लिए ₹266 करोड़ रुपए [पिछले वित्त में वर्ष ₹278 करोड़] का योगदान किया।

नोट [39]
इंड एएस-24 के अनुसार प्रकटीकरण - संबंधित पक्ष

क. संबंधित पक्षों की सूची

i)	**संयुक्त उद्यम कंपनियां**	बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस) एनटीपीसी-बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीएल) रायचुर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल) भारत कोल गैसीफिकेशन & केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) पावरप्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट लिमिटेड (पीपीआईएल)
	रोजगारोत्तर लाभ योजनाए	भविष्य निधि ट्रस्ट ग्रेच्युती ट्रस्ट पीआरएमबी ट्रस्ट पेंशन ट्रस्ट
	अन्य	केंद्र सरकार नियंत्रित संस्थाए

कंपनी भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और इसकी अधिकांश हिस्सेदारी भारत सरकार के पास है। महत्वपूर्ण लेन-देन अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, सरकारी प्रतिष्ठानों, रेलवे आदि के साथ है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से भारत सरकार द्वारा नियंत्रित हैं। ऐसी संस्थाओं के साथ आर्म्स लेंथ प्राइस पर बाजार संचालित दरों पर आधारित सामान्य लेन-देन है।

ii) अन्य संबंधित पक्ष:

क. प्रमुख प्रबंधन कार्मिक [केएमपी]

विवरण	पद का नाम	धारित पद [से प्रभावी /तक]
कार्यात्मक निदेशक		
श्री के. सदाशिव मूर्ति	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	(01.11.2023 से)
श्री. जय प्रकाश श्रीवास्तव	निदेशक (ई, आर & डी)	(31.12.2024 तक)
श्री. कृष्ण कुमार ठाकुर	निदेशक (मा. सं.)	(04.07.2023 से)
श्री. तजिंदर गुप्ता	निदेशक (पावर)	(20.09.2023 से)
सुश्री बानी वर्मा	निदेशक (आईएस & पी)	(09.10.2023 से)
श्री. राजेश कुमार द्विवेदी	निदेशक (वित्त)	(19.06.2024 से)
कंपनी सचिव		
श्री राजीव कालरा	कंपनी सचिव	(10.07.2024 तक)
डॉ. योगेश आर छाबड़ा	कंपनी सचिव	(11.07.2024 से)

(₹ करोड़ में)

विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष हेतु	
	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों को भुगतान		
- अल्पकालिक कर्मचारी लाभ	3.64	4.31
- सेवोपरांत लाभ	0.78	0.64
- अन्य दीर्घकालिक लाभ	-	-
- सेवामुक्ति के समय लाभ	-	-
- शेयर आधारित भुगतान	-	-
कुल	**4.42**	**4.95**

ख. सरकारी निदेशक/स्वतंत्र निदेशक

नाम		धारित पद [से प्रभावी /तक]
श्री विजय मित्तल	सरकारी निदेशक	(25.03.2022 से)
श्रीमती आरती भटनागर	सरकारी निदेशक	(14.02.2023 से)
डॉ. के. शिवप्रसाद	स्वतंत्र निदेशक	(01.11.2024 तक)
डॉ. लेखाश्री सामंत सिंघर	स्वतंत्र निदेशक	(12.04.2024 तक)
श्री रमेश पटल्या मावस्कर	स्वतंत्र निदेशक	(08.06.2023 से)
श्री अशोक आसेरी	स्वतंत्र निदेशक	(29.03.2025 से)
श्री आशीष चतुर्वेदी	स्वतंत्र निदेशक	(29.03.2025 से)

(₹ करोड़ में)

विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष हेतु	
	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
बैठक शुल्क -- स्वतंत्र निदेशक	0.12	0.20

ख. सेवोपरांत लाभ योजनाएं जिनका प्रबंधन अलग ट्रस्ट के माध्यम से किया जाता है, के साथ लेन-देन

(₹ करोड़ में)

ट्रस्ट का नाम	सेवोपरांत लाभ योजना	नियोक्ता द्वारा अंशदान	
		निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष हेतु	
		31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
पीआरएमबी ट्रस्ट	सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा योजना	250.00	125.00
ग्रेच्युट ट्रस्ट	उपदान	402.63	125.00
कर्मचारी सेवानिवृत्ति निधि	पेंशन निधि	327.59	457.47
बीएचईएल ईपीएफ ट्रस्ट, रानीपुर, हरिद्वार	भविष्य निधि	70.22	60.18
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि-त्रिची	भविष्य निधि	63.50	59.60
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि भोपाल	भविष्य निधि	62.65	59.71
बीएचईएल नई दिल्ली कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट	भविष्य निधि	46.51	45.64
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि-हैदराबाद	भविष्य निधि	43.73	44.24
बीएचईएल पीपीडी ईपीएफ ट्रस्ट, चेन्नई	भविष्य निधि	33.55	32.24
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि-बेंगलुरु	भविष्य निधि	29.80	29.47
बीएचईएल (बीएपी इकाई) ईपीएफ ट्रस्ट, रानीपेट	भविष्य निधि	17.51	17.68
बीएचईएल कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट झांसी	भविष्य निधि	14.44	14.14
भारत हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स लिमिटेड कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि-विशाखापट्टनम	भविष्य निधि	7.53	6.73

ग. संयुक्त उद्यमों के साथ लेन-देन का विवरण और शेष

(₹ करोड़ में)

विवरण	निम्नलिखित तिथि को समाप्त वर्ष हेतु	
	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
उत्पाद एवं सेवाओं की बिक्री		
बीजीजीटीएस	324.31	305.92
आरपीसीएल	5.47	9.30
एनबीपीपीएल	0.11	0.61
लाभांश आय		
बीजीजीटीएस	38.08	41.65
रॉयल्टी आय		
बीजीजीटीएस	1.90	2.03
उत्पाद एवं सेवाओं का क्रय		
बीजीजीटीएस	1.49	1.18
आरपीसीएल	-	0.07
इक्विटी शेयरों की सदस्यता		
बीसीजीसीएल (10 रु. प्रति शेयर मूल्य के 4900 इक्विटी शेयर)	0.00	-
वर्ष के अंत में बीएचईएल को देय राशि		
बीजीजीटीएस	195.29	138.05
आरपीसीएल	632.82	643.84
एनबीपीपीएल	276.29	277.02
बीसीजीसीएल	0.16	-
वर्ष के अंत में बीएचईएल (अग्रिम सहित) से देय राशि		
बीजीजीटीएस	0.21	0.38
आरपीसीएल	8.17	8.55
एनबीपीपीएल	38.40	41.69
संदिग्ध ऋणों और अग्रिमों के लिए प्रावधान		
बीजीजीटीएस	10.71	10.52
आरपीसीएल	20.73	20.73
एनबीपीपीएल	239.35	222.12

टिप्पणी: निवेश के मूल्य में कमी के प्रावधान के लिए नोट [5क] देखें

नोट [40]
प्रकटीकरण [प्रावधानों में संचलन] - इंड एएस- 37

(₹ करोड़ में)

क	परिनिर्धारित हर्जाना	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
	प्रारंभिक शेष	**9166.53**	**8234.67**
	जोड़ें: परिवर्धन	836.65	1165.80
	घटाएं: उपयोग/ राइट ऑफ/भुगतान	2499.68	21.72
	घटाएं: निकासी/समायोजन	433.97	212.21
	अंतिम शेष	**7069.53**	**9166.53**

कंपनी के लेखांकन नीति के अनुरूप परिनिर्धारित हर्जाने का प्रावधान किया गया है और इसे निपटान या अन्य खातों में उपयुक्त तरीके से समाहित किया जाता है। परिनिर्धारित हर्जाने से संबंधित आकस्मिक देयताओं को नोट 33 के पैरा क (ज) में दिखाया गया है।

(₹ करोड़ में)

ख	संविदात्मक दायित्व	31 मार्च, 2025 को		31 मार्च, 2024 को	
	प्रारंभिक शेष				
	नोट (19) के अनुसार	**1822.17**		**3774.42**	
	नोट (6) के अनुसार	**105.45**		**552.05**	
	नोट (9) के अनुसार	**397.29**	**2324.91**	**462.40**	**4788.87**
	जोड़ें: ऋण लागत		33.70		121.38
	जोड़ें: परिवर्धन		447.70		118.15
	घटाएं: पीवी समायोजन		36.33		3.81
	घटाएं: उपयोग/ राइट ऑफ/भुगतान		79.87		106.97
	घटाएं: निकासी/समायोजन		523.60		2587.80
	जोड़ें/(कम करें): अनुमान और दरों में परिवर्तन		(1.33)		(4.91)
	अंतिम शेष				
	नोट (19) के अनुसार	**1771.78**		**1822.17**	
	नोट (6) के अनुसार	**223.85**		**105.45**	
	नोट (9) के अनुसार	**169.54**	**2165.17**	**397.29**	**2324.91**

अनुबंध के नियमों और शर्तों के अनुसार वारंटी दायित्वों को पूरा करने के लिए, भौतिक लेखांकन नीति संख्या 10 के अनुरूप, रुपए के समय मूल्य के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, संविदात्मक दायित्व का प्रावधान किया गया है। संविदा के वारंटी दायित्वों के पूरा होने तक इसे बरकरार रखा जाता है। वारंटी दायित्व पर वास्तविक व्यय, अनुबंध दर अनुबंध एवं संबंधित अनुबंध के नियमों और शर्तों के आधार पर वर्ष दर वर्ष भिन्न हो सकते हैं। पूरी तरह से प्रदान की गई परियोजनाओं से बकाया राशि से संबंधित संविदात्मक दायित्व नोट 6 और 9 में बी & डी ऋणों के लिए गैर चालू भत्ते में दर्शाया गया है ।

कंपनी ने उन सभी अनुबंधात्मक दायित्वों के लिए प्रावधान रद्द करने की अपनी प्रथा में बदलाव किया है जहाँ अनुबंध के अनुसार निष्पादन गारंटी (पीजी) परीक्षण पूर्व-आवश्यक शर्त नहीं है। तदनुसार, वर्ष के दौरान ₹118.47 करोड़ रुपये के प्रावधान रद्द किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप लाभ में वृद्धि हुई है।

बी एच ई एल
BHEL

नोट [41]

प्रकटीकरण-ग्राहकों के साथ अनुबंध से राजस्व-इंडएएस- 115

क. क्षति प्रावधानों में संचलन

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024-25		2023-24	
	व्यापार प्राप्य	अनुबंध परिसंपत्तियां	व्यापार प्राप्य	अनुबंध परिसंपत्तियां
प्रारंभिक शेष	**5192.66**	**3979.22**	**4322.46**	**4652.34**
जोड़ें: परिवर्धन	650.00	224.88	1519.23	254.95
घटाएं: बट्टा	484.18	92.50	26.55	1.26
घटाएं: लौटाया /समायोजन किया गया	559.92	509.60	622.48	926.80
अंतिम शेष	**4798.55**	**3602.00**	**5192.66**	**3979.22**

ख. ग्राहकों के साथ अनुबंधों से प्राप्त राजस्व का विभाजन

(₹ करोड़ में)

विवरण	पावर		उद्योग		कुल
	भारत के भीतर	भारत के बाहर	भारत के भीतर	भारत के बाहर	
2024-25					
ग्राहकों से राजस्व					
राजस्व प्राप्ति का समय					
(ए) एक समय पर (उत्पाद/सेवाएं)	3782.90	64.31	4895.91	133.94	8877.06
(ख) ओवर टाइम (परियोजनाएं)	16138.30	266.87	2068.00	4.94	18478.11
2023-24					
ग्राहकों से राजस्व					
राजस्व प्राप्ति का समय					
(ए) एक समय पर (उत्पाद/सेवाएं)	3324.43	61.58	3603.94	42.14	7032.10
(ख) ओवर टाइम (परियोजनाएं)	13737.26	586.36	1562.54	2.25	15888.42

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024-25		2023-24	
	पावर	उद्योग	पावर	उद्योग
ग्राहकों से राजस्व				
सीपीएसयू	9227.07	2776.16	6888.04	2096.72
अदानी समूह	2553.12	-	103.78	-
टीएएनजेडको	1587.36	-	1631.90	-
टीएसजेनको	1578.55	-	2834.77	-

ग. अनुबंध शेष (प्रावधानों को छोड़कर)

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
व्यापार प्राप्य	8930.93	8010.07
संविदा परिसंपत्तियां (बिना बिल किए हुए राजस्व सहित)	29444.13	26747.54
अनुबंध देयताएं	15293.67	7133.45

घ. अनुबंध राजस्व प्राप्त किया गया

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
अनुबंध देनदारियों पर प्राप्त राजस्व (वर्ष के दौरान ग्राहकों से प्राप्त अग्रिमों का समायोजन एवं मूल्यांकन समायोजन)	2842.80	3011.15
पिछले वर्ष पूर्णकिए गए निष्पादन दायित्व के लिए प्राप्त राजस्व (अनुबंध राजस्व में परिवर्तन के कारण प्रभाव)	594.72	163.16

विद्युत परियोजनाओं की स्थापना एक दीर्घचक्रीय व्यवसाय है, जहाँ कंपनी द्वारा प्राप्त अनुबंध या तो ईपीसी अनुबंध (अभियांत्रिकी, खरीद और कमीशनिंग) या बीटीजी पैकेज (अर्थात बॉयलर, टर्बाइन और जेनरेटर पैकेज) होते हैं। विद्युत परियोजनाएं लंबी अवधि की परियोजनाएं होती हैं, जिनमें अनुबंध की सामान्य निष्पादन अवधि 3 से 5 वर्ष के बीच होती है। बीएचईएल की सेवाओं के दायरे में उपकरणों की आपूर्ति, निर्माण, कमीशनिंग, प्लांट को ग्रिड से सिंक्रोनाइज़ करना, ट्रायल ऑपरेशन पूरा करना और गारंटीकृत पैरामीटर प्रदान करना सम्मिलित है।

यद्यपि समग्र कार्यक्षेत्र में कई घटक हैं, लेकिन ऐसी परियोजनाओं को आम तौर पर एक निष्पादन दायित्व माना जाता है। नियंत्रण निष्पादन अवधि के बाद एक साथ स्थानांतरित होता है क्योंकि परियोजना जब पूरी तरह तैयार हो जाती है तभी वह निष्पादन कर सकती है और इसलिए प्रगति की माप (इनपुट लागत विधि) के आधार पर समय-समय पर राजस्व प्राप्त होता है।

नोट [42]
इंडएएस-107 के अनुपालन में प्रकटीकरण [वित्तीय लिखित-लेखा वर्गीकरण और उचित मूल्य मापन]

क. नकद एवं नकद समकक्ष, बैंक शेष, ऋण, व्यापार प्राप्य, व्यापार देय, प्रतिभूति जमा और अन्य का उचित मूल्य उनके युक्तिसंगत धारित मूल्य को दर्शाता है। व्यापार प्राप्यों का मूल्यांकन अपेक्षित ऋण हानियों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। कंपनी मूल्यांकन तकनीक द्वारा वित्तीय साधनों के उचित मूल्य का निर्धारण और खुलासा करने के लिए निम्नलिखित पदानुक्रम का उपयोग करती है।

उचित मूल्य पदानुक्रम

मूल्यांकन तकनीक में उपयोग किए गए इनपुट के आधार पर वित्तीय विलेखों के उचित मूल्य को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

स्तर 1: समान परिसंपत्तियों या देनदारियों के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत मूल्य (असमायोजित)।

स्तर 2: स्तर 1 में सम्मिलित किए गए उद्धृत मूल्यों के अतिरिक्त अन्य इनपुट जो परिसंपत्ति या देयताओं के लिए प्रत्यक्ष रूप से (अर्थात, कीमतों के रूप में) या अप्रत्यक्ष रूप से (अर्थात, कीमतों से प्राप्त) अवलोकनीय हैं।

स्तर 3: परिसंपत्ति या देयताओं के लिए इनपुट जो अवलोकनीय बाजार डेटा (अदृश्य इनपुट) पर आधारित नहीं है।

(₹ करोड़ में)

उचित मूल्य पर मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियां और देनदारियां-आवर्ती उचित मूल्य माप	स्तर 3 पदानुक्रम	
	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
वित्तीय परिसंपत्तियां:		
गैर-उद्धृत इक्विटी लिखतों में निवेश	0.00	1.19

ख. उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली मूल्यांकन तकनीकें

अनकोटेड इक्विटी लिखतों के उचित मूल्य स्तर 3 इनपुट का उपयोग करके निर्धारित किया जाता है जिसमें प्रति शेयर शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य के आधार पर निवेशित कंपनी के वित्तीय विवरणों से इनपुट शामिल होते हैं।

एफवीटीपीएल परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत अनकोटेड इक्विटी शेयरों के उचित मूल्य माप का समाधान

(₹ करोड़ में)

31 मार्च, 2024 तक	**1.19**
उचित मूल्य में परिवर्तन	(1.19)
31 मार्च, 2025 तक	**0.00**

वित्तीय जोखिम प्रबंधन

उद्देश्य और नीतियां

कंपनी की गतिविधियों के समक्ष कई जोखिम हैं जो इस क्षेत्र में व्यवसाय करने वाली किसी भी कंपनी के समक्ष स्वाभाविक रूप से आती है। वित्तीय जोखिम का प्रबंधन हमेशा से कंपनी की व्यावसायिक रणनीतियों और नीतियों का एक अभिन्न अंग रहा है। कंपनी अपने विभिन्न हितधारकों की ज़रूरतों और अपेक्षाओं के अनुरूप वित्तीय जोखिमों को दर करने के लिए समय-समय पर अपनी नीतियों और दिशानिर्देशों की समीक्षा करती है और उन्हें संरेखित करती है। वित्तीय लिखत के उपयोग से जोखिम को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जा सकता है:

क. क्रेडिट जोखिम

ख. लिक्विडिटी जोखिम

ग. बाजार ज़ोखिम

यह नोट उपर्युक्त जोखिमों में से प्रत्येक के लिए कंपनी के जोखिम के बारे में, जोखिम को मापने और प्रबंधित करने के लिए कंपनी के उद्देश्य, नीतियां एवं प्रक्रियाएं और कंपनी की पूंजी के प्रबंधन के विषय में जानकारी प्रस्तुत करता है। इसके अलावा, इन वित्तीय विवरणों में मात्रात्मक प्रकटीकरण सम्मिलित हैं।

जोखिम प्रबंधन संरचना

बीएचईएल में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन चार्टर एवं नीति लागू है जो कंपनी में जोखिम प्रबंधन के लिए समग्र रूपरेखा प्रदान करती है। चार्टर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जोखिमों की उचित पहचान, आकलन और उपयुक्त जोखिम शमन उपायों को अपनाकर प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जाना है। कंपनी के पास 3-स्तरीय जोखिम प्रबंधन ढांचा है। पहले स्तर पर, कंपनी के निदेशक मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति (बीएलआरएमसी) को कंपनी के जोखिम शासन संरचना, जोखिम मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन ढांचे, दिशानिर्देश, नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। दसरे स्तर पर जोखिम प्रबंधन संचालन समिति (आरएमएससी) जोखिम प्रबंधन ढांचे को अपनाने और लागू करने और कंपनी में जोखिम प्रबंधन पहल का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार है। मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) बीएलआरएमसी और आरएमएससी का संयोजक होने के नाते निदेशक मंडल/बीएलआरएमसी को जोखिम प्रबंधन पर आवधिक रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है । कंपनी के सामने आने वाले प्रमुख जोखिमों का विश्लेषण इकाई स्तर से शुरु करके उनके संबंधित क्षेत्रों में किया जाता है, ताकि जोखिम शमन योजनाएं तैयार की जा सकें तथा उनका कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

क. क्रेडिट जोखिम का प्रबंधन

क्रेडिट जोखिम को व्यापार करने के जोखिम संतुलन का एक अभिन्न अंग माना जाता है। बीएचईएल भारत और विदेशों में सरकारी क्षेत्रों (राज्य उपयोगिताएं, सार्वजनिक उपक्रमों, रेलवे और अन्य सरकारी विभागों आदि) और निजी क्षेत्रों से संबंधित विद्युत परियोजनाओं की स्थापना में सम्मिलित है। परियोजनाओं को आम तौर पर वित्तीय संस्थानों/बैंकों द्वारा वित्त पोषित किया जाता है या भुगतान लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) द्वारा कवर किए जाते हैं। परियोजना की अवधि 3 से 5 साल तक होती है और भुगतान आमतौर पर अग्रिम, प्रगति भुगतान, माइलस्टोन भुगतान (इंटर्मीडियट सहित) भुगतान और इस प्रकार की परियोजनाओं के पूरा होने पर जारी किए जाने वाले रिटेंशन सहित अनुबंध की शर्तों के अनुसार चरणों में प्राप्त किया जाता है । अधिकांश ग्राहकों की प्रोफ़ाइल सरकारी क्षेत्र से संबंधित है और कुल व्यापार प्राप्य का 80% इनसे ही आता है और यह देखते हुए कि कंपनी स्वयं एक सीपीएसई है, क्रेडिट जोखिम अपेक्षाकृत कम है। निजी क्षेत्रों के ग्राहकों के संबंध में, भुगतान की शर्तें मुख्य रूप से एलसी के माध्यम से है । कंपनी ने संगठन के भीतर विभिन्न स्तरों पर प्राप्यों के लिए अच्छी तरह से समीक्षा तंत्र स्थापित किया है ताकि कंपनी की नीतियों, प्रक्रियाओं और दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्राप्य राशि के प्राप्त होने पर ध्यान केंद्रित किया जा सके । कंपनी हानि या लाभ का आकलन करने के लिए अपेक्षित क्रेडिट लॉस मॉडल का उपयोग करती है और उसी का खुलासा अन्यत्र किया जाता है। इसके अतिरिक्त, किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।

(i) क्रेडिट जोखिम की संभावना

वित्तीय परिसंपत्तियों की वहन राशि अधिकतम ऋण जोखिम को दर्शाती है। रिपोर्टिंग तिथि पर क्रेडिट जोखिम की अधिकतम संभावना निम्नानुसार थी:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
वित्तीय परिसंपत्तियां जिनके लिए हानि भत्ते को 12 महीने की अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) का उपयोग करके मापा जाता है		
नकद और नकद समकक्ष	439.21	1835.04
अन्य बैंक शेष	7173.20	4322.43
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	1016.71	445.92
वित्तीय परिसंपत्तियां जिनके लिए हानि भत्ते को क्षति हानि सहित आजीवन अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) का उपयोग करके मापा जाता है		
व्यापार प्राप्य	8930.93	8010.07

ऋण जोखिम का घनत्व - भौगोलिक	कुल प्राप्य का प्रतिशत	
	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
भारत के भीतर	97%	95%
भारत के बाहर	3%	5%
कुल	**100%**	**100%**

व्यापार प्राप्य, अनुबंध परिसंपत्तियों और प्रतिपक्ष के प्रकार द्वारा अन्य प्राप्य के लिए कंपनी का ऋण जोखिम निम्नानुसार है -

नोट	कुल व्यापार प्राप्य का प्रतिशत	
	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
रेलवे और सरकारी विभाग सहित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	46%	43%
राज्य विद्युत बोर्ड	35%	40%
निजी ग्राहक और अन्य	16%	13%
निर्यात	3%	5%
कुल	**100%**	**100%**

(ii) क्षति हानि

1. वित्तीय परिसंपत्तियां जिनके लिए हानि भत्ता 12 महीने की अपेक्षित क्रेडिट हानि का उपयोग करके मापा जाता है

कंपनी के पास ऐसी परिसंपत्तियां हैं जहां प्रतिपक्षों के पास दायित्वों को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता है और जहां डिफ़ॉल्ट का जोखिम बहुत कम है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
1 अप्रैल को शेष राशि	**16.32**	**14.91**
मान्य क्षति ह्रास/ बट्टे खाते में डाली गई/ निकासी	4.50	1.41
31 मार्च को शेष	**20.82**	**16.32**

2. मूल्यह्रास प्रावधानों का पुनर्मिलान

वर्ष के दौरान व्यापार प्राप्य और अनुबंध परिसंपत्तियों के संबंध में हानि के भत्तों में संचलन निम्नानुसार रहा:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
1 अप्रैल को शेष राशि	**9171.88**	**8974.80**
मान्य क्षतिह्रास	874.88	1774.18
बट्टाकृत / आहरित राशि	(1646.20)	(1577.09)
31 मार्च को शेष	**8400.55**	**9171.88**

कंपनी निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित और डीपीई दिशा निर्देशों के अनुरूप कंपनी की निवेश नीति के अनुसार अधिशेष निधियों से निवेश करती है। नकद और नकद समकक्षों तथा सावधि जमाओं पर क्रेडिट जोखिम बहुत सीमित है क्योंकि कंपनी आमतौर पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों में जमा राशि में निवेश करती है।

ख. लिक्विडिटी जोखिम प्रबंधन

कंपनी सावधि जमा सहित पर्याप्त नकदी और नकदी समतुल्य बनाए रखकर और जब भी देय हो, दायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऋण सुविधाओं की पर्याप्त राशि के माध्यम से धन की उपलब्धता के माध्यम से तरलता जोखिम का प्रबंधन करती है। मजबूत नकदी प्रबंधन प्रणाली और नकदी प्रवाह की नियमित निगरानी प्रबंधन को पूरे वर्ष अपनी निधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्रोतों की योजना बनाने और बनाए रखने में सक्षम बनाती है। पर्याप्त नकदी और बैंक शेष के अलावा, कंपनी को ऋण सुविधाएं भी प्राप्त हैं। कंपनी अपनी सभी फंड आवश्यकताओं को आंतरिक संसाधनों अर्थात परिचालन से उत्पन्न धन और बेहतर ट्रेजरी प्रबंधन परिचालन के लिए अल्पकालिक उधार के माध्यम से अपनी सभी निधि आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है।

संविदात्मक नकदी प्रवाह के आधार पर गैर-व्युत्पन्न वित्तीय देनदारियों की संविदात्मक परिपक्वताएं निम्नलिखित हैं:

(₹ करोड़ में)

वित्तीय देयताएं गैर व्युत्पन्न वित्तीय देयताएं	31 मार्च, 2025 को		31 मार्च, 2024 को	
	1 वर्ष के अंदर	1 वर्ष से अधिक	1 वर्ष के अंदर	1 वर्ष से अधिक
व्यापार देयताएं	9540.92	2170.79	8539.38	2292.76
ठेकेदारों और अन्य से जमाराशि	716.19	413.11	623.50	397.01
वित्तपट्टा देयताएं	57.21	162.39	24.91	23.55
अन्य देय/देयताएं				
कर्मचारी बकाया	152.41	-	353.32	-
अन्य बकाया	240.90	-	401.60	-
पूंजीगत व्यय बकाया	131.02	9.68	114.90	10.86
लघु अवधि की उधारी	8795.00	-	8808.00	-
कुल	**19633.65**	**2755.97**	**18865.61**	**2724.18**

क. बाजार ज़ोखिम प्रबंधन

कंपनी को अपने परिचालन से उत्पन्न होने वाले कुछ मुद्रा, कमोडिटी, ब्याज दर जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कंपनी के पास विदेशी मुद्रा जोखिमों को कवर करने के लिए विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन नीति है। कंपनी को प्रमुख कमोडिटी मूल्य उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए, आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों सहित आपूर्ति श्रृंखला के दावों सहित फ्रेमवर्क समझौते नियमित रूप से दर्ज किए जा रहे हैं । परिचालन से उत्पन्न अधिशेष निधियों को केवल पीएसयू बैंकों या बड़े आकार के निजी बैंकों के साथ अल्पकालिक जमा और सार्वजनिक क्षेत्र के म्यूचुअल फंडों की ऋण आधारित योजनाओं में निवेश किया जाता है, जिससे जोखिम की कोई भी संभावना कम हो जाती है ।

विदेशी मुद्रा जोखिम एक्सपोजर :- रिपोर्टिंग अवधि के अंत में कंपनी का विदेशी मुद्रा जोखिम एक्सपोजर निम्नानुसार है:

(i) दिनांक 31.03.2024 को रुके हुए और बकाया व्युत्पन्न विलेख शून्य (पिछले वर्ष भी शून्य) है

(ii) विदेश मुद्रा एक्सपोजर जो एक व्युत्पन्न उपकरण द्वारा या अन्यथा रुके हुए नहीं हैं, वे निम्नानुसार हैं:

विदेशी मुद्रा- मिलियन में
(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025 को		31 मार्च, 2024 को		31 मार्च, 2025 को	31 मार्च, 2024 को
	यूरो	समतुल्य भारतीय रुपया	यूरो	समतुल्य भारतीय रुपया	अन्य (रुपए में)	अन्य (रुपए में)
परिसंपत्तियां						
व्यापार प्राप्य	59.23	543.50	53.64	484.16	41.12	1.86
अनुबंध परिसंपत्तियां	221.26	2026.77	235.03	2112.15	263.20	39.52
अन्य परिसंपत्तियां	11.74	108.16	0.61	5.50	93.77	154.98
उप कुल (क)	**292.23**	**2678.42**	**289.29**	**2601.82**	**398.09**	**196.36**
देयताएं						
ग्राहक से अग्रिम	28.22	190.35	35.46	238.77	1.29	22.65
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए डीसी ट्रैक्शन मोटर्स (630 किलोवाट तक)
- डीजल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए ट्रैक्शन अल्टरनेटर (3860 किलोवाट तक)।
- 3300 एचपी के केप गेज अनुप्रयोग के लिए इलेक्ट्रिक्स
- गतिशील ब्रेकिंग प्रणाली के लिए 50 किलोवाट तक की डीसी ब्लोअर मोटर
- सहायक आवश्यकताओं के लिए 25 किलोवाट तक के मोटर जनरेटर सेट
- इडडी करंट क्लच
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए ट्रैक्शन गियर और पिनियन
- विशिष्ट वैगन (28 एक्सल तक, 296 टन)
- रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण
- व्हील और एक्सल मशीनिंग

रक्षा और एयरोस्पेस

- सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) / उन्नत एसआरजीएम, जिसमें आजीवन उत्पाद समर्थन शामिल है
- जहाजों के लिए आईपीएमएस (एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणाली)
- एयरोस्पेस अनुप्रयोग के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स, लिक्विड कूलिंग सिस्टम और पंप मॉड्यूल
- अंतरिक्ष ग्रेड लिथियम-आयन सेल, लिथियम-आयन बैटरी और सौर पैनल
- मोटर जनरेटर सेट और स्थायी चुंबक आधारित मोटर और जनरेटर
- टर्बाइन, टर्बो अल्टरनेटर, टर्बो अल्टरनेटर टर्बाइन, डीजल अल्टरनेटर, कंडेनसर, स्टीम जेनरेटर, हीट एक्सचेंजर्स और नौसेना अनुप्रयोगों के लिए वाल्व
- टैंकों के लिए थर्मोप्रेस्ड कंपोनेन्ट और टुरेंट कास्टिंग
- अंतरिक्ष अनुप्रयोग के लिए टाइटेनियम डोम और प्रणोदक टैंक।
- नौसेना अनुप्रयोगों के लिए सिस्टम इंजीनियरिंग और विश्लेषण।

ऊर्जा संग्रहण प्रणाली और ई-मोबिलिटी

- इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए डीसी फास्ट चार्जर
- बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए पूर्ण ईपीसी समाधान

आयल फील्ड उपकरण

- ऑइल रिग - 9,000 मीटर तक की गहराई तक ड्रिलिंग के लिए एसी-वीएफडी और एसी-एससीआर प्रौद्योगिकी के साथ ऑन-शॉर ड्रिलिंग रिग, 6,100 मीटर तक की सर्विसिंग के लिए वर्क-ओवर रिग, 3,000 मीटर तक की ड्रिलिंग के लिए मोबाइल रिग, जिनमें सही ड्रॉ-वर्क्स और होइस्टिंग उपकरण के साथ-साथ:
  - » मास्ट और सबस्ट्रक्चर
  - » घूमने वाले उपकरण: ड्रॉ वर्क्स; रोटरी; स्विवल्स; ट्रैवलिंग ब्लॉक्स
  - » इंडिपेंडेंट रोटरी ड्राइव (आईआरडी) यूनिट
  - » डेड लाइन एंकर
  - » मड सिस्टम जिनमें पंप्स शामिल हैं
  - » ट्रिप्लेक्स मड पंप्स 5000 पीएसआई वर्किंग प्रेशर
  - » मड प्रोसेसिंग उपकरण: डीगैसर, डीसैंडर
  - » सकर रॉड पंप (बीम पंप स्ट्रक्चर और पंपिंग यूनिट गियर रीड्यूसर)
  - » ऑइल रिग की पुनर्नवीकरण और उन्नयन
  - » एसी एससीआर-डीसी ड्रॉवर्क्स के लिए विफलता-सुरक्षित ब्रेकिंग प्रणाली
  - » 1150 HP तक के 3-फेज ऑइल रिग मोटर (ड्रॉ वर्क्स, मड पंप, ड्रिलिंग के लिए)
  - » 1000 HP तक के ऑइल रिग मोटर (ड्रॉ वर्क्स, मड पंप, ड्रिलिंग के लिए)
  - » 1750 kVA तक के ऑइल रिग अल्टरनेटर (एसी पावर पैक के लिए)
  - » E760, E1400, E2000 और E3000 रिग के लिए एसी / डीसी पावर कंट्रोल रुम
  - » 1430 kVA तक के डीजी सेट्स के लिए एसी पावर पैक
    - › एसी नियंत्रण मॉड्यूल
    - › डीसी नियंत्रण मॉड्यूल
  - » ड्रिलर कंसोल तक, 3 मड पंप, आईआरडी और ड्रॉ वर्क नियंत्रण और मॉनिटरिंग, लोड रेटिंग (0-1800 ए, 0-1000 वी) के लिए
  - » मोबाइल लाइटिंग टॉवर, रिग लाइटिंग टॉवर
  - » एसी- वीएफडी नियंत्रण एसी रिग्स के लिए
  - » एसी एसीआर रिग्स में पावर फैक्टर में सुधार के लिए STATCOM
- 15,000 पीएसआई तक के वेल हेड्स और एक्समस ट्री, मड लाइन सस्पेंशन, चोक और किल मैनिफोल्ड, सीबीएम वेलहेड्स, मडवाल्व्स

फैब्रिकेटिड उपकरण और मैकेनिकल पैकेज

- क्रायोजेनिक संग्रहण टैंक, माउंडेड स्टोरेज सिस्टम और स्टोरेज स्फेयर्स
- प्रेशर वेसल्स, कॉलम्स, रिएक्टर्स/ सेपरेटर्स, हीट एक्सचेंजर्स
- फायर्ड हीटर्स
- पर्ज गैस रिकवरी यूनिट
- प्रेशर वैक्यूम स्विंग अब्सॉर्प्शन (पीवीएसए) ऑक्सीजन सिस्टम (एमओ2) चिकित्सा उद्देश्यों के लिए
- गियर बॉक्स
  - » गैस टरबाइन एप्लिकेशन के लिए एक्सेसरी और लोड गियर बॉक्स
  - » स्टीम टरबाइन एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स
  - » बॉयलर फीड पंप ड्राइव टरबाइन (बीएफपी डीटी) एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स
  - » एयर कूल्ड कंडेंसर (एसीसी) फैन एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स
  - » सकर रॉड पंप (एसआरपी) एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स
  - » इंडिपेंडेंट रोटरी ड्राइव (आईआरडी) के लिए गियरबॉक्स
  - » एसी ड्रॉ वर्क्स के लिए गियरबॉक्स
  - » कंप्रेसर ड्राइव एप्लिकेशन के लिए गियर बॉक्स

इंडस्ट्री 4.0

- प्लांट को व्यापक परिचालन और सलाहकार सहायता प्रदान करने के लिए रिमोट मॉनिटरिंग एंड डायग्नोस्टिक्स सिस्टम (आरएमडीएस)
- महत्वपूर्ण मुख्य टीजी सेट के लिए निरंतर स्वास्थ्य निगरानी के लिए KAMPAN 1.0 और विशेष रिमोट वाइब्रेशन डायग्नोस्टिक एंड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम (आरवीडीएस), जो 24x7 आधार पर संचालित होता है, कंपन की ऑनलाइन रिमोट मॉनिटरिंग और घूमने वाले उपकरणों के आवश्यक मापदंडों के माध्यम से हासिल किया जाता है।
- प्लांट ऑटोमेशन लाइव मॉनिटरिंग (पीएएलएम) प्रक्रिया मापदंडों की वास्तविक समय की दूरस्थ निगरानी के लिए एक एंड्रॉइड ऐप है, जिसमें उपयोगकर्ता के अनुकूल योजनाबद्ध और ग्राफिकल प्रतिनिधित्व शामिल हैं।
- स्वचालित उत्पादन नियंत्रण (एजीसी) लोड में परिवर्तन के जवाब में, विभिन्न बिजली संयंत्रों में कई जनरेटर के बिजली उत्पादन को समायोजित करने केलिए एक प्रणाली है।
- आईआईओटी का उपयोग करके मैन, सामग्री और मशीन को ट्रैक करने के लिए स्मार्ट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (एसपीएमएस)

शब्दावली एवं संक्षिप्त

एसीसी	एयर कूल्ड कंडेनसर
एडीए	वैमानिकी विकास एजेंसी
एआईएस	एयर इंसुलटेड स्विचगियर
एएमएनएस	आर्सेलर मित्तल और निप्पॉन स्टील
एपीजेनको	आंध्रप्रदेश पॉवर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड
एपीपीडीसीएल	आंध्रप्रदेश पॉवर डवलपमेंट कंपनी लिमिटेड
एआरएआई	ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया
एएसएससीपी	अनाकार सिलिकॉन सौर सेल संयंत्र
एयूएससी	एडवांस अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल
बीएपी	बॉयलर औक्सीलरी प्लांट
बीएआरसी	भावा एटोमिक रिसर्च सेंटर
बीईएसएस	बैटरी एनर्जी स्टॉरिज सिस्टम
बीसीजीसीएल	भारत कोल गेसीफिकेशन एण्ड केमिकल्स लिमिटेड
बीजीजीटी एस	बीएचईएल-जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
बीएलएसी	बोर्ड स्तरीय लेखापरीक्षा समिति
बीएलडब्लू	बनारस लोकोमोटिव वर्क्स
बीओओएम	बिल्ड-ऑन -ऑपरेट-मैन्टैन
बीएलडब्लू	बनारस लोकोमोटिव वर्क्स
बीक्यूएमएम	बीएचईएल गुणवत्ता परिपक्वता मॉडल
बीटीजी	बॉयलर टरबाइन जेनरेटर
सीएएसआईडीसी	लड़ाकू विमान प्रणाली विकास एवं एकीकरण केंद्र
सीबीआई	केंद्रीय जांच ब्यूरो
सीडीएस एल	सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड
सीईएफसी	कॉमन इंजीनियरिंग सुविधा केंद्र
सीईआरटी	कंप्यूटर आपातकालीन रिस्पान्ड टीम
सीईटी	इलेक्ट्रिक परिवहन केंद्र
सीएफबीसी	सर्कुलेटींग फ्लूडाइज्ड बेड कंबुशन
सीएफएफपी	सेंट्रल फाउंड्री फ़ोर्ज प्लांट
सीएफपी	कम्पोनेन्ट फैब्रिकेशन प्लांट
सीएफएस	समेकित वित्तीय स्टेटमेन्ट
सीआईएल	कोल इंडिया लिमिटेड
सीआईआरओ	मुख्य निवेशक संबंधित अधिकारी
सीएलडब्लू	चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स
सीपीजीआरएएमएस	केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली
सीपीआईओ	केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी
सीएसपीजीसीएल	छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी
सीएसआर	कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी
सीटीआई	सिरेमिक प्रौद्योगिकी संस्थान
सीवीसी	केंद्रीय सतर्कता आयोग

सीवीओ	मुख्य सतर्कता अधिकारी
डीसी	डेजीगनटेड कंजूमर्स
डीईएसएल	डीजल इलेक्ट्रिक शंटिंग लोकोमोटिव
डीएमई	डाइ मिथाइल ईथर
डीपीई	डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज
डीएसओजी	डाउनस्ट्रीम ऑइल और गैस क्षेत्र
डीवीसी	दामोदर वेली कॉर्पोरेशन
ईएएफ	इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस
ईसीएल	एक्सपेक्टेड क्रेडिट लोसेस
ईसीएस	एनवायरमेंट कंट्रोल सिस्टम
ईडी	कार्यपालक निदेशक
ईडीएन	इलेक्ट्रॉनिक्स प्रभाग
ईडीआर	एंडपॉइंट डिटेक्शन और रेस्पॉन्स
ईई	ऊर्जा दक्षता
ईएफक्यूएम	गुणवत्ता प्रबंधन के लिए यूरोपीय फाउंडेशन
ईएचएस	इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक सिस्टम
ईएचवी	अतिरिक्त हाई वोल्टेज
ईएमआरपी	इलेक्ट्रिक मशीन रिपेयर प्लांट
ईएमएस	पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली
ईएमयू	इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट
एनकोन	उर्जा संरक्षण
ईपीसी	इंजीनियरिंग प्रापण निर्माण
ईपीआर	विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी
ईएसडी	इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम प्रभाग
ईएसईएस	एम्प्लोयी सेटिसफेक्शन एंड एंगेजमेंट सर्वे
ईएसजी	पर्यावरण, सामाजिक और शासन
ईटीपी	प्रवाह ट्रीटमेंट प्लांट
एफएएमई	इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को तेजी से अपनाना और विनिर्माण करना
एफएसआई	फ्रीक़एंसी सेवेरटी इंडेक्स
एफएसआईपी	फैब्रिकेशन, स्टैम्पिंग और इंसुलेटर प्लांट
जीआईएस	गैस इंसुलेटेड स्विचगियर
जीएसईसीएल	गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड
एचएएल	हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
हीप	हेवी इलेक्ट्रिकल्स इक्यूपमेंट प्लांट
एचईपी	हेवी इलेक्ट्रिकल्स प्लांट
एचईआरपी	हेवी इक्यूपमेंट रिपेयर प्लांट
एचआईएल	लूप में हार्डवेयर
हीरा	खतरे की पहचान और जोखिम का मूल्यांकन
एचपीबीपी	हाई प्रेशर बॉइलर प्लांट

शब्दावली एवं संक्षिप्त

एचपीईपी	हेवी पावर इक्यूपमेंट प्लांट
एचपीवीपी	हेवी प्लेटस एंड वेसल्स प्लांट
एचआरएसजी	हीट रिकवरी स्टीम जनरेटर
एचएसई	स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण
एचवीएसी	हाई वोल्टेज ऑल्टरनेटिंग करंट
एचवीडीसी	हाई वोल्टेज डायरेक्ट करेन्ट
एचवीएफ	हेवी व्हीकल्स फैक्ट्री
एचवीओएफ	उच्च वेग ऑक्सीजन ईंधन
आईबीसी	इनसॉल्वेनसी एण्ड बैंकरुपटसी कोड
आईसीए आई	भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान
आईसीसी	इन्टर्नल कम्पलेन्ड कमेटी
आईसीक्यू सीसी	इंटरनेशनल कान्वेंशनल ऑन क्वालिटी कंट्रोल सिस्टम
आईडीपी	इंडिविजुआल डवलपमेंट प्लान
आईईएम	स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर्स
आईआर	इंटरनेशनल एनर्जी रिसॉरसेस
आईएफसी	इन्टर्नल फाइनेंसियल कंट्रोल
आईजीबीटी	इंसुलटेड गेट बाईपोलर ट्रांजिस्टर
आईआई सीए	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स
आईओसीएल	इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
आईपीएमएस	इन्टरग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम
आईपीआर	बौद्धिक संपदा अधिकार
आईपीएस	घुसपैठ रोकथाम प्रणाली
आईआर	भारतीय रेल
आईएसआईएन	अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभूति पहचान संख्या
आईएसएमएस	इनफॉर्मेशन सिकुरिटी मनेजमेंट सिस्टम
इसरो	इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाईजेशन
आईवीपी	इन्डस्ट्रीयल वाल्व प्लांट
जेएसए	जॉब सुरक्षा विश्लेषण
जेएसएल	जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड
कंपान	की टू वाईब्रेशन एनालेसिस एण्ड मॉनिटरिंग फॉर प्लांट
केएमपी	की मैनेजमेंट पर्सनल
केपीसीएल	कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
एलसीए	हल्के लड़ाकू विमान
एलसीसी	लाइन- कमुटेड कनवर्टर्स
एलसीएस	लिक्विड कूलिङ्ग सिस्टम
एलआईएस	लिफ्ट सिंचाई योजना
एलओडीआर	दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची बनाना
एलटीआईएफ आर	लॉस्ट टाइम इनजूरी फ्रीक्यूनसी रेट
महाजेनको	महाराष्ट्र स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड

एमईएमयू	मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट
एमएफसी	मैन फ्रैक्शनेटर कॉलम
एमएचआई	भारी उद्योग मंत्रालय
एमओडी	रक्षा मंत्रालय
एमओपी	विद्युत मंत्रालय
एमएसई	सूक्ष्म और लघु उद्यम
एमएसईटीसीएल	महाराष्ट्र स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी
एमएसएमई	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
एनएबीएल	परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड
एनएएल	नेशनल एरोस्पेस लेबोरेटरीज
नालको	नेशनल एलुमिनीयम कंपनी लिमिटेड
एनबीपीपी एल	एनटीपीसी बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
एनसीआईआई पी	राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र
एनडीसी	राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान
एनईएमएमपी	राष्ट्रीय विद्युत गतिशीलता मिशन योजना
एनईपी	नेशनल इलेक्ट्रिसिटी प्लान
एनजीओ पीवी	नेक्स्ट-जनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेससेल्स
एनपीए	नेटवर्क प्राइवेट एक्सिस
एनआरसी	नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति
एनआरपी	राष्ट्रीय रेल योजना
एनएसडीएल	नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड
एनएसपी	राष्ट्रीय इस्पात नीति
ओए	परिचालन उपलब्धता
ओसीटी	ऑप्टिकल करंट ट्रांसफार्मर
ओईएम	मूल उपकरण निर्माता
ओएचएसएमएस	व्यवसाय स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली
पीएएलएम	प्लांट ऑटोमेशन और लाइव मॉनिटरिंग
पीएटी	प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार
पीसीआरआई	प्रदूषण नियंत्रण एवं अनुसंधान संस्थान
पीईएमएफसी	पीईएम फ्यूल सेल
पीएफबीजी	प्रेसराइज्ड फ्लूडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन
पीएलएफ	प्लांट लोड फैक्टर
पीएलआई	प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेनटिव
पीएम इ -ड्राइव	पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव से वाहन के नवोन्मेषी उन्नयन में क्रांति
पीपीई	प्रॉपर्टी, प्लांट एंड इक्विप्मेंट
पीपीआईएल	पॉवरप्लांट परफ़ोर्मेंस इम्प्रुवमेंट प्राइवेट लिमिटेड
पीपीपीयू	पॉवर प्लांट पाइपिंग यूनिट

पीआरएडीएएन	प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डवलपमेंट एक्शन
पीएसपीसीएल	पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पीडब्लूडी	पर्सन विद डिसाबिल्टीज
क्यूएचआई	क्वालिटी हेल्थ इंडेक्स
क्यूएमएस	क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम
आर &डी	अनुसंधान एवं विकास
आर &एम	नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण
आरसीए	रुट कॉज विश्लेषण
आरईसीपीडीसीएल	आरईसी पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
आरईएस	रिन्यूवेबल एनर्जी सोर्स
आरईएससीओ	रिन्यूवेबल एनर्जी सर्विस कंपनी
आरएलएनजी	रिगेसीफाइड लिकयुफ़ाइड नेचुरल गैस
आरएमडीएस	दूरस्थ निगरानी और निदान सेवाएँ
आरपीसीएल	रायचूर पावर कंपनी लिमिटेड
आरपीटी	संबंधित पार्टी लेनदेन
आरटीसी	राउन्ड द क्लाक
आरवीडीएस	रिमोट कंपन एवं निदान प्रणाली
आरवीयूएनएल	राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
आरडब्लूएच	रैन वाटर हार्वेस्टिंग
सेल	स्टील ओथर्टी ऑफ इंडिया लिमिटेड
एसबीडी	सोलर बिजनेस डिवीजन
एससीसीएल	द सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड
एससीओपीई	सार्वजनिक उद्यमों का स्थायी सम्मेलन
एसडीजी	यूएन ससटेनेबल डवलपमेंट गोल
एसजी	स्टीम जेनरेटर
एसआईजी एचटी	हरित हाइड्रोजन संक्रमण के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप
एसआईएल	सॉफ्टवेयर इन द लूप
एसएलडीपी	उत्तराधिकार और नेतृत्व विकास योजना
एसएमई	लघु और मध्यम आकार के उद्यम
एसएमआर	लघु मॉड्यूलर रिएक्टर
एसओएआर	सुरक्षा ऑर्केस्ट्रेशन स्वचालन और प्रतिक्रिया
एसओसी	सुरक्षा संचालन केंद्र
एसपीपी	सिंगल पॉवर पैक
एसपीवी	स्पेशल परपज व्हीकल
एसआरजीएम	सुपर रैपिड गन माउंट
एसआरयू	सल्फर रिकवरी यूनिट
एसएसटीपी	सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट
एसटीजी	स्टीम टरबाइन जेनरेटर
एसटीपी	सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट
एसयूपीएफ	सिंगल यूज़ प्लास्टिक फ्री
टीएलए	तकनीकी सहायता और लाइसेंस समझौता
टैंट्रांस्को	तमिलनाडु ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन
टीबीसीबी	टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली
टीसीए	प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते
टीसीएएस	ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली
टीजी	टरबाइन जेनरेटर
टीआईआई	ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया
टीएमआर	ट्रिपल मॉडुल रेएडुनडेन्सी
टोलिक	नगर राजभाषा कार्यान्वियन समितियाँ
टीपी	ट्रांसफॉर्मर प्लांट
टीआरईडीएस	व्यापार प्राप्य इलेक्ट्रॉनिक डिस्काउंटिंग प्रणाली
टीआरएसएल	टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड
टीएसडीएफ	ट्रीटमेंट स्टोरेज एण्ड डिस्पोजल फेसिलिटी
टीएसजेनको	तेलंगाना स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी
टीवीएनएल	तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड
यूबी	यूटिलिटी बॉयलर
यूईबीए	उपयोगकर्ता और इकाई व्यवहार विश्लेषण
यूएचवी	अल्ट्रा हाई वोल्टेज
वीएडब्लू	सतर्कता जागरुकता सप्ताह
वीजीएफ	व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण
वीपीआई	वोग्ट पावर इंटरनेशनल इंक.
वीपीएन	वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क
डब्लूएएफ	वेब एप्लीकेशन फ़ायरवॉल
डब्लूईएफ	विश्व आर्थिक मंच
डब्लूआरआई	वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान
जेडटीएनए	जीरो ट्रस्ट नेटवर्क ऐक्सेस

शब्दावली (वित्तीय पारिभाषिक शब्द)

लेखांकन नीतियां: लेखांकन नीतियां विशिष्ट लेखांकन सिद्धांत एवं इनके अनुप्रयोग की विधियां है जिन्हें कंपनी द्वारा वित्तीय विवरण तैयार करने व प्रस्तुत करने हेतु अपनाया गया है।

अक्रूअल (उपचय): वित्तीय विवरण मरसेंटाइल प्रणाली पर तैयारी किया गया है। संव्यवहार व अन्य घटनाओ के प्रभावों को उनके होने पर मान्यता दी जाती है व लेखांकन अभिलेखों में इनकी गणना की जाती है एवं संबंधित समयावधि के वित्तीय विवरण में इनका उल्लेख किया जाता है।.

परिशोधन: एक अमूर्त परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल पर मूल्यह्रास योग्य राशि सुव्यवस्थित रुप से आंबंटित करना परिशोधन है।

तुलन पत्र: तुलन पत्र एक इकाई की विततीय स्थिति का विवरण है जो किसी समय विशेष पर परिसंपत्तियों, दायित्वों एवं स्वामी की इक्विटी को दर्शाता है।

बोनस शेयर: बोनस शेयर एक शेयरधारक के स्वामित्व वाले शेयरों के आधार पर, निर्बंध आरक्षित शेयरों में वर्तमान शेयरधारक को बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रदत्त अतिरिक्त शेयर है।

बही मूल्य: वह राशि जो लेखा बही अथवा वित्तीय विवरण में किसी मद के लिए दर्शाई गई है।

शेयरों की पुन: खरीद: पुन:खरीद शेयरों की पुनर्क्रय के रुप में भी जाना जाता है जब एक कंपनी खुले बाजार मे अपने शेयरों की उपलब्धता कम करने हेतु उसके स्वयं के बकाया शेयर क्रय करती है।

नियोजित पूंजी: इकाई की निवल संपत्ति से पूंजी डब्ल्यूआईपी, विकास के तहत अमूर्त संपत्ति और आस्थगित कर संपत्ति को घटाकर गणना की जाती है।

आरक्षित पूंजी: किसी इकाई की आरक्षित पूंजी वह है जो लाभांश के रुप मे वितरित की जाने हेतु उपलब्ध हो।

कैपिटल रिडेम्पशन रिजर्व: कंपनी ने अपने सामान्य रिजर्व से इक्विटी शेयरों की वापसी पर कैपिटल रिडेम्पशन रिजर्व को मान्यता दी है। पूंजी मोचन आरक्षित राशि वापस खरीदे गए इक्विटी शेयरों की नाममात्र राशि के बराबर है।

नकदी व नकदी समतुल्य: नकद में नकद एवं मांग जमा राशियां सम्मिलित है। नकद समकक्ष अल्पकालिक, अत्यधिक तरल निवेश हैं जो सरलता से ज्ञात नकद राशि में परिवर्तनीय हैं और जो मूल्य में परिवर्तन के एक तुच्छ जोखिम के अधीन हैं।

अनुबंधित परिसंपत्तियां: अनुबंधित परिसंपत्तियां (आस्थगित देनदार व अगण्य राजस्व) उन राशियों का प्रतिनिधित्व करता है जो ग्राहक के साथ अनुबंध शर्तो/तय कार्यक्रम पर सहमति के अनुसार अभी भुगतान हेतु देय नहीं है। यह अनुबंध संबंधित गतिविधियों/तय शुदा चरणों के पूरा होने पर देय होगा।

अनुबंध देयता: इकाई का दायित्व एक ग्राहक के लिए वस्तुओं या सेवाओं को स्थानांतरित करना है जिसके लिए ग्राहक से इकाई को प्रतिफल (या राशि बकाया है) प्राप्त हो चुका है।

आकस्मिक देयताएं है:

(a) भूतपूर्व घटनाओं से उत्पन्न होने वाले संभावित दायित्व और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के होने या न होने से होगी, जो इकाई के पूर्ण नियंत्रण में नहीं हैं; अथवा

(b) पूर्व घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान देयता जिसे मान्यता नहीं दी गई क्योंकि:

(i) यह संभाव्य नहीं है कि दायित्वों के निपटान हेतु आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले स्त्रोतों का बहिर्वाह आवश्यक होगा; अथवा

(ii) देयताओं की राशि पर्याप्त विश्वसनीयता के साथ आंकलित कर पाना संभव नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरण (सीएफएस): समेकित वित्तीय विवरण किसी समूह के वित्तीय विवरण होते हैं जिनमें किसी मूल कंपनी व उसकी सहायक कंपनियों की परिसंपत्तियां, देयताएं, ईक्विटी, आय, व्यय एवं नकद प्रवाह को एक ही आर्थिक इकाई के रुप में प्रस्तुत किया जाता है।

क्रेडिट जोखिम: यह जोखिम किसी वित्तीयसाधन का एक पक्ष किसी दायित्व का निर्वहन करने में विफल रहने पर दूसरे पक्ष के लिए वित्तीय हानि का कारण बनेगा।

वर्तमान अनुपात: वर्तमान अनुपात एक तरलता अनुपात है जो एक वर्ष के भीतर अल्पकालिक दायित्व या बकाया का भुगतान करने की क्षमता का आंकलन करता है। इसकी गणना वर्तमान परिसंपत्तियों को वर्तमान देनदारियों से विभाजित करके की जाती है।

वर्तमान परिसंपत्तियां: किसी परिसंपत्ति को वर्तमान परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जब:

a) संपत्ति को उसके सामान्य परिचालन चक्र में वास्विक माना जा सके, या विक्रय या उपभोग का प्रयोजन हो सके;

b) प्राथमिक तौर पर इसे व्यापारि उपयोग हेतु रखा हो;

c) सूचित समयकाल से 12 माह के भीतर इसे वास्तविक माने जाने की अपेक्षा की जाती है, अथवा;

d) परिसंपत्ति नकद या नकद समतुल्य है, जब तक कि परिसंपत्ति को रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीने के लिए विनिमय या देनदारी का निपटान करने के लिए उपयोग करने से प्रतिबंधित नहीं किया जाता है।

वर्तमान देयताएं: किसी देयता को वर्तमान देयता में वर्गीकृत किया जाएगा जब:

a) यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने सामान्य परिचालन चक्र में देनदारी का निपटान कर लेगी;

b) यह मुख्य रुप से व्यापार के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है;

c) देनदारी का निपटान रिपोर्टिंग अवधि के बाद बारह महीने के भीतर किया जाना है; या

d) उसे रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीने के लिए देनदारी के निपटान को स्थगित करने का, बिना शर्त अधिकार नहीं है।

वर्तमान कर व्यय: वर्तमान कर किसी अवधि के लिए कर योग्य लाभ (हानि) के संदर्भ में देय (वसूली योग्य) आयकर की राशि है।

आस्थगित ऋण: आस्थगित कर्ज वे कर्ज हैं जो अनुबंध शर्तों के अनुसार चिह्नित उपलब्धियों जैसे ट्रायल ऑपरेशन,पीजी टेस्ट इत्यादि पर देय बन जाएँगे।

अस्थगित कर: आस्थगित कर की गणना उन दरों और कर कानूनों का उपयोग करके की जाती है जो बैलेंस शीट की तारीख तक अधिनियमित या मूल रूप से अधिनियमित किए गए हैं।

आस्थगित कर संपत्ति: आस्थगित कर संपत्ति कटौती योग्य अस्थायी अंतर, अप्रयुक्त कर घाटे को आगे बढ़ाने और अप्रयुक्त कर क्रेडिट को आगे बढ़ाने के संबंध में भविष्य की अवधि में वसूली योग्य आयकर की राशि है।

आस्थगित कर देनदारी: आस्थगित कर देनदारियां कर योग्य अस्थायी अंतर के संबंध में भविष्य की अवधि में देय आयकर की राशि हैं।

निर्धारित लाभ योजनाएं: परिभाषित लाभ योजनाएँ परिभाषित अंशदान योजनाओं के अतिरिक्त रोजगारोपरांत लाभ योजनाएं है। परिभाषित अंशदान योजनाएँ ऐसी रोजगारोपरांत लाभ योजनाएं हैं। परिभाषित योगदान योजनाएं रोजगार के बाद की लाभ योजनाएं हैं, जिसके तहत एक इकाई एक अलग इकाई (एक फंड) में निश्चित योगदान का भुगतान करती है और इस पर आगे कोई योगदान देने के लिए कोई कानूनी या रचनात्मक दायित्व नहीं, होगा यदि फंड वर्तमान और पूर्व की अवधि की कर्मचारी सेवा के लिए सभी कर्मचारी लाभों से संबंधित भुगतान करने के लिए पर्याप्त संपत्ति नहीं रखता है।

प्रति शेयर लाभांश: इसकी गणना वर्ष के लिए कुल लाभांश (लाभांश वितरण कर को हटा कर) को कुल बकाया ईक्विटी अंशों की संख्या से विभाजित कर जाती है।

मूल्यह्रास: मूल्यह्रास एक परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल पर मूल्यह्रास योग्य राशि के व्यवस्थित आबंटन है।

लाभांश वितरण कर: यह कंपनी द्वारा लाभांश के रूप में घोषित, वितरित या भुगतान की गई किसी भी राशि पर भुगतान किया जाने वाला एक अतिरिक्त आयकर है।

ईबीआईडीटीए: इसका अर्थ है ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन के पूर्व अर्जित आय। परिचालन ईबीआईडीटीए का निर्धारण अन्य आय को ईबीआईडीटीए से घटा कर किया जाता है।

प्रति शेयर आय (ईपीएस): यह प्रत्येक शेयर के लिए वर्ष के दौरान अर्जित लाभ का प्रतिनिधित्व करता है, जिसकी गणना कर के बाद लाभ को बकाया इक्विटी शेयरों की कुल संख्या से विभाजित करके की जाती है।

इक्विटी विधि: उद्यम में कंपनी के निवेश के आकार के अनुपात में संयुक्त उद्यम से उत्पन्न शुद्ध आय निर्धारित करने के लिए लेखांकन की इक्विटी विधि का उपयोग किया जाता है।

इक्विटी विधि लेखांकन की एक विधि है जिसके तहत निवेश को शुरु में लागत पर पहचाना जाता है और उसके बाद निवेशिती की शुद्ध संपत्ति में निवेशक के हिस्से में अधिग्रहण के बाद के बदलाव के लिए समायोजित किया जाता है।

अपेक्षित क्रेडिट हानि: अनुबंध के अनुसार एक इकाई के कारण होने वाले सभी संविदात्मक नकदी प्रवाह और इकाई को प्राप्त होने वाली सभी नकदी प्रवाह के बीच का अंतर, मूल प्रभावी ब्याज दर पर छूट दी गई है

उचित मूल्य: उचित मूल्य वह कीमत है जो किसी परिसंपत्ति को बेचने के लिए प्राप्त की जाएगी या माप तिथि पर बाजार सहभागियों के बीच एक व्यवस्थित लेनदेन में देयता को स्थानांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा।

वित्तीय संपत्ति: कोई भी संपत्ति जो (ए) नकद है, (बी) किसी अन्य इकाई का इक्विटी उपकरण है, (सी) किसी अन्य इकाई से नकद या अन्य वित्तीय संपत्ति प्राप्त करने या किसी अन्य इकाई के साथ वित्तीय संपत्ति या वित्तीय दायित्व का आदान-प्रदान करने का संविदात्मक अधिकार है (डी)) एक अनुबंध जो इकाई के स्वयं के इक्विटी उपकरणों में तय किया जाएगा या किया जा सकता है।

वित्तीय देनदारी: कोई भी देनदारी जो (ए) किसी अन्य इकाई को नकद या अन्य वित्तीय परिसंपत्ति देने या किसी अन्य इकाई के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देनदारियों का आदान-प्रदान करने के लिए संविदात्मक दायित्व है या (बी) एक अनुबंध जो इकाई के स्वयं के इक्विटी उपकरणों में तय किया जाएगा या किया जा सकता है।

वित्तीय साधन: कोई भी अनुबंध जो एक इकाई की वित्तीय संपत्ति और किसी अन्य इकाई की वित्तीय देनदारी या इक्विटी साधन को जन्म देता है।

वित्तीय गतिविधियाँ: ऐसी गतिविधियाँ जिनके परिणामस्वरूप इकाई की योगदान की गई इक्विटी और उधार के आकार और संरचना में परिवर्तन होता है।

सामान्य रिज़र्व: सामान्य रिज़र्व किसी कंपनी की रखी हुई कमाई होती है जिसे भविष्य (ज्ञात या अज्ञात) दायित्वों को पूरा करने के लिए कंपनी के मुनाफे से अलग रखा जाता है।

कार्यशील संस्था: इसका अर्थ उस इकाई से है जिसका निकट भविष्य मे परिचालन बंद करने का कोई प्रयोजन न हो।

होल्डिंग कंपनी: एक या अधिक अन्य कंपनियों के संबंध में "होल्डिंग कंपनी" का मतलब ऐसी कंपनी से है जिसकी ऐसी कंपनियां सहायक कंपनियां हैं।

इंपेयरमेंट लॉस: इंपेयरमेंट लॉस वह राशि है जो किसी संपत्ति अथवा नकदी निर्माता इकाई से उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक है। किसी संपत्ति अथवा नकदी निर्माता इकाई की वसूली योग्य राशि निपटाने की लागत कम करके उचित मूल्य और इसकी उपयोगी मूल्य में से जो अधिक हो वह राशि है।

भारतीय लेखांकन मानक (संक्षेप में इंड ए एस): कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय द्वारा यथा अधिसूचित वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रयुक्त लेखांकन मानक हैं।

अमूर्त संपत्ति: अमूर्त संपत्ति अभिज्ञेय गैर-मौद्रिक अभौतिक संपत्ति है।

दिनों की संख्या में इंवेंट्री: यह इंवेन्ट्री को राजस्व से विभाजित कर इसके गुणा वर्ष में दिनों की संख्या से करके ज्ञात किया जाता है।

निवेश गतिविधियाँ: निवेश गतिविधियाँ दीर्घकालिक संपत्तियों तथा नकद समकक्षों में न आने वाले निवेशों का अधिग्रहण और निपटान है।

संपत्ति निवेश: निवेश संपत्तियां वे संपत्तियां (भूमि या भवन या भवन का भाग या दोनों) हैं जो किराये की आय अर्जित करने और/या पूंजी वृद्धि के लिए रखी जाती हैं।

संयुक्त उद्यम: संयुक्त उद्यम एक संयुक्त व्यवस्था है जिसके तहत व्यवस्था के संयुक्त नियंत्रण वाले संगठनों के पास व्यवस्था की निवल संपत्ति के अधिकार हैं।

लिक्विडिटी जोखिम: वह जोखिम है जो एक इकाई जब और जैसे अपेक्षित वित्तीय देयताओं से जुड़े दायित्वों के निवर्हन में अनुभव कर सकती है।

बाजार जोखिम: बाजार मूल्य में परिवर्तन के कारण किसी वित्तीय विलेख के उचित दाम और भावी नकद प्रवाह में होने वाले उतार-चढाव का जोखिम। बाजार जोखिम तीन प्रकार के होते है: मुद्रा जोखिम, ब्याज दर जोखिम, और अन्य कीमत जोखिम।

शुद्ध लाभ/(हानि) मार्जिन (%): यह परिचालन से राजस्व के प्रतिशत के रूप में उत्पन्न लाभ का प्रतिनिधित्व करता है, जिसकी गणना कर पश्चात लाभ (पीएटी) को राजस्व परिचालन से विभाजित करके की जाती है।

शुद्ध वसूली योग्य मूल्य: शुद्ध वसूली योग्य मूल्य व्यापार के सामान्य दौर में अनुमानित विक्रय मूल्य को अनुमानित पूर्णता की लागत व विक्रय के लिए आवश्यक अनुमानित लागत से घटा कर ज्ञात किया जाता है।

निवल मूल्य: किसी इकाई की निवल परिसंपत्तियों के बही मूल्य का इसकी देयताओं से अधिकता निवल मूल्य है। यह शेयर धारकों की निधि भी कहा जाता है।

प्रति शेयर निवल मूल्य: प्रति शेयर निवल मूल्य की गणना कुल मूल्य को बकाया ईक्विटी अंशों की संख्या से विभाजित कर किया जाता है।

नॉन कन्ट्रोलिंग इन्टरेस्ट (NCI): किसी मूल कंपनी का एक सहायक कंपनी में इक्विटी स्वामित्व का वह शेयर है जो उस पर एट्रीब्यूट नहीं होता है, मूल कंपनी का नियंत्रण हित (50% से अधिक लेकिन 100% से कम) है और वह सहायक कंपनी के वित्तीय परिणामों को अपने साथ समेकित करता है।

गैर चालू संपत्तियां: गैर चालू संपत्ति एक ऐसी संपत्ति है जो बैलेंस शीट की तिथि के एक वर्ष के भीतर अप्रतिबंधित नकदी में परिवर्तित नहीं होने वाली है।

गैर चालू देयताएं: गैर चालू देयताएं वे दायित्व है जो एक वर्ष के भीतर निपटान हेतु देय नहीं है।

अन्य व्यापक आय (ओसीआई): अन्य व्यापक आय में वे आय और व्यय (पुर्नवगीकृत समायोजन को मिलाकर) सम्मिलित हैं जो अन्य इंड एएसएस के द्वारा लाभ या हानि के रूप में मान्य न करने हेतु आवश्यक हैं अथवा अनुमत की गई हैं।

परिचालन गतिविधियां: परिचालन गतिविधियां किसी इकाई की प्रमुख राजस्व उत्पादक गतिविधियां एवं अन्य गतिविधियां हैं जो निवेश अथवा वित्तपोषण गतिविधियां नहीं हैं।

परिचालन लाभ मार्जिन (%): लाभप्रदता प्रदर्शन अनुपात का उपयोग कंपनी द्वारा अपने परिचालन से उत्पन्न लाभ के प्रतिशत की गणना करने के लिए किया जाता है। इसकी गणना परिचालन से प्राप्त राजस्व में अन्य आय को छोड़कर कर पूर्व आय (पीबीटी) को विभाजित करके की जाती है।

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (पीपीई): संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (पीपीई) वे मूर्त मदें हैं जो:

(a) वस्तुओं या सेवाओं के उत्पादन या आपूर्ति में उपयोग के लिए, दूसरों को किराये पर देने के लिए, या प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए रखे गए हैं; और

(b) एक से अधिक अवधि के दौरान उपयोग किए जाने की उम्मीद है।

परिचालनों से राजस्व: किसी इकाई की सामान्य गतिविधियों के दौरान उत्पन्न होने वाली अवधि के दौरान आर्थिक लाभ का सकल प्रवाह, जब उन प्रवाह के परिणामस्वरुप इक्विटी में वृद्धि होती है, इक्विटी प्रतिभागियों के योगदान से संबंधित वृद्धि के अलावा।

नेटवर्थ पर रिटर्न (%): नेटवर्थ पर रिटर्न किसी कंपनी की लाभप्रदता का माप है, जिसकी गणना शुद्ध लाभ को औसत नेटवर्थ (ओसीआई और पूंजी भंडार को छोड़कर) से विभाजित करके की जाती है।

परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार: वह परिसंपत्ति जो पट्टा अवधि के लिए निर्धारित किसी संपत्ति के उपयोग हेतु, किसी पट्टेदार के अधिकार को दर्शाती है।

व्यापार प्राप्य: प्राप्य राशियां किसी इकाई का प्रतिफल हेतु बिना शर्त का अधिकार है। प्रतिफल का अधिकार बिना शर्त के उस देय प्रतिफल के पूर्व समय की आवश्यकता है।

सजगता कथन (कॉशनरी स्टेटमैंट)

वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए कंपनी के उद्देश्य, अपेक्षा या अनुमानों का वर्णन करने वाले विवरण, लागू कानूनों और विनियमों के अर्थ की सीमा में हैं। वास्तविक परिणाम आर्थिक विकास, सरकारी नीतियों और अन्य आकस्मिक कारकों के आधार पर व्यक्त किए गए या निहित परिणामों से भिन्न हो सकते हैं।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

(CIN: L74899DL1964GOI004281)
पंजीकृत कार्यालय : बीएचईएल हाउस, सीरीफ़ोर्ट नई दिल्ली - 110049
Phone: 011-66337598
वेव साइट : www.bhel.com, मेल : shareholderquery@bhel.in

सूचना

सूचित किया जाता है कि भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के सदस्यों की 61वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 को सुबह 10 बजे भारतीय समयानुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (वीसी) के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए आयोजित की जाएगी:-

सामान्य कार्य

1. 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरणों की बोर्ड की रिपोर्ट और उस पर आडिटर की रिपोर्ट के साथ प्राप्त करना, उन पर विचार करना और उन्हें अपनाना।

2 वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लाभांश को मंजूरी देना और घोषित करना।

3 श्री तेजेन्द्र गुप्ता (DIN-10327530 के स्थान पर एक निदेशक की नियुक्ति करना जो रोटेशन से सेवा निवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने के कारण पुनर्नियुक्ति के लिए स्वयं को प्रस्तुत करते हैं।

4 सुश्री बानी वर्मा (डीआईएन: 10337787) के स्थान पर एक निदेशक की नियुक्ति करना जो रोटेशन से सेवानिवृत्त हो रही हैं और पात्र होने के कारण, पुनः नियुक्ति के लिए स्वयं को प्रस्तुत करती हैं।

5 वर्ष 2025-26 के लिए लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए निदेशक मंडल को अधिकृत करना।

विशेष कार्य

6. निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो उसे संशोधन सहित या बिना संशोधन के **साधारण प्रस्ताव** के रूप में पारित करना

   “संकल्प लिया गया कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 और अन्य लागू प्रावधानों के साथ कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 (किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके पुनः अधिनियमन सहित, वर्तमान में लागू) के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लागत अभिलेखों की लेखा परीक्षा करने के लिए नियुक्त लागत लेखा परीक्षकों (₹15.76 लाख) का पारिश्रमिक, जैसा कि इस बैठक को बुलाने की सूचना के साथ संलग्न विवरण में निर्धारित है, कंपनी के शेयरधारकों द्वारा एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।”

   "इसके अतिरिक्त यह भी संकल्प लिया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल को ऐसे सभी कार्यक्रम और चीजें करने के लिए अधिकृत किया जाता है, जिन्हें इस संकल्प को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक, उचित या समीचीन समझा जाए।"

7. निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो उसे संशोधन सहित या बिना संशोधन के **साधारण प्रस्ताव** के रूप में पारित करना:

   “संकल्प लिया गया कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों के साथ कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 के विनियम 24ए तथा अन्य लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुसरण में, मेसर्स अखिल रोहतगी एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज (आईसीएसआई पंजीकरण कोड P1995DE072900) की कंपनी के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति 5 वर्ष की अवधि अर्थात वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2029-30 तक के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों (वित्त वर्ष 2026-27 तक पहले से अनुबंधित शेष कार्यकाल, वित्त वर्ष 2029-30 तक विस्तारित) पर स्वीकृत की जाती है।”

   "इसके अतिरिक्त यह भी संकल्प लिया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल को ऐसे सभी कार्य करने के लिए अधिकृत किया जाता है, जिन्हें इस संकल्प को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक, उचित या समीचीन समझा जाए।"

8. निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो उसे संशोधन सहित या बिना संशोधन के **विशेष प्रस्ताव** के रूप में पारित करना:

   “संकल्प लिया गया कि श्री अशोक कुमार असेरी (डीआईएन: 09405164), जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 और 161 (1) के साथ कंपनी के एसोसिएशन के अनुच्छेद 67 (iv) के अनुसार 29.03.2025 से अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, इस वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद धारण करने के लिए और जिनके संबंध में कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (1) के प्रावधानों के अनुसार निदेशक से स्वयं लिखित में एक नोटिस प्राप्त हुआ है, को लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।”

9. निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो उसे संशोधन सहित या बिना संशोधन के **विशेष प्रस्ताव** के रूप में पारित करना:

   "संकल्प लिया गया कि श्री आशीष चतुर्वेदी (डीआईएन: 00534621), जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 और 161 (1) के साथ कंपनी के एसोसिएशन के अनुच्छेद 67 (iv) के अनुसार अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, 29.03.2025 से इस वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद धारण करने के लिए और जिनके संबंध में, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (1) के प्रावधानों के अनुसार निदेशक से स्वयं लिखित में एक नोटिस प्राप्त किया है, को लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।

10. निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो उसे संशोधन सहित या बिना संशोधन के **साधारण प्रस्ताव** के रूप में पारित करना

    "संकल्प लिया गया कि श्री सेरुगुलाथुर महादेवन रामनाथन (डीआईएन: 11084884), जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 (1) के साथ पठित कंपनी के एसोसिएशन के अनुच्छेद 67 (iv) के अनुसार अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, 30.04.2025 से इस वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद धारण करने के लिए और जिनके संबंध में, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (1) के प्रावधानों के अनुसार निदेशक से स्वयं लिखित में एक नोटिस प्राप्त किया है, को लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है, और वे रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी हैं।"

निदेशक मण्डल के आदेश से

(डॉ. योगेश आर छाबड़ा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: जुलाई 25, 2025

टिप्पणियां: -

1. कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के दिनांक 08.04.2020, 13.04.2020 और 05.05.2020 के परिपत्रों के साथ पठित दिनांक 19.09.2024 के परिपत्र (सामूहिक रुप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) में सदस्यों की किसी एक स्थान पर भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो-विज़ुअल (वीसी) से वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन करने की अनुमति दी है। एमसीए परिपत्रों, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सेबी सूचीबद्धता विनियम) के अनुसार, कंपनी की एजीएम वीसी के माध्यम से आयोजित की जा रही है। एजीएम के लिए मान्य स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय होगा।

2. उपरोक्त एमसीए परिपत्रों और सेबी लिस्टिंग विनियमों के अनुपालन में, वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन्हीं सदस्यों को भेजी जा रही है जिनके ईमेल पते कंपनी / डिपॉजिट्रिज के साथ पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 कंपनी **(www.bhel.com)**, बीएसई लिमिटेड **(www.bseindia.com)**, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड **(www.nseindia.com)** की वेबसाइटों और ई-वोटिंग एजेंसी, नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजटरी लिमिटेड (NSDL) की वेबसाईट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध होगी। वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम नोटिस की हार्ड कॉपी उन सदस्यों को भेजी जाएगी, जिन्होंने इसके लिए अनुरोध किया है।

3. कंपनी से इलेक्ट्रॉनिक रूप से सभी संचार (नोटिस, वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग निर्देश के साथ यूज़र आईडी और पासवर्ड) प्राप्त करने के लिए कृपया नोटिस के साथ संलग्न निर्देशों को देखें।

4. कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने और मतदान करने का पात्र सदस्य, अपनी ओर से उपस्थित होने और उसके स्थान पर मतदान करने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने का पात्र होता है इस प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि यह वार्षिक आम सभा एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में वीसी के माध्यम से आयोजित की जा रही है, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार, वार्षिक आम सभा के लिए सदस्यों को प्रतिनिधि की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी, इसलिए प्रतिनिधि फॉर्म और उपस्थिति सूची इस सूचना के साथ संलग्न नहीं हैं।

5. चूंकि यह वार्षिक आम सभा वीसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी, इसलिए बैठक स्थल का मानचित्र इसके साथ संलग्न नहीं हैं।

6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार वीसी के माध्यम से सदस्यों की प्रतिभागिता वार्षिक आम सभा की गणपूर्ति (कोरम) के प्रयोजन हेतु मान्य की जाएगी।

7. कॉर्पोरेट / संस्थागत सदस्यों (अर्थात व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरआई आदि के अतिरिक्त) को अधिकृत प्रतिनिधिओं के विधिवत सत्यापित नमूना हस्ताक्षरों सहित बोर्ड के रिज़ॉल्यूशन/अथॉरिटी लेटर आदि की स्कैन की हुई प्रमाणित मूल प्रति (पीडीएफ फाइल) स्क्रूटनाइज़र को sachincs2022@gmail.com पर भेजना और evoting@nsdl.co.in को कॉपी करना आवश्यक है।

8. संस्थागत निवेशकों की श्रेणी के कंपनी के सदस्यों को वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने और मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

9. उपरोक्त वर्णित विशेष कार्यों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुपालन में प्रासंगिक व्याख्यात्मक विवरण, भी इसके साथ अनुलग्नित है।

10. निदेशक श्री तजिंदर गुप्ता और सुश्री बानी वर्मा, चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने के कारण, पुनर्नियुक्ति के लिए स्वयं को प्रस्तुत करते हैं। हालाँकि,उनकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार, श्री गुप्ता और सुश्री वर्मा का कार्यकाल उनकी सेवानिवृत्ति पर, अर्थात् क्रमशः 28.02.2027 और 31.12.2027 को समाप्त होगा। श्री तजिंदर गुप्ता और सुश्री बानी वर्मा का संक्षिप्त विवरण सूचना के अनुलग्नक में दिया गया है।

11. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के साथ पठित धारा 124 के अनुसार, 7 वर्षों की अवधि के लिए अप्रदत्त/अदावाकृत लाभांश राशि को केंद्र सरकार द्वारा गठित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए अंतिम लाभांश और वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिएअंतरिम लाभांश, जो अदावाकृत है, को क्रमशः 18 अक्टूबर, 2025 और 10 मार्च, 2026 को उक्त खाते में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। जिन सदस्यों ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष या उसके बाद के किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए अभी तक अपने लाभांश का दावा/नकदीकरण नहीं किया है, वे निर्धारित 7 वर्ष की अवधि समाप्त होने से पहले भुगतान प्राप्त करने के लिए कंपनी/रजिस्ट्रार एवं स्थानांतरण एजेंट से संपर्क कर सकते हैं।

12. कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी पर 25% (2 रुपये के प्रत्येक शेयर पर 0.50 रुपये) का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। यह अंतिम लाभांश, यदि वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो लाभांश की घोषणा की तिथि से 30 दिनों के भीतर, अर्थात सितंबर 17, 2025 को या उससे पहले, उन सदस्यों को देय होगा जिनके नाम रिकॉर्ड तिथि अर्थात शुक्रवार, अगस्त 01, 2025 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज हैं।

    शेयरधारकों के हाथों में लाभांश आय कर योग्य होती है और कंपनी को आयकर अधिनियम, 1961 (आईटी अधिनियम) में निर्धारित दरों पर सदस्यों को दिए गए लाभांश से स्रोत पर कर (टीडीएस) काटना आवश्यक है। भविष्य में कंपनी द्वारा घोषित लाभांश के संबंध में टीडीएस आवश्यकताओं के अनुपालन को सक्षम बनाने के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे वार्षिक आधार पर फॉर्म 15जी/15एच जमा करें और आयकर अधिनियम के अनुसार अपनी आवासीय स्थिति, पैन और श्रेणी के बारे में विवरण अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास या भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट के पास अद्यतन करें, ताकि भविष्य में कंपनी द्वारा किए गए लाभांश भुगतान के संबंध में लागू दरों के अनुसार स्रोत पर कर, यदि कोई हो, काटा जा सके।

13. सेबी लिस्टिंग विनियमों के अनुपालन में, सभी सूचीबद्ध कंपनियां लाभांश भुगतान के लिए आरबीआई द्वारा अनुमोदित भुगतान सुविधा जैसे कि ईसीएस / एनईसीएस / डायरेक्ट क्रेडिट आदि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मोड का उपयोग करेंगी। सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे अपना नेशनल इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस/इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (एनईसीएस) अधिकार पत्र हेतु विधिवत भरा हुआ व हस्ताक्षरित फार्म (वार्षिक रिपोर्ट में अन्यत्र दिया गया) जमाकरें ताकि कंपनी द्वारा ईसीएस के माध्यम से धनराशि खातों में जामा की सा सके।

14. सदस्यों से अनुरोध है कि वे पता और एनईसीएस/ईसीएस विवरण सहित अन्य संबंधित पत्राचार में किसी भी परिवर्तन को तत्काल सूचित करें और स्थायी खाता संख्या (पैन) प्रस्तुत करें:-

i. अपने इलेक्ट्रिनिक शेयर खातों के संबंध में अपने डिपोसिट्री भागीदार (डीपी) को, और

ii. कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय में या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (4E/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली -110055) को उनके भौतिक शेयरों के संबंध में, https://www.bhel.com/shareholders-information पर उपलब्ध प्रपत्रों का प्रारुप में भर कर भेजें ।

15. सदस्य कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 72 के अनुरुप ऐसे किसी व्यक्ति को मनोनीत करते हुए नामांकन की सुविधा का लाभ ले सकते हैं जिन्हें, उनकी मृत्यु की दशा में, कंपनी में उनके शेयर विहित होंगे।

16. कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 142 (1) के साथ पठित धारा 139 (5) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा किसी सरकारी कंपनी के लेखा परीक्षक नियुक्त किए जाते है और उनका पारिश्रमिक वार्षिक आम बैठक में कंपनी द्वारा नियत किया जाता है। शेयरधारक मण्डल को 2025-26 के लेखापरीक्षकों का उपर्युक्त पारिश्रमिक जो मण्डल द्वारा उचित समझा जाए, नियत करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत कर सकते है।

17. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 के तहत निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों एवं इनकी शेयरधारिता का रजिस्टर, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के तहत अनुबंधों या व्यवस्थाओं का रजिस्टर, जिसमें निदेशकों की रुचि है, बनाए रखा जाता है और संबन्धित दस्तावेजों का रखरखाव किया जाता है। यह एजीएम के दौरान सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रुप से उपलब्ध होगा।

18. नोटिस में उल्लिखित सभी दस्तावेज इस नोटिस के जारी होने की दिनांक से वार्षिक आम सभा की दिनांक तक सदस्यों द्वारा नि:शुल्क निरीक्षण हेतु इलेक्ट्रॉनिक रुप में उपलब्ध होंगे। इन दस्तावेजों का निरीक्षण करने के इच्छुक सदस्य shareholderquery@bhel.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

19. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 44 के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों को वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। प्रस्तावों को एनएसडीएल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा एजीएम में पारित करने का प्रस्ताव है। वे सदस्य जिनके नाम मंगलवार, अगस्त 12, 2025 (कट-ऑफ तिथि) को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी मालिकों की सूची में दिखाई देते हैं, वे ई-वोटिंग/एजीएम के प्रयोजन के लिए मतदान करने के पात्र होंगे और एक व्यक्ति जो सदस्य नहीं है कट-ऑफ तिथि के अनुसार इस नोटिस को केवल सूचना प्रयोजनों के लिए माना जाना चाहिए। ई-वोटिंग की अवधि शनिवार, अगस्त 16, 2025 को सुबह 9.00 बजे से शुरु होगी और सोमवार, अगस्त 18, 2025 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी । ई-वोटिंग मॉड्यूल सोमवार, अगस्त 18, 2025 को शाम 5.00 बजे ब्लॉक कर दिया जाएगा। एक बार शेयरधारक द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, शेयरधारक को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शेयरधारकों का मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि यानी अगस्त 12, 2025 को कंपनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होगा

20. ऐसे सदस्य जिन्होंने अपना मत ई-रिमोट से एजीएम के पहले किया हो और वे बैठक में उपस्थित रहे हैं तो उनको पुन: मतदान करने का अधिकार नहीं होगा।

21. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान (तात्क्षणिक मतदान) करने की सुविधा वार्षिक आम सभा में भी उपलब्ध कराई जाएगी एवं वार्षिक आम सभा में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे तात्क्षणिक मतदान के माध्यम से बैठक में मतदान कर सकेंगे।

22. कंपनी ने मेसर्स अग्रवाल एस एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज के श्री सचिन अग्रवाल, कंपनी सचिव (एफसीएस संख्या 5774, सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस संख्या 5910) को एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए स्क्रूटिनाइज़र के रुप में नियुक्त किया है।

संवीक्षक, वार्षिक आम बैठक में मतदान की समाप्ति के तुरंत बाद, बैठक में डाले गए मतों और दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से डाले गए मतों की संवीक्षा करेगा, पक्ष में या विपक्ष में डाले गए कुल मतों, यदि कोई हों, की एक समेकित संवीक्षक रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगा। बैठक के समापन के दो कार्यदिवसों के भीतर परिणाम और संवीक्षक की रिपोर्ट घोषित की जाएगी और अध्यक्ष/उनके द्वारा लिखित रुप से अधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के तुरंत बाद कंपनी की वेबसाइट (wwwbhel.com) और ई-वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट (www.evoting.nsdl.com) पर उपलब्ध होगी। परिणाम तुरंत स्टॉक एक्सचेंजों को भी भेजे जाएँगे।

23. वीसी के माध्यम से वार्षिक आम सभा में शामिल होने, रिमोट ई-वोटिंग एवं बैठक में (तात्क्षणिक) मतदान की प्रक्रिया के साथ इससे संबन्धित शिकायतों की सुनवाई के लिए संपर्क विवरण सूचना के साथ संलग्न निर्देशों में उपलब्ध कराए गए हैं।

निदेशक मण्डल के आदेश से

(डॉ. योगेश आर छाबड़ा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: जुलाई 25, 2025

सूचना का अनुलग्नक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुपालन में व्याख्यात्मक विवरण

निम्नलिखित व्याख्यात्मक विवरण में संलग्न सूचना के मद संख्या 6 से 10 में उल्लिखित कार्यों से संबंधित तथ्यों का उल्लेख है।

मद सं. 6

कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसार निदेशक मण्डल के अनुमोदन के अनुसार लेखापरीक्षकों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक की पुष्टि उसके बाद शेयरधारकों द्वारा किया जाना आवश्यक है।

बोर्ड स्तरीय लेखा परीक्षा समिति की अनुशंसा के आधार पर निदेशक मंडल ने 16 मई, 2025 को आयोजित बैठक में ₹ 15.76 लाख के कुल पारिश्रमिक पर नियुक्ति के लिए सात लागत लेखापरीक्षकों / फर्मों के नामों को निम्नानुसार अनुमोदित किया है:

₹ लाख में

क्र. सं.	लागत लेखा परीक्षक का नाम	इकाई	वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पारिश्रमिक
1	मेसर्स विजेंदर शर्मा एण्ड कंपनी, दिल्ली	समेकित लेखा परीक्षा रिपोर्ट	1.01
		हीप हरिद्वार	2.00
		सीएफ़एफ़पी हरिद्वार	0.40
2	मेसर्स आर. एम. बंसल एण्ड कंपनी, कानपुर	एचईपी भोपाल	2.00
		टी पी झांसी	0.81
		एचईआरपी वाराणसी	0.40
3	मेसर्स नरसिम्हा मूर्ति एण्ड कंपनी, हैदराबाद	एचपीईपी हैदराबाद	2.00
4	मेसर्स सुब्रमण्यम राजगोपाल एण्ड एसोसिएट्स, तिरुचिरापल्ली	एचपीबीपी त्रिची	2.67
		बीएपी रानीपेट	1.33
5	मेसर्स मूर्ति एंड कंपनी एलएलपी, बेंगलुरु	एसबीडी बेंगलुरु	0.53
		ईडीएन बेंगलुरु	0.67
6	मेसर्स पालीवाल एण्ड एसोसिएट्स, लखनऊ	एसबीडी बेंगलुरु	0.40
		ईडीएन बेंगलुरु	0.61
		एसबीडी बेंगलुरु	0.40
7	मेसर्स एसएसपीजीआर एण्ड एसोसिएट्स, एलएलपी, विशाखापत्तनम	एचपीवीपी विशाखापत्तनम	0.53
	कुल		**15.76**

उपरोक्त शुल्क लागू करों और अन्य व्यय से अलग है जो अतिरिक्त देय हैं।

तदनुसार, सदस्यों से अनुरोध है कि वे 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लागत लेखा परीक्षकों को देय पारिश्रमिक की पुष्टि करें।

कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी या उनके रिश्तेदार किसी प्रकार से मद क्रमांक 6 में पारित संकल्प से वित्तीय रुप से या अन्यथा प्रकार से सम्बद्ध या हितबद्ध नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए संकल्प की अनुशंसा करता है।

मद सं. 7

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के संशोधित विनियम 24ए के साथ-साथ अन्य लागू वैधानिक प्रावधानों और इस संबंध में सेबी द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार, 01.04.2025 से प्रभावी, कंपनी के सचिवीय लेखा परीक्षक को निदेशक मंडल की सिफारिश के आधार पर कंपनी द्वारा अपनी वार्षिक आम बैठक में नियुक्त किया जाना आवश्यक है।

मेसर्स अखिल रोहतगी एंड कंपनी, कार्यरत कंपनी सचिव, बीएचईएल के मौजूदा सचिवीय लेखा परीक्षक हैं, जिनका अनुबंधित कार्यकाल वित्त वर्ष 2026-27 तक वैध है। चूँकि सेबी के FAQ के अनुसार सचिवीय लेखा परीक्षक की नियुक्ति कम से कम 5 वर्ष (01.04.25 से शुरु होकर, अर्थात वित्त वर्ष 2025-26) के लिए अनिवार्य है, इसलिए निदेशक मंडल ने मौजूदा नियमों और शर्तों पर वित्त वर्ष 2029-30 तक उनकी नियुक्ति जारी रखने की सिफारिश की है, जिसमें कार्यकाल के लिए 1,22,000 रुपये की फीस और कर शामिल हैं।

मेसर्स अखिल रोहतगी एंड कंपनी ने (क) पुष्टि की है कि वे सचिवीय लेखा परीक्षक के रुप में नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं हैं और उनके पास इस उद्देश्य के लिए अपेक्षित अनुभव है, (ख) उन्होंने उक्त अवधि के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत की है और (ग) आईसीएसआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार उनकी समीक्षा की गई है।

तदनुसार, सदस्यों से अनुरोध है कि वे मेसर्स अखिल रोहतगी एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी की नियुक्ति को 5 वर्ष की अवधि अर्थात वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-30 तक के लिए अनुमोदित करें।

कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार किसी भी तरह से, वित्तीय या अन्यथा, मद संख्या 7 में निर्धारित संकल्प से संबंधित नहीं हैं।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव की अनुशंसा करता है।

मद सं. 8

श्री अशोक कुमार असेरी (डीआईएन: 09405164), आयु 54 वर्ष, को 29 मार्च, 2025 से बीएचईएल के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रुप में शामिल किया गया।

उन्होंने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर से इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है तथा पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय से मानव संसाधन में एम.बी.ए. की डिग्री प्राप्त की है।

श्री असेरी प्रबंधन और प्रशासन में विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कम उम्र में ही कंसल्टेंसी के क्षेत्र में अपना करियर शुरु किया, विभिन्न स्तरों पर विभिन्न ज़िम्मेदारियाँ संभालीं और

